यदि देव और छह पृथिवियोंके नारकी जीव हैं तो वे उक्त ६६ प्रकृतियोंके साथ मनुष्यगति, औदारिक शरीर, वज्रर्षभनाराच संहनन, औदारिक शरीर आंगोपांग, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र इन छह प्रकृतियोंका भी बन्ध करते हैं।

यदि सातवीं पृथिवीके नारकी हैं तो वे उक्त ६६ प्रकृतियोंके साथ तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, कदाचित् उद्योत और नीचगोत्र इन ७ या ६ प्रकृतियोंका भी बन्ध करते हैं।

स्थितिबन्ध तीनों दण्डकोंमें कही गई इन सब प्रकृतियोंका अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण होता है। जो अप्रशस्त प्रकृतियां हैं उनका द्विस्थानीय और जो प्रशस्त प्रकृतियाँ है उनका चतुःस्थानीय अनुभागबन्ध होता है।

पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, साता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक शरीर आंगोपांग, वर्णादि चार, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, उद्योत, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन ५४ प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशबन्ध होता है तथा निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और नीचगोत्र इन १९ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट या अनुत्कृष्ट प्रदेशबंध होता है।

उसी दूसरी गाथाका तीसरा पाद है—'कदि आवलियं पविसंति। तदनुसार उदय-अनुदयरूपसे कितनी प्रकृतियां उदयावलिमें प्रवेश करती हैं इस पृच्छाका समाधान करते हुए बतलाया है कि पहले जितनी प्रकृतियोंकी सत्ताका निर्देश कर आये हैं वे सब उदयावलिमें प्रवेश करती हैं। इतनी विशेषता है कि जिन जीवोंने परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध किया है उनको उस आयुकी आबाधा भुज्यमान आयु-प्रमाण होनेसे वह उदयावलिमें प्रवेश नहीं करती है। यहाँ इतना और विशेष जान लेना चाहिए कि परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध होते समय जितनी भुज्यमान आयु शेष रहती है उसका कदलीघात हुए बिना निषेक क्रमसे भोग द्वारा ही उसकी निर्जरा होती है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उसी गाथाका चौथा चरण है—'कदिण्हं वा पवेसगो।'—तदनुसार अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें स्थित जीवोंके कितनी प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है इस पृच्छाका समाधान करते हुए बतलाया है कि पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, मिथ्यात्व, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णादि चार, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण और पाँच अन्तराय इन ३५ प्रकृतियोंकी तो नियमसे उदीरणा होती है, क्योंकि यहाँपर ये ध्रुवोदयस्वरूप प्रकृतियाँ है। इसलिए इनकी समानरूपसे चारों गतियोंमें उदय-उदीरणा पाई जाती है। इनके सिवाय साता और असाता इनमेंसे किसी एक प्रकृतिकी चारों गतियोंमें उदय-उदीरणा पाई जाती है। इसी प्रकार चारित्र मोहनीयकी अपेक्षा ४ क्रोध, ४ मान, ४ माया और ४ लोभमेंसे कोई चार, हास्यादि दो युगलोंमेंसे कोई एक युगल, भय, जुगुप्सा या दोनों या दोनों नहीं इस प्रकृतियोंकी भी उदय-उदीरणा होती है।

अब यदि नारकी है तो उक्त प्रकृतियोंके साथ नपुंसकवेद, नरकायु, नरकगति, वैक्रियिक शरीर, हुंडसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्र इन ग्यारह प्रकृतियोंकी भी उदय-उदीरणा पायी जाती है।

यदि तिर्यञ्च है तो ३ वेदोंमेंसे कोई एक वेद, तिर्यञ्चायु, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान, औदारिक शरीर आंगोपांग, छह संहननोंमेंसे कोई एक संहनन, कदाचित् उद्योत, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक, सुभग-दुर्भगमेंसे कोई एक, सुस्वर-दुःस्वरमेंसे कोई एक, आदेय-अनादेयमेंसे कोई एक, यशःकीर्ति-अयशःकीर्तिमेंसे कोई एक तथा नीचगोत्रकी नियमसे उदय-उदीरणा होती है।

यदि मनुष्य है तो तिर्यञ्चोंके समान उदय-उदीरणा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायु और तिर्यञ्चगतिके स्थानमें मनुष्यायु और मनुष्यगति कहनी चाहिए। तथा मनुष्योंमें उद्योतकी उदय-उदीरणा नहीं होती और गोत्रकी दोनों प्रकृतियोंमेंसे किसी एककी उदय-उदीरणा पाई जाती है।

यदि देव है तो उक्त प्रकृतियोंके साथ पुरुष या स्त्रीवेद, देवायु, देवगति, वैक्रियिक शरीर, समचतु-

रसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति और उच्च-गोत्र इनकी नियमसे उदय-उदीरणा होती है।

यहाँ जिस गतिमें जितनी प्रकृतियोंकी उदीरणा बतलाई है, आयुको छोड़कर उन प्रकृतियोंकी तत्प्रायोग्य अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थितियाँ अपकर्षित कर उदयमें दी जाती हैं और आयुओंमेंसे जिसके उदय प्राप्त जिस आयुकी जो स्थिति हो उसकी उदीरणा होती है। इसी प्रकार जिसके जिन प्रकृतियोंकी उदय-उदीरणा होती है उनमेंसे प्रशस्त प्रकृतियोंकी बन्धस्थानसे अनन्तगुणी हीन चतुःस्थानीय उदीरणा होती है और अप्रशस्त प्रकृतियोंकी सत्त्वस्थानसे अनन्तगुणी हीन द्विस्थानीय उदीरणा होती है। तथा प्रदेशोंकी अपेक्षा अजघन्य-अनुत्कृष्ट उदीरणा होती है। यह उदीरणाका विचार है। इसी प्रकार उदयके सम्बन्धमें भी जानना चाहिए।

'के अंसे झीयदे पुव्वं' यह तीसरी सूत्रगाथा है। इसके पूर्वार्धद्वारा दर्शनमोहकी उपशमना करनेके सन्मुख होनेके पूर्व ही प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशरूपसे किन कर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है और किन कर्मोंकी उदयव्युच्छित्ति हो जाती है इसकी पृच्छा की गई है और उत्तरार्ध द्वारा किस स्थानपर अन्तर करणक्रिया होती है और किस स्थानपर किन कर्मोंका यह जीव उपशामक होता है यह पृच्छा की गई है।

आगे इन पृच्छाओंका चूर्णिसूत्रों और जयधवला टीकाद्वारा विस्तारसे समाधान करते हुए चौंतीस बन्धापसरणोंका निर्देश करनेके बाद दर्शनमोहनीयके उपशामकके पृथक्-पृथक् गतिके अनुसार किन प्रकृतियोंका उदय होता है और कौन प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न रहती हैं इसका विचार करते हुए बतलाया है कि निद्रादि पाँच दर्शनावरण, एकेन्द्रियादि चार जातिनामकर्म, चार आनुपूर्वी, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण नामकर्म ये प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न रहती हैं। दर्शनमोहनीयके उपशमका प्रारम्भ करने वाला जीव न तो एकेन्द्रिय होता है, न विकलत्रय और असंज्ञी ही होता है और न ही अपर्याप्तक होता है। साथ ही वह साकार उपयोगवाला और जागृत होता है, अतः उसके ये प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न रहती हैं। यह ओघ निर्देश है। आदेशसे किस गतिमें किन प्रकृतियोंका किस रूपसे उदय रहता है यह मूलसे जान लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ उसका निर्देश नहीं किया है। अन्तरकरण क्रिया भी अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें नहीं होती और न ही यह जीव यहाँपर उपशामक संज्ञाको प्राप्त होता है। आगे जहाँ अन्तरकरण क्रिया होगी और जहाँ जाकर यह जीव उपशामक कहलायेगा वहाँ इनका निर्देश करेंगे।

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

चौथी सूत्रगाथा है—'किट्ठिदियाणि कम्माणि' आदि। इस द्वारा दर्शनमोहनीयका उपशामक जीव कितनी स्थितिका और कितने अनुभागका घात कर स्थितिसम्बन्धी और अनुभागसम्बन्धी किस स्थानको प्राप्त होता है यह पृच्छा की गई है। तदनुसार इसका समाधान करते हुए बतलाया है कि अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जो स्थितिसत्कर्म अन्तःकोड़ाकोड़ प्रमाण है उसमेंसे अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके बलसे संख्यात बहुभागप्रमाण स्थितिका घात कर पूर्वकी विवक्षित स्थितिके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिको यह जीव प्राप्त होता है। तथा अप्रशस्त कर्मोंका अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जो अनुभाग प्राप्त होता है उसके अनन्त बहुभागप्रमाण अनुभागका उक्त दोनों प्रकारके परिणामोंके बलसे घात कर उसके अनन्तवें भागप्रमाण अनुभागको प्राप्त होता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि अधःप्रवृत्तकरणमें स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात न होकर वे गुणश्रेणिनिक्षेपके साथ अपूर्वकरणके प्रथम समयसे प्रारम्भ होते हैं।

इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्ररूपण करने योग्य चार गाथाओंके विषयका निर्देश करनेके बाद जिन तीन प्रकारके करण परिणामोंके द्वारा दर्शनमोहनीयके उपशम होनेका निर्देश किया है उनका यहाँ विचार करते हैं।

जिन परिणामोंके द्वारा दर्शनमोह और चारित्रमोहका उपशम आदि होता है उन परिणामोंकी करण संज्ञा है। वे परिणाम तीन प्रकारके हैं—अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण। जिसमें विद्यमान

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जीवोंके परिणाम नीचे प्रवृत्त होते हैं उसे अधःप्रवृत्तकरण कहते हैं। तात्पर्य यह है कि इस करणमें उपरिम (आगेके) समयमें स्थित जीवोंके परिणाम नीचेके (पूर्वके) समयमें स्थित जीवोंके भी पाये जाते हैं इसलिए इनकी अधःप्रवृत्तकरण संज्ञा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। जिस करणमें प्रत्येक समयमें अपूर्व-असमान नियमसे अनन्तगुणरूपसे वृद्धिगत करण-परिणाम होते हैं अर्थात् जिससे करणमें प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होकर अन्य समयमें स्थित जीवोंके परिणामोंके सदृश नहीं होते हैं, उनकी अपूर्वकरण संज्ञा है। जिस करणमें एक समयमें स्थित जीवोंके परिणाममें भेद नहीं है और भिन्न समयमें स्थित जीवोंका परिणाम भिन्न ही होता है वह अनिवृत्तिकरण कहलाता है। इस प्रकार ये तीन प्रकारके करण हैं। इनके सिवायसे चौथी उपशामनाद्धा है। जिस कालविशेषमें दर्शनमोहनीय उपशान्त होकर अवस्थित रहता है उसे उपशामनाद्धा कहते हैं। उपशामनाद्धा कहो या उपशम सम्यग्दृष्टिका काल कहो दोनोंका एक ही अर्थ है।

आगे इन तीन करणोंका विशेष विचार करते हुए अधःप्रवृत्तकरणके विषयमें दो अनुयोगद्वारोंका निर्देश किया है। वे दो अनुयोगद्वार हैं—अनुकृष्टिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व। उसमें सर्वप्रथम सूत्रनिबद्ध अल्पबहुत्वके साधनरूपसे अनुकृष्टिका निर्देश किया है। अधःप्रवृत्तकरणका कुल काल अन्तर्मुहूर्त है और परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं। उसमें प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समयतक पृथक्-पृथक् एक-एक समयमें स्थितिबन्धापसरण आदिके कारणभूत और उत्तरोत्तर छह वृद्धिक्रमसे अवस्थित असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं। परिपाटी क्रमसे विरचित इन परिणामोंके पुनरुक्त और अपुनरुक्त भावका अनुसन्धान करना अनुकृष्टि कहलाती है। यद्यपि यह अनुकृष्टि संसारके योग्य स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानोंमें पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान ऊपर जाकर व्युच्छिन्न होती है, क्योंकि जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणामोंकी ऊपर पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिविशेषोंमें अनुवृत्ति देखी जाती है। किन्तु यहाँ ऐसा न होकर अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अवस्थित स्थान व्यतीत होनेपर अनुकृष्टिका विच्छेद हो जाता है। यह अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अवस्थित स्थान अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें नाना जीवोंकी अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं। पुनः दूसरे समयमें प्रारम्भके कुछ परिणामोंको छोड़कर वे ही परिणाम अन्य अपूर्व परिणामोंके साथ कुछ अधिक होते हैं। यहाँ अधिकका प्रमाण, असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थानोंमें अन्तर्मुहूर्तका भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध आवे, उतना है। इसप्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयतक प्रत्येक समयके परिणाम पिछले समयके परिणामोंसे साधिक होते जाते हैं। आगे इन परिणामोंकी किस प्रकार अनुकृष्टि रचना बनती है आदि सब बातोंका विशेष खुलासा मूलमें विस्तारसे किया ही है। इसलिए वहाँसे जान लेना चाहिए। इसीप्रकार इन परिणामोंमें विशुद्धिकी अपेक्षा स्वस्थान और परस्थानका अवलम्बन लेकर अल्पबहुत्व भी जान लेना चाहिए। विशुद्धिकी अपेक्षा परस्थान अल्पबहुत्वका संदृष्टिद्वारा पृ० २५१ में स्पष्ट स्पष्टीकरण किया है, इसलिए इसे उसके आधारसे जान लेना चाहिए। यहाँ इतना संकेत कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि उक्त संदृष्टिमें विवक्षित किस स्थानसे दूसरे किस स्थानकी विशुद्धि अधिक है यह बतलानेके लिए जो बाणके चिह्न दिये हैं वे भूलसे उलटे लग गये हैं, अतः उन्हें वहीं अपने अपने स्थानपर उलट देना चाहिए। ताकि परस्थान विशुद्धिके अल्पबहुत्वका ज्ञान करनेमें भ्रम न होने पावे।

दूसरा अपूर्वकरण है। इसका काल अन्तर्मुहूर्त है जो अधःप्रवृत्तकरणके कालसे संख्यातवें भागप्रमाण है। इसके प्रत्येक समयमें नानाजीवोंकी अपेक्षा असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होते हैं जो प्रत्येक समयमें विसदृश ही होते हैं। अर्थात् प्रत्येक समयके परिणाम दूसरे समयके परिणामोंसे भिन्न ही होते हैं। यहाँ प्रथम समयमें जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक होती है। उससे उसी समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी होती है। प्रथम समयकी इस उत्कृष्ट विशुद्धिसे दूसरे समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी होती है। उससे उसी समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी होती है। इसप्रकार विशुद्धिका यह अल्पबहुत्व इस करणके अन्तिम समयतक जानना चाहिए। यहाँ अधःप्रवृत्तकरणके समान परिणामोंकी अनुकृष्टि रचना न होनेसे निर्वर्गणाकाण्डक भी

नहीं बनता, अतः यहाँ प्रत्येक समयमें निर्वर्गणा होती है। अर्थात् यहाँ एक समयके परिणामोंमें ही नाना जीवोंकी अपेक्षा सदृशता-विसदृशता बनती है। विवक्षित किसी भी समयके परिणामोंकी उससे भिन्न अन्य किसी भी समयके परिणामोंके साथ सदृशता नहीं बनती। दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाले जीवोंके अपूर्वकरणके प्रथम समयसे कतिपय विशेषताएँ प्रारम्भ हो जाती हैं—(१) स्थितिकाण्डकघात। प्रत्येक स्थितिकाण्डकके घातका काल अन्तर्मुहूर्त है। इतने कालके भीतर सत्तामें स्थित आयुकर्मके सिवाय अन्य कर्मोंकी स्थितिमेंसे एक काण्डकप्रमाण स्थितिका फालिक्रमसे घातकर उस अन्तर्मुहूर्तके अन्तमें उन कर्मोंकी स्थितिको उतना कम कर देता है। इसप्रकार अपूर्वकरणके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कालके भीतर संख्यात हजार स्थितिकाण्डकघात होकर अन्तमें विवक्षित सब कर्मोंकी वह स्थिति अपूर्वकरणके प्रथम समयमें प्राप्त स्थितिके संख्यातवें भागप्रमाण शेष रहती है। यहाँ अपूर्वकरणके प्रथम समयमें एक जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है और उत्कृष्ट काण्डक सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण होता है। इस विषयका विशेष स्पष्टीकरण मूलसे समझ लेना चाहिए। स्थितिकाण्डकघात अधःप्रवृत्तकरणमें नहीं होता।

(२) स्थितिबन्ध जो अधःप्रवृत्तकरणमें होता था उससे यहाँ अपूर्व होता है। तात्पर्य यह है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें ही उससे पहले बँधनेवाले स्थितिबन्धसे पल्योपमके संख्यातवें भागकम स्थितिका यह जीव बन्ध करता है और इतना स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तकालतक करता रहता है। पुनः इस अन्तर्मुहूर्तके समाप्त होनेपर पल्योपमके संख्यातवें भागकम दूसरे स्थितिबन्धका प्रारम्भकर उसका भी अन्तर्मुहूर्तकालतक बन्ध करता रहता है। इसप्रकार अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यात हजार खण्डप्रमाण स्थितिबन्धापसरण अधःप्रवृत्तकरणके कालके भीतर होते हैं। तथा अपूर्वकरणके प्रथम समयमें पिछले स्थितिबन्धसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण कम स्थितिका बन्ध प्रारम्भ होकर एक अन्तर्मुहूर्तकालतक वह होता रहता है। पुनः अन्य स्थितिबन्ध प्रारम्भ होता है। इसप्रकार इस करणके कालके भीतर भी संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार अनिवृत्तिकरणमें भी जानना चाहिए। एक स्थितिकाण्डकघातका जितना काल होता है उतना ही एक स्थितिबन्धापसरणका काल होता है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

(३) यहाँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर ही तीनों करणोंके कालके भीतर जो अप्रशस्त कर्म बँधते हैं उनका प्रत्येक समयमें द्विस्थानीय अनुभागबन्ध होकर भी वह अनन्तगुणा हीन होता रहता है और जो प्रशस्त कर्म बँधते हैं उनका प्रत्येक समयमें चतुःस्थानीय अनुभागबन्ध होकर भी वह अनन्तगुणा अधिक होता रहता है। दर्शनमोहनीयकी उपशमना करनेवाला जीव आयुकर्मका बन्ध नहीं करता, इसलिए उसकी अपेक्षा यह तथा स्थितिकाण्डकघात आदि कोई कथन नहीं जानना चाहिए।

४. अपूर्वकरणके प्रथम समयसे सत्तामें स्थित अप्रशस्त कर्मोंका अनुभाग काण्डकघात होने लगता है। यहाँ एक-एक अनुभागकाण्डकघातका काल अन्तर्मुहूर्त होकर भी वह स्थितिकाण्डकघातके संख्यात हजारवें भागप्रमाण है। अर्थात् एक स्थितिकाण्डकघातके कालके भीतर संख्यात हजार अनुभागकाण्डकघात हो जाते हैं। इसी प्रकार अनिवृत्तिकरणमें भी जानना चाहिए। यह अनुभागकाण्डकघातविधि अधःप्रवृत्तकरणमें नहीं होती।

५. इसी प्रकार अपूर्वकरणके प्रथम समयसे आयुकर्मको छोड़कर शेष सात कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप प्रारम्भ हो जाता है। आयुकर्मका गुणश्रेणिनिक्षेप क्यों नहीं होता इस प्रश्नका समाधान करते हुए बतलाया है कि ऐसा स्वभावसे ही नहीं होता। गुणश्रेणिनिक्षेपका प्रमाण अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे कुछ अधिक है। इन दोनों करणोंके कालसे कुछ अधिकका प्रमाण कितना है इस प्रश्नका समाधान करते हुए बतलाया है कि अनिवृत्तिकरणका जितना काल है उसका संख्यातवाँ भाग कुछ अधिकका प्रमाण है। यहाँ गुणश्रेणिनिक्षेपकी विधि मूल (पृ० २६५) से जान लेनी चाहिए। इतना विशेष है कि यहाँ गलितावशेष गुणश्रेणिनिक्षेप होता है। गुणश्रेणिनिक्षेपके प्रथम समयसे लेकर जैसे-जैसे एक-एक समय व्यतीत होता जाता है वैसे ही वैसे गुणश्रेणिनिक्षेपका आयाम भी उत्तरोत्तर कम होता जाता है। इसीका नाम गलितावशेष गुणश्रेणिनिक्षेप है।

इस प्रकार उक्त विशेषताओंके साथ अपूर्वकरणके कालको समाप्त कर यह जीव अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करता है। इसका भी काल अन्तर्मुहूर्त है। परन्तु यह काल अपूर्वकरणके कालके संख्यातवें भाग प्रमाण है। यहाँ प्रत्येक समयमें एक ही परिणाम होता है। अन्य वे सब विशेषताएँ यहाँ भी पाई जाती हैं जो अपूर्वकरणमें होती हैं। विशेष स्पष्टीकरण मूलसे जान लेना चाहिए। इस प्रकार अनिवृत्तिकरणके संख्यात बहुभागप्रमाण कालके जाने पर यह जीव अन्तरकरण क्रियाके करनेके लिए उद्यत होता है। यदि अनादि मिथ्यादृष्टि है तो एकमात्र मिथ्यात्वकी अन्तरकरणक्रिया करता है और सादि मिथ्यादृष्टि होकर भी मिथ्यात्वके साथ सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तावाला है तो मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अन्तरकरणक्रिया करता है और यदि मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इन तीनोंकी सत्तावाला है तो तीनोंकी अन्तरकरण क्रिया करता है। जिस समयमें अन्तरकरणक्रियाका प्रारम्भ करता है उसी समयसे लेकर अनिवृत्तिकरणके कालके बराबर स्थिति निषेकोंको छोड़कर उससे ऊपरके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण निषेकोंका अभाव करना अन्तरकरण कहलाता है। यहाँ जिन निषेकोंका अभाव कर अन्तर किया जाता है उनसे नीचे अर्थात् पूर्वके सब निषेकोंकी प्रथम स्थिति संज्ञा है और उनसे ऊपरके सब निषेकोंकी द्वितीय स्थिति संज्ञा है। अन्तरके लिए ग्रहण किये गये निषेकोंका इन्हीं दोनों स्थितियोंमें निक्षेप होता है और इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालमें अन्तरकरण क्रिया सम्पन्न हो जाती है। यह अन्तरकरण क्रियाका काल एक स्थिति काण्डकघातके कालके बराबर है। इस प्रकार जब यह अन्तरकरण क्रिया कर लेता है तब वहाँसे लेकर उपशामक कहा जाने लगता है। यद्यपि यह अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे ही उपशामक है तो भी यहाँसे उसकी यह संज्ञा विशेषरूपसे हो जाती है। इसके बाद जब तक मिथ्यात्वकी प्रथम स्थिति आवलि-प्रत्यावलि प्रमाण शेष रहती है तब तक आगाल-प्रत्यागाल होते रहते हैं। द्वितीय स्थितिके कर्म परमाणुओंका अपकर्षण होकर प्रथम स्थितिमें निक्षिप्त होना आगाल कहलाता है और प्रथम स्थितिके कर्मपरमाणुओंका उत्कर्षण होकर द्वितीय स्थितिमें निक्षिप्त होना प्रत्यागाल कहलाता है। जब मिथ्यात्वकी प्रथम स्थिति आवलि-प्रत्यावलिप्रमाण शेष रहती है तबसे मिथ्यात्वका गुणश्रेणिनिक्षेप नहीं होता। (यहाँ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्ता होने पर उनका भी ग्रहण कर लेना चाहिए।) आयुकर्मके सिवाय शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप होता रहता है। यद्यपि मिथ्यात्वका गुणश्रेणिनिक्षेप तो नहीं होता, परन्तु उसकी प्रत्यावलिमेंसे एक आवलिकाल तक उदीरणा होती रहती है। जब एक आवलिकाल शेष रहता है तब वहाँसे मिथ्यात्वका उदीरणारूपसे घात नहीं होता। परन्तु जब तक मिथ्यात्वकी प्रथम स्थिति शेष रहती है तब तक उसका स्थिति-अनुभाग काण्डकघात होता रहता है। हाँ प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वके बन्धके साथ उनकी भी परिसमाप्ति हो जाती है। यह अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव है। इसके अगले समयमें यह जीव प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि हो जाता है। यहाँ दर्शनमोहनीयका उदयके बिना अवस्थित रहना ही उपशम कहलाता है। यहाँ दर्शनमोहनीयका सर्वोपशम सम्भव नहीं है, क्योंकि यहाँ उसका संक्रम और अपकर्षण पाया जाता है। इसलिए स्वरूप सन्मुख हो यह जीव अन्तरमें प्रवेश करनेके प्रथम समयसे लेकर ही प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि हो जाता है। और जिस समय यह जीव प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि होता है तभी मिथ्यात्वके तीन भाग करता है—मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व। इनमेंसे प्रथम दो भाग सर्वघाति हैं और अन्तिम भाग देशघाति है। विशेष विचार मूलसे जान लेना चाहिए। यहाँ इतना विशेष और जानना चाहिए कि उक्त सम्यग्दृष्टि जीवके गुणसंक्रमके काल तक मिथ्यात्वके सिवाय शेष कर्मोंका स्थितिघात, अनुभागघात और गुणश्रेणिनिक्षेप होता रहता है।

आगे पच्चीस पदवाला अल्पबहुत्व बतलाकर इस अर्थाधिकारसे सम्बन्ध रखनेवाली १५ सूत्रगाथाएँ दी गई हैं। प्रथम गाथामें बतलाया है कि चारों गतियोंका संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर सकता है। दूसरी गाथामें चारों गतियोंके उक्त जीवोंका विशेष स्पष्टीकरण किया गया है। तीसरी गाथामें बतलाया है कि दर्शन-मोहका उपशम करनेवाले जीव व्याघातसे रहित होते हैं। इस क्रियाके चालू रहते हुए उपसर्गादि कितने भी व्याघातके कारण उपस्थित हों, यह जीव इस क्रियाको बिना रुकावटके

सम्पन्न करता है। बीचमें यह जीव सासादन गुणस्थानको भी नहीं प्राप्त होता। किन्तु दर्शनमोहनीयके उपशान्त होने पर उपशम सम्यक्त्वके कालमें अधिक से अधिक छह आवलि और कम से कम एक समय शेष रहने पर यह जीव अनन्तानुबन्धीमेंसे किसी एक प्रकृतिके उदयसे सासादन गुणस्थानको भी प्राप्त हो सकता है। किन्तु दर्शनमोहनीयके क्षीण होने पर सासादन गुणस्थानकी प्राप्ति नहीं होती। चौथी गाथामें बतलाया है कि दर्शनमोहनीयके उपशमका प्रस्थापक साकार उपयोगवाला ही होता है। किन्तु निष्ठापक और मध्यम अवस्थावालेके लिए यह नियम नहीं है। इस विषयका विशेष स्पष्टीकरण इस सूत्रगाथाकी टीकाके अन्तमें किया ही है, अतः इसे वहींसे जान लेना चाहिए। चार मनोयोग, चार वचनयोग, औदारिक काययोग और वैक्रियिककाययोग इन दस योगोंमेंसे किसी भी योगमें तथा मनुष्यों और तिर्यञ्चोंकी अपेक्षा कम से कम तेजो लेश्याको प्राप्त यह जीव दर्शनमोहका उपशामक होता है। पाँचवीं गाथामें बतलाया है कि उक्त मिथ्यादृष्टि जीवके दर्शनमोहका उपशम करते समय नियमसे मिथ्यात्वकर्मका उदय होता है। किन्तु दर्शनमोहकी उपशांत अवस्थामें मिथ्यात्व कर्मका उदय नहीं होता। तदनन्तर उसका उदय भजनीय है—होता भी है और नहीं भी होता। छटी गाथामें बतलाया है कि उपशम सम्यग्दृष्टिके दर्शनमोहनीयके तीनों कर्म सभी स्थितिविशेषोंकी अपेक्षा उपशान्त अर्थात् उदयके अयोग्य रहते हैं। इस कालमें किसी भी प्रकृतिका उदय नहीं होता तथा वे सब स्थितिविशेष नियमसे एक अनुभागमें अवस्थित रहते हैं। जघन्य स्थितिविशेषमें जो अनुभाग होता है वही सब स्थितिविशेषोंमें पाया जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। सातवीं गाथामें बतलाया है कि जब तक यह जीव दर्शनमोहनीयका उपशम करता है तब तक मिथ्यात्व निमित्तक बन्ध होता है। किन्तु उसकी उपशान्त अवस्थामें मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध नहीं होता। बादमें जब उपशान्त अवस्थाके समाप्त हो जानेके बाद यदि मिथ्यात्व गुणस्थानमें यह जीव आता है तो मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध होता है अन्यथा मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध नहीं भी होता। आठवीं गाथामें दर्शनमोहनीयका अबन्धक कौन जीव है इसका नियम किया गया है। नौवीं गाथामें सर्वोपशमसे उपशान्त अन्तर्मुहूर्तकाल तक रहकर बादमें दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमेंसे किसी एक प्रकृतिका उदय होता है यह बतलाया गया है। यहाँ सर्वोपशमका तात्पर्य दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियोंके उदयाभावरूप उपशमसे है। दसवीं गाथामें बतलाया है कि यदि अनादि मिथ्यादृष्टि प्रथमबार सम्यक्त्वको प्राप्त करता है तो वह सर्वोपशमसे ही उसे प्राप्त करता है। यदि एक बार सम्यक्त्वको प्राप्त करनेके बाद बहुत काल व्यतीत हो गया है तो वह भी सर्वोपशमसे ही उसे प्राप्त करता है। और यदि जल्दी ही पुनः पुनः उसे प्राप्त करता है तो वह उसे देशोपशमसे भी प्राप्त करता है और सर्वोपशमसे भी प्राप्त करता है। यदि वेदक कालके भीतर प्राप्त करता है तो देशोपशमसे उसे प्राप्त करता है और वेदक कालके निकल जानेके बाद प्राप्त करता है तो वह उसे सर्वोपशमसे प्राप्त करता है। प्रथमोपशम सम्यक्त्वके प्रसंगसे सर्वोपशमका अर्थ दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमें से किसी भी प्रकृतिका उदय न होकर अनुदयरूप रहना अर्थ लिया गया है। साथ ही अनन्तानुबन्धीका भी अनुदय होना चाहिये। ग्यारहवीं सूत्र गाथामें बतलाया है कि सम्यक्त्वके प्रथम लाभके अनन्तर पूर्व नियमसे मिथ्यात्व होता है किन्तु द्वितीयादि बार लाभके अनन्तर पूर्व मिथ्यात्व भजनीय है। बारहवीं सूत्र गाथामें बतलाया है कि जिसके दर्शन मोहनीयकी तीन या दो प्रकृतियोंकी सत्ता होती है उसके यथासंभव दर्शनमोहनीयका संक्रम होता भी है और नहीं भी होता। किन्तु जिसके एक ही प्रकृतिकी सत्ता होती है उसके उस प्रकृतिका संक्रम नहीं होता। तेरहवीं सूत्र गाथामें बतलाया है कि सम्यग्दृष्टि जीव उपदिष्ट प्रवचनका नियमसे श्रद्धान करता है और कदाचित् नहीं जानता हुआ गुरुके नियोगसे असद्भावका भी श्रद्धान करता है। चौदहवीं सूत्र गाथामें बतलाया है कि मिथ्यादृष्टि जीव गुरुके द्वारा उपदिष्ट प्रवचनका नियमसे श्रद्धान नहीं करता। किन्तु असद्भावका उपदेश मिले चाहे न भी मिले तो भी श्रद्धान करता है। पन्द्रहवीं सूत्रगाथामें बतलाया है कि सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवके साकार और अनाकार दोनों प्रकारका उपयोग पाया जाता है। किन्तु विचार पूर्वक अर्थको ग्रहण करते समय उसके साकार उपयोग ही होता है।

यह दर्शनमोहोपशामनासे सम्बन्ध रखनेवाली १५ सूत्रगाथाओंका संक्षिप्त तात्पर्य है। विशेष स्पष्टी-

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

करणके लिए मूल पर दृष्टिपात करना चाहिए। यहाँ सूत्रगाथा ९८ और १०९ में कहाँ किस प्रकार कौन-कौन उपयोग सम्भव हैं इस विषयका निर्देश किया है सो इसे समझनेके लिए अल्पाबहुत्वका निर्देश करने वाली (१५ से २० तक) सूत्रगाथाओं पर दृष्टिपात करके प्रकृत विषयको समझ लेना चाहिए। विशेष खुलासा उक्त सूत्रगाथाओंके व्याख्यानके समय कर ही आये हैं।

यहाँ इस अर्थाधिकारकी १५ सूत्र गाथाओंमें से कषायप्राभृतकी १०४, १०७, १०८ और १०९ क्रमांकवाली गाथाएँ कर्मप्रकृति (श्वे.) में २३, २४, २५ और २६ क्रमांकसे पाई जाती हैं। उनमेंसे १०४ क्रमांकवाली गाथाका पूर्वार्ध ही मिलता-जुलता है। उसमें भी द्वितीय चरणमें अन्तर है। जहाँ कषाय-प्राभृतमें 'वियट्टेण' पाठ है वहाँ कर्मप्रकृतिमें 'विगिट्ठो य' पाठ है। इससे दोनोंके अर्थमें भी अन्तर हो गया है। कषायप्राभृतके उक्त पाठसे जहाँ यह ज्ञात होता है कि सम्यग्दृष्टि जीव यदि मिथ्यात्वमें जाकर पुनः प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करता है तो वह बहुत दीर्घ कालके बाद ही प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करनेका अधिकारी होता है। वहाँ कर्मप्रकृतिके उक्त पाठका उसके चूर्णिकार और दूसरे टीकाकारोंने जो अर्थ किया है उससे मात्र यह ज्ञात होता है कि यह प्रथमोशम सम्यक्त्व बड़े अन्तर्मुहूर्त काल तक रहता है। यहाँ यह अन्तर्मुहूर्त किसकी अपेक्षा बड़ा लिया गया है इसका खुलासा मलयगिरिने इन शब्दोंमें किया है—'प्रथमस्थित्यपेक्षया विप्रकर्षश्च' अर्थात् प्रथम स्थितिकी अपेक्षा प्रथमोपशम सम्यक्त्वका यह काल बड़ा है। इस प्रकार उक्त गाथाके पूर्वार्धमें पाठ भेद होनेसे उसका उत्तरार्ध भी बदल गया है।

कर्मप्रकृतिकी २४ क्रमांककी 'सम्मद्दिट्ठी नियमा' और २५ क्रमांककी 'मिच्छद्दिट्ठी नियमा' गाथाएँ रचना और अर्थ दोनों दृष्टियोंसे कषायप्राभृतकी १०७ और १०८ क्रमांककी गाथाओंका पूरा अनुसरण करती हैं। मात्र कर्मप्रकृतिकी २६ क्रमांककी गाथा कषायप्राभृतकी १०९ क्रमांककी गाथाका लगभग शब्दशः अनुसरण करती हुई भी अर्थकी अपेक्षा कुछ अन्तर है।

जयधवला टीकाकारने इस गाथाके तीसरे चरणमें आये हुए 'वंजणोग्गहम्मि' पदका 'विचार-पूर्वकार्थग्रहणावस्थायाम्'—'विचार पूर्वक अर्थ ग्रहणकी अवस्थामें' अर्थ किया है। जब कि कर्मप्रकृतिके चूर्णिकारने इस पदका अर्थ 'व्यञ्जनावग्रह' किया है। चूर्णिका समग्र पाठ इस प्रकार है—

'अह वंजणोग्गहम्मि उ' त्ति—जति सागारे होति वंजणोग्गहो होइ ण अत्थोग्गहो होइ। जम्हा संसयनाणी अव्वत्तनाणी वुच्चति।

चूर्णिकारके इस कथनसे ऐसा प्रतीत होता है कि वे सम्यग्मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ईहा, अवाय और धारणा ज्ञानकी बात तो छोड़िये अर्थावग्रह भी स्वीकार नहीं करते रहे। यहाँ अव्यक्त स्वरूप संशयज्ञानके अर्थमें व्यंजनावग्रह शब्दका प्रयोग हुआ है ऐसा उसके उक्त चूर्णिमें किये गये विशेष व्याख्यानसे प्रतीत होता है। इस बातको मलयगिरिने अपनी टीकामें इन शब्दोंमें स्वीकार किया है—संशयज्ञानिप्रख्यता च व्यञ्जनावग्रह एवेति।

कषायप्राभृत दिगम्बर आचार्योंकी ही कृति है

(१)

श्वेताम्बर मुनि श्रीगुणरत्न विजयजीने कर्म साहित्य तथा अन्य कतिपय विषयोंके अनेक ग्रंथोंकी रचना की है। उनमेंसे एक खवगसेढी ग्रंथ है। इसकी रचनामें अन्य ग्रन्थोंके समान कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिका भरपूर उपयोग हुआ है। वस्तुतः श्वेताम्बर परम्परामें ऐसा कोई एक ग्रन्थ नहीं है जिसमें क्षपकश्रेणीका सांगोपाङ्ग विवेचन उपलब्ध होता हो। श्री मुनि गुणरत्नविजयजीने अपने सम्पादकीयमें इस तथ्यको स्वयं इन शब्दोंमें स्वीकार किया है—समाप्त थया बाद क्षपकश्रेणीने विषय संस्कृतमा गद्यरूपे लखवो शरू कर्यो. ४थी ५ हजार श्लोक प्रमाण लखाण थयाबाद मने विचार आव्यो के जुदा ग्रन्थोमां छूटी छपाई वर्णवायेली क्षपक श्रेणी व्यवस्थित कोई एक ग्रन्थमां जोवामा आवती नथी. जैनशासनमां महत्त्वनी गणती 'क्षपक श्रेणी' ना जुदा जुदा ग्रन्थोमां संगृहीत विषयनो प्राकृतभाषामां स्वतन्त्र ग्रन्थ तैयार थाय, तो ते मोक्षाभिलाषी भव्यात्माओने घणो लाभदायी बने" उनके इस वक्तव्यसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस ग्रंथके प्रणयनमें जहाँ उन्हें कषाय

प्राभृत और उसकी चूर्णिका भरपूर सहारा लेना पड़ा वहां उनके सहयोगी तथा प्रस्तावना लेखक श्री श्वे. मुनि हेमचन्द्र विजयजी कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको अपने मनगढ़न्त तर्कों द्वारा श्वेताम्बर परम्पराका सिद्ध करनेका संवरण न कर सके। आगे हम उनके उन कल्पित तर्कोंपर संक्षेपमें क्रमसे विचार करेंगे जिनके आधारसे उन्होंने इन दोनोंको श्वेताम्बर परम्पराका सिद्ध करनेका असफल प्रयत्न किया है। उसमें भी सर्वप्रथम हम मूल कषायप्राभृतके ग्रन्थ परिमाणपर विचार करेंगे, क्योंकि श्वे. मुनि हेमचन्द्र विजयजीने अपनी प्रस्तावना ८ पृ. २९ में कषायप्राभृतके पन्द्रह अधिकारोंमें विभक्त १८० गाथाओंके अतिरिक्त शेष ५३ गाथाओंके प्रक्षिप्त होनेकी सम्भावना व्यक्त की है। किन्तु उसके चूर्णि सूत्रोंपर दृष्टिपात करनेसे विदित होता है कि आचार्य श्री यतिवृषभके समक्ष पन्द्रह अर्थाधिकारोंमें विभक्त १८० सूत्र गाथाओंके समान कषायप्राभृतके अंगरूपसे उक्त ५३ सूत्रगाथायें भी रही हैं। इनपर कहीं उन्होंने चूर्णिसूत्रोंकी रचना की है और कहीं उन्हें प्रकरणके अनुसार सूत्ररूपमें स्वीकार किया है। जिनके विषयमें श्वे. मुनि हेमचन्द्र विजयजीने प्रक्षिप्त होनेकी सम्भावना व्यक्त की है उनमेंसे 'पुव्वम्मि पंचमम्मि दु' यह प्रथम सूत्र गाथा है जो ग्रंथके नाम निर्देशके साथ उसकी प्रामाणिकता को सूचित करती है। इसपर चूर्णिसूत्र है—'णाणप्पवादस्स पुव्वस्स दसमस्स वत्थुस्स तदियस्स पाहुडस्स' इत्यादि। अब यदि इसे कषायप्राभृतकी मूल गाथा नहीं स्वीकार किया जाता है तो (१) एक तो ग्रंथका नामनिर्देश आदि किये बिना ग्रंथके १५ अर्थाधिकारोंमेंसे कुछका निर्देश करनेवाली नं० १३ की 'पेज्ज-दोस-विहत्ती' इत्यादि सूत्रगाथासे हमें ग्रंथका प्रारम्भ माननेके लिये बाध्य होना पड़ता है जो सङ्गत प्रतीत नहीं होता। (२) दूसरे उक्त प्रथम गाथाके अभावमें नं० १३ की उक्त सूत्रगाथाके पूर्व चूर्णिसूत्रों द्वारा पाँच प्रकारके उपक्रमके साथ 'अत्थाहियारो पण्णारसविहो' इस प्रकारका निर्देश भी संगत प्रतीत नहीं होता, क्योंकि उक्त प्रकारसे चूर्णि सूत्रोंकी रचना तभी संगत प्रतीत होती है जब उनके रचे जानेवाले ग्रंथका मूल या चूर्णिमें नामोल्लेख किया गया हो।

इस प्रकार सूक्ष्मतासे विचार करनेपर यह स्पष्ट हो जाता है कि 'पुव्वम्मि पंचमम्मि दु' इत्यादि गाथा प्रक्षिप्त न होकर अन्य १८० गाथाओंके समान ग्रंथकी मूल गाथा ही है।

दूसरी सूत्रगाथा है—'गाहासदे असीदे' इत्यादि। इसके पूर्व पाँच प्रकारके उपक्रमके भेदोंका निर्देश करते हुए अन्तिम चूर्णिसूत्र है—'अत्थाहियारो पण्णारसविहो।' यह वही गाथा है जिसके आधारसे यह कहा जाता है कि कषायप्राभृतकी कुल १८० सूत्र गाथाएँ हैं। अब यदि इसे प्रक्षिप्त माना जाता है तो ऐसे कई प्रश्न उपस्थित होते हैं जिनका सम्यक् समाधान इसे मूल गाथा माननेपर ही होता है। यथा—

(१) प्रथम तो गुणधर आचार्यको कषायप्राभृतके १५ ही अर्थाधिकार इष्ट रहे हैं इसे जाननेका एकमात्र उक्त सूत्रगाथा ही साधन है, अन्य नहीं। क्रमांक १३ और १४ सूत्र गाथाएँ मात्र अर्थाधिकारोंका नामनिर्देश करती हैं। वे १५ ही हैं इसका ज्ञान मात्र इसी सूत्र गाथासे होता है और तभी क्रमांक १३ और १४ सूत्रगाथाओंके बाद 'अत्थाहियारो पण्णारसविहो अण्णेण पयारेण' इस प्रकार चूर्णिसूत्रकी रचना उचित प्रतीत होती है।

(२) दूसरे उक्त गाथासे ही हम यह जान पाते हैं कि कषायप्राभृतकी सब गाथाएँ उसके १५ अर्थाधिकारोंके विवेचनमें विभक्त नहीं हैं। किन्तु उनमेंसे कुल १८० गाथाएँ ही उनके विवेचनमें विभक्त हैं। उक्त गाथा प्रकृतका विधान तो करती है, अन्यका निषेध नहीं करती। यहाँ प्रकृत १५ अर्थाधिकार हैं। उनमें १८० सूत्रगाथाएँ विभक्त हैं इतना मात्र निर्देश करनेके लिए आचार्य गुणधरने इस सूत्रगाथाकी रचना की है। १५ अर्थाधिकारोंसे सम्बद्ध गाथाओंका निषेध करनेके लिए नहीं।

इस प्रकार इस दूसरी सूत्रगाथाके भी ग्रंथका मूल अंग सिद्ध हो जानेपर इससे आगेकी क्रमांक ३ से लेकर १२ तककी १० सूत्रगाथाएँ भी कषायप्राभृतका मूल अंग सिद्ध हो जाती हैं, क्योंकि उनमें १५ अर्थाधिकारों सम्बन्धी १८० गाथाओंमेंसे किस अर्थाधिकारमें कितनी सूत्रगाथाएँ आई हैं एकमात्र इसीका विवेचन किया गया है जो उक्त दूसरी सूत्रगाथाके उत्तरार्धके अनुसार ही है। उसमें उन्हें सूत्रगाथा कहा भी गया है। यथा—'वोच्छामि सुत्तगाहा जयि गाहा जम्मि अत्थम्मि।

इसी प्रकार संक्रम अर्थाधिकारकी जो 'अट्ठावीस' इत्यादि ३५ सूत्रगाथाएँ आई हैं वे भी मूल कषायप्राभृत ही हैं और इसीलिए आचार्य यतिवृषभने उनके प्रारम्भमें 'एत्तो पयडिट्ठाणसंकमो। तस्स पुव्वं गमणिज्जा सुत्तसमुक्कित्तणा' इस चूर्णिसूत्रकी रचनाकर और उनके अन्तमें 'सुत्तसमुक्कित्तणाए समत्ताए' इस चूर्णिसूत्रकी रचनाकर उन्हें सूत्ररूपमें स्वीकार किया है।

इस प्रकार सब मिलाकर उक्त ४७ सूत्रगाथाओंके मूल कषायप्राभृत सिद्ध हो जानेपर क्रमांक १५ से लेकर 'आवलिय अणायारे' इत्यादि ६ सूत्रगाथाएँ भी मूल कषायप्राभृत ही सिद्ध होती हैं, क्योंकि यद्यपि आचार्य यतिवृषभने इनके प्रारम्भमें या अन्तमें इनकी स्वीकृति सूचक किसी चूर्णिसूत्रकी रचना नहीं की है। फिर भी समग्र कषायप्राभृतपर दृष्टि डालनेसे और खासकर उपशमना-क्षपणा प्रकरणपर दृष्टि डालनेसे यही प्रतीत होता है कि समग्र भावसे अल्पबहुत्वकी सूचक इन सूत्रगाथाओंकी रचना स्वयं गुणधर आचार्यने ही की होगी। इसके लिए प्रथमोपशम सम्यक्त्व अर्थाधिकारकी क्रमांक ९८ गाथापर दृष्टिपात कीजिए।

इतने विवेचनसे स्पष्ट है कि आचार्य यतिवृषभको ये मूल कषायप्राभृत रूपसे ही इष्ट रही हैं। अतः सूत्रगाथाओंके संख्याविषयक उत्तरकालीन मतभेदोंको प्रामाणिक मानना और इस विषयपर टीका-टिप्पणी करना उचित प्रतीत नहीं होता। आचार्य वीरसेनने गाथाओंके संख्याविषयक मतभेदको दूर करनेके लिये जो उत्तर दिया है उसे इसी संदर्भमें देखना चाहिए।

इस प्रकार श्वे० मुनि हेमचन्द्र विजयजीने कषायप्राभृतका परिमाण कितना है इस पर स्वसंमत ग्रन्थकी अपनी प्रस्तावनामें जो अटकल व्यक्त की है उसका निरसन कर अब आगे हम उनके उन कल्पित तर्कोंपर सांगोपांग विचार करेंगे जिनके आधारसे उन्होंने कषायप्राभृतको श्वेताम्बर आम्नायका सिद्ध करनेका असफल प्रयत्न किया है।

(१) इस विषयमें उनका प्रथम तर्क है कि दिगम्बर ज्ञान भण्डार मूडबिद्रीमें कषायप्राभृत मूल और उसकी चूर्णि उपलब्ध हुई है, इसलिए वह दिगम्बर आचार्यकी कृति है यह निश्चय नहीं किया जा सकता। (प्र० पृ० ३०)

किन्तु कषायप्राभृत मूल और उसकी चूर्णि ये दोनों मूडबिद्रीसे दिगम्बर ज्ञानभण्डारमें उपलब्ध हुए हैं, मात्र इसीलिए तो किसीने उन दोनोंको दिगम्बर आचार्योंकी कृति लिखा नहीं है और न ऐसा है ही। वे दिगम्बर आचार्योंकी कृति हैं इसके अनेक कारण हैं। उनमेंसे एक कारण एतद्विषयक ग्रन्थोंमें श्वेताम्बर आचार्योंकी शब्दयोजना परिपाटीसे भिन्न उसमें निबद्ध शब्दयोजना परिपाटी है। यथा—

(अ) श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा लिखे गये सप्ततिकाचूर्णि कर्मप्रकृति और पंचसंग्रह आदिमें सर्वत्र जिस अर्थमें 'दलिय' शब्दका प्रयोग हुआ है उसी अर्थमें दिगम्बर आचार्यों द्वारा लिखे गये कषायप्राभृत आदिमें 'पदेसग्ग' शब्दका प्रयोग हुआ है। यथा—

'तं वेयंतो बितियकिट्टीओ ततियकिट्टीओ य दलियं घेत्तूणं सुहुमसांपराइयकिट्टीओ करेइ।'

सप्ततिका चूर्णि पृ० ६६ अ०। (देखो उक्त प्रस्तावना पृ० ३२।)

'इच्छियठितिठाणाओ आवलियं लंघऊण तद्दलियं।
सव्वेसु वि निक्खिवइ ठितिठाणेसु उवरिमेसु॥ २॥'

—पंचसंग्रह उद्वर्तनापवर्तनाकरण

'उवसंतद्धा अंते विहिणा ओकड्डियस्स दलियस्स।
अज्झवसाणगुरूवस्सुदओ तिसु एक्कयरयस्स॥ २२॥'

—कर्मप्रकृति उपशमनाकरण पत्र १७

अब दिगम्बर परम्पराके ग्रंथों पर दृष्टि डालिए—

'विदियादी पुण पढमा संखेज्जगुणा भवे पदसग्गे।
विदियादो पुण तदिया कमेण सेसा विसेसाहिया॥ १७०॥' क० प्रा० मूल

'ताधे चेव लोभस्स विदियकिट्टीदो च तदियकिट्टीदो च पदेसग्गमोकड्डियूण सुहुमसांपराइय-किट्टीओ णाम करेदि । —कषाय प्राभृत चूर्णि मूल पृ० ८६२ ।

लोभस्स जहण्णियाए किट्टीए पदेसग्गं बहुअं दिज्जदि ।

षट्खण्डागम धवला पु० ६. पृ० ३७९

(आ) श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा लिखे गये कर्मप्रकृति और पञ्चसंग्रहमें 'अविरत' के लिए 'अजय' या 'अजत' शब्दका प्रयोग हुआ है, किन्तु दिगम्बर आचार्यों द्वारा लिखे गये कषायप्राभृत और षट्खण्डागममें यह शब्द इस अर्थमें दृष्टिगोचर नहीं होता । इसके लिये कर्मप्रकृति (श्वे०) पर दृष्टिपात कीजिए—

वेयगसम्मद्दिट्ठी चरित्तमोहुवसमाइ चिट्ठंतो ।
अजउ देसजई वा विरतो व विसोहिअद्धाए ।—उपश० करण ॥ २७ ॥

इसी प्रकार पञ्चसंग्रहमें भी इस शब्दका इसी अर्थमें प्रयोग हुआ है ।

इनके अतिरिक्त ,चरिसवर' 'उव्वलण' आदि शब्द हैं जो श्वेताम्बर परम्पराके कार्मिक ग्रन्थोंमें ही दृष्टिगोचर होते हैं, दिगम्बर परम्पराके ग्रंथोंमें नहीं । ये कतिपय उदाहरण हैं । इनसे स्पष्ट ज्ञात होता है कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि ये दोनों श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति न होकर दिगम्बर आचार्योंकी ही अमर कृति हैं ।

(२) कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति सिद्ध करनेके लिये उनका दूसरा तर्क है कि दिगम्बर आचार्यकृत ग्रन्थोंपर श्वेताम्बर आचार्योंकी टीकाएँ और श्वेताम्बर आचार्यकृत ग्रंथोंपर दिगम्बर आचार्योंकी टीकायें हैं आदि । उसी प्रकार कषायप्राभृत मूल तथा उसकी चूर्णि पर दि० आचार्योंकी टीका होनेमात्रसे उन्हें दिगम्बर आचार्योंकी कृतिरूपसे निश्चित नहीं किया जा सकता । (प्रस्तावना पृ० ३०)

यह उनका तर्क है । किन्तु श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा रचित कर्मग्रन्थोंसे कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिमें वर्णित पदार्थ भेदको स्पष्ट रूपसे जानते हुए भी वे ऐसा असत् विधान कैसे करते हैं इसका किसीको भी आश्चर्य हुए बिना नहीं रहेगा । 'मुद्रित कषायप्राभृत चूर्णिनी प्रस्तावनामां रजु थयेली मान्यतानी समीक्षा' इस उपशीर्षकके अन्तर्गत उन्होंने पदार्थ भेदके कतिपय उदाहरण स्वयं उपस्थित किये है । इन उदाहरणोंको उपस्थित करते हुए उन्होंने कषायप्राभृतके साथ कषायप्राभृत चूर्णि कर्मप्रकृतिचूर्णि इन ग्रन्थोंके उद्धरण दिये हैं । किन्तु श्वेताम्बर पञ्चसंग्रहको दृष्टि पथमें लेने पर विदित होता है कि उक्त ग्रन्थ भी कषायप्राभृत चूर्णिका अनुसरण न कर कर्मप्रकृति चूर्णिका ही अनुसरण करता है । यथा—

(१) मिश्रगुणस्थानमें सम्यक्त्व प्रकृति भजनीय है इस मतका प्रतिपादन करनेवाली पञ्चसंग्रहके सत्कर्मस्वामित्वकी गाथा इस प्रकार है—

सासयणंमि नियमा सम्मं भज्जं दससु संतं ॥ १३५ ॥

कर्मप्रकृति चूर्णिसे भी इसी अभिप्रायकी पुष्टि होती है। (चूर्णि सत्ताधिकार पृ० ३५) [प्रदेशसंक्रम प. ९४]

(२) संज्वलन क्रोधादिका जघन्य प्रदेशसंक्रम अन्तिम समयप्रबद्धका अन्यत्र संक्रम करते हुए क्षपक-के अन्तिम समयमें सर्वसंक्रमसे होता है । यह कर्मप्रकृति चूर्णिकारका मत है और यही मत श्वेताम्बर पंच-संग्रहका भी है । यथा—

पुंसंजलणतिगाणं जहण्णजोगिस्स खवगसेढीए ।
सगचरिमसमयबद्धं जं छुभइ सगंतिमे समए ॥ ११९ ॥

(३) प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टिके, सम्यक्त्वकी प्राप्तिके समय मिथ्यात्वके तीन पुंज होनेपर एक आवलि काल तक सम्यग्मिथ्यात्वका सम्यक्त्वमें संक्रम नहीं होता यह कर्मप्रकृति चूर्णिकारका मत है । पंचसंग्रह प्रकृति संक्रम गाथा ११ की मलयगिरि टीकासे भी इसी मतकी पुष्टि होती है । यथा—

तस्यैव चौपशमिकसम्यग्दृष्टेरष्टाविंशतिसत्कर्मणः आवलिकाया अभ्यन्तरे वर्तमानस्य सम्यग्मिथ्यात्वं सम्यक्त्वे न संक्रामति । —प्रकृति सं. पत्र १०

(४) पुरुषवेदकी पतद्ग्रहता कब नष्ट हो जाती है इस विषयमें कर्मप्रकृति चूर्णिकारका जो मत है उसी मतका निर्देश पंचसंग्रहकी मलयगिरि टीकामें दृष्टिगोचर होता है । यथा—

पुरुषवेदस्य [illegible] आगालो व्यवच्छिद्यते, उदीरणा तु भवति, तस्मादेव समयादारभ्य षण्णां नोकषायाणां सत्कं दलिकं पुरुषवेदे न संक्रमयति ।

—पंच० चा० मो० ड० पत्र १९१

श्वे० पंचसंग्रहके ये कतिपय उद्धरण हैं जो मात्र कर्मप्रकृतिचूर्णिका पूरी तरह अनुसरण करते हैं, किन्तु कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिका अनुसरण नहीं करते । इससे स्पष्ट है कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको श्वेताम्बर आचार्योंने कभी भी अपनी परम्पराकी रचनारूपमें स्वीकार नहीं किया । यहाँ हमारे इस बातके निर्देश करनेका एक खास कारण यह भी है कि मलयगिरिके मतानुसार जिन पाँच ग्रन्थोंका पंचसंग्रहमें समावेश किया गया है उनमें एक कषायप्राभृत भी है । यदि चन्द्रर्षिमहत्तरको पञ्चसंग्रह श्वेताम्बर आचार्यकी कृतिरूपमें स्वीकार होता तो उन्होंने जैसे कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिको अपनी रचनामें प्रमाणरूपसे स्वीकार किया है वैसे ही वे कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको भी प्रमाणरूपमें स्वीकार करते । और ऐसी अवस्थामें जिन-जिन स्थलोंपर उन्हें कषायप्राभृत और कर्मप्रकृतिमें पदार्थभेद दृष्टिगोचर होता उसका उल्लेख वे अवश्य करते । किन्तु उन्होंने ऐसा न कर मात्र कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिका अनुसरण किया है । इससे स्पष्ट विदित होता है कि चन्द्रर्षि महत्तर कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको श्वेताम्बर परम्पराका नहीं स्वीकार करते रहे।

यहाँ हमने मात्र उन्हीं पाठोंको ध्यानमें रखकर चर्चा की है जिनका निर्देश उक्त प्रस्तावनाकारने किया है । इसके सिवाय और भी ऐसे पाठ हैं जो कर्मप्रकृति और पंचग्रहमें एक ही प्रकारकी प्ररूपणा करते हैं । परन्तु कषायप्राभृत चूर्णिमें उनसे भिन्न प्रकारकी प्ररूपणा दृष्टिगोचर होती है । इसके लिए हम एक उदाहरण उद्वेलना प्रकृतियोंका देना इष्ट मानेंगे । यथा—

कषायप्राभृतचूर्णिमें मोहनीयकी मात्र दो प्रकृतियाँ उद्वेलना प्रकृतियाँ स्वीकार की गई हैं—सम्यक्प्रकृति और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृति । किन्तु पंचसंग्रह और कर्मप्रकृतिमें मोहनीयकी उद्वेलना प्रकृतियोंकी संख्या २७ है । यथा दर्शनमोहनीय की ३, लोभसंज्वलनको छोड़कर १५ कषाय और ९ नोकषाय । कषायप्राभृत-चूर्णिका पाठ—

५८ सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णट्ठिदिविहत्ती कस्स ? चरिमसमयउव्वेल्लमाणस्स । (पृ० १०१)
३६ एवं चेव सम्मत्तस्स वि । (पृ० १९०)

पंचसंग्रह-प्रदेशसंक्रमका पाठ—

एवं उव्वलणासंकमेण नासेइ अविरओहारं ।
सम्मोऽणमिच्छमीसे सछत्तीसऽनियट्टि जा माया ॥ ७४ ॥

इसके सिवाय पञ्चसंग्रहके प्रदेशसंक्रमप्रकरणमें एक यह गाथा भी आई है जिससे भी उक्त विषयकी पुष्टि होती है—

सम्म-मीसाइं मिच्छो सुरदुगवेउव्विछक्कमेगिंदी ।
सुहुमतसुच्चमणुदुगं अंतमुहुत्तेण अणियट्टी ॥ ७५ ॥

इसमें बतलाया है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी मिथ्यादृष्टि जीव उद्वेलना करता है, पंचानवे प्रकृतियोंकी सत्तावाला एकेन्द्रिय जीव देवद्विककी उद्वेलना करता है, उसके बाद वही जीव वैक्रियषट्ककी उद्वेलना करता है, सूक्ष्म त्रस अग्निकायिक और वायुकायिक जीव क्रमसे उच्चगोत्र और मनुष्यद्विककी उद्वेलना करता है तथा अनिवृत्तिबादर जीव एक अन्तर्मुहूर्तमें पूर्वोक्त ३६ प्रकृतियोंकी उद्वेलना करता है ।

यहाँ पञ्चसंग्रहमें निरूपित पाठका उल्लेख किया है। कर्मप्रकृतिकी प्ररूपणा इससे भिन्न नहीं है। उदाहरणार्थ जिस प्रकार पञ्चसंग्रहमें अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी परिगणना उद्वेलना प्रकृतियोंमें की गई है उसी प्रकार कर्मप्रकृतिमें भी उन्हें उद्वेलना प्रकृतियाँ स्वीकार किया गया है। कर्मप्रकृति चूर्णिमें प्रदेशसत्कर्मकी सादि-अनादि प्ररूपणा करते हुए लिखा है—

अणंताणुबंधीणं खविय कम्मंसिगस्स उव्वलंतस्स एगठितिसेसजहन्नगं पदेससंतं एगसमयं होति।

यह एक उदाहरण है। अन्य प्रकृतियोंके विषयमें मूल और चूर्णिका आशय इसी प्रकार समझ लेना चाहिए। किन्तु जैसा कि पूर्वमें निर्देश कर आये हैं कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो प्रकृतियोंको छोड़कर मोहनीयकी अन्य किसी प्रकृतिकी उद्वेलना प्रकृतिरूपसे परिगणना नहीं की गई है।

मतभेदसम्बन्धी दूसरा उदाहरण मिथ्यात्वके तीन भाग कौन जीव करता है इससे सम्बन्ध रखता है। श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा लिखे गये कर्मप्रकृति और पंचसंग्रहमें यह स्पष्ट रूपसे स्वीकार किया है कि दर्शनमोहकी उपशमना करनेवाला मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें मिथ्यात्व कर्मको तीन भागोंमें विभक्त करता है। पंचसंग्रह उपशमना प्रकरणमें कहा भी है—

उवरिमठिइअणुभागं तं च तिहा कुणइ चरिममिच्छुदए।
देसघाईणं सम्मं इयरेणं मिच्छ-मीसाइं॥ २३॥

कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिमें लिखा है—

तं कालं बीयठिइं तिहाणुभागेण देसघाइ त्थ।
सम्मत्तं सम्मिस्सं मिच्छत्तं सव्वघाईओ॥ १९॥

चूर्णि—चरिमसमयमिच्छदिट्ठी से काले उवसमसम्मदिट्ठि होहि त्ति ताहे बितीयट्ठितीते तिहा अणुभागं करेति।

अब इन दोनों प्रमाणोंके प्रकाशमें कषायप्राभृत चूर्णिपर दृष्टिपात कीजिए। इसमें प्रथम समयवर्ती प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि जीवको मिथ्यात्वको तीन भागोंमें विभाजित करनेवाला कहा गया है। यथा—

१०२. चरिमसमयमिच्छाइट्ठी से काले उवसमसम्मत्तमोहणीओ १०३. ताधे चेव तिण्णि कम्मंसा उप्पादिदा। १०४. पढमसमयउवसंतदंसणमोहणीओ मिच्छत्तादो सम्मामिच्छत्ते बहुगं पदेसग्गं देदि (पृ० ६२८)

यहाँ कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिके विषयमें इतना संकेत कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि गाथामें जो 'तं कालं बीयठिइं' पाठ है उसका चूर्णिकारने जो अनुवाद किया है वह मूलानुगामी नहीं है। मालूम पड़ता है कि चूर्णिका प्रारम्भका भाग कषायप्राभृत चूर्णिका अनुकरणमात्र है। इतना अवश्य है कि कषायप्राभृत चूर्णिकी वाक्यरचना पीछेके विषयविवेचनके अनुसन्धानपूर्वक की गई है और कर्मप्रकृति चूर्णिकी उक्त वाक्य रचना इससे पूर्वकी गाथा और उसकी चूर्णिके विषयविवेचनको ध्यानमें न रखकर की गई है। जहाँ तक कर्म प्रकृतिकी उक्त मूल गाथाओंपर दृष्टिपात करनेसे विदित होता है कि उन दोनों गाथाओं द्वारा दिगम्बर आचार्यों द्वारा प्रतिपादित मतका ही अनुसरण किया गया है, किन्तु उक्त चूर्णि और उसकी टीका मूलका अनुसरण न करती हुई श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा प्रतिपादित मतका ही अनुसरण करती हैं। फिर भी यहाँ विसंगतिकी सूचक उल्लेखनीय बात इतनी है कि श्वेताम्बर आचार्योंने उक्त टीकाओंमें व अन्यत्र मिथ्यात्वके तीन हिस्से मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें स्वीकार करके भी उनमें मिथ्यात्वके द्रव्यका विभाग उसी समय न बतलाकर प्रथमोशम सम्यक्त्वके प्रथम समयमें स्वीकार किया है। यहाँ विसंगति यह है कि मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें तो तीन भाग होनेकी व्यवस्था स्वीकार की गई और उन तीनों भागोंमें कर्मपुंजका बँटवारा प्रथमोपशम सम्यक्त्वके प्रथम समयसे स्वीकार किया गया।

इस प्रकार इन दोनों परम्पराओंके प्रमाणोंसे स्पष्ट है कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिपर दिगम्बर आचार्योंने टीका लिखी, केवल इसलिए हम उन्हें दिगम्बर आचार्योंकी कृति नहीं कहते। किन्तु उनकी शब्द-योजना, रचना शैली, और विषय विवेचन दिगम्बर परम्पराके अन्य कार्मिक साहित्यके अनुरूप है, श्वेताम्बर परम्पराके कार्मिक साहित्यके अनुरूप नहीं, इसलिए उन्हें हम दिगम्बर आचार्योंकी अमर कृति स्वीकार करते हैं।

अब आगे जिन चार उपशीर्षकोंके अन्तर्गत उन्होंने दिगम्बर आचार्य श्री यतिवृषभ एवं महाराज कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति सिद्ध करनेका असफल प्रयत्न किया है उनपर क्रमसे विचार करते हैं—

(१)

उन्होंने सर्वप्रथम 'दिगम्बर परम्पराने अमान्य तेवा कषायप्राभृत चूर्णि अन्तर्गत पदार्थो' इस उपशीर्षकके अन्तर्गत क. प्रा. चूर्णिके ऐसे दो उल्लेख उपस्थित किये हैं जिन्हें वे स्वमतिसे दिगम्बर परम्पराके विरुद्ध समझते हैं। प्रथम उल्लेख है—"सव्वलिंगेसु भजजाणि।" इस सूत्रका अर्थ है कि अतीतमें सर्व लिंगोंमें बंधा हुआ कर्म क्षपकके सत्तामें विकल्पसे होता है। इस पर उक्त प्रस्तावना लेखकका कहना है कि 'क्षपक चारित्रवेषमां होय पण खरो अने न पण होय चारित्रना वेष वगर अर्थात् अन्य तापसादिना वेशमां रहेल जीव पण क्षपक थई शके छे, एटले प्रस्तुत सूत्र दिगम्बर मान्यता थी विरुद्ध छे।' आदि।

अब सवाल यह है कि उक्त प्र. लेखकने उक्त सूत्र परसे यह निष्कर्ष कैसे फलित कर लिया कि 'क्षपक चारित्रवेषमां होय पण खरो अने न पण होय, चारित्रना वेष वगर अर्थात् अन्य तापसादिना वेशमां रहेल जीव पण क्षपक थई शके छे।' कारण कि वर्तमानमें जो क्षपक है उसके अतीत कालमें कर्मबन्धके समय कौन-सा लिंग था, उस लिंगमें बांधा गया कर्म क्षपकके वर्तमानमें सत्तामें नियमसे होता है या विकल्पसे होता है? इसी अन्तर्गत शंकाको ध्यानमें रख कर यह समाधान किया गया है कि 'विकल्पसे होता है।' इस परसे यह कहां फलित होता है कि वर्तमानमें वह क्षपक किसी भी वेशमें हो सकता है। मालूम पड़ता है कि अपने सम्प्रदायके व्यामोह और अपने कल्पित वेशसे कारण ही उन्होंने उक्त सूत्र परसे ऐसा गलत अभिप्राय फलित करनेकी चेष्टा की है।

थोड़ी देरके लिये उक्त (श्वे.) मुनिजीने जो अभिप्राय फलित किया है यदि उसीको विचारके लिए ठीक मान लिया जाता है तो जिस गति आदिमें पूर्वमें जिन भावोंके द्वारा बांधे गये कर्म वर्तमानमें क्षपकके विकल्पसे बतलाये हैं वे भाव भी वर्तमानमें क्षपकके विकल्पसे मानने पड़ेंगे। उदाहरणार्थ पहले सम्यग्मिथ्यात्वमें बांधे गये कर्म वर्तमानमें जिस क्षपकके विकल्पसे बतलाये हैं तो क्या उस क्षपकके वर्तमानमें विकल्पसे सम्यग्मिथ्यात्व भी मानना पड़ेगा। यदि कहो कि नहीं, तो सम्यग्मिथ्यात्वमें बँधे हुए जो कर्म सत्तारूपसे वर्तमानमें क्षपकके विकल्पसे होते हुए भी अतीत कालमें उन कर्मोंके बन्धके समय सम्यग्मिथ्यात्व भाव था इतना ही आशय जैसे सम्यग्मिथ्यात्व भावके विषयमें लिया जाता है उसी प्रकार सर्वलिंगोंके विषयमें भी यही आशय यहाँ लेना चाहिए।

हम यह तो स्वीकार करते हैं कि जैसे अतीत कालमें अन्य लिंगोंमें बांधे गये कर्म वर्तमानमें क्षपकके विकल्पसे बन जाते हैं वैसे ही अतीत कालमें जिनलिंगमें बांधे गये कर्मोंके वर्तमानमें क्षपकके विकल्पसे स्वीकार करनेमें कोई प्रत्यवाय नहीं दिखाई देता। कारण कि संयमभावका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण और जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण बतलाया है। यथा—

संजमाणुवादेण संजद-सामाइय-च्छेदोवट्ठावणसुद्धिसंजद-परिहारसुद्धिसंजद-संजदासंजदाणमंतरं केवचिरं कालादो होदि ॥ १०८ ॥ जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ॥ १०९ ॥ उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं ॥ ११० ॥ —खुद्दाबंध पृ० ३२१-३२२।

यहाँ जयधवला टीकाकारने उक्त सूत्रकी व्याख्या करते हुए 'णिग्गंथवदिरित्तसेसाणं' यह लिखकर 'सर्वलिंग' पदसे निर्ग्रन्थ लिंगके अतिरिक्त जो शेष सविकार सब लिंगोंका ग्रहण किया है वह उन्होंने क्षपक-

श्रेणिपर आरोहण करनेवाला जीव अन्य लिंगवाला न होकर वर्तमानमें निर्ग्रन्थ ही होता है और इस अपेक्षासे उसके निर्ग्रन्थ अवस्थामें बाँधे गये कर्म भजनीय न होकर नियमसे पाये जाते हैं यह दिखलानेके लिए ही किया है, क्योंकि जो जीव अन्तरंगमें निर्ग्रन्थ होता है वह बाह्यमें नियमसे निर्ग्रन्थ होता है। किन्तु इन दोनोंके परस्पर अविनाभावको न स्वीकार कर जो श्वेताम्बर सम्प्रदायवाले इच्छानुसार वस्त्र-पात्रादि सहित अन्य वेशमें रहते हुए भी वर्तमानमें क्षपकश्रेणि आदिपर आरोहण करना या रत्नत्रयस्वरूप मुनि लिंगकी प्राप्ति मानते हैं उनके उस मतका निषेध करनेके लिए जयधवला टीकाकारने 'णिग्गंथवदिरित्तसेसाणं' पदकी योजना की है। विचार कर देखा जाय तो उनके इस निर्देशमें किसी भी प्रकारकी साम्प्रदायिकताकी गन्ध न होकर वस्तुस्वरूपका उद्घाटनमात्र है, क्योंकि भीतरसे जीवनमें निर्ग्रन्थ वही हो सकता है जो वस्त्र-पात्रादिका बुद्धिपूर्वक त्यागकर बाह्यमें जिनमुद्राको पहले ही धारण कर लेता है। कोई बुद्धिपूर्वक वस्त्र-पात्र आदिको स्वीकार करे, उन्हें रखे, उनकी सम्हाल भी करे फिर भी स्वयंको वस्त्र-पात्र आदि सर्व परिग्रहका त्यागी बतलावे, इसे मात्र जीवनकी विडम्बना करनेवाला ही कहना चाहिए। अतः वर्तमानमें जिसने वस्त्र-पात्रादि सर्व परिग्रहका त्यागकर निर्ग्रन्थ लिंग स्वीकार किया है वही क्षपक हो सकता है और ऐसे क्षपकके निर्ग्रन्थ लिंग ग्रहण करनेके समयसे लेकर बाँधे गये कर्म सत्तामें अवश्य पाये जाते हैं यह दिखलानेके लिये ही श्री जयधवला टीकाकारने अपनी टीकामें 'सर्व लिंग' पदका अर्थ 'निर्ग्रन्थ लिंग व्यतिरिक्त अन्य सब लिंग' किया है जो 'व्याख्यानतो विशेषप्रतिपत्तिः।' इस नीतिवचनको अनुसरण करनेवाला होनेसे वर्तमानमें उपयुक्त ही है।

दूसरा उल्लेख है—२४. 'णेगम-संगह-ववहारा सव्वे इच्छंति। २५. उजुसुदो ठवणवज्जे। (क. प्रा. चूर्णि पृ. १७) इसका व्याख्यान करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीन द्रव्यार्थिक नय हैं और ऋजुसूत्र आदि चार पर्यायार्थिक नय हैं। इस विषयमें दिगम्बर परम्परामें कहीं किसी प्रकारका मतभेद नहीं दिखलाई देता। कषायप्राभृतचूर्णिकार भी अपने चूर्णिसूत्रोंमें सर्वत्र ऋजुसूत्रनयका पर्यायार्थिकनयमें ही समावेश करते हैं। फिर भी उक्त (श्वे.) मुनिजीने अपनी प्रस्तावनामें यह उल्लेख किस आधारसे किया है कि 'कषायप्राभृतचूर्णिकार ऋजुसूत्रनयको द्रव्यार्थिकनय स्वीकार करते हैं।' यह समझके बाहर है। उक्त कथनकी पुष्टि करनेवाला उनका वह वचन इस प्रकार है—'अहीं कषायप्राभृत चूर्णिकार ऋजुसूत्रनयनो द्रव्यार्थिकनयमां समावेश करवा द्वारा श्वेताम्बराचार्योनी सैद्धान्तिक परंपराने अनुसरे छे कारणके श्वेताम्बरोमां सैद्धान्तिक परम्परा ऋजुसूत्रनयनो द्रव्यार्थिक नयमां समावेश करे छे.'

कषायप्राभृत चूर्णिमें ऐसे चार स्थल हैं जहाँ निक्षेपोंमें नययोजना की गई है। प्रथम पेज्ज निक्षेपके भेदों की नययोजना करनेवाला स्थल। यथा—

२४. णेगम-संगह-ववहारा सव्वे इच्छंति। २५. उजुसुदो ठवणज्जे। २६. सद्दणयस्स णामं भावो च। पृ. १७।

दूसरा 'दोस' पदका निक्षेप कर उन सबमें नययोजना करनेवाला स्थल। यथा—

३२. णेगम-संगह-ववहारा सव्वे णिक्खेवे इच्छंति। ३३. उजुसुदो ठवणवज्जे। ३४. सद्दणयस्स णामं भावो च। पृ. १७।

तीसरा 'संकम' पदका निक्षेप कर उन सबमें नययोजना करनेवाला स्थल। यथा—

५. णेगमो सव्वे संकमे इच्छइ। ६. संगह-ववहारा कालसंकममवणेति। ७. उजुसुदो एदं च ठवणं च अवणेइ। ८. सद्दस्स णामं भावो य। पृ. २५१।

चौथा 'ट्ठाण' पदका निक्षेप कर उन सबमें नययोजना करनेवाला स्थल। यथा—

१०. णेगमो सव्वाणि ठाणाणि इच्छइ। ११. संगह-ववहारा पलिवीचिट्ठाणं उच्चट्ठाणं च अवणेंति। १२. उजुसुदो एदाणि च ठवणं च अद्धठाणं च अवणेइ। १३. सद्दणयो णामट्ठाणं संजमट्ठाणं खेत्तट्ठाणं भावट्ठाणं च इच्छदि। पृ. ६०७-६०८

ये चार स्थल हैं, जिनमें कौन निक्षेप किस नयका विषय है यह स्पष्ट किया गया है। स्थापना निक्षेप ऋजुसूत्रनयका विषय नहीं है इसे इन सब स्थलोंमें स्वीकार किया गया है। इसीसे यह स्पष्ट हो जाता है कि कषायप्राभृत चूर्णिकारने द्रव्यार्थिकनयरूपसे ऋजुसूत्रनयको नहीं स्वीकार किया है, क्योंकि सादृश्य सामान्यकी विवक्षामें ही किसी अन्य वस्तुमें अन्य वस्तुकी स्थापना की जा सकती है और सादृश्य-सामान्य द्रव्यार्थिकनयका विषय है, जिसे पर्यायार्थिकनयका भेद ऋजुसूत्रनय नहीं स्वीकार करता। अतः यह स्पष्ट है कि कषायप्राभृतचूर्णिकारने ऋजुसूत्रनयको पर्यायार्थिकनयरूपसे ही स्वीकार किया है, द्रव्यार्थिकनयरूपसे नहीं। फिर नहीं मालूम उक्त प्रस्तावनामें किस आधारसे यह विधान करनेका साहस किया है कि 'कषायप्राभृतचूर्णिकार ऋजुसूत्रनयको द्रव्यार्थिकनयमें समावेश करनेके लिए श्वेताम्बर आचार्योंकी परम्पराका अनुसरण करते हैं।'

शायद उन्होंने अर्थनयको द्रव्यार्थिकनय समझकर यह विधान किया है। किन्तु यदि यही बात है तो हमें लिखना पड़ता है कि या तो यह उनकी नयविषयक अनभिज्ञताका परिणाम है या फिर इसे साम्प्रदायका व्यामोह कहना होगा। कारण कि जब कि आगममें द्रव्यार्थिकनयके नैगम, संग्रह और व्यवहार ये तीनों भेद अर्थनयरूपसे स्वीकार किये गये हैं और पर्यायार्थिकनयके तो भेद करके उनमेंसे ऋजुसूत्रनयको अर्थनयस्वरूप स्वीकार किया गया है ऐसी अवस्थामें विना आधारके उसे द्रव्यार्थिकनय स्वरूप बतलाना और अपने इस अभिप्रायसे कषायप्राभृतचूर्णिकारको जोड़ना इसे सम्प्रदायका व्यामोह नहीं कहा जायगा तो और क्या कहा जायगा।

यों तो सातों ही नयोंका विषय अर्थ-वस्तु है। फिर भी उनमेंसे नैगमादि तीन नय पर्यायको गौण कर सामान्यकी मुख्यतासे वस्तुका बोध कराते हैं, इसलिए वे द्रव्यार्थिकरूपसे अर्थनय कहे गये हैं। ऋजुसूत्रनय सामान्यको गौणकर वर्तमान पर्यायकी मुख्यतासे वस्तुका बोध कराता है इसलिए वह पर्यायार्थिकरूपसे अर्थनय कहा गया है। और शब्दादि तीन नय यद्यपि सामान्यको गौणकर वर्तमान पर्यायकी मुख्यतासे ही वस्तुका बोध कराते हैं। फिर भी ऋजुसूत्रसे इन शब्दादि तीन नयोंमें इतना अन्तर है कि ऋजुसूत्रनय अर्थप्रधाननय है और शब्दादि तीन नय शब्दप्रधान नय हैं। इसलिए नैगमादि सातों नय अर्थनय और शब्दनय इन दो भेदोंमें विभक्त होकर अर्थनयके चार और शब्दनयके तीन भेद हो जाते हैं। यहाँ अर्थनयके चार भेदोंमें ऋजुसूत्रनय सम्मिलित है, मात्र इसीलिए वह द्रव्यार्थिकनय नहीं हो जावगा। रहेगा वह पर्यायार्थिक ही। षट्खण्डागम और कषायप्राभृतचूर्णि प्रभृति जितना भी दिगम्बर आचार्यों द्वारा लिखा गया साहित्य है वह सब एक स्वरसे एकमात्र इसी अभिप्रायकी पुष्टि करता है। मालूम पड़ता है कि उक्त प्रस्तावना लेखकने दिगम्बर साहित्यका और स्वयं कषायप्राभृतचूर्णिका सम्यक् प्रकारसे परिशीलन किये बिना ही यह अनर्गल विधान किया है। यहाँ प्रसंगसे हम यह सूचित कर देना चाहते हैं कि श्रुतकेवली भद्रबाहुके कालमें ही वस्त्र-पात्रधारी श्वेताम्बर मतकी स्थापनाकी नींव पड़ गई थी। यह इसीसे स्पष्ट है कि श्वेताम्बर परम्परा जिनलिंगधारी भद्रबाहुको श्रुतकेवली स्वीकार करके भी उनके प्रति अनास्था दिखलाती है और इन्हें गौण कर अपनी परम्पराको स्थूलभद्र आदिसे स्वीकार करती है।

(२)

प्रस्तावना लेखकने 'श्वेताम्बराचार्योना ग्रन्थोमां कषायप्राभृतना आधार साक्षी तथा अतिदेशो' इस दूसरे उपशीर्षकके अन्तर्गत श्वेताम्बर कार्मिक साहित्यमें जहाँ-जहाँ कषायप्राभृतके उल्लेखपूर्वक कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिको विषयकी पुष्टिके रूपसे निर्दिष्ट किया गया है या विषयके स्पष्टीकरणके लिए उनको साधार उपस्थित किया गया है उनका संकलन किया है। (१) उनमेंसे प्रथम उल्लेख पंचसंग्रह (श्वे.) का है। इसकी दूसरी गाथामें 'शतक' आदि पाँच ग्रन्थोंको संक्षिप्त कर इस पंचसंग्रह ग्रन्थकी रचना की गई है, अथवा पाँच द्वारोंके आश्रयसे इस पंचसंग्रह ग्रन्थकी रचना की गई है यह बतलाया गया है। किन्तु स्वयं चन्द्रर्षि महत्तरने उक्त ग्रन्थकी तीसरी गाथामें वे पाँच द्वार कौनसे, इनका जिस प्रकार नामोल्लेख कर दिया है उस प्रकार गाथारूप या वृत्तिरूप अपनी किसी भी रचनामें एक 'शतक' ग्रन्थके नामोल्लेखको छोड़कर अन्य जिन चार ग्रंथोंके आधारसे इस पंचसंग्रह ग्रंथकी रचना की गई है उनका नामोल्लेख नहीं किया है। अतएव

एक शतकके सिवाय अन्य जिन चार ग्रन्थोंका अपने पंचसंग्रह ग्रंथमें उन्होंने संक्षेपीकरण किया है वे चार ग्रंथ कौनसे इसका तो उनकी उक्त दोनों रचनाओंसे पता चलता नहीं। हाँ उक्त ग्रंथकी 'नमिऊण जिणं वीरं' इस मंगल गाथाकी टीकामें मलयगिरिने अवश्य ही उन पाँच ग्रंथोंका नामोल्लेख किया है। स्वयं चन्द्रर्षि महत्तर अपनी रचनामें पाँच द्वारोंका नामोल्लेख तो करते हैं, परन्तु उन ग्रंथोंका नामोल्लेख नहीं करते इसमें क्या रहस्य है यह अवश्य ही विचारणीय है। बहुत सम्भव तो यही दिखलाई देता है कि श्वेताम्बर परम्परामें क्षपणा आदि विधिका आनुपूर्वीसे सविस्तर कथन उपलब्ध न होनेके कारण उन्होंने कषायप्राभृत (कषायप्राभृतमें उसकी चूर्णि का कारण है) का सहारा तो अवश्य लिया होगा, परन्तु यतः कषाय-प्राभृत श्वेताम्बर परम्पराका ग्रंथ नहीं है, अतः पञ्चसंग्रहमें किन पाँच ग्रंथोंका संग्रह है इसका पूरा स्पष्टीकरण करना उन्होंने उचित नहीं समझा होगा।

(२) दूसरा उल्लेख शतकचूर्णिके टिप्पणका है। यह टिप्पण अभी तक मुद्रित नहीं हुए हैं। प्रस्तावना लेखकने अवश्य ही यह संकेत किया है कि उक्त टिप्पणमें किस कषायमें कितनी कृष्टियाँ होती हैं इस विषयकी प्ररूपणा करनेवाली कषायप्राभृतकी १६३ क्रमांक गाथा उद्धृत पाई जाती है। सो इससे यही तो समझा जा सकता है कि श्वेताम्बर परम्परामें क्षपणाविधिकी सांगोपांग प्ररूपणा न होनेसे शतकचूर्णिके कर्त्ताने किस कषायको कितनी कृष्टियाँ होती हैं इस विषयका विशेष विवेचन प्रायः कषायप्राभृतके आधारसे किया है यह समझकर ही उक्त टिप्पणकारने प्रमाणस्वरूप उक्त गाथा उद्धृत की होगी।

(३) तीसरा उल्लेख सप्ततिका चूर्णिका है। इसमें सूक्ष्मसाम्परायसम्बन्धी कृष्टियोंकी रचनाका निर्देशकर उनके लक्षणको कषायप्राभृतके अनुसार जाननेकी सूचना सप्ततिका चूर्णिकारने इसीलिए की जान पड़ती है कि श्वेताम्बर परम्परामें इसप्रकारका सांगोपांग विवेचन नहीं पाया जाता। सप्ततिका चूर्णिका उक्त उल्लेख इस प्रकार है—'तं वेयंतो बितियकिट्टीओ तइयकिट्टीओ य दलियं घेत्तूणं सुहुमसांपराइयकिट्टीओ करेइ। तेसिं लक्खणं जहा कसायपाहुडे।'

(४) चौथा उल्लेख भी सप्ततिका चूर्णिका है। इसमें अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणमें जो अनेक वक्तव्य हैं उन्हें कषायप्राभृत और कर्मप्रकृतिसंग्रहणीके अनुसार जाननेकी सूचना की गई है। सप्ततिका चूर्णिका यह उल्लेख इस प्रकार है—'एत्थ अपुव्वकरण-अणियट्टिअद्धासु अणेगाइ वत्तव्वगाइं जहा कसायपाहुडे कम्मगडिसंगहणीए वा तह वत्तव्वं। सो इस विषयमें इतना ही कहना है कि कर्मप्रकृतिसंग्रहणी स्वयं एक संग्रह रचना है। अतः उसमें अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालों में होनेवाले कार्य-विशेषोंका जो भी निर्देश उपलब्ध होता है वह सब अन्य ग्रन्थके आधारसे ही लिया गया होना चाहिए। इस विषयमें जहाँ तक हम समझ सके हैं, कषायप्राभृतचूर्णि और कर्मप्रकृति चूर्णिकी तुलना करने पर ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है कि कर्मप्रकृतिचूर्णिकारके समक्ष कषायप्राभृत अवश्य रही है। यथा—

१०२ चरिमसमयमिच्छाइट्ठी से काले उवसंतदंसणमोहणीओ। १०३. ताधे चेव तिण्णि कम्मंसा उप्पादिदा।—कषायप्राभृतचूर्णि

अब इसके प्रकाशमें कर्मप्रकृति उपशमनाकरण गाथा १९ की चूर्णिपर दृष्टिपात कीजिए—

चरिमसमयमिच्छाद्दिट्ठी से काले उवसमसम्मद्दिट्ठि होहिंति ताहे बितीयट्ठितीते तिण्हं अणुभागं करेंति।

यहाँ कर्मप्रकृति चूर्णिकारने अपने सम्प्रदायके अनुसार मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वके द्रव्यके तीन भाग हो जाते हैं, इस मतकी पुष्टि करनेके लिए उक्त वाक्य रचनाके मध्यमें 'होहिंति' इतना पाठ अधिक जोड़ दिया है। बाकीकी पूरी वाक्य रचना कषायप्राभृतिचूर्णिसे ली गई है यह कर्मप्रकृतिकी १८ और १९वीं गाथाओं तथा उनकी चूर्णियों पर दृष्टिपात करनेसे स्पष्ट प्रतीत होता है।

यह एक उदाहरण है। पूरे प्रकरण पर दृष्टिपात करनेसे यह स्पष्ट विदित होता है कि कर्मप्रकृति और उसकी चूर्णिका उपशमना प्रकरण तथा क्षपणाविधि कषायप्राभृतिचूर्णिके आधारसे लिपिबद्ध करते हुए

भी कषायप्राभृतचूर्णिसे श्वेताम्बर सम्प्रदायके अनुसार मतभेदके स्थलोंको यथावत् कायम रखा गया है। आवश्यकता होनेपर हम इस विषयपर विस्तृत प्रकाश डालेंगे।

(५) पाँचवाँ उल्लेख भी सप्ततिकाचूर्णिका है। इसमें मोहनीयके चारके बन्धकके एकका उदय होता है इस मतका सप्ततिकाचूर्णिकारने स्वीकार कर उसकी पुष्टि कषायप्राभृत आदिसे की है। तथा साथ ही दूसरे मतका भी उल्लेख कर दिया है। सो उक्त चूर्णिकारके उक्त कथनसे इतना ही ज्ञात होता है कि उनके समक्ष कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि थी।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

इस प्रकार श्वेताम्बर आचार्यों द्वारा रचित ग्रन्थोंके पाँच उल्लेख हैं जिनमें कषायप्राभृतके आधारसे उसके नामोल्लेखपूर्वक प्रकृत विषयकी पुष्टि तो की गई है, परन्तु इन उल्लेखोंपरसे एक मात्र यही प्रमाणित होता है कि श्वेताम्बर सम्प्रदायमें दर्शन-चरित्रमोहनीयके उपशमना-क्षपणाविधिकी प्ररूपणा करनेवाला सर्वांग साहित्य लिपिबद्ध न होनेसे इसकी पूर्ति दिगम्बर आचार्योंद्वारा रचित कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिसे की गई है। परन्तु ऐसा करते हुए भी उक्त शास्त्रकारोंने उन दोनोंको श्वेताम्बर परम्पराका स्वीकार करनेका साहस भूलकर नहीं किया है। यह तो केवल उक्त प्रस्तावना लेखक श्वे. मुनि हेमचन्द्रविजयजीका ही साहस है जो बिना प्रमाणके ऐसा विधान करनेके लिए उद्यत हुए हैं। वस्तुतः देखा जाय तो एक तो कुछ अपवादोंको छोड़कर कर्मसिद्धान्तकी प्ररूपणा दोनों सम्प्रदायोंमें लगभग एक सी पाई जाती है, दूसरे जिन विषयोंकी पुष्टिमें श्वेताम्बर आचार्योंने कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिका प्रमाणरूपमें उल्लेख किया है उन विषयोंका सांगोपांग विवेचन श्वेताम्बर परम्परामें उपलब्ध न होनेसे ही उन आचार्योंको ऐसा करनेके लिए बाध्य होना पड़ा है, इसलिए श्वेताम्बर आचार्योंने अपने साहित्यमें कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिकाप्रकृत विषयोंकी पुष्टिमें उल्लेख किया मात्र इसलिए उन्हें श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति घोषित करना युक्तियुक्त नहीं कहा जा सकता।

(३)

आगे खवगसेढिकी प्रस्तावनामें 'कषायप्राभृत मूल तथा चूर्णिनी रचनानो काल' उपशीर्षकके अन्तर्गत प्रस्तावना लेखकने जो विचार व्यक्त किये हैं वे क्यों ठीक नहीं हैं इसकी यहाँ मीमांसा की जाती है—

१. जिस प्रकार जयधवलाके प्रारम्भमें दिगम्बर परम्पराके मान्य आचार्य वीरसेनने तथा श्रुतावतारमें इन्द्रनन्दिने कषायप्राभृतके कर्तारूपमें आचार्य गुणधरका और चूर्णिसूत्रोंके कर्तारूपमें आचार्य यतिवृषभका स्मरण किया है इस प्रकार श्वेताम्बर परम्परामें किसी भी पट्टावली या कार्मिक या इतर साहित्यमें इन आचार्योंका किसी भी रूपमें नामोल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता। अतः इस विषयमें उक्त प्रस्तावना लेखकका यह लिखना युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता कि 'पट्टावलीमें पाटपरम्परामें आनेवाले प्रधानपुरुषोंके नामोंका उल्लेख होता है आदि,। क्योंकि पट्टावलिमें पाटपरम्पराके प्रधान पुरुषोंके रूपमें यदि उनका नाम नहीं भी आया था तो भी यदि वे श्वेताम्बर परम्पराके आचार्य होते तो अवश्य ही किसी न किसी रूपमें कहीं न कहीं उनके नामोंका उल्लेख अवश्य ही पाया जाता। श्वेताम्बर परम्परामें इनके नामोंका उल्लेख न पाया जाना ही यह सिद्ध करता है कि इन्हें श्वेताम्बर परम्पराके आचार्य मानना युक्तियुक्त नहीं है।

२. एक बात यह भी कही गई है कि जयधवलामें एक स्थल पर गुणधरका वाचकरूपसे उल्लेख दृष्टिगोचर होता है, इसलिए वे वाचकवंशके सिद्ध होनेसे श्वेताम्बर परम्पराके आचार्य होने चाहिए, सो इसका समाधान यह है कि यह कोई ऐसा तर्क नहीं है कि जिससे उन्हें श्वेताम्बर परम्पराका स्वीकार करना आवश्यक समझा जाय। वाचक शब्दका अर्थ वाचना देनेवाला होता है जो श्वेताम्बर मतकी उत्पत्तिके पहलेसे ही श्रमण परम्परामें प्राचीनकालसे चला आ रहा है। अतः जयधवलामें गुणधरको यदि वाचक कहा भी गया है तो इससे भी उन्हें श्वेताम्बर परम्पराका आचार्य मानना युक्तियुक्त नहीं कहा जा सकता।

३. यह ठीक है कि श्वेताम्बर परम्परामें नन्दिसूत्रकी पट्टावलिमें तथा अन्यत्र आर्यमंक्षु और नागहस्तिका नामोल्लेख पाया जाता है और जयधवलाके प्रथम मंगलाचरणमें चूर्णिसूत्रोंके कर्ता आचार्य यतिवृषभको आर्यमंक्षुका शिष्य और नागहस्तिका अन्तेवासी कहा गया है। परन्तु मात्र यह कारण भी आचार्य

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

यतिवृषभको श्वेताम्बर परम्पराका मानने के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि जिस प्रकार श्वेताम्बर परम्परा उक्त दोनों आचार्योंको अपनी परम्पराका स्वीकार करती है उसी प्रकार दिगम्बर परम्पराने भी उन्हें अपनी परम्पराका स्वीकार किया है, जैसा कि जयधवला आदिके उक्त उल्लेखोंसे ज्ञात होता है।

एक बात और है वह यह कि नन्दिसूत्रकी पट्टावलि विश्वसनीय भी नहीं मानी जा सकती, क्योंकि उसमें जिस रूपमें आर्यमंक्षु और नागहस्तिका उल्लेख पाया जाता है उसके अनुसार वे दोनों एक कालीन नहीं सिद्ध होते। श्रीमुनि जिन विजयजीका तो यहाँ तक कहना है कि यह पट्टावलि अधूरी है, क्योंकि इस पट्टावलिमें आर्यमंक्षु और आर्यनागहस्तीके मध्य केवल आर्यनन्दिलको स्वीकार किया गया है, किन्तु आर्यमंक्षु और आर्यनन्दिलके मध्य पट्टधर चार आचार्य और हो गये हैं जिनका उल्लेख इस पट्टावलिमें छूटा हुआ है। (वी. नि. सं. और जैनका. ग. पृ. १२४।)

दूसरे नन्दिसूत्रकी पट्टावलिमें अलगसे ऐसा कोई उल्लेख भी दृष्टिगोचर नहीं होता, जिससे आर्यमंक्षुको स्वतन्त्ररूपसे कर्मशास्त्रका ज्ञाता स्वीकार किया जाय। उसमें आर्य नागहस्तिको अवश्य ही कर्मप्रकृतिमें प्रधान स्वीकार किया गया है। इससे इस बातका सहज ही पता लगता है कि जिसने नन्दिसूत्रकी पट्टावलिका संकलन किया है उसे इस बातका पता नहीं था कि गुणधर आचार्य द्वारा रची गई गाथाएँ साक्षात् या आचार्य परम्परासे आर्यमंक्षुको प्राप्त हुई थीं, जब कि दिगम्बर परम्परामें यह प्रसिद्धि आनुपूर्वीसे चली आ रही है। यही बात आर्य नागहस्तिके विषयमें भी समझनी चाहिए, क्योंकि उस (नन्दिसूत्र पट्टावलि) में आर्य नागहस्तीको कर्मप्रकृतिमें प्रधान स्वीकार करके भी इन्हें न तो कषाय प्राभृतका ज्ञाता स्वीकार किया गया है और न ही उन्हें गुणधर आचार्य द्वारा रची गई गाथाएँ आचार्य परम्परासे या साक्षात् प्राप्त हुई यह भी स्वीकार किया गया है। यह एक ऐसा तर्क है जो प्रत्येक विचारकको यह माननेके लिये बाध्य करता है कि कषायप्राभृत श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति न होकर दिगम्बर आचार्योंकी ही रचना है।

तीसरे दिगम्बर परम्परामें कषायप्राभृत और चूर्णिका जो प्रारम्भ कालसे पठन-पाठन होता आ रहा है इससे भी इस तथ्यकी पुष्टि होती है। इन्द्रनन्दिने अपने द्वारा रचित श्रुतावतारमें आचार्य यतिवृषभके चूर्णिसूत्रोंके अतिरिक्त दूसरी ऐसी कई पद्धति पंजिकाओंका उल्लेख किया है जो कषायप्राभृत पर रची गई थीं (जयध. भाग. १ प्रस्तावना पृ. ९ तथा १२ से)। स्वयं वीरसेनने अपनी जयधवला टीकामें ऐसी कई उच्चारणाओं, स्वलिखित उच्चारणा और बप्पदेवलिखित उच्चारणाका उल्लेख किया है जो जयधवला टीकाके पूर्व रची गई थीं। बहुत सम्भव है कि इनमें इन्द्रिनन्दि द्वारा उल्लिखित पद्धति-पंजिकाएँ भी सम्मिलित हों (जयध. भाग १ पृ. ९ से लेकर)।

उक्त तथ्योंके सिवाय प्रकृतमें यह भी उल्लेखनीय है कि आचार्य यतिवृषभने अपने चूर्णिसूत्रोंमें प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान इन दो प्रकारके उपदेशोंका उल्लेख पद-पद पर किया है तथा इन दोनों प्रकारके उपदेशोंमेंसे किसका उपदेश प्रवाह्यमान है और किसका उपदेश अप्रवाह्यमान है इस विषयका स्पष्ट निर्देश स्वयं जयधवलाकारने अपनी टीकामें किया है (देखो प्रस्तुत भाग पृ. १८,२३-६६,७१,११६ और १४५)। सो इससे भी इस बातका पता लगता है कि कर्मविषयक किस विषयमें इन दोनों (आर्यमंक्षु और नागहस्ति) का क्या अभिप्राय था और उनमेंसे कौन उपदेश प्रवाह्यमान अर्थात् आचार्य परम्परासे आया हुआ था और कौन उपदेश अप्रवाह्यमान अर्थात् आचार्य परम्परासे प्राप्त नहीं था, इसकी पूरी जानकारी जयधवला टीकाकारको निःशंसयरूपसे थी।

यहाँ यह प्रश्न होता है कि कषाय प्राभृत और उसके चूर्णिसूत्रोंके रचनाकालमें तथा जयधवला टीकाके रचना कालमें शताब्दियोंका अन्तर रहते हुए भी जयधवलाके टीकाकारने उक्त जानकारी कहाँसे प्राप्त की होगी। समाधान यह है कि यह तो जयधवला टीकाके अवलोकनसे ही ज्ञात होता है कि उसकी रचना केवल कषायप्राभृत और उसके चूर्णिसूत्रोंके आधारपर ही न होकर उसकी रचनाके समय इन दोनों

रचनाओंसे सम्बन्ध रखनेवाला बहुत-सा उच्चारणा वृत्ति आदि रूप साहित्य जयधवलाकारके सामने रहा है। और इससे सहज ही अनुमान किया जा सकता है कि उच्चारणा वृत्ति आदि नामसे अभिहित किये गये उक्त साहित्यसे वे इस बातका निर्णय करते होंगे कि इनमेंसे कौन उपदेश अप्रवाह्यमान होकर आर्यमंक्षु द्वारा प्रतिपादित है, कौन उपदेश प्रवाह्यमान होकर आर्य नागहस्ति या दोनों द्वारा प्रतिपादित है और कौन उपदेश ऐसा है जिसके विषयमें उक्त प्रकारसे निर्णय करना, सम्भव न होनेसे केवल चूर्णिसूत्रोंके आधारसे प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान रूपसे उनका उल्लेख किया गया है। प्रस्तुत (१२ वें) भागमें पद-पद पर इस विषयके ऐसे अनेक उल्लेख आये हैं जिनसे प्रत्येक पाठकको उक्त कथनकी पूरी जानकारी मिल जाती है यथा—

१. आर्यमंक्षुका उपदेश अप्रवाह्यमान है और नागहस्तिका उपदेश प्रवाह्यमान है। यथा—

अथवा अज्जमंखुभयवंताणमुवएसो एत्थापवाइज्जमाणो णाम। णागहत्थिखवणाणमुवएसो पवाइज्जंतएत्ति घेत्तव्वो। (पृ. ७१)

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

यहाँ उपयोग अर्थाधिकारकी ४ थी गाथाके व्याख्यानका प्रसंग है। उसमें कषाय और अनुभागकी चर्चाके प्रसंगसे आचार्य यतिवृषभने उक्त दोनों आचार्योंके दो उपदेशोंका उल्लेख किया है। उनमेंसे कषाय और अनुभाग एक हैं यह बतलानेवाले भगवान् आर्यमंक्षुके उपदेशको जयधवलाके टीकाकारसे अप्रवाह्यमान कहा है और कषाय और अनुभागमें भेद बतलानेवाले नागहस्ति क्षवणके उपदेशको प्रवाह्यमान बतलाया है। (पृ. ६६ और ७१-७२)

२. उक्त दोनों आचार्योंका उपदेश प्रवाह्यमान होनेका प्रतिपादक वचन—तेसिं चेव भयवंताणमज्जमंखु-णागहत्थिणं पसहज्जंतेणुवएसेण .....। (पृ. २३)

यहाँ क्रोधादि चारों कषायोंके कालके अल्पबहुत्वको गतिमार्गणा और चौदह जीव समासोंमें बतलानेके प्रसंगसे उक्त वचन आया है। सो यहाँ चूर्णिसूत्रकारने गतिमार्गणा और चौदह जीव समासोंमें मात्र प्रवाह्यमान उपदेशका निर्देश किया है अप्रवाह्यमान उपदेशका नहीं। जयधवलाकारने भी चूर्णिसूत्रोंका अनुसरण कर दोनों स्थानोंमें मात्र प्रवाह्यमान उपदेशका खुलासा करते हुए 'तेसिं चेव उपदेसेण चोद्दस-जीवसमासेहि दंडगो भणिहिदि। (पृ. २३) इस चूर्णिसूत्रके व्याख्यानके प्रसंगसे उसमें आये हुए 'तेसिं चेव' इस पदका व्याख्यान करते हुए उक्त पदसे उक्त दोनों भगवन्तोंका ग्रहण किया है।

३. इस प्रकार उक्त दो प्रकारके उल्लेख तो ऐसे हैं जिनसे हमें उनमेंसे कौन उपदेश प्रवाह्यमान है और कौन उपदेश अप्रवाह्यमान है इस बातका पता लगनेके साथ जयधवला टीकासे उनके उपदेष्टा आचार्योंका भी पता लग जाता है। किन्तु चूर्णिसूत्रोंमें प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमानके भेदरूप कुछ ऐसे भी उपदेश संकलित हैं जिनके विषयमें जयधवलाकारको विशेष जानकारी नहीं थी। अतः जयधवलाकारने इनका स्पष्टीकरण तो किया है, परन्तु आचार्योंके नामोल्लेख पूर्वक उनका निर्देश नहीं किया। इससे यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस विषयमें जयधवलाकारके समक्ष उपस्थित साहित्यमें उक्त प्रकारका विशेष निर्देश नहीं होगा, अतः उन्होंने दोनों उपदेशोंका स्पष्टीकरण मात्र करना उचित समझा। जयधवलाके आगे दिये जानेवाले इस उदाहरणसे यह स्पष्ट हो जाता है—

जो एसो अणंतरपरूविदो उवएसो सो पवाइज्जदे..... ....। अपवाइज्जंतेण पुण उवदेसेण केरिसी पयदपरूवणा होदित्ति एवंविहासंकाए णिण्णयकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं। (पृ. ११६)

इस उल्लेखमें दो प्रकारके उपदेशोंका निर्देश होते हुए भी चूर्णिकारकी दृष्टिमें उनके प्रवक्तारूपमें कौन प्रमुख आचार्य विवक्षित थे इसकी आनुपूर्वीसे लिखित या मौखिक रूपमें सम्यक् अनुश्रुति प्राप्त न होनेके कारण जयधवलाकारने मात्र उनकी व्याख्या कर दी है।

यह है जयधवलाकी व्याख्यानशैली। इसके टीकाकारको जिस विषयका किसी न किसी रूपमें आधार मिलता गया उसकी वे उसके साथ व्याख्या करते हैं और जिस विषयका आनुपूर्वीसे किसी प्रकारका आधार उपलब्ध नहीं हुआ उसकी वे अनुश्रुतिके अनुसार ही व्याख्या करते हैं। टीकामें वे प्रामाणिकताको बराबर बनाये

रखते हैं। इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि जिस उपदेशको उन्होंने आर्यमंक्षुका बतलाया है वह भी साधार ही बतलाया है और जिसे उन्होंने नागहस्तिका बतलाया है वह भी साधार ही बतलाया है। अतः इससे सिद्ध है कि दिगम्बर परम्परामें इन दोनों आचार्योंके उपदेशोंकी आनुपूर्वी पठन-पाठन तथा टीका-टिप्पणी आदि रूपसे यथावत् कायम रही। किन्तु श्वेताम्बर परम्परामें ऐसा कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं होता। उस परम्परामें जितना भी कार्मिक साहित्य उपलब्ध है उसमें कहीं भी अन्य गर्ग प्रभृति आचार्योंके मत-मतान्तरोंकी तरह इन आचार्योंका नामोल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता। उक्त प्रस्तावना लेखकको चाहिए कि वे इस विषयमें एक नन्दिसूत्र पट्टावलिको निर्णायक न मानें। किन्तु अपने कार्मिक साहित्यपर भी दृष्टिपात करें। यदि वे तुलनात्मक दृष्टिसे दोनों परम्पराओंके कार्मिक साहित्यपर सम्यक् रूपसे दृष्टिपात करेंगे तो उन्हें न केवल वास्तविकताका पता लग जायगा, किन्तु वे नन्दिसूत्रकी पट्टावलिमें आर्यमंक्षु और नागहस्तिका उल्लेख होने मात्रसे उसके आधारपर कषायप्राभृत और उसके चूर्णिसूत्रोंको श्वेताम्बर मतका होनेका आग्रह करना भी छोड़ देंगे। (उस परम्परामें एतद्विषयक अन्य उल्लेख नन्दिसूत्र पट्टावलिका अनुसरण करते हैं, अतः उनपर विचार नहीं किया।)

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

इस प्रकार इतने विवेचनसे यह सिद्ध हो जानेपर कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि दिगम्बर आचार्यों-की अमर कृतियाँ हैं, चूर्णिसूत्रोंके रचनाकालका कोई विशेष मूल्य नहीं रह जाता। फिर भी इस विषयको जय-धवला प्रथम भागमें कालगणनाके प्रसंगसे अत्यन्त स्पष्टरूपमें स्वीकार कर लिया गया है कि वर्तमान त्रिलोक प्रज्ञप्तिको आचार्य यतिवृषभकी कृति स्वीकार करनेपर चूर्णिसूत्रोंकी रचनाकी यह कालगणना की जा रही है। प्रस्तावना (पृ. ४६) के शब्द हैं—

'हमने ऊपर जो समय बतलाया है वह त्रिलोकप्रज्ञप्ति और चूर्णिसूत्रोंके रचयिता यतिवृषभको एक मानकर उनकी त्रिलोकप्रज्ञप्तिके आधारपर लिखा है।'

अब यदि वर्तमान त्रिलोकप्रज्ञप्ति संग्रह ग्रन्थ होनेसे या अन्य किसी कारणसे उन्हीं आचार्य यतिवृषभ-की कृति सिद्ध नहीं होती है जिनकी रचना कषायप्राभृतके चूर्णिसूत्र हैं तो इसमें दिगम्बर परम्पराको या जयधवलाके प्रस्तावना लेखकोंको कोई आपत्ति भी नहीं दिखलाई देती। यह एक स्वतन्त्र ऊहापोहका विषय है और इस विषयपर स्वतन्त्ररूपसे ऊहापोह होना चाहिए। किन्तु इस आधारपर कषायप्राभृत या उसके चूर्णिसूत्रोंको श्वेताम्बर परम्पराका सिद्ध करनेका अनुचित प्रयास करना शोभास्पद प्रतीत नहीं होता।

अपनी प्रस्तावनाके इसी प्रकरणमें उक्त प्रस्तावना लेखकने अपने साम्प्रदायिक मान्यताके आग्रहवश दिगम्बर परम्पराको एक मत बतलाकर उसकी उत्पत्ति 'दिगम्बर मतोत्पत्तिनो काल वीर सम्वत् ६०० पछी छे।' इन शब्दों द्वारा वीर सं० ६०० के बाद बतलाई है। सो इसे पढ़कर ऐसा लगता है कि उक्त प्रस्तावना लेखकको प्रकृत विषयके इतिहासका सम्यक् अनुसन्धान करनेकी अपेक्षा बाह्याभ्यन्तर निर्ग्रन्थस्वरूप प्राचीन श्रमण परम्परा, उसके प्राचीन साहित्य और इतिहासको श्वेताम्बरीकरण करनेकी अधिक चिन्ता दिखलाई देती है। अन्यथा वे दिगम्बर और श्वेताम्बर परम्परामें कौन अर्वाचीन है और कौन प्राचीन है इसका उल्लेख किये बिना उक्त साहित्यविषयक अन्य प्रमाणोंके आधारसे मात्र गुणधर और यतिवृषभ इन दोनों आचार्यों और उनकी रचनाओंके कालका ऊहापोह करते हुए अपना फलितार्थ प्रस्तुत करते।

यहाँ यह कहा जा सकता है कि प्रकृतमें पहले हमने (उक्त प्रस्तावना लेखकने) उक्त दोनों आचार्यों-को प्राचीन (वीर नि० सं० ४६७ लगभगका) सिद्ध किया है और उसके बाद दिगम्बरमतकी उत्पत्तिको वीर नि० ६०० वर्षके बादकी बतलाकर उन्हें श्वेताम्बर सिद्ध किया है। पर विचारकर देखा जाय तो किसी भी वस्तुको इस पद्धतिसे अपने सम्प्रदायकी सिद्ध करनेका यह उचित मार्ग नहीं है, क्योंकि जैसा कि हम पूर्वमें बतला आये हैं, ऐसे अन्य अनेक प्रमाण हैं जिनसे उक्त दोनों आचार्य तथा उनकी रचनाएँ कालकी अपेक्षा प्राचीन होनेपर भी न तो वे आचार्य श्वेताम्बर सिद्ध होते हैं और न उनकी रचनाएँ ही श्वेताम्बर सिद्ध होती हैं।

अतः कषायप्राभृत मूल तथा चूर्णिके रचनाकालको आधार मानकर इस प्रकरणमें इनको श्वेताम्बर आचार्योंकी कृति सिद्ध करनेका जो प्रयत्न किया गया है वह किस प्रकार तर्क और प्रमाण हीन है इसका सांगोपांग विचार किया।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(४)

आगे खवगसेढिकी प्रस्तावनामें 'कषायप्राभृत चूर्णिनी रचनाना काल अंगे वर्तमान सम्पादकोनो मान्यता' आदि कतिपय शीर्षकोंके अन्तर्गत प्रस्तावना लेखकने जो विचार व्यक्त किये हैं, उनकी विस्तृत मीमांसाकी तत्काल आवश्यकता न होनेसे विधिरूपसे उनमेंसे कुछ मुद्दों पर संक्षेपमें प्रकाश डाल देना आवश्यक प्रतीत होता है।

(१) त्रिलोक प्रज्ञप्तिके अंतमें ये दो गाथाएँ पाई जाती हैं—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणवसहं।
दट्ठूण परिसवसहं जदिवसहं धम्मसुत्तपाढए वसहं॥
चुण्णिस्सरूवत्थकरणसरूवपमाण होइ किं जं तं।
अट्ठसहस्सपमाणं तिलोयपण्णत्तिणामाए॥

इनमेंसे प्रथम गाथा जयधवला सम्यक्त्व अधिकारके मंगलाचरणके रूपमें पाई जाती है। उसका पाठ इस प्रकार है—

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणहरवसहं।
दुसहपरीसहविसहं जइवसहं धम्मसुत्तपाढरवसहं॥

इसका अर्थ है कि जिनवरवृषभ, गणधरवृषभ, गुणधरवृषभ तथा दुःसह परीषहोंको जीतनेवाले और धर्मसूत्रके पाठकोंमें श्रेष्ठ यतिवृषभको तुम सब प्रणाम करो।

त्रिलोकप्रज्ञप्तिके अन्तमें आई हुई इस गाथाका पाठभेदके होते हुए भी लगभग यही अर्थ है। पाठभेद लिपिकारोंके प्रमादसे हुआ जान पड़ता है।

अब विचार यह करना है कि यह गाथा त्रिलोकप्रज्ञप्तिसे उठाकर जयधवलामें निक्षिप्त की गई है या जयधवलासे उठाकर त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें निक्षिप्त की गई है। सम्यक्त्व अधिकारके प्रारम्भमें आई हुई उक्त मंगल गाथाके बाद वहाँ एक दूसरी गाथा भी पाई जाती है जिसपर दृष्टिपात करनेसे तो ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त मंगलगाथा जयधवलाके सम्यक्त्व अधिकारकी ही होनी चाहिए, क्योंकि इस गाथाके पूर्वार्ध द्वारा उक्त गाथाके मंगलार्थका समर्थनकर उत्तरार्ध द्वारा विषयका निर्देश किया गया है। यह गाथा इस प्रकार है—

इय पणमिय जिणणाहे गणणाहे तह य चेव मुणिणाहे।
सम्मत्तसुद्धिहेउं वोच्छं सम्मत्तमहियारं॥

वैसे वर्तमानमें त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थ जिस रूपमें पाया जाता है वह संग्रहग्रन्थ न होकर एक कर्तृक होगा यह मानना बुद्धिग्राह्य नहीं प्रतीत होता और इसीलिए जयधवलाकी प्रस्तावना (पृ० ६५ टिप्पणी) में यह स्पष्ट स्वीकार कर लिया गया है कि 'वर्तमानमें त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थ जिस रूपमें पाया जाता है उसी रूपमें आचार्य यतिवृषभने उसकी रचनाकी थी, इस बातमें हमें सन्देह है।'

फिर भी जयधवला सम्यक्त्व अधिकारकी उक्त मंगलगाथाका 'चुण्णिस्सरूव' इत्यादि गाथाके साथ त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थके अन्तमें पाया जाना इस तथ्यको अवश्य ही सूचित करता है कि इस ग्रन्थके साथ आचार्य यतिवृषभका किसी न किसी प्रकारका सम्बन्ध अवश्य ही होना चाहिए। बहुत सम्भव है धवलामें जिस त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थका उल्लेख पाया जाता है उसकी रचना स्वयं यतिवृषभ आचार्यने की हो और उसको मिलाकर वर्तमान त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थका संग्रह किया गया हो। अन्यथा उक्त मंगलगाथाको वहाँ

लाकर रखनेकी कोई आवश्यकता नहीं थी। उक्त गाथाके साथ वहाँ जो 'चुण्णिस्सरूव' इत्यादि गाथा पाई जाती है उसमें आये हुए 'चुण्णिस्स' पदसे भी इस तथ्यका समर्थन होता है।

आचार्य वीरसेनने अपनी जयधवला टीकामें और इन्द्रनन्दिने अपने श्रुतावतारमें इसकी चर्चा नहीं की इसका कारण है। बात यह है कि कषायप्राभृत और उसके चूर्णिसूत्रोंकी टीकाका नाम जयधवला है, अतः उसमें सम्बन्धित तथ्योंका ही पल्लवित किया गया है। यही स्थिति श्रुतावतारमें इन्द्रनन्दिकी भी रही है। अतः इन दोनों आचार्योंने यदि अपनी-अपनी रचनाओंमें आचार्य यतिवृषभकी रचनारूपसे त्रिलोकप्रज्ञप्ति ग्रन्थका उल्लेख नहीं किया तो इससे उक्त तथ्यको फलित करनेमें कोई बाधा नहीं दिखाई देती।

(२) इन्द्रनन्दिने अपने श्रुतावतारमें आचार्य गुणधर और आचार्य धरसेनको लक्ष्यकर लिखा है—

गुणधरधरसेनान्वयगुर्वोः पूर्वापरक्रमोऽस्माभिः।
न ज्ञायते तदन्वयकथकागममुनिजनाभावात्॥

गुणधर और धरसेनके अन्वयस्वरूप गुरुओंके पूर्वापर क्रमको हम नहीं जानते, क्योंकि उनके अन्वय अर्थात् गुरुजनोंका कथन करनेवाले आगम (लिखित) और मुनिजनोंका अभाव है।

आचार्य वीरसेनने भी श्रीधवलामें धरसेन आचार्यका और श्रीजयधवलामें गुणधर आचार्यका बहुमानके साथ उल्लेख किया है। किन्तु उन्होंने उनकी गणना पट्टधर आचार्योंमें न होनेसे उनके गुरुओंका उल्लेख नहीं किया गया है। यह सम्भव है कि इसी कारणसे इन्द्रनन्दिने अपने श्रुतावतारमें उक्त वचन लिखा है।

किन्तु इन दोनों स्थलोंको छोड़कर अन्यत्र इन दोनों आचार्योंका तथा पुष्पदन्त और भूतबलि आचार्यका नामोल्लेख न मिलनेका कारण यह है कि एक तो दिगम्बर परम्परामें इस तरहके इतिहासके संकलित करनेकी पद्धति प्रायः इन आचार्योंके बहुत काल बाद प्रारम्भ हुई। कारण वनवासी निर्ग्रन्थ दिगम्बर साधु होनेके कारण वे सब प्रकारकी लौकिक प्रवृत्तियोंसे मुक्त होकर अपना शेष जीवन स्वाध्याय, ध्यान, अध्ययनमें ही व्यतीत करते रहते थे। कदाचित् ग्रन्थादिके निर्माणका विकल्प होने पर उनकी रचना करते भी थे तो उसमें नामादिके स्थापनकी प्रवृत्तिका प्रायः अभाव ही रहता था। यही कारण है कि पूर्व आचार्योंकी सभी कृतियाँ प्रायः प्रशस्तियोंसे रहित पाई जाती हैं। एक तो इस कारणसे उक्त आचार्योंके नामोंका उल्लेख अन्यत्र कम दृष्टिगोचर होता है।

दूसरे ये कर्मसिद्धान्त जैसे सूक्ष्म और गहन दुरूह अर्थवाले विषयका प्रतिपादन करनेवाले पौर्व ग्रन्थ हैं। इनका अवधारण करना मन्दबुद्धिजनोंको सुगम न होनेसे अन्य साहित्यके समान इनका सर्वसुलभ प्रचार कभी भी नहीं रहा। गृहस्थोंकी बात तो छोड़िये, मुनिजनोंमें भी ऐसे मेधावी विरले ही मुनि होते आये जो इनका सम्यक् प्रकारसे अवधारण करनेमें समर्थ होते रहे। इसलिए भी इनके रचयिता आचार्योंका नामोल्लेख अन्यत्र कम दृष्टिगोचर होता है। यह तो गनीमत है कि दिगम्बर परम्परामें इनका इतना इतिहास मिलता भी है। श्वेताम्बर परम्परा तो आचार्य गुणधर और यतिवृषभके नाम भी नहीं जानती। इतना ही क्यों, उस परम्परामें कर्मप्रकृति चूर्णि, सप्ततिका, शतक तथा उनकी चूर्णि आदि कतिपय जो भी कर्म विषयक मौलिक साहित्य उपलब्ध होता है उसका तो इतना भी इतिहास नहीं मिलता। प्रामाणिक ऐतिहासिक दृष्टिसे कल्पित अनेक उल्लेख न मिलनेकी अपेक्षा प्रामाणिक एक-दो उल्लेखोंका मिलना उससे कहीं अधिक हितावह है।

(३) श्रीजयधवलामें आचार्य गुणधरको पूर्वोंके एकदेशके ज्ञाता होने पर भी उन्हें वाचक कहनेमें विसंवादकी कोई बात नहीं है। नन्दिसूत्र पट्टावलिमें आर्य नागहस्तिको पूर्वधर न लिखकर मात्र विवक्षित पूर्वके एकदेशरूप कर्मप्रकृतिमें प्रधान कहा गया है। फिर भी उसमें उनके यशःशील वाचकवंशकी अभिवृद्धि-की कामना की गई है।

उपसंहार

कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि ये दोनों दिगम्बर आचार्योंकी अमर कृतियाँ हैं इस विषयमें पूर्वमें हम सप्रमाण ऊहापोहपूर्वक संक्षेप जो कुछ भी लिख आये हैं उन सबका यह उपसंहार है—

१. कषायप्राभृत और उसकी चूर्णिके रचनाकालसे लेकर उनकी महती टीका जयधवलाके रचना-काल तक और उसके बाद भी दिगम्बर परम्परामें उक्त ग्रन्थ-रत्नोंका बराबर पठन-पाठन होता आ रहा है। यह इसीसे स्पष्ट है कि उनपर दिगम्बर आचार्यों द्वारा अनेक उच्चारणाएँ और पद्धति प्रभृति टीकाएँ लिखी गई हैं। तथा उन्हींके आधारसे सबके अन्तमें जयधवला टीका भी लिखी गई है तथा वर्तमान समयमें उनका हिन्दीमें रूपान्तर भी हो रहा है।

२. जयधवलामें उल्लिखित अंग-पूर्वधारियोंकी परम्परासे ज्ञात होता है कि दिगम्बर परम्परामें तीर्थंकर भगवान् महावीरसे लेकर जो परम्परा पाई जाती है उसी परम्परामें किसी समय ये आचार्य हुए हैं। अपने श्रुतावतारमें इन्द्रनन्दिने भी इसे स्वीकार किया है।

३. इन ग्रन्थरत्नोंकी भाषा, रचनाशैली और शब्दविन्यास आदिका क्रम दिगम्बर परम्पराके एतद्विषयक अन्य साहित्यके ही अनुरूप है, श्वेताम्बर परम्पराके साहित्यके अनुरूप नहीं।

४. दि० आचार्योंकी मालिकामें गुणधर और यतिवृषभ दो आचार्य भी हुए हैं। तथा उन्होंने कषाय-प्राभृत और उसकी चूर्णिकी रचना की थी, आनुपूर्वीसे इसकी अनुश्रुति दिगम्बर परम्परामें रही आई, श्वेताम्बर परम्परा इस विषयमें बिल्कुल अनभिज्ञ रही। यह निष्कारण नहीं होना चाहिए। स्पष्ट है, श्वेताम्बर परम्पराने [illegible] भी मान्यता नहीं दी।

५. शतक और शप्ततिका आदिमें २-४ उल्लेखों द्वारा जो कषायप्राभृतका नामनिर्देश पाया जाता है वह केवल विषयकी पुष्टिके प्रयोजनसे ही पाया जाता है। उसका अन्य कोई प्रयोजन नहीं है।

स्पष्ट है कि कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि दिगम्बर आचार्योंकी अमर रचना हैं।

●

विषय-सूची

उपयोग अर्थाधिकार

	पृ. सं.
मंगलाचरण	१
उपयोग अर्थाधिकार कहनेकी सूचना	१
प्रथम सूत्रगाथा और उसकी व्याख्या	२
दूसरी ,, ,,	३
तीसरी ,, ,,	६
इसके अन्तर्गत दो प्रकारकी उपयोग वर्गणाओंका नामनिर्देश	६
चौथी सूत्रगाथा और उसकी व्याख्या	७
इसके अन्तर्गत दो प्रकारके उपदेशोंका निर्देश	७
पाँचवीं सूत्रगाथा और उसकी व्याख्या	९
छठी ,, ,,	१०
सातवीं ,, ,,	११
चूर्णिसूत्रोंद्वारा उक्त सूत्र गाथाओंके व्याख्यानकी सूचना	१४
प्रथम गाथाका विस्तृत विवेचन	१४-४२
अद्धापरिमाण पदका अर्थ	१४
चारों कषायोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल	१५
उक्त कालके विषयमें जीवस्थानसे चूर्णिसूत्रोंका उल्लेखके आशयमें अन्तरका उल्लेख	१५
गतियोंमें निष्क्रमण और प्रवेशकी अपेक्षा जघन्य काल एक समयका खुलासा	१६
ओघसे चारों कषायोंके कालके अल्पबहुत्वका निर्देश	१७
प्रवाह्यमान उपदेशकी अपेक्षा विशेष अधिक पदसे कितना काल लेना इसका खुलासा	१८
उक्त अल्पबहुत्वविषयक आदेशप्ररूपणा	१९
प्रवाह्यमान उपदेशकी अपेक्षा चारों गतियोंमें समुच्चयरूपसे कालविषयक अल्पबहुत्व	१९
चौदह जीवसमासोंमें उक्त अल्पबहुत्व	२३
प्रत्येक कषायके उपयोगद्वारोंके क्रमका निर्देश	२९
उपयोगद्वार परिपाटियोंका संदृष्टि सहित विशेष खुलासा	३०
उक्त ओघ प्ररूपणाके समान तिर्यञ्च और मनुष्यगतिमें जाननेकी सूचना	३४
नरकगतिमें उक्त प्ररूपणा	३४
देवगतिमें उक्त प्ररूपणा	३७
उक्त प्ररूपणाके अनुसार नरकगतिके पदोंके परिवर्तनवारोंके अल्पबहुत्वका निर्देश	३८
देवगतिमें उक्त अल्पबहुत्व	४०
तिर्यञ्च-मनुष्यगतिमें उक्त अल्पबहुत्व	४१
द्वितीय गाथाका विस्तृत विवेचन	४३-६०
एक भवमें एक कषायके उपयोगोंकी संख्याके विचारका निर्देश	४३
नरकगतिमें उक्त प्ररूपणा	४३
शेष गतियोंमें उक्त प्रकारसे जाननेकी सूचना	४५
नरकगतिमें किस कषायके कितने उपयोग होनेपर दूसरी कषायोंके कितने उपयोग होते हैं इसका स्पष्टीकरण	४५
नरकगतिके समान देवगतिमें जाननेकी सूचना	४९
नरकगतिमें उक्त उपयोगविषयक अल्पबहुत्वका सकारण निर्देश	५०
नरकगतिके समान देवगतिमें जाननेकी सूचनाके साथ विशेषताका निर्देश	५९
तृतीय गाथाका विस्तृत विवेचन	६०-६५
उक्त समग्र गाथाके पृच्छासूत्र होनेका निर्देश तथा स्पष्टीकरण	६०
उपयोगवर्गणाओंके दो भेदोंका निर्देश	६१
उपयोग वर्गणाका स्वरूप निर्देश	६१
कालोपयोगवर्गणाका स्वरूप निर्देश	६२
भावोपयोगवर्गणाका स्वरूप निर्देश	६२
कालोपयोगवर्गणा और कषायोपयोगाद्धा स्थान दोनों एक हैं	६२
भावोपयोगवर्गणा और कषायोदयस्थान दोनों एक हैं	६२

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

	पृ. सं.
कषायोदयस्थानोंका अल्पबहुत्व	६२
उक्त दोनों वर्गणाओंके साथ तीन अनुयोग द्वारोंके अनुगमकी सूचना	६३
कालोपयोग वर्गणाकी अपेक्षा प्ररूपणानुगम	६३
प्रमाणानुगम	६३
अल्पबहुत्वानुगमके दो भेदोंका निर्देशपूर्वक खुलासा	६३
भावोपयोगवर्गणाओंकी अपेक्षा प्ररूपणानुगम	६४
प्रमाणानुगम	६४
दोनों प्रकारका अल्पबहुत्व	६४
चौथी गाथाका विस्तृत विवेचन	६५-८४
इस गाथाके व्याख्यानमें दो प्रकारके उपदेशोंके पाये जानेका निर्देश	६५
अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कषाय और अनुभाग एक ही हैं इसका खुलासा	६५
कौन गति एक कालमें एक, दो, तीन या चार कषायोंमें उपयुक्त होती है इन पृच्छाओंके अनुसार विचार	६८
नरक गतिमें उक्त पृच्छाके अनुसार विचार	६९
नरकगतिके समान देवगतिमें जाननेकी सूचना	७१
प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार उक्त गाथाका विचार	७१
प्रवाह्यमान उपदेशका स्वरूप	७१
प्रकृतमें आर्यमंक्षुका उपदेश अप्रवाह्यमान और नागहस्तिका उपदेश प्रवाह्यमान इसका निर्देश	७२
कषाय और अनुभागमें भेदका निर्देश	७२
तदनुसार कालशब्दके अर्थकी सूचना	७३
अतः एक कालका अर्थ एक कषायोपयोगाद्धा स्थान है यह सूचना	७३
इसके अनुसार पृच्छाओंका निर्देश	७३
एक-एक कषायोदय स्थानमें पदोंका प्रमाण निर्देश	७४
एक-एक कषायोपयोगाद्धास्थानमें पदोंके प्रमाणका निर्देश	७५
उक्त कथनके उपसंहारका निर्देश	७६
उक्त कथनके बाद नौ पदों द्वारा स्वस्थान अल्पबहुत्वका निर्देश	७६
छत्तीस पदों द्वारा परस्थान अल्प बहुत्वका निर्देश	८२
पांचवीं गाथाका विस्तृत विवेचन	८५-९१
उक्त गाथाके सूचनासूत्र होनेका निर्देश	८५
उस द्वारा आठ अनुयोगद्वारोंकी सूचनाका निर्देश	८५
आठ अनुयोगद्वारोंके नामोंकी गाथाके पदोंके द्वारा सूचनाका निर्देश	८६
कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका आठ अनुयोग द्वारोंके अवलम्बन द्वारा १३ मार्गणाओंमें अनुसन्धान करनेकी सूचना व खुलासा	८८
प्रकृतमें महादण्डक करनेकी सूचना	९०
छठी गाथाका विस्तृत वि०	९१-१०८
जो-जो जीव जिस कषायमें उपयुक्त हैं वे पहले क्या उसी कषायमें उपयुक्त थे इस पृच्छाके अनुसार विचार	९१
वर्तमानमें मानमें उपयुक्त हुए जीवोंके मानकी अपेक्षा अतीत कालके तीन भेद करके विचार	९३
उन्हींके क्रोधकी अपेक्षा अतीत कालके तीन भेद करके विचार	९४
उन्हींके माया व लोभकी अपेक्षा अतीत कालके तीन भेद करके विचार	९५
वर्तमानमें मानोपयुक्त जीवोंका उक्त काल बारह प्रकार है इसकी सूचना	९५
वर्तमानमें क्रोधमें उपयुक्त हुए जीवोंका उक्त काल ग्यारह प्रकारका होता है इसका खुलासा	९६
वर्तमानमें मायामें उपयुक्त हुए जीवोंका उक्त काल दस प्रकारका होता है इसका खुलासा	९८
वर्तमानमें लोभमें उपयुक्त हुए जीवोंका उक्त काल नौ प्रकारका होता है इसका खुलासा	९९
उक्त सब कालोंके योगकी सूचना	९९
प्रकृतमें १२ स्वस्थान पद और उनकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका निर्देश	१००
आगे ४२ पद अल्पबहुत्वकी सूचना	१०७
सातवीं गाथाका विस्तृत वि.	१०८-१४८
उक्त गाथाके अनुसार दो अर्थोंकी सूचना	१०८
प्रथम अर्थकी प्ररूपणा	१०९

	पृ. सं.
उपयोगवर्गणाओंके दो भेदोंका निर्देश	१०९
कषायोदयस्थानोंका लक्षण	१०९
उपयोगाद्धास्थानोंका लक्षण	१०९
उक्त दोनों स्थान उपयोगवर्गणा कहलाते हैं इसका निर्देश	११०
उपयोगाद्धास्थानोंसे रहित और सहित स्थानों का विचार	११०
प्रकृतमें प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान उपदेशका निर्देश	११६
उक्त अर्थपदके अनुसार यवमध्यके विषयमें ६ अनुयोगद्वारोंका निरूपण	११७
उक्त दोनों उपदेशोंके अनुसार वर्गोंमें कषायोदयस्थानोंका निर्देश	११९
कषायोदयस्थानोंमें यवमध्यकी अपेक्षा जीवों का विचार	१२१
उक्त गाथाके दूसरे अर्थकी प्ररूपणा	१४०
उक्त विषयमें तीन श्रेणियोंकी अपेक्षा विचार	१४१
प्रकृतमें विशेषाधिकको जाननेके लिए दो उपदेशोंकी सूचना	१४५

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

चतुःस्थान अर्थाधिकार

मंगलाचरण	१४९
चतुःस्थान अर्थाधिकारमें सर्व प्रथम गाथा सूत्रोंके जाननेकी सूचना	१५०
क्रोधादि प्रत्येक कषायके चार-चार भेदोंकी सूचना	१५१
यहाँ अनन्तानुबन्धी आदिकी अपेक्षा वे चार-चार भेद नहीं लिये गये हैं इस विषयका खुलासा	१५१
क्रोध और मान कषायके शक्तिकी अपेक्षा चार-चार भेदोंका स्पष्टीकरण	१५२
मायाके शक्तिकी अपेक्षा चार भेदोंका स्पष्टीकरण	१५५
लोभके शक्तिकी अपेक्षा चार भेदोंका स्पष्टीकरण	१५५
उक्त १६ स्थानोंमें स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका विचार	१५७
लताके समान मानमें वर्गणाओंके अल्पबहुत्वका निर्देश	१५८
लताके समान मानसे प्रदेशोंकी अपेक्षा दारु आदिके समान मान उत्तरोत्तर अनन्तगुण हीन होनेका विधान	१६०
लताके समान अनुभाग समूह और वर्गणासमूहकी अपेक्षा दारु आदिके समान मान अधिक होनेका निर्देश	१६१
उत्तरोत्तर अन्तिम सन्धिसे अग्रिम सन्धिमें अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका विचार	१६३
दारु समान मानमें देशावरण और सर्वावरणका विचार	१६४
उक्त सब क्रम चारों कषायोंके चारों स्थानोंमें जाननेकी सूचना	१६५
उक्त स्थानोंमें से किस गतिमें कौन स्थान बद्ध, बध्यमान, उपशान्त और उदीर्ण है इसका विचार	१६६
संज्ञी आदि मार्गणाओंमें उक्त विषयका विचार	१६७
किस स्थानका वेदन करनेवाला किस स्थान को बाँधता है आदिका विचार	१६८
असंज्ञी किन स्थानोंका व संज्ञी जीव किन स्थानोंका बन्ध करता है इत्यादिका विचार	१६९
चतुःस्थान पदकी निक्षेपयोजना	१७२
एकैक निक्षेप पहले कह और कर आये हैं इसकी सूचना	१७३
स्थाननिक्षेपकी विशेष प्ररूपणा	१७३
नैगमनयके सब निक्षेपोंको स्वीकार करनेकी सूचना	१७५
संग्रह और व्यवहारनयकी अपेक्षा विचार	१७५

पृ. सं.

ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा विचार १७५
शब्दनयकी अपेक्षा विचार १७६
प्रकृतमें भावस्थानसे प्रयोजन है इसका खुलासा १७७
आगे सूत्रगाथाओंकी अपेक्षा स्पष्टीकरणकी सूचना १७८
प्रारम्भकी ४ गाथाएँ १६ स्थानोंके उदाहरणपूर्वक अर्थ साधनोंमें आई हैं इस तथ्यका निर्देश १७८

पृ. सं.

चारों ही क्रोधस्थानोंका कालकी अपेक्षा उदाहरणों द्वारा अर्थ साधन १७९
शेषका भावकी अपेक्षा उदाहरणों द्वारा अर्थसाधन १७९
लतकरात्रि आदिके समान किस क्रोधका संस्कार कितने काल तक रहता है १८०
शेषको अनुमानसे इसी प्रकार जाननेकी सूचना १८३

व्यञ्जन-अर्थाधिकार

मङ्गलाचरण १८५
क्रोधकषायके पर्यायवाची नाम १८६
मानकषायके ,, ,, १८७
मायाकषायके पर्यायवाची नाम १८८
लोभकषायके ,, ,, १८९

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सम्यक्त्व-अर्थाधिकार

मंगलाचरण १९३
अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें चार सूत्रगाथाएँ कथन योग्य १९४
अवतार चार प्रकारका १९४
उपक्रमके पाँच प्रकार १९४
आनुपूर्वीके तीन भेद १९४
वक्तव्यताके तीन भेद १९४
अनुगमका लक्षण १९४
उनमेंसे प्रथम सूत्रगाथा और उसकी व्याख्या १९५
दूसरी ,, ,, १९६
तीसरी ,, ,, १९७
चौथी ,, ,, १९८
प्रथम सूत्रकी गाथाकी अर्थविभाषा १९९-२०६
दर्शनमोहका उपशम करनेवालेका परिणाम कैसा होता है इसका निर्देश २००
योग कौन होता है ,, २०१
कषाय कौन और कैसी होती है इसका निर्देश २०२
उपयोग कौन होता है इसका निर्देश २०३
लेश्या कौन होती है ,, २०४
वेद कौन होता है ,, २०५
दूसरी सूत्रगाथाकी अर्थविभाषा २०७-२२०
उक्त जीवके प्रकृति आदिके भेदसे चारों प्रकारके सत्कर्मका विचार २०७
उक्त जीवके प्रकृति आदि भेदरूप चार प्रकारके बन्धका निर्देश २११
उक्त जीवके उदयानुदयरूपसे उदयावलिमें प्रविष्ट होनेवाले कर्मोंका निर्देश २१३
यह जीव किन कर्मोंकी उदीरणा करता है इसका निर्देश २१५
उक्त उदय-उदीरणाविषयक आदेश-प्ररूपणाका निर्देश २१८
स्थिति-अनुभाग-प्रदेश उदीरणाका निर्देश २२०
तीसरी सूत्रगाथाकी अर्थविभाषा २२१-२३०
दर्शनमोहका उपशम करनेके पूर्व ही किन कर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है इस विषयका निर्देश २२१
प्रकृत २४ बन्धापसरणोंका निर्देश २२१
आदेशकी अपेक्षा प्रकृतिबन्धव्युच्छित्तिका निर्देश २२५
उक्त जीवके उदयव्युच्छित्तिको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंका निर्देश २२६

	पृ. सं.
उक्तविषयक आदेशप्ररूपणा	२२७
स्थिति आदिकी अपेक्षा उक्त विषयका विचार	२२९
उपशामक अन्तर कहाँ करता है और उपशामक कहाँ होता है इसका निर्देश	२३०
चौथी गाथाकी अर्थविभाषा	२३०-२३३
प्रथम अनिवृत्तिकरण समयके स्थितिघात-अनुभागघातका निर्देश	२३१
अधःप्रवृत्तकरणके समयमें स्थिति अनुभाग काण्डक घात नहीं होते इसका निर्देश	२३३
दर्शनमोहका उपशम करनेवालेके तीन करणोंका नाम निर्देश और उनके लक्षण	२३३
चौथी उपशामनाद्धाका लक्षण सहित निर्देश	२३४
अधःप्रवृत्तकरणके लक्षणका विस्तारसे निरूपण	२३४
उसी प्रसंगसे अनुकृष्टिका लक्षण व प्ररूपणा	२३५
निर्वर्गणाकाण्डकका स्पष्टीकरण	२३६
प्रकारान्तरसे अधःप्रवृत्तकरणके परिणाम स्थानोंके खण्डोंका निर्देश	२३८
उक्त परिणामोंका विशुद्धिविषयक स्वस्थान अल्पबहुत्व	२४४
विशुद्धिविषयक परस्थान अल्पबहुत्व	२४५
अपूर्वकरणमें परिणाम पंक्ति और विशुद्धि विषयक अल्पबहुत्व	२५२
अनिवृत्तिकरणमें परिणामस्थानोंका विचार	२५६
अनादि मिथ्यादृष्टि उपशामकके प्ररूपणाके कथन करनेका निर्देश	२५७
अधःप्रवृत्तकरणमें होनेवाले और न होने वाले कार्योंका निर्देश	२५८
वहाँ अप्रशस्त और प्रशस्त कर्मोंके अनुभाग बन्धका निर्देश	२५८
वहीं स्थितिबन्धविषयक निर्देश	२५९
अपूर्वकरणमें स्थितिकाण्डकोंके प्रमाणका निर्देश	२६०
वहीं स्थितिबन्धका विचार	२६१
अनुभाग काण्ड तथा तद्विषयक अल्पबहुत्वका विचार	२६१
अपूर्वकरणके प्रथम समयमें गुणश्रेणि निक्षेपका प्रमाण	२६४
गुणश्रेणि विन्यासक्रमका निर्देश	२६५
स्थितिकाण्डक उत्कीरण काल और स्थितिबन्धाद्धाकी तुल्यताका निर्देश	२६६
एक स्थितिकाण्डक कालमें अनुभाग काण्डकोंके-प्रमाणका निर्देश	२६७
स्थितिकाण्डकके समाप्त होने पर अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्धाद्धा समाप्त होते हैं इसका निर्देश	२६८
अपूर्व करणके प्रथम और अन्तिम समयमें स्थितिसत्कर्मका विचार	२६९
उक्त सब विषयोंका अनिवृत्तिकरणमें विचार	२७१
अन्तर करणविधि आदिका निर्देश	२७२
दर्शनमोहनीयकी जितनी प्रकृतियोंकी सत्ता होती है उनका अन्तर करता है	२७५
अन्तर करने पर जीव उपशामक कहलाता है इसका निर्देश	२७६
आगाल-प्रत्यागाल विषयक सूचना	२७६
मिथ्यात्वकी गुणश्रेणिका विशेष निर्देश	२७७
शेष कर्मोंकी गुणश्रेणिका विचार	२७९
एक आवलि काल शेष रहने पर मिथ्यात्वका घात नहीं होता	२८०
प्रथमोपशम सम्यक्त्वके प्रथम समयमें मिथ्यात्वके तीन खण्ड करनेकी विधिका निर्देश	२८१
मिथ्यात्वके अतिरिक्त शेष कर्मोंके विषयमें विशेष कथन	२८५
२५ पदवाला अल्पबहुत्व दण्डक	२८६
दर्शनमोहके उपशम करनेका अधिकारी कौन जीव है इसका प्रथम व द्वितीय सूत्र गाथामें निर्देश	२९६
दर्शनमोहका उपशम करते समय न होनेवाले और उसके बादमें होनेवाले कार्योंका तीसरी गाथा द्वारा निर्देश	३०२
दर्शनमोहका उपशम करनेवालेके उपयोग आदिका विचार करनेका चौथी सूत्र गाथा द्वारा निर्देश	३०४

आगमोद्धारक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

	पृ. सं.
उपशम करते समय मिथ्यात्वके उदयका व उपशम भावका अन्त होनेपर उसके उदयके भजनीयपनेका पांचवीं गाथा द्वारा निर्देश	३०७
उपशम सम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्व आदि तीनों कर्मोंकी स्थिति व अनुभाग किस प्रकार का होता है इसका छठीं गाथा द्वारा निर्देश	३०९
प्रकृतमें बन्ध प्रत्ययोंका सातवीं गाथा द्वारा निर्देश	३११
दर्शनमोहका अबन्धक कौन-कौन जीव है इसका आठवीं गाथा द्वारा विचार	३१३
दर्शन मोहका उपशम कितने काल तक होता है इसका तथा उसके बाद क्या होता है इसका नौवीं गाथा द्वारा निर्देश	३१४
प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्ति आदि वर्णन मोहके सर्वोपशमसे होती है आदिका दसवीं गाथा द्वारा निर्देश	३१६
सम्यक्त्वकी प्रथम बार प्राप्तिके पूर्व तथा [illegible] भाववाला होता है इसका ग्यारहवीं गाथा द्वारा निर्देश	३१७
मिथ्यात्व आदिके संक्रमका बारहवीं गाथा द्वारा निर्देश	३१८
सम्यग्दृष्टिकी श्रद्धाका तेरहवीं गाथा द्वारा निर्देश	३२१
मिथ्यादृष्टिकी अन्यथा श्रद्धाका चौदहवीं गाथा द्वारा निर्देश	३२२
सम्यग्मिथ्यादृष्टिके उपयोगोंका पन्द्रहवीं गाथा द्वारा निर्देश	३२४
उपशम सम्यग्दृष्टि आदिका आठ अनुयोग द्वारोंके आश्रयसे जाननेकी सूचना	३२६

मार्गदर्शक -

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सिरि-जइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

कसायपाहुडं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

उवजोगो णाम सत्तमो अत्थाहियारो

णमो अरहंताणं०

जे ते केवलदंसण-णाणुवजोगेहि जुगवदुवजुत्ता ।
ते केवलिणो पणमिय वोच्छं उवजोगमणिओगं ॥ १ ॥

* [1]उवजोगे त्ति अणियोगद्दारस्स सुत्तं ।

जो केवलदर्शन और केवलज्ञान इन दोनों उपयोगोंसे युगपत् उपयुक्त हैं उन केवली जिनको नमस्कार करके उपयोग अनुयोगद्वारका कथन करता हूँ ॥ १ ॥

* अब उपयोग अनुयोगद्वारके गाथा सूत्रोंका अणुसरण करते हैं ।

---

१. ता० प्रतौ 'उवजोगेत्ति अणियोगदारस्स सुत्तं' इत्येतस्य चूर्णिसूत्ररूपेण निर्देशो न कृतः ।

§ १. उवजोगे त्ति जमणिओगद्दारं कषायपाहुडस्स पण्हारसण्हमत्थाहियाराणं मज्झे सत्तमं कोहादिकसायाणमुवजोगसरूवणिरूवयं तस्सेदाणिमत्थविहासणे कीरमाणे तदवलंबणीभूदं[1] गाहासुत्तमणुसरामो त्ति भणिदं होदि। संपहि किं तं सुत्तमिदि सिस्साहिप्पायमासंकिय तण्णिद्देसविसयं पुच्छावक्कमाह—

* तं जहा।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २. सुगमं।

(१०) केवचिरं उवजोगो कम्मि कसायम्मि को व केणहिओ।
को वा कम्मि कसाए अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो ॥६३॥

§ ३. एसा[2] ताव उवजोगाणियोगद्दारे पडिबद्धाणं सत्तण्णं सुत्तगाहाणं मज्झे पढमा सुत्तगाहा। संपहि एदिस्से गाहाए अत्थपरूवणं कस्सामो। तं जहा—एसा गाहा तिण्णि अत्थे परूवेइ—'केवचिरं उवजोगो कम्हि कसायम्हि' त्ति भणिदे कोहादीणं कसायाणमेक्केकम्हि कसायम्हि एगस्स जीवस्स केत्तियमेत्तकालमुवजोगो होदि? किं सागरोवमं पलिदोवमं पलिदोवमासंखेज्जभागमावलियमावलि० असंखे०भागं संखेज्जसमए एगसमयं वा त्ति पुच्छा कदा होदि। एवं पुच्छिदे सव्वेसिं कसायाण-

---

§ १. कषायप्राभृतके पन्द्रह अर्थाधिकारोंके मध्य क्रोधादि कषायोंके उपयोग स्वरूपका निरूपण करनेवाला उपयोग नामक जो सातवाँ अनुयोगद्वार है, इस समय उसके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए उसके आलम्बनभूत गाथासूत्रका अनुसरण करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब वह सूत्र कौन है इसप्रकार शिष्यके अभिप्रायको शंकारूपसे ग्रहणकर उसका निर्देश करनेवाले पृच्छावाक्यको कहते हैं—

* वह जैसे।

§ २. यह सूत्र सुगम है।

*** एक जीवका एक कषायमें कितने काल तक उपयोग होता है? किस कषायका उपयोग अन्य किस कषायके उपयोगसे अधिक है और कौन जीव किस कषायमें पुनः पुनः एक उपयोगसे उपयुक्त रहता है ॥ ६३ ॥**

§ ३. उपयोग अनुयोगद्वारसे सम्बन्ध रखनेवाली सात सूत्र गाथाओंमें यह पहली सूत्र गाथा है। अब इस गाथाके अर्थकी प्ररूपणा करते हैं। यथा—यह गाथा तीन अर्थोंका प्ररूपण करती है—'केवचिरं उवजोगो कम्हि कसायम्हि' ऐसा कहने पर क्रोधादि कषायोंमें से एक एक कषायमें एक जीवका कितने काल तक उपयोग रहता है? क्या सागरोपम, पल्योपम, पल्योपमके असंख्यातवें भाग, एक आवलि, एक आवलिके असंख्यातवें भाग, संख्यात समय

---

१. ता० प्रतौ -भूत इति पाठः।

२. आ० प्रतौ एसो इति पाठः।

मुवजोगकालो णिव्वाघादेण जहण्णुक्क० अंतोमुहुत्तमिदि पुरदो भणिहिदि। एसो एगो अत्थो।

§ ४. 'को व केणधिगो' एवं भणिदे कोहादिकसायाणमुवजोगकाला किमण्णोण्णं सरिसा विसरिसा वा त्ति अप्पाबहुअविधी पुच्छिदो होइ। एवमेसो विदियो अत्थो।

§ ५. 'को वा कम्हि कसाए' एवं भणिदे को वा जीवो णिरयादिमग्गणाविसेस-पडिबद्धो कोहादीणं मज्झे कदमम्मि कसाए 'अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो' मुहुर्मुहुरुपयोगेन परिणत इत्यर्थः। णेरइयो अप्पणो भवट्ठिदीए अब्भंतरे किं कोहोवजोगेण बहुवारं परिणमइ, आहो माणोवजोगेण मायोवजोगेण लोभोवजोगेण वा? एवं सेसासु वि गदीसु पुच्छा कायव्वा त्ति एसो एदस्स भावत्थो। एदिस्से पुच्छाए णिण्णयमुवरि चुण्णिसुत्तावलंबणेण कस्सामो। एवमेसो तदियो अत्थो। तदो एसा गाहा एवंविहेसु तिसु अत्थेसु पडिबद्धा त्ति सिद्धं। संपहि जहावसरपत्ताए विदियगाहाए अवयारं कस्सामो। तं जहा—

(११) एक्कम्हि भवग्गहणे एक्ककसायम्हि कदि च उवजोगा।
एक्कम्हि य उवजोगे एक्ककसाए कदि भवा च ॥६४॥

§ ६. संपहि एदिस्से विदियगाहाए अत्थे भण्णमाणे पुव्वद्धे ताव एगं भवग्गहण-माधारं कादूण पुणो तम्मि एगकसाओवजोगा केत्तिया होंति त्ति उवजोगे आधेयभूदे

या एक समयप्रमाण काल तक उक्त उपयोग रहता है ऐसी पृच्छा की गई है। ऐसा पूछनेपर सब कषायोंका निर्व्याघातरूपसे जघन्य और उत्कृष्ट उपयोगकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है यह आगे कहेंगे। यह एक अर्थ है।

§ ४. 'को व केणधिगो' ऐसा कहने पर क्रोधादि कषायोंके उपयोगकाल परस्पर क्या सदृश हैं या विसदृश? यह अल्पबहुत्वविधि पूछी गई है। यह दूसरा अर्थ है।

§ ५. 'को वा कम्हि कसाए' ऐसा कहने पर नरकादि मार्गणाविशेषसे सम्बन्ध रखने वाला कौन जीव क्रोधादि कषायोंमें से किस कषायमें 'अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो' पुनः पुनः उपयोगरूपसे परिणत होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। नारकी जीव अपनी भव-स्थितिके भीतर क्या क्रोधके उपयोगसे बहुत बार परिणमता है अथवा मानोपयोगसे, मायोप-योगसे या लोभोपयोगसे बहुत बार परिणमता है? इसी प्रकार शेष गतियोंमें भी पृच्छा करनी चाहिए यह इस कथनका भावार्थ है। इस पृच्छाका निर्णय आगे चूर्णिसूत्रका अवल-म्बन लेकर करेंगे। इस प्रकार यह तीसरा अर्थ है। इस प्रकार यह गाथा इस प्रकारके तीन अर्थोंमें प्रतिबद्ध है यह सिद्ध हुआ। अब अवसर प्राप्त दूसरी गाथाका अवतार करेंगे। यथा—

एक भवको आश्रय कर एक कषायमें कितने उपयोग होते हैं, उसी प्रकार एक कषायसम्बन्धी एक उपयोगमें कितने भव होते हैं ॥६४॥

§ ६. अब इस दूसरी गाथाके अर्थका कथन करते हुए पूर्वार्धमें उपयोगको आधेय

कादूण पुच्छा कदा होदि। तं कथं ? 'एक्कम्हि भवग्गहणे' एवं भणिदे णिरयादीण मण्णदरभवग्गहणे त्ति वुत्तं होइ। 'एक्ककसायम्हि' एवं भणिदे कोहादीणमण्णदर कसायम्हि त्ति भणिदं होदि। 'कदि च उवजोगा' त्ति वुत्ते केत्तिया उवजोगा होंति किं संखेज्जा असंखेज्जा वा त्ति पुच्छिदो होइ। णिरयादिगदीसु संखेज्जवस्सियं असंखेज्ज वस्सियं वा भवग्गहणमाधारभूदं ठवेदूण तत्थ कोहादिकसायाणमुवजोगपरिणमणवा केत्तिया होंति ? किं संखेज्जा असंखेज्जा वा ? जम्हि वा णिरयादिभवग्गहणे अण्णदर कसायोवजोगा संखेज्जा असंखेज्जा वा जादा तम्हि सेसकसायोवजोगा केत्तिया होंति किं तप्पमाणा चेव होंति, आहो विसरिसपरिमाणा[1] त्ति जो विचारो सो वि एदिस्से गाहाए पुव्वद्धम्मि पडिबद्धो त्ति एसो एत्थ भावत्थो।

§ ७. 'एक्कम्हि य उवजोगे०' एदम्मि गाहापच्छिमद्धम्मि कोहादिकसायाणं संखेज्जासंखेज्जोवजोगे आधारभूदे कादूण पुणो तेसु अदीदभवा केत्तिया होंति त्ति भवाण माधेयभूदाणमप्पाबहुअपुच्छा कदा होइ। तत्कथमिति चेदुच्यते 'एक्कम्हि य उवजोगे' एकस्मिन्नुपयोग इत्यर्थः। 'एक्ककसाए' क्रोधादीनामन्यतमकषायप्रतिबद्ध इति यावत्।

बनाकर यह पृच्छाकी गई है कि एक भवग्रहणको आधार करके उसमें एक कषायसम्बन्धी उपयोग कितने होते हैं ?

शंका—वह कैसे ?

समाधान—'एकम्हि भवग्गहणे' ऐसा कहने पर नरकादि गतियोंमें से अन्यतर भवमें यह कहा गया है। 'एक्ककसायम्हि' ऐसा कहनेपर क्रोधादि कषायोंमें से अन्यतर कषायमें यह कहा गया है। 'कदि च उवजोगा' ऐसा कहनेपर कितने उपयोग होते हैं ? क्या संख्यात उपयोग होते हैं या असंख्यात उपयोग होते हैं यह पूछा गया है। नरकादि गतियोंमें से संख्यात वर्षवाले या असंख्यात वर्षवाले भवको आधाररूपसे स्थापितकर वहाँ क्रोधादि कषायोंके उपयोग परिणमनके वार कितने होते हैं ? क्या संख्यात होते हैं या असंख्यात होते हैं ? अथवा जिस नरकादि भवमें अन्यतर कषायसम्बन्धी उपयोग संख्यात या असंख्यात हुए हैं वहाँ शेष कषायसम्बन्धी उपयोग कितने होते हैं ? क्या तत्प्रमाण ही होते हैं या विसदृश प्रमाणको लिये हुए होते हैं इस प्रकार जो विचार है वह भी इस गाथाके पूर्वार्धमें प्रतिबद्ध है यह यहाँ भावार्थ है।

§ ७. 'एक्कम्हि य उवजोगे०' गाथाके इस उत्तरार्धमें क्रोधादि कषायसम्बन्धी संख्यात और असंख्यात उपयोगोंको आधार करके पुनः उनमें अतीत भव कितने होते हैं इस प्रकार आधेयभूत भवोंके अल्पबहुत्वकी पृच्छा की गई है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—'एक्कम्हि य उवजोगे' 'एक उपयोगमें' यह इसका अर्थ है। 'एक्ककसाए' क्रोधादि कषायोंमें से अन्यतम कषायसे प्रतिबद्ध एक उपयोगमें, यह उक्त कथनका तात्पर्य

---

१. आ० प्रतौ विसरिसपरिणामा।

'कदि भवा च' कियन्तो भवा सम्भवन्तीत्यतीते काले[1] इति प्रश्नः कृतो भवति। अयं पुनरत्र वाक्यार्थः—णिरयादिगदीसु एयस्स जीवस्स बहुआ भवपरिवत्तणवारा अदीदकालसंबंधिणो वदिक्कंता। ते च दुविधा—कोहादिकसायाणं संखेज्जोवजोगिगा असंखेज्जोवजोगिगा चेदि। तत्थेगकसायस्स किं संखेज्जोवजोगिगा भवा बहुगा, आहो असंखेज्जोवजोगिगा त्ति सत्थाणेण पुणो परत्थाणेण च जमप्पाबहुअविहाणं तमेदम्मि गाहापच्छिमद्धम्मि पडिबद्धमिदि। कथमेवंविहो अत्थो एत्थ समुवलब्भइ त्ति चे वुच्चदे—'एक्कम्मि य उवजोगे' त्ति एत्थतणएगसद्दो एगकसायविसयाणमणेगोवजोगाणं णाणाकालपडिबद्धाणं जाइदुवारेण पत्तेयत्ताणं जेण वाचओ, तेण एक्कस्स कसायस्स अणेगेसु उवजोगेसु अदीदकालविसएसु एगभवप्पणाए संखेज्जासंखेज्जभेयभिण्णेसु केत्तिया भवा होंति? के थोवा, के वा बहुगा त्ति सुत्तत्थावलंबणादो पयदत्थोवलद्धी ण विरुज्झदे। एवमेदे दुवे अत्था एत्थ गाहासुत्ते पडिबद्धा।

§ ८. एदस्स गाहापच्छिमद्धस्स वक्खाणमेवं करेंता वि अत्थि—जहा, एक्कम्मि य उवजोगे त्ति वुत्ते एगकसायविसयाणमणेगोवजोगाणं णाणाकालसंबंधीणं गहणं ण कायव्वं, किं तु एक्कस्सेव उवजोगस्स अंतोमुहुत्तकालावच्छिण्णपमाणस्स गहणं कायव्वं।

है। 'कदि भवा च' कितने भव होते हैं, इस प्रकार अतीत कालके विषयमें यह प्रश्न किया गया है। यहाँपर इस वाक्यका यह अर्थ है—नरकादि गतियोंमें एक जीवके अतीत काल सम्बन्धी बहुत परिवर्तनवार व्यतीत हो गये हैं। वे दो प्रकारके हैं—क्रोधादि कषायसम्बन्धी संख्यात उपयोगवाले भव परिवर्तनवार और असंख्यात उपयोगवाले भव परिवर्तनवार। उनमें से क्या एक कषायसम्बन्धी संख्यात उपयोगवाले भव बहुत हैं या असंख्यात उपयोगवाले भव बहुत हैं इस प्रकार स्वस्थानकी अपेक्षा और परस्थानकी अपेक्षा जो अल्पबहुत्वका विधान है वह इस गाथाके उत्तरार्धमें प्रतिबद्ध है।

शंका—इस प्रकारका अर्थ यहाँ कैसे उपलब्ध होता है?

समाधान—'एक्कम्मि य उवजोगे' इस प्रकार यहाँपर आया हुआ एक शब्द नानाकालसम्बन्धी एक कषायविषयक अनेक उपयोगोंमें से यतः जातिद्वारा प्रत्येकका वाचक है इसलिए एक भवकी मुख्यतासे संख्यात और असंख्यात भेदवाले अतीत कालविषयक एक कषायसम्बन्धी अनेक उपयोगोंमें कितने भव होते हैं? कौन थोड़े होते हैं और कौन बहुत होते हैं इस प्रकार सूत्रके अर्थका अवलम्बन करनेपर प्रकृत अर्थकी उपलब्धि विरोधको प्राप्त नहीं होती। इस प्रकार ये दो अर्थ इस गाथासूत्रमें प्रतिबद्ध हैं।

§ ८. गाथाके इस उत्तरार्धका व्याख्यान इस प्रकार करनेवाले भी हैं। यथा 'एक्कम्मि य उवजोगे' ऐसा कहने पर एक कषायविषयक नानाकाल सम्बन्धी अनेक उपयोगोंका ग्रहण नहीं करना चाहिए, किन्तु अन्तर्मुहूर्त कालवाले एक ही उपयोगका ग्रहण करना चाहिए। पुनः

---

१. ता० प्रतौ -त्यतीतकाले इति पाठः।

पुणो तम्मि केत्तिया भवा होंति त्ति पुच्छिदे जह० एगो भवो होदि, उक्क० दोण्णि भवग्गहणाणि त्ति वत्तव्वं। तं कथं ? एक्को तिरिक्खो मणुसो वा कोहकसायं पूरेदूणंतोमुहुत्तमच्छिदो। पुणो अविणट्ठेणेव तेण कोधोवजोगेण णेरइएसुप्पादं लहदे। एवं च लब्भमाणे एगकसायोवजोगम्हि दुवे भवा लद्धा भवंति, अण्णहा पुण एगो[1] चेव भवो त्ति। संपहि अवसरपत्तं तदियगाहाए समोदारो कीरदे। तं जहा—

(१२) उवजोगवग्गणाओ कम्मि कसायम्मि केत्तिया होंति।
कदरिस्से च गदीए केवडिया वग्गणा होंति ॥६५॥

§ ९. एसा तदियगाहा। संपहि एदिस्से अत्थपरूवणे कीरमाणे उवजोगवग्गणाओ णाम दुविहाओ हवंति—कालोवजोगवग्गणाओ च भावोवजोगवग्गणाओ[2] च। तासिं सरूवणिद्देसमुवरि करिस्सामो। पुणो तासिं दुविहाणं पि वग्गणाणं परूवणा पमाणमप्पाबहुअं च ओघादेसभेयभिण्णमेदम्मि गाहासुत्ते पडिबद्धमिदि घेत्तव्वं। ण च पमाणाणुगमो एक्को चेव एत्थ पडिबद्धो त्ति आसंकणिज्जं, पमाणाणुगमस्स परूवणप्पाबहुआविणाभाविणो णिद्देसेण तेसिं पि एत्थेवंतब्भावदंसणादो। तत्थ 'उवजोगवग्ग-

उसमें कितने भव होते हैं ऐसा पूछनेपर जघन्यरूपसे एक भव होता है और उत्कृष्टरूपसे दो भव होते हैं ऐसा कहना चाहिए।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—एक तिर्यञ्च या मनुष्य क्रोधकषायको पूरकर अन्तर्मुहूर्त काल तक रहा पुनः अविनष्ट हुए उसी क्रोधकषायसम्बन्धी उपयोगके साथ नारकियोंमें उत्पन्न होता है। इस प्रकार उसी कषायके साथ अन्य पर्यायमें जानेपर एक कषायसम्बन्धी उपयोगमें दो भव प्राप्त होते हैं। अन्यथा एक ही भव प्राप्त होता है। अब अवसर प्राप्त तीसरी गाथाका अवतार करते हैं। यथा—

*** किस कषायमें कितनी उपयोगवर्गणाएँ होती हैं तथा किस गतिमें कितनी उपयोगवर्गणाएँ होती हैं ॥६५॥**

विशेषार्थ—नारकियोंकी कितनी आयुके किस भव तक क्यों तो क्रोध कषायके संख्यात उपयोगकाल होते हैं और आगेके सब भवोंमें क्यों असंख्यात उपयोगकाल होते हैं इस बातका इस सूत्र द्वारा सम्यक् प्रकारसे निर्णय किया गया है। सामान्य नियम यह है कि एक अन्तर्मुहूर्तके भीतर क्रोधादि कषायोंका एक उपयोगकाल होता है, इसलिए एक वर्षके भीतर संख्यात हजार उपयोगकाल हुए। इस नियमके अनुसार इन उपयोगकालोंका जघन्य परीतासंख्यातमें भाग देने पर जितने वर्ष प्राप्त होंगे उतने वर्षका जो भव होता है उसमें नियमसे असंख्यात उपयोगकाल सुघटित हो जाते हैं। स्पष्ट है कि इस भवसे कम आयुवाले नारकियोंके जितने भव होते हैं उनमें क्रोध कषायके संख्यात उपयोगकाल ही प्राप्त होते हैं और पूर्वोक्त भव सहित आगेके जितने भव होते हैं उनमें क्रोध कषायके असंख्यात उपयोगकाल ही होते हैं।

§ १०९. अब शेष कषायोंके संख्यात उपयोगवाले और असंख्यात उपयोगवाले भवोंका विषय विभाग इसी प्रकार निर्णीत करना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इसी प्रकार मान, माया और लोभकषायके उपयोगवाले भवोंका विषय-विभाग जानना चाहिए।**

§ ११०. जिस प्रकार क्रोध कषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगोंका विषय कहा उसी प्रकार इन कषायोंका भी करना चाहिए, क्योंकि एक वर्षके भीतर प्राप्त होनेवाले अपने-अपने उपयोगों अर्थात् उपयोगकालोंके द्वारा जघन्य परीतासंख्यातको भाजित कर वहाँ जो एक भाग लब्ध आवे तत्प्रमाण वर्षोंके द्वारा मान, माया और लोभ कषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगकालोंकी उत्पत्ति होनेकी अपेक्षा उक्त कथनसे इस कथनमें कोई भेद नहीं है। अब इसी अर्थका सुखपूर्वक ज्ञान करानेके लिए यहाँपर संदृष्टि द्वारा कुछ कथन करेंगे।

शंका—वह कैसे?

समाधान—प्रकृतमें क्रोधकषायके वर्षके भीतर प्राप्त हुए उपयोग ये हैं—२७, मान-

वस्सोवजोगा ६, लोभस्स एगवस्सोवजोगा ३ । एदेसिं भज्जमाणजहण्णपरित्तासंखेज्ज-मेत्तोवजोगपमाणं संदिट्ठीए अट्ठुत्तरसयमेत्तमिदि गहेयव्वं १०८। पुव्वुत्तसलागाहिं तेरासियकमेणेदमोवट्टिय जहाकममुप्पाइदवस्साणि कोहस्स ४, माणस्स ६, मायाए १८, लोभस्स ३६ । एत्थ कोहस्स लद्धवस्साणि थोवाणि, माणस्स संखेज्जभागब्भहि-याणि, मायाए संखेज्जगुणाणि, लोभस्स संखेज्जगुणाणि । तदो कोहस्स जहण्णपरित्ता-संखेज्जमेत्तोवजोगियवस्सेहिंतो संखेज्जभागब्भहियमेत्तवस्साणि जाव ण गदाणि ताव माणस्स जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तोवजोगा ण भवंति । माणवस्सेहिंतो संखेज्जगुणमेत्त-वस्साणि जाव ण गदाणि ताव मायाए जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तोवजोगा ण संभवंति । मायावस्सेहिंतो संखेज्जगुणमेत्तवस्साणि जाव ण गदाणि ताव लोभस्स जहण्णपरित्ता-संखेज्जमेत्तोवजोगा ण होंति त्ति घेत्तव्वं । तेसिमेसा संदिट्ठी—

०—०००१०००००००००००००००००००००००००००००० एदे कोहभवा

०—०००००१०००००००००००००००००००००००००००००० एदे माणभवा ।

०—००००००००१०००००००००००००००००००००००००० एदे मायाभवा ।

०—००००००००००००००००१०००००००००००००००००० एदे लोभभवा ।

§ १११. एत्थ एगंकादो उवरिमसव्वसुण्णट्ठाणाणि असंखेज्जोवजोगिगा भवा

कषायके एक वर्षके भीतर प्राप्त हुए उपयोग ये हैं—१८, मायाकषायके एक वर्षके भीतर प्राप्त हुए उपयोग ६ हैं और लोभकषायके एक वर्षके भीतर प्राप्त हुए उपयोग ३ हैं । इनकी भज्यमान राशि जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगकाल है, संदृष्टिमें उसका प्रमाण एक सौ आठ १०८ ग्रहण करना चाहिए । अब पूर्वोक्त शलाकाओंके द्वारा त्रैराशिकविधिसे इसे भाजित करने पर क्रमसे उत्पन्न हुए वर्ष क्रोधकषायके ४, मानकषायके ६, मायाकषायके १८ और लोभकषायके ३६ होते हैं । यहाँ क्रोधकषायके प्राप्त हुए वर्ष सबसे थोड़े हैं, उनसे मानकषायके वर्ष संख्यातवें भाग अधिक हैं, उनसे मायाकषायके वर्ष संख्यातगुणे हैं और उनसे लोभकषायके वर्ष संख्यातगुणे हैं। इसलिए क्रोधकषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगवाले वर्षोंसे संख्यातवें भागप्रमाण अधिक वर्ष जब तक व्यतीत नहीं होते हैं तब तक मानकषायके जघन्य परीतासंख्यात प्रमाण उपयोग नहीं होते हैं। मानकषायके वर्षोंसे संख्यातगुणे अधिक वर्ष जब तक नहीं व्यतीत होते हैं तब तक मायाकषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोग नहीं होते हैं तथा मायाकषायके वर्षोंसे संख्यातगुणे अधिक वर्ष जब तक नहीं व्यतीत होते हैं तब तक लोभकषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोग नहीं होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए । उनकी यह संदृष्टि है—(संदृष्टि मूलमें दी है ।)

§ १११. यहाँ पर संदृष्टिमें एक अंकसे आगेके सब शून्यस्थान असंख्यात उपयोगवाले

---

१. ता०प्रतौ –कमेण णे (ए) दमोवट्टिय इति पाठः ।

त्ति गहेयव्वा। कोहस्स असंखेज्जोवजोगिगा भवा पुव्वमेव[1] पारभंति, तदो माणस्स, तदो मायाए, सव्वपच्छा लोभस्स असंखेज्जोवजोगिगा भवा पारभंति। एगंकादो हेट्ठिम-सव्वसुण्णट्ठाणाणि संखेज्जोवजोगिगभवा त्ति गेण्हियव्वा। कोहस्स संखेज्जोवजोगिगा भवा पुव्वमेव समप्पंति, तदो पच्छा माण-माया-लोहाणं संखेज्जोवजोगिगभवा अप्पप्पणो णाओग्गमद्धाणं गंतूण जहाकमं समप्पंति त्ति घेत्तव्वं। एवमेत्तिएण पबंधेण उवसंदरिसणा-करणं समाणिय संपहि एदम्हादो साहणादो पयदप्पाबहुअपरूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** एदेण कारणेण जे असंखेज्जलोभोवजोगिगा भवा ते भवा थोवा।**

§ ११२. जेण कारणेण सव्वपच्छा एदेसिं पारंभो तेणेदे सव्वत्थोवा त्ति भणिदं होइ। तेसिं पमाणं केत्तियं? एगवस्सब्भंतरलोभोवजोगेहिं जहण्णपरित्तासंखेज्जे भागे हिदे तत्थ भागलद्धसंखेज्जरूवमेत्तवस्सेहिं परिहीणतेत्तीसं सागरोवमपमाणा होदूण पुणो अदीदकालप्पणाए[2] अणंता त्ति घेत्तव्वा, पादेक्कमणंतवारभेदेसु भववियप्पेसु एगजीवस्स समुप्पत्तिदंसणादो। तदो एदे सव्वे संभूय अणंतसंखावच्छिण्णा होदूण सव्वत्थोवा त्ति

भवोंको सूचित करते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए। क्रोधकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव पहले ही प्रारम्भ हो जाते हैं। तदनन्तर मानकषायके, उनके बाद मायाकषायके और सबके बाद लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव प्रारम्भ होते हैं। एक अंकसे पूर्वके सब शून्यस्थान संख्यात उपयोगवाले भवोंके सूचक हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। क्रोध-कषायके संख्यात उपयोगवाले भव पहले ही समाप्त हो जाते हैं। उसके बाद मान, माया और लोभकषायके संख्यात उपयोगवाले भव अपने-अपने योग्य स्थान तक जाकर क्रमसे समाप्त होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा उपसंदर्शनाकरणको समाप्त कर अब इस साधनके अनुसार प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** इस कारणसे लोभकषायके जो असंख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे सबसे थोड़े हैं।**

§ ११२. जिस कारणसे लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भवोंका सबके बाद प्रारम्भ होता है, इसलिए ये सबसे थोड़े हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—उनका प्रमाण कितना है?

समाधान—एक वर्षके भीतर प्राप्त हुए लोभकषायके उपयोगोंके द्वारा जघन्य परीता-संख्यातके भाजित करने पर वहाँ लब्ध हुए एक भागप्रमाण जो संख्यात वर्ष उनसे हीन तेतीस सागरोपमप्रमाण होकर पुनः अतीत कालकी मुख्यतासे वे अनन्त हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि पृथक्-पृथक् अनन्तवार भेदवाले भवविकल्पोंमें एक जीवकी उत्पत्ति देखी जाती है।

१. ता०प्रतौ० उवरिमसव्वसुण्णट्ठाणाणि असंखेज्जोवजोगिगा भवा एदाणि दसवस्ससहस्साणि तदो समयुत्तरादिकमेण गेण्हियव्वं जाव तेसिं सागरोवमाणि त्ति पुव्वमेव इति पाठः।

२. ता०आ०प्रत्योः -प्पणाए इति पाठः।

णिद्दिट्ठा ।

*** जे असंखेज्जमायोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।**

§ ११३. किं कारणं ? तत्तो पुव्वमेव एदेसिं पारंभदंसणादो । जइ वि एत्थ हेट्ठिमभवविय्पा उवरिमभवविय्पाणमसंखेज्जदिभागमेत्ता चेव तो वि असंखेज्जगुणत्तमेदेसिं विरुज्झदे, हेट्ठिमभवविय्पेसु पादेक्कमसंखेज्जपरिवाडीओ घोलाविय पुणो उवरिमभवविय्पेसु समयाविरोहेण संकंतिणियमदंसणादो । तेणुवरिमभवविय्पा दोण्हं पि समाणा होदूण पुणो हेट्ठिमविय्पे अस्सियूण पुव्विल्लेहिंतो एदे असंखेज्जगुणा त्ति घेत्तव्वं ।

*** जे असंखेज्जमाणोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।**

§ ११४. एत्थ वि कारणपरूवणा सुगमा, अणंतरादीदपबंधेणेव गयत्थत्तादो ।

*** जे असंखेज्जकोहोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।**

§ ११५. एत्थ वि कारणं अणंतरपरूविदमेव ।

*** जे संखेज्जकोहोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।**

इसलिए ये सब मिलकर अनन्त संख्यारूप होकर सबसे स्तोक हैं यह निर्देश किया है ।

*** जो मायाकषायके असंख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ ११३. क्योंकि उनसे पहले ही इनका प्रारम्भ देखा जाता है । यद्यपि यहाँ पर अधस्तन भवविकल्प उपरिम भवविकल्पोंके असंख्यातवें भागप्रमाण ही हैं तो भी ये असंख्यातगुणे हैं यह विरोधको नहीं प्राप्त होता, क्योंकि अधस्तन भवविकल्पोंमें पृथक्-पृथक् असंख्यात परिपाटियोंको बिताकर पुनः उपरिम विकल्पोंमें आगमके अनुसार संक्रान्तिका नियम देखा जाता है । इसलिए उपरिम भवविकल्प दोनोंके समान होकर पुनः अधस्तन भवविकल्पोंका आश्रयकर लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भवोंसे ये असंख्यातगुणे हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए ।

विशेषार्थ—मायाकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव पहले प्रारम्भ हो जाते हैं और लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव बादमें प्रारम्भ होते हैं । इसलिए मायाकषायके असंख्यात उपयोगवाले सभी भवविकल्प लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भवविकल्पोंसे असंख्यातगुणे हो जाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** जो मानकषायके असंख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ ११४. यहाँ भी कारणका कथन सुगम है, अनन्तर पूर्व कहे हुए प्रबन्धसे ही उसका ज्ञान हो जाता है ।

*** जो क्रोधकषायके असंख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ ११५. यहाँ पर भी वही कारण जानना चाहिए जिसका कथन इसके पूर्व कर आये हैं ।

*** जो क्रोधकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ ११६. असंखेज्जोवजोगिगभवाणमसंखेज्जदिभागपमाणत्तादो णेदेसिमसंखेज्जगुणत्तं घडदि त्ति णासंकणिज्जं, तद्दाभावे संते वि हेट्ठिमभवपरिवत्तेहिंतो उवरिमभवपरिवत्ताणमसंखेज्जगुणहीणत्तावलंबणेणासंखेज्जगुणत्तसाहणादो । तं जहा—एगो णेरइएसुप्पज्जमाणो दसवस्ससहस्साउएसुववण्णो । एवमुववण्णस्स संखेज्जोवजोगिगभवसलागा एक्का जादा । पुणो वि एदेणेव विहिणा दसवस्ससहस्सेसु असंखेज्जवारमुप्पज्जिय तदो एगवारं समयुत्तरदसवस्ससहस्साउअभवम्मि उववण्णो । पुणो पुव्वणिरुद्धदसवस्ससहस्सियभवम्मि असंखेज्जवारमुप्पज्जिय तदो समयुत्तरभवम्मि विदियवारमुववण्णो । पुणो वि एदेणेव विहिणा उप्पाइज्जमाणे समयुत्तराउअभवा वि असंखेज्जमेत्ता जादा । एवं संजादेसु पुणो एगवारं दुसमयुत्तराउअभवम्मि उववण्णो । पुणो पल्लट्ठिय समयुत्तरभवम्मि समयाविरोहेण संखेज्जवारमुप्पज्जिय तदो विदियवारं दुसमयुत्तरभवम्मि उववण्णो । एवं णेदव्वं जाव दुसमयुत्तरभववियप्पा असंखेज्जा जादा त्ति । एवं तिसमयुत्तरादिभवेसु वि समुप्पाइय णेदव्वं जाव उक्कस्ससंखेज्जोवजोगिगभवं पत्तो त्ति । तदो उक्कस्ससंखेज्जोवजोगिगभवम्मि समयाविरोहेणासंखेज्जवारमुप्पज्जिय पुणो एगवारं जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तोवजोगिगभवम्मि समुप्पज्जइ । पुणो वि एदेण विहाणेण पुव्वुत्त-

§ ११६. शंका—क्रोधकषायके संख्यात उपयोगवाले भव असंख्यात उपयोगवाले भवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं, इसलिए ये असंख्यातगुणे नहीं हो सकते ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा होने पर भी अधस्तन भवपरिवर्तनोंकी अपेक्षा उपरिम भवपरिवर्तन असंख्यातगुणे हीन होते हैं, इसलिए इस तथ्यको ध्यानमें रखकर क्रोध कषायके असंख्यात-उपयोगवाले भवोंसे संख्यात-उपयोगवाले भव असंख्यातगुणे होते हैं यह सिद्ध किया है। यथा—एक जीव नारकियोंमें उत्पन्न होता हुआ दस हजारकी आयुवाले नारकियोंमें उत्पन्न हुआ। इस प्रकार उत्पन्न हुए जीवकी संख्यात-उपयोगवाले भवकी एक शलाका हुई। फिर भी इसी विधिसे दस हजार वर्षकी आयुके साथ असंख्यातवार उत्पन्न होकर तदनन्तर एक बार एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें उत्पन्न हुआ। पुनः पहलेके समान दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें असंख्यातवार उत्पन्न होकर तदन्तर एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें दूसरी बार उत्पन्न हुआ। फिर भी इसी विधिसे उत्पन्न कराने पर एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भव भी असंख्यात हो जाते हैं। ऐसा हो जाने पर पुनः एक बार दो समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें उत्पन्न हुआ। पुनः लौटकर एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें आगमानुसार संख्यातवार उत्पन्न होकर तदनन्तर दूसरी बार दो समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भवमें उत्पन्न हुआ। इस प्रकार दो समय अधिक दस हजार वर्षकी आयुवाले भव विकल्प असंख्यात होने तक उत्पन्न कराते रहना चाहिए। इस प्रकार उत्कृष्ट संख्यात-उपयोगवाले भवके प्राप्त होने तक तीन समय अधिक आदि दस हजार वर्षकी आयुवाले भवोंमें भी उत्पन्न कराते हुए ले जाना चाहिए। तदनन्तर उत्कृष्ट संख्यात-उपयोगवाले भवमें आगमके अनुसार असंख्यात बार उत्पन्न होकर पुनः एक बार जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण-उपयोगवाले भवमें उत्पन्न होता है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
भवम्मि असंखेज्जवारमुप्पज्जिय तदो विदियवारं समयुत्तरभवम्मि समुप्पज्जदि। एवमेत्थ वि असंखेज्जवारमुववण्णो। एवं समयुत्तरादिकमेण उवरिमासंखेज्जोवजोगिगभवेसु वि णिरंतरमुप्पायणविहिं कादूण णेदव्वं जाव तेत्तीसं सागरोवमियचरिमभवे त्ति। एदमेगं भवपरिवत्तं कादूण एवंविहा अणंता भवपरिवत्ता णेदव्वा, अदीदकालप्पणाए भवपरिवत्ताणं तप्पमाणत्तोवलंभादो। जेणेत्थ हेट्ठिमभवपरिवत्तेहिंतो उवरिमभवपरिवत्ता असंखेज्जगुणहीणा जादा तेणासंखेज्जकोहोवजोगिगभवाणमुवरि तस्सेव संखेज्जोवजोगिगभवा असंखेज्जगुणा त्ति भणिदा।

*** जे संखेज्जमाणोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया।**

§ ११७. केत्तियमेत्तो विसेसो? कोहस्स संखेज्जोवजोगिगभवाणमसंखेज्जभागमेत्तो। किं कारणं? कोहस्स संखेज्जोवजोगिगभवेहिंतो विसेसाहियमद्धाणं विसईकरिय एदेसिमवट्ठिदत्तादो।

*** जे संखेज्जमायोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया।**

§ ११८. एत्थ वि सयगुणगारो जइ वि संखेज्जरूवमेत्तो तो वि विसेसाहियत्तमेदं ण विरुज्झदे, हेट्ठिमभवपरिवत्तेहिंतो उवरिमभवपरिवत्ताणमसंखेज्जगुणहीणत्ते संते वि सयगुणगारस्स तत्थ पाहण्णियाभावादो।

फिर भी इसी विधिसे पूर्वोक्त भवमें असंख्यात बार उत्पन्न होकर तदनन्तर दूसरी बार एक समय अधिक भवमें उत्पन्न होता है। इस प्रकार इस भवमें भी असंख्यात बार उत्पन्न हुआ। इस प्रकार एक समय अधिक आदिके क्रमसे उपरिम असंख्यात-उपयोगवाले भवोंमें भी निरन्तर उत्पन्न करानेकी विधि करके तेतीस सागरोपमप्रमाण अन्तिम भवके प्राप्त होने तक उत्पन्न कराते हुए ले जाना चाहिए। यह एक भवपरिवर्तन करके इसी प्रकार अनन्त भव परिवर्तन कराने चाहिए, क्योंकि अतीत कालकी मुख्यतासे भवपरिवर्तन तत्प्रमाण उपलब्ध होते हैं। चूँकि यहाँ अधस्तन भव परिवर्तनोंसे उपरिम भवपरिवर्तन असंख्यातगुणे हीन हुए, इसलिए क्रोधकषायके असंख्यात उपयोगवाले भवोंसे उसीके संख्यात-उपयोगवाले भव असंख्यातगुणे हैं यह कहा है।

*** जो मानकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं।**

§ ११७. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—क्रोधकषायके संख्यात-उपयोगवाले भवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण है, क्योंकि क्रोधकषायके संख्यात उपयोगवाले भवसे विशेष अधिक अध्वानको विषयकर ये अवस्थित हैं।

*** जो मायाकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं।**

§ ११८. यहाँपर भी अपना गुणकार यद्यपि संख्यात अंकप्रमाण है तो भी इनका विशेष अधिक होना विरोधको प्राप्त नहीं होता, क्योंकि अधस्तन भवपरिवर्तनोंसे उपरिम भवपरिवर्तन असंख्यातगुणे हीन होनेपर भी अपने गुणकारकी वहाँ प्रधानता नहीं है।

* जे संखेज्जलोभोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया ।

§ ११९. केत्तियमेत्तो विसेसो ? पुव्विल्लाणमसंखेज्जभागमेत्तो । एवमेदेसिमट्ठण्हं पदाणं णिरयगइपडिबद्धाणं सकारणमप्पाबहुअं परूविय संपहि देवगदीए वि एसो चेव अप्पाबहुआलावो विलोमकमेण जोजेयव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमप्पणासुत्तमाह—

* जहा णेरइएसु तहा देवेसु । णवरि कोहादो आढवेयव्वो ।

§ १२०. जहा णेरइएसु पयदप्पाबहुआलावो कओ तहा देवेसु वि कायव्वो । णवरि विसेसो कोहादो आढवेयव्वो त्ति । कोहादो आढविय पच्छाणुपुव्वीए जोजेयव्वो त्ति भणिदं होइ । संपहि एदस्सेवत्थस्स जोजणाकमदंसणट्ठं उत्तरसुत्तबंधमाह—

* तं जहा ।

§ १२१. सुगमं ।

* जे असंखेज्जकोहोवजोगिगा भवा ते भवा थोवा ।

* जे असंखेज्जमाणोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।

* जे असंखेज्जमायोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।

* जे असंखेज्जलोभोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।

---

* जो लोभकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं ।

§ ११९. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—पहले जो विशेषका प्रमाण बतलाया है उनके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इस प्रकार नरकगतिसे सम्बन्ध रखनेवाले इन आठ पदोंके अल्पबहुत्वका सकारण कथन करके अब विलोमक्रमसे देवगतिमें भी यही अल्पबहुत्व आलाप योजित कर लेना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए अर्पणासूत्रको कहते हैं—

*** जिस प्रकार नारकियोंमें प्रकृत अल्पबहुत्व है उसी प्रकार देवोंमें है । इतना विशेष है कि देवोंमें क्रोधकषायसे प्रारम्भ करना चाहिए ।**

§ १२०. जिस प्रकार नारकियोंमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन किया है उसी प्रकार देवोंमें भी करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि क्रोधकषायसे अल्पबहुत्वका प्रारम्भ करना चाहिए । क्रोधकषायसे आरम्भ कर पश्चादानुपूर्वीसे योजना करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इसी विषयके योजनाक्रमको दिखलानेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* वह कैसे ?

§ १२१. यह सूत्र सुगम है ।

* जो क्रोधकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव सबसे स्तोक हैं ।

* जो मानकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।

* जो मायाकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।

* जो लोभकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।

*** जे संखेज्जलोभोवजोगिगा भवा ते भवा असंखेज्जगुणा ।**

*** जे संखेज्जमायोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया ।**

*** जे संखेज्जमाणोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया ।**

*** जे संखेज्जकोधोवजोगिगा भवा ते भवा विसेसाहिया ।**

§ १२२. सुगमत्वान्नात्र किंचिद्वक्तव्यमस्ति । णवरि भवपरिवत्ते भण्णमाणे दसवस्ससहस्समादिं कादूण समयुत्तरादिकमेण णेदव्वं जाव एक्कत्तीससागरोवमियभवे त्ति । एत्थ तिरिक्ख-मणुसगदीसु पयदप्पाबहुअमग्गणा ण संभवइ, तत्थ सव्वेसिं कसायाणं संखेज्जासंखेज्जोवजोगिगभवाणं [illegible] जी महाराज

*** विदियगाहाए अत्थविहासा समत्ता ।**

§ १२३. सुगममेदमुवसंहारवक्कं । संपहि तदियसुत्तगाहाए जहावसरपत्तमत्थ-विहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** 'उवजोगवग्गणाओ कम्हि कसायम्हि केत्तिया होंति' त्ति एसा सव्वा वि गाहा पुच्छासुत्तं ।**

§ १२४. एसा सव्वा वि तदियगाहा सपुव्वद्ध-पच्छद्धा पुच्छासुत्तमिदि भणिदं होदि । किमेदेण पुच्छिज्जदे ? कोहादिकसायविसयाणमुवजोगवग्गणाणं पमाणमोघादेसेहिं

*** जो लोभकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव असंख्यातगुणे हैं ।**

*** जो मायाकषायके संख्यात-उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं ।**

*** जो मानकषायके संख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं ।**

*** जो क्रोधकषायके संख्यात उपयोगवाले भव हैं वे भव विशेष अधिक हैं ।**

§ १२२. सुगम होनेसे यहाँपर कुछ वक्तव्य नहीं है । इतनी विशेषता है कि भव-परिवर्तनका कथन करनेपर दस हजार वर्षसे लेकर एक समय अधिक आदिके क्रमसे इकतीस सागरोपम भव तक ले जाना चाहिए । यहाँ तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें प्रकृत अल्पबहुत्व प्ररूपणा सम्भव नहीं है, क्योंकि उनमें सभी कषायोंके संख्यात-उपयोगवाले और असंख्यात-उपयोगवाले भवोंके समान होनेसे प्रकृत भेद नहीं पाया जाता ।

*** इस प्रकार दूसरी गाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई ।**

§ १२३. यह उपसंहारवाक्य सुगम है । अब अवसर प्राप्त तीसरी सूत्रगाथाके अर्थका व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** 'उवजोगवग्गणाओ कम्हि कसायम्हि केत्तिया होंति' इस प्रकार यह समस्त गाथा पृच्छासूत्र है ।**

§ १२४. पूर्वार्ध और उत्तरार्धके साथ यह समस्त ही तीसरी गाथा पृच्छासूत्र है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—इसके द्वारा क्या पृच्छा की गई है ?

पुच्छिज्जदे। तत्थ गाहापुव्वद्धेण 'उवजोगवग्गणाओ कम्हि कसायम्हि केत्तिया होंति' त्ति ओघेण पुच्छाणिद्देसो कओ। पच्छद्धेण वि 'कदरिस्से च गदीए केवडिया वग्गणा होंति' त्ति आदेसविसया पुच्छा णिद्दिट्ठा त्ति दट्ठव्वा, गदिमग्गणाविसयस्सेदस्स पुच्छाणिद्देसस्स सेसासेसमग्गणाणं देसामासयभावेणावट्ठाणदंसणादो।

*** तस्स विहासा।**

§ १२५. तस्सेदस्स तदियगाहासुत्तस्स कोहादिकसायाणमुवजोगवग्गणापमाण-विसयपुच्छाए वावदस्स अत्थविहासा [illegible]

*** तं जहा।**

§ १२६. सुगममेदं पुच्छावक्कं।

*** उवजोगवग्गणाओ दुविहाओ—कालोवजोगवग्गणाओ भावोवजोगवग्गणाओ य।**

§ १२७. उवजोगो णाम कोहादिकसाएहिं सह जीवस्स संपजोगो। तस्स वग्गणाओ वियप्पा भेदा त्ति एयट्ठो। जहण्णोवजोगट्ठाणप्पहुडि जाव उक्कस्सोवजोगट्ठाणे त्ति णिरंतरमवट्ठिदाणं तव्वियप्पाणमुवजोगवग्गणाववएसो त्ति वुत्तं होइ। सो च जहण्णुक्कस्सभावो दोहिं पयारेहिं संभवइ—कालदो भावदो च। तत्थ कालदो

समाधान—इसद्वारा ओघ और आदेशसे क्रोधादिविषयक उपयोगवर्गणाओंका प्रमाण पूछा गया है।

यहाँ गाथाके पूर्वार्ध द्वारा 'किस कषायमें कितनी उपयोगवर्गणाएँ होती हैं' इस प्रकार ओघसे पृच्छानिर्देश किया गया है तथा गाथाके उत्तरार्ध द्वारा भी 'किस गतिमें कितनी वर्गणाएँ होती हैं' इस प्रकार आदेशविषयक पृच्छा निर्दिष्ट की गई है ऐसा जानना चाहिए, क्योंकि गतिमार्गणाविषयक इस पृच्छा निर्देशमें शेष समस्त मार्गणाओंका देशामर्षकभावसे अवस्थान देखा जाता है।

*** अब उसकी विभाषा करते हैं।**

§ १२५. क्रोधादि कषायोंकी उपयोगवर्गणाओंकी प्रमाणविषयक पृच्छामें व्यापृत हुए उस इस तीसरे गाथासूत्रकी आगे अर्थविभाषा करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** वह कैसे ?**

§ १२६. यह पृच्छावाक्य सुगम है।

*** उपयोगवर्गणाएँ दो प्रकारकी हैं—कालोपयोगवर्गणाएँ और भावोपयोग-वर्गणाएँ।**

§ १२७. क्रोधादि कषायोंके साथ जीवके संप्रयोग करनेको उपयोग कहते हैं। उनकी वर्गणाएँ अर्थात् विकल्प, भेद इन सबका एक अर्थ है। जघन्य उपयोगस्थानसे लेकर उत्कृष्ट उपयोगस्थान तक निरन्तर अवस्थित हुए उपयोगके विकल्पोंकी उपयोगवर्गणा संज्ञा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह जघन्यभाव और उत्कृष्टभाव दो प्रकारसे सम्भव है—कालकी

जहण्णोवजोगकालप्पहुडि जावुक्कस्सोवजोगकालो त्ति णिरंतरमवट्ठिदाणं वियप्पाणं कालोवजोगवग्गणा त्ति सण्णा, कालविसयाओ उवजोगवग्गणाओ कालोवजोगवग्गणाओ त्ति गहणादो। भावदो तिव्वमंदादिभावपरिणदाणं कसायुदयट्ठाणाणं जहण्णवियप्पप्पहुडि जावुक्कस्सवियप्पो त्ति छवड्ढिकमेणावट्ठियाणं भावोवजोगवग्गणा त्ति घेत्तव्वो, भावविसेसिदाओ उवजोगवग्गणाओ भावोवजोगवग्गणाओ त्ति विवक्खियत्तादो। एवंविहाओ दुविहाओ उवजोगवग्गणाओ एत्थाहिकयाओ त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। संपहि काओ ताओ कालोवजोगवग्गणाओ काओ वा भावोवजोगवग्गणाओ त्ति विसेसियूण परूवणट्ठमुवरिमसुत्तद्दयमोइण्णं—

* कालोवजोगवग्गणाओ णाम कसायोवजोगद्धट्ठाणाणि।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १२८. कसायाणमुवजोगो तस्स अद्धा कालपरिच्छित्ती कसायोवजोगद्धा। तिस्से द्वाणाणि जहण्णुक्कस्सादिवियप्पा कालोवजोगवग्गणाओ णाम। कोहादिकसायोवजोगजहण्णकालमुक्कस्सकालादो सोहिय सुद्धसेसम्मि एगरूवे पक्खित्ते कसायोवजोगद्धट्ठाणाणि होंति। तेसिं कालोवजोगवग्गणाववएसो त्ति सुत्तत्थसंगहो।

* भावोवजोगवग्गणाओ णाम कसायोदयट्ठाणाणि।

§ १२९. कसायाणमुदयट्ठाणाणि कसायोदयट्ठाणाणि। ताणि भावोवजोगवग्गणाओ। एतदुक्तं भवति—कोहादिकसायाणमेक्केक्कस्स कसायस्स असंखेज्जलोग-

---

अपेक्षा और भावकी अपेक्षा। उनमेंसे कालकी अपेक्षा जघन्य उपयोगकालसे लेकर उत्कृष्ट उपयोगकाल तक निरन्तर अवस्थित हुए विकल्पोंकी कालोपयोगवर्गणा संज्ञा है, क्योंकि कालविषयक उपयोगवर्गणाएँ कालोपयोगवर्गणाएँ हैं ऐसा यहाँ ग्रहण किया गया है। भावकी अपेक्षा तीव्र और मन्द आदि भावोंसे परिणत हुए तथा जघन्य विकल्पसे लेकर उत्कृष्ट विकल्प तक छह वृद्धिक्रमसे अवस्थित हुए कषाय-उदयस्थानोंकी भावोपयोगवर्गणा संज्ञा है, क्योंकि भावविशिष्ट उपयोगवर्गणाएँ भावोपयोगवर्गणाएँ कहलाती हैं ऐसी यहाँ विवक्षा की गई है। इस प्रकार दो प्रकारकी उपयोगवर्गणाएँ यहाँपर अधिकृत हैं यह इस सूत्रका भावार्थ है। अब वे कालोपयोगवर्गणाएँ क्या हैं और भावोपयोगवर्गणाएँ क्या हैं इस प्रकार विशेषरूपसे कथन करनेके लिए आगे दो सूत्र आये हैं—

*** कषायके उपयोगसम्बन्धी अद्धास्थानोंकी कालोपयोगवर्गणा संज्ञा है।**

§ १२८. जो कषायोंका उपयोग है उसकी 'अद्धा' अर्थात् कालमर्यादा वह कषायोपयोगाद्धा है। उसके जघन्य और उत्कृष्ट आदि भेदरूप स्थानोंको कालोपयोगवर्गणा कहते हैं। क्रोधादिकषायोंके उपयोगसम्बन्धी जघन्य कालको उत्कृष्ट कालमेंसे घटानेपर जो शेष रहे उसमें एक अंक मिलानेपर कषायसम्बन्धी उपयोग अद्धास्थान होते हैं। उनकी कालोपयोगवर्गणा संज्ञा है यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है।

*** कषायोंके उदयस्थानोंकी भावोपयोगवर्गणा संज्ञा है।**

§ १२९. कषायोंके उदयस्थान कषायोदयस्थान कहलाते हैं। उनकी भावोपयोगवर्गणा संज्ञा है। इसका यह तात्पर्य है—क्रोधादि कषायोंमेंसे एक-एक कषायके असंख्यात लोक-

मेत्ताणि उदयट्ठाणाणि अत्थि। ताणि पुण माणे थोवाणि, कोहे विसेसाहियाणि, मायाए विसेसाहियाणि, लोभे विसेसाहियाणि। एदाणि सव्वाणि समुदिदाणि सग-सगकसायपडिबद्धाणि भावोवजोगवग्गणाओ णाम, तिव्व-मंदादिभावणिबंधणत्तादो त्ति।

*** एदासिं दुविहाणं पि वग्गणाणं परूवणा पमाणमप्पाबहुअं च वत्तव्वं।**

§ १३०. एदासिमणंतरणिद्दिट्ठाणं दुविहाणं पि वग्गणाणं काल-भावोवजोग-विसयाणमेत्तो परूवणादीहिं तीहिं अणियोगद्दारेहिं अणुगमो कायव्वो, अण्णहा तव्विसयसम्मण्णाणाणुववत्तीदो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स पिंडत्थो। एदाणि च सुगमाणि त्ति चुण्णिसुत्तयारेण ण वित्थारिदाणि, तदो एदेसिं पज्जवट्ठियपरूवणं वत्तइस्सामो। तत्थ ताव कालोवजोगवग्गणाणं परूवणट्ठमुत्तरसुत्तं भणदि—

*** ओघेण आदेसेण चदुण्हं पि कसायाणमत्थि कालोवजोगवग्गणाओ। पमाणाणुगमेण चउण्हं कसायाणं मज्झे तत्थ एक्केक्कस्स कसायस्स कालोवजोगवग्गणाओ अंतोमुहुत्तमेत्तीओ होंति।**

§ १३१. अप्पाबहुअं दुविहं—सत्थाण-परत्थाणभेएण। सत्थाणे ताव पयदं—सव्वत्थोवा कोहस्स जहण्णकालोवजोगवग्गणा। उक्कस्सकालोवजोगवग्गणा संखेज्ज-गुणा। अहवा सव्वत्थोवा कोहस्स जहण्णकालोवजोगवग्गणा। वग्गणाविसेसो संखेज्जगुणो। किं कारणं? जहण्णकालोवजोगवग्गणमुक्कस्सकालोवजोगवग्गणाए सोहिय

प्रमाण उदयस्थान हैं। परन्तु मानमें वे सबसे स्तोक हैं, उनसे क्रोधमें विशेष अधिक हैं, उनसे मायामें विशेष अधिक हैं और उनसे लोभमें विशेष अधिक हैं। अपने-अपने कषाय-सम्बन्धी ये सब मिलकर भावोपयोगवर्गणा कहलाते हैं, क्योंकि ये तीव्रभाव और मन्दभाव आदिके निमित्तसे होते हैं।

*** इन दोनों ही प्रकारकी वर्गणाओंकी प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व कहना चाहिए।**

§ १३०. अनन्तर पूर्व कही गईं कालोपयोग और भावोपयोगको विषय करनेवाली इन दोनों ही प्रकारकी वर्गणाओंका आगे प्ररूपणा आदि तीन अनुयोगद्वारोंका आश्रय कर अनुगमन करना चाहिए, अन्यथा तद्विषयक सम्यग्ज्ञान उत्पन्न नहीं हो सकता, इस प्रकार यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है। किन्तु ये सुगम हैं, इसलिए चूर्णिसूत्रकारने इनका विस्तार नहीं किया। इसलिए इनकी पर्यायार्थिक अर्थात् अलग-अलग प्ररूपणा करेंगे। सर्वप्रथम उनमेंसे कालोपयोगवर्गणाओंकी प्ररूपणा करनेपर ओघ और आदेशसे चारों ही कषायोंकी कालोपयोगवर्गणाएँ हैं। प्रमाणानुगमकी अपेक्षा चारों कषायोंमेंसे एक-एक कषायकी कालोपयोगवर्गणाएँ अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होती हैं।

§ १३१. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्व। स्वस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है—क्रोधकी जघन्य कालोपयोगवर्गणा सबसे अल्प है। उससे उत्कृष्ट कालोपयोगवर्गणा संख्यातगुणी है। अथवा क्रोधकी जघन्य कालोपयोगवर्गणा सबसे स्तोक है। उससे वर्गणाविशेष संख्यातगुणा है, क्योंकि उत्कृष्ट कालोपयोगवर्गणामेंसे जघन्य कालोपयोगवर्गणाके घटानेपर जो शेष रहे उसके कथनका यहाँ अवलम्बन लिया गया है।

सुद्धसेसस्स तव्ववएसावलंबणादो। वग्गणाओ विसेसाहियाओ, जहण्णकालोवजोग-वग्गणाणं पि एत्थ पवेसदंसणादो। एवं माण-माया-लोहाणं पि सत्थाणप्पाबहुअं कायव्वं।

§ १३२. संपहि परत्थाणप्पाबहुअ-परूवणमाणे सव्वत्थोवाओ माणस्स कालोव-जोगवग्गणाओ। कोहस्स कालोवजोगवग्गणाओ विसेसाहियाओ। मायाए कालोव-जोगवग्गणाओ विसेसाहिया०। लोहस्स कालोवजोगवग्गणा० विसेसाहिया०। विसेसो पुण सव्वत्थावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो। एवमेसा ओघेण परत्थाणप्पाबहुअपरूवणा कया। तिरिक्ख-मणुसगदीसु वि एवं चेव वत्तव्वं, विसेसाभावादो।

§ १३३. आदेसेण णेरइ० सव्वत्थोवाओ लोभस्स कालोवजोगवग्गणाओ। मायाए कालोवजोगवग्गणाओ संखेज्जगुणाओ। माणस्स कालोवजोगवग्गणा० संखेज्ज-गुणा०। कोहस्स कालोवजोगवग्गणा० संखेज्जगुणा०। एवं देवगदीए वि। णवरि कोहादो आढविय पच्छाणुपुव्वीए णेदव्वमिदि।

§ १३४. संपहि भावोवजोगवग्गणाणं परूवणे भण्णमाणे चउण्हं पि कसायाण-मत्थि भावोवजोगवग्गणाओ। पमाणं वुच्चदे—चउण्हं पि कसायाणं पादेक्कमसंखेज्ज-लोगमेत्तीओ भावोवजोगवग्गणाओ होंति। अप्पाबहुअं दुविहं—सत्थाण-परत्थाणभेदेण। सत्थाणे पयदं। सव्वत्थोवा कोहस्स जहण्णभावोवजोगवग्गणा। किं कारणं? सव्व-

---

उससे क्रोधकी कालोपयोगवर्गणाऐं विशेष अधिक हैं, क्योंकि जघन्य कालोपयोगवर्गणाओंका भी इनमें प्रवेश देखा जाता है। इसी प्रकार मान, माया और लोभकषायका भी स्वस्थान अल्पबहुत्व करना चाहिए।

§ १३२. अब परस्थान अल्पबहुत्वका कथन करनेपर मानकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं सबसे थोड़ी हैं। उनसे क्रोधकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं विशेष अधिक हैं। उनसे माया-कषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं विशेष अधिक हैं और उनसे लोभकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं विशेष अधिक हैं। विशेषका प्रमाण सर्वत्र आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इस प्रकार यह ओघसे परस्थान अल्पबहुत्वप्ररूपणा की। तिर्यञ्च और मनुष्यगतिमें भी इसी प्रकार कथन करना चाहिए, क्योंकि ओघसे इनमें उक्त अल्पबहुत्वकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है।

§ १३३. आदेशसे नारकियोंमें लोभकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं सबसे स्तोक हैं। उनसे मायाकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं संख्यातगुणी हैं। उनसे मानकषायकी कालोपयोग-वर्गणाऐं संख्यातगुणी हैं। उनसे क्रोधकषायकी कालोपयोगवर्गणाऐं संख्यातगुणी हैं। इसी प्रकार देवगतिमें भी कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्रोधसे आरम्भ कर पश्चादानुपूर्वीसे जानना चाहिए।

§ १३४. अब भावोपयोगवर्गणाओंका कथन करनेपर चारों ही कषायोंकी भावोपयोग-वर्गणाऐं हैं। प्रमाणका कथन करते हैं—चारों ही कषायोंमेंसे प्रत्येककी असंख्यात लोकप्रमाण भावोपयोगवर्गणाऐं होती हैं। स्वस्थान और परस्थानके भेदसे अल्पबहुत्व दो प्रकारका है। स्वस्थानका प्रकरण है। क्रोधकषायकी जघन्य भावोपयोगवर्गणा सबसे स्तोक है, क्योंकि

जहण्णकसायुदयट्ठाणस्सेक्कस्स चेव गहणादो। वग्गणाविसेसो असंखेज्जगुणो। को गुणगारो ? असंखेज्जा लोगा। वग्गणाओ विसेसाहियाओ, जहण्णवग्गणाए वि एत्थंतब्भावदंसणादो। एवं सेसाणं पि णेदव्वं। श्री महाराज

§ १३५. परत्थाणे पयदं। सव्वत्थोवाणि माणस्स कसायुदयट्ठाणाणि। कोहस्स कसायुदयट्ठाणाणि विसेसाहियाणि। मायाए कसायुदयट्ठाणाणि विसेसाहियाणि। लोभस्स कसायुदयट्ठाणाणि विसेसाहियाणि। विसेसो पुण सव्वत्थासंखेज्जा लोगा। एसा ओघेण भावोवजोगवग्गणाणं दुविहप्पाबहुअपरूवणा कया। एत्तो आदेसपरूवणा वि चदुगदिपडिबद्धा एवं चेव णेदव्वा, विसेसाभावादो।

*** तदो तदियाए गाहाए विहासा समत्ता।**

§ १३६. सुगममेदं पयदत्थोवसंहारवक्कं। एवमेदं समाणिय संपहि चउत्थगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** चउत्थीए गाहाए विहासा।**

§ १३७. एत्तो चउत्थीए गाहाए अत्थविहासा अहिकया त्ति वुत्तं होइ। का सा चउत्थी गाहा त्ति सिस्साहिप्पायं मणेणासंकिय तण्णिद्देसकरणट्ठमाह—

*** 'एकम्हि दु अणुभागे एक्ककसायम्हि एक्ककालेण। उवजुत्ता का**

सबसे जघन्य एक ही कषाय उदयस्थानका ग्रहण किया है। उससे वर्गणाविशेष असंख्यात-गुणा है। गुणकार क्या है ? असंख्यात लोकप्रमाण है। उससे वर्गणाएँ विशेष अधिक हैं, क्योंकि जघन्य वर्गणाका भी इसमें अन्तर्भाव देखा जाता है। इसी प्रकार मानादि कषायोंकी अपेक्षा भी उक्त अल्पबहुत्व कहना चाहिए।

§ १३५. परस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। मानकषायके कषाय-उदयस्थान सबसे स्तोक हैं। उनसे क्रोधकषायके कषाय उदयस्थान विशेष अधिक हैं। उनसे मायाकषायके कषाय उदयस्थान विशेष अधिक हैं और उनसे लोभकषायके कषाय उदयस्थान विशेष अधिक हैं। विशेषका प्रमाण सर्वत्र असंख्यात लोकप्रमाण है। यह ओघसे भावोपयोग वर्गणाओंके दो प्रकारके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की। आगे चारों गतियोंसे सम्बन्ध रखनेवाली आदेशप्ररूपणा भी इसी प्रकार जाननी चाहिए, क्योंकि पूर्वोक्त प्ररूपणासे इसमें कोई अन्तर नहीं है।

*** इस प्रकार तीसरी गाथाकी अर्थविभाषा समाप्त हुई।**

§ १३६. प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेवाला यह वचन सुगम है। इस प्रकार इसको समाप्त कर अब चौथी गाथाके अवसरप्राप्त अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्र-प्रबन्धको कहते हैं—

*** अब चौथी गाथाकी अर्थविभाषा अधिकृत है।**

§ १३७. आगे चौथी गाथाकी अर्थविभाषा अधिकार प्राप्त है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह चौथी गाथा कौनसी है इस प्रकार शिष्योंके अभिप्रायको मनसे सोचकर उसका निर्देश करनेके लिए कहते हैं—

*** एक कषायसम्बन्धी एक अनुभागमें एक कालमें कौन सी गति उपयुक्त**

च गदी विसरिसमुवजुज्जदे का च ॥' त्ति ।

§ १३८. एसा सा चउत्थी गाहा त्ति वुत्तं होइ । एत्थ 'इदि'सद्दो गाहासुत्त-सरूवावहारणफलो । एसा च गाहा पुच्छामुहेण संगहियासेसपयदत्थपरूवणादो तदो पुच्छासुत्तमिदि जाणावणट्ठमाह—

* एदं सव्वं पुच्छासुत्तं ।

§ १३९. एदं सव्वमणंतरणिद्दिट्ठगाहासुत्तं सपुव्वपच्छद्धं पुच्छासुत्तमिदि भणिदं होदि ।

* एत्थ विहासाए दोण्णि उवदेसा ।

§ १४०. एत्थ एदम्मि गाहासुत्ते विहासिज्जमाणे दोण्णि उवएसा अवलंबेयव्वा, परमगुरुसंपदायापरिच्चागेणेव वक्खाणपउत्तीए णाइयत्तादो[1] त्ति भणिदं होदि ।

* एक्केण उवएसेण जो कसायो सो अणुभागो ।

§ १४१. एक्केण उवएसेण अपवाइज्जंतेणुवएसेण त्ति वुत्तं होइ । कुदो एदं णव्वदे ? पवाइज्जंतोवएसस्स सणामणिद्देसेण पुरदो भणिस्समाणत्तादो । तत्थ जो कसायो सो अणुभागो त्ति भणंतस्साहिप्पायो ण कसायादो वदिरित्तो अणुभागो अत्थि,

---

होती है तथा कौन सी गति विसदृशरूपसे उपयुक्त होती है ।

§ १३८. यह वह चौथी गाथा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । गाथासूत्रके स्वरूपका अवधारण करनेके प्रयोजनसे यहाँ 'इदि' शब्द आया है । यह गाथा पृच्छामुखसे समस्त प्रकृत अर्थका संग्रह कर कथन करती है, इसलिए यह पृच्छासूत्र है इस बातका ज्ञान करानेके लिए कहते हैं—

* यह सब पृच्छासूत्र है ।

§ १३९. अपने पूर्वार्ध और उत्तरार्ध सहित अनंतर पूर्व कहा गया यह समस्त गाथासूत्र पृच्छासूत्र है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* इस गाथाकी अर्थविभाषामें दो उपदेश पाये जाते हैं ।

१४०. एत्थ अर्थात् इस गाथासूत्रका व्याख्यान करते समय दो उपदेशोंका अवलम्बन लेना चाहिए, क्योंकि परम गुरुसम्प्रदायका त्याग किये बिना ही व्याख्यानकी प्रवृत्तिका होना न्यायप्राप्त है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* एक उपदेशके अनुसार जो कषाय है वही अनुभाग है ।

१४१. एक उपदेशके अनुसार अर्थात् अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—प्रवाह्यमान उपदेशका अपने नामके साथ चूर्णिसूत्रकार आगे स्वयं कथन करेंगे इससे उक्त तथ्य जाना जाता है ।

(प्रकृतमें 'जो कषाय है वही अनुभाग है' ऐसा कहनेका यह अभिप्राय है कि अनुभाग

---

१. ता०प्रतौ –पउत्तीए विरोहाभावादो इति पाठः ।

तत्तो पुधभूदस्स तस्साणुवलद्धीदो। अणुभागो कारणं कसायपरिणामो तक्कज्जमिदि ताणं भेदो ण वोत्तुं जुत्तो, कज्जे कारणोवयारेण ताणमेयत्तब्भुवगमादो। संपहि एदस्सेव अत्थस्स पदंसणट्ठमिदमाह—

*** कोधो कोधाणुभागो।**

१४२. क्रोध एव क्रोधानुभागो नान्यः कश्चिदित्यर्थः।

*** एवं माण-माया-लोभाणं।**

§ १४३. यथा क्रोध एव क्रोधानुभाग इति समर्थितमेवं मान एव मानानुभागो, मायैव मायानुभागः लोभ एव लोभानुभाग इति वक्तव्यं, कार्यकारणयोरभेदोपचारात्।

*** तदो का च गदी एगसमएण एगकसायोवजुत्ता वा दुकसायोवजुत्ता वा तिकसायोवजुत्ता वा चदुकसायोवजुत्ता वा त्ति एदं पुच्छासुत्तं।**

§ १४४. जदो एवं कसायो चेवाणुभागो त्ति समत्थिदं तदो 'एक्कम्हि दु अणुभागे' इच्चादिपुच्छासुत्तस्स एवमणुगमो कायव्वो। तं जहा—णिरयादिगदीणं मज्झे का च गदी एगसमएण एगकसायोवजुत्ता वा होदि त्ति एसा पढमा पुच्छा, 'एक्कम्हि

कषायसे जुदा नहीं है, क्योंकि कषायसे पृथक् वह पाया नहीं जाता।

शंका—अनुभाग कारण है और कषाय परिणाम उसका कार्य है इस प्रकार इनमें भेद है?

समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं, कार्यमें कारणका उपचार करके उन दोनोंमें अपृथक्पना स्वीकार किया गया है। अब इसी अर्थको दिखलानेके लिए कहते हैं—

*** क्रोधकषाय ही क्रोधानुभाग है।**

§ १४२. क्रोधकषाय ही क्रोधानुभाग है, अन्य कुछ नहीं यह इस सूत्रका अर्थ है।

*** इसी प्रकार लोभ, मान और मायाकषायकी अपेक्षा कहना चाहिए।**

§ १४३. जिस प्रकार क्रोधकषाय ही क्रोधानुभाग है इस प्रकार समर्थन किया है इसी प्रकार मानकषाय ही मानानुभाग है, मायाकषाय ही मायानुभाग है और लोभकषाय ही लोभानुभाग है ऐसा कहना चाहिए, क्योंकि यहाँ पर कार्य और कारणमें अभेदका उपचार किया गया है।

*** इसलिए कौन गति एक समयमें एक कषायमें उपयुक्त है, दो कषायोंमें उपयुक्त है, तीन कषायोंमें उपयुक्त है अथवा चारों कषायोंमें उपयुक्त है इस प्रकार यह पृच्छासूत्र है।**

§ १४४. यतः कषाय ही अनुभाग है इसका उक्त प्रकारसे समर्थन किया है, अतः 'एकम्हि दु अणुभागे' इत्यादि पृच्छासूत्रका इस प्रकार अनुगम करना चाहिए। यथा—नरकादि गतियोंमेंसे 'कौन सी गति एक समयमें एक कषायमें उपयुक्त है' यह प्रथम पृच्छा

दु अणुभागे एक्ककसायम्हि एक्ककालेण उवजुत्ता का च गदी' त्ति एत्थेदिस्से णिबद्धत्त-दंसणादो। संपहि 'विसरिसमुवजुज्जदे का च।' त्ति गाहासुत्तावयवमस्सियूण दुकसायोवजुत्ता वा, तिकसायोवजुत्ता वा, चदुकसायोवजुत्ता वा का गदी होदि त्ति एदेसिं तिण्हं पुच्छाणिद्देसाणमणुगमो कायव्वो, एगकसायोवजोगविवज्जासलक्खणो विसरिसोवजोगो त्ति गहणादो। एवंविहपुच्छापडिबद्धत्थपदुप्पायणट्ठमेदं गाहासुत्तमोइण्णमिदि जाणा-वणट्ठमेदं पुच्छासुत्तमिदि भणिदं। संपहि एवंविहपुच्छाणं णिण्णयविहाणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

* तदो णिद्दरिसणं।

§ १४५. तदो पुच्छाणुगमादो अणंतरमिदाणिं णिदरिसणं णिण्णयकरणं वत्त-इस्सामो त्ति वुत्तं होइ।

* तं जहा।

* णिरय-देवगदीणमेदे वियप्पा अत्थि, सेसाओ गदीओ णियमा चदुकसायोवजुत्ताओ।

§ १४६. एदे अणंतरपरूविदा पुच्छाविसेसा तदुत्तरविसेसा च णिरय-देव-गदीणमत्थि। किं कारणं? णिरयगदीए ताव कोधकसायोवजुत्तजीवरासी अद्धा-

मार्गदर्शक : श्री सम्मेदशिखर जी तीर्थक्षेत्र

माहप्पेण सव्वबहुओ होदूण णिरंतररासित्तमणुहवइ। एवं देवगदीए वि लोभोव-

है, क्योंकि 'एक कषायसम्बन्धी एक अनुभागमें एक कालमें कौन सी गति उपयुक्त है' इस प्रकार इस सूत्रवचनमें यह अर्थ निबद्ध देखा जाता है। अब 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' इस प्रकार गाथासूत्रके इस अंशका आश्रय कर दो कषायोंमें उपयुक्त, तीन कषायोंमें उपयुक्त अथवा चार कषायोंमें उपयुक्त कौन-कौन सी गति होती है इस प्रकार इन तीन पृच्छा निर्देशों का अनुगम करना चाहिए, क्योंकि यहाँपर गाथामें आये हुए 'विसदृश उपयोग' पदका अर्थ एक कषायके उपयोगसे विपर्यास अर्थात् भिन्न प्रकारके लक्षणवाला उपयोग ग्रहण किया गया है। इस प्रकारकी पृच्छासे सम्बन्ध रखनेवाले अर्थका कथन करनेके लिए यह गाथासूत्र आया है इस बातका ज्ञान करानेके लिए यह पृच्छासूत्र है इस प्रकार कहा है। अब इस प्रकारकी पृच्छाओंका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध है—

* अब आगे निर्णय करते हैं।

§ १४५. 'तदो' अर्थात् पृच्छाओंके अनुगमके अनन्तर अब इनका 'णिदरिसणं' अर्थात् निर्णय करके बतलावेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* वह कैसे?

* नरकगति और देवगतिमें ये विकल्प होते हैं, शेष गतियाँ नियमसे चारों कषायोंमें उपयुक्त होती हैं।

§ १४६ ये अनन्तर पूर्व कहे गये पृच्छा विकल्प और उनके उत्तरस्वरूप कहे गये विकल्प नरकगति और देवगतिमें हैं, क्योंकि नरकगतिमें तो क्रोधकषायमें उपयुक्त हुई जीव-राशि कालके माहात्म्यके कारण सबसे अधिक होकर निरन्तर राशिपनेका अनुभव करती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org
पारमार्थिक ... आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जुत्तजीवरासीए णिरंतरभावो दट्ठव्वो। तदो दोण्हमेदेसिमुभयत्थ णिरंतररासित्तादो एगकसायोवजुत्ताणं धुवभावं कादूण सेसकसाएहिं सह दु-ति-चदुसंजोगा वत्तव्वा त्ति। एदेण कारणेण णिरय-देवगदीओ एगकसायोवजुत्ताओ दुकसायोवजुत्ताओ तिकसायोवजुत्ताओ चदुकसायोवजुत्ताओ वा होंति त्ति सिद्धं। सेसगदीओ णियमा एवं भणिदे तिरिक्ख-मणुसगदीओ णियमेण चदुकसायोवजुत्ताओ होंति त्ति घेत्तव्वं। किं कारणं? तत्थ चउण्हं पि कसायरासीणं धुवभावोवलंभादो। एवमेदं परूविय संपहि णिरय-देवगदीसु चउण्हं पि वियप्पाणं संभवे तत्थ कदमेण कसाएण कदमो वियप्पो समुप्पज्जदि त्ति एदस्सत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमं पबंधमुवइसइ—

*** णिरयगईए जइ एक्को कसायो णियमा कोहो।**

§ १४७. कुदो? कोहोवजोगकालस्स तत्थ सव्वबहुत्तोवएसेण सव्वस्स णेरइय-रासिस्स तत्थेवावट्ठाणे विरोहाभावादो। ण सेसकसायोवजोगद्धासु वि तहासंभवासंका कायव्वा, तहाविहसंभवस्स पुव्वुत्तकालप्पाबहुअसुत्तेण बाहियत्तादो।

*** जदि दुकसायो कोहेण सह अण्णदरो दुसंजोगो।**

§ १४८. दोण्हं कसायाणं समाहारेण जणिदो उवजोगो दुकसायो त्ति भण्णदे। सो कथमुप्पज्जदि त्ति भणिदे 'कोहेण सह अण्णदरो दुसंजोगो' त्ति णिद्दिट्ठं। कोहरासिं

इसी प्रकार देवगतिमें भी लोभकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशिको निरन्तर जानना चाहिए। इसलिए क्रमसे ये दोनों राशियाँ नरकगति और देवगतिमें निरन्तर राशि होनेसे एक कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंको ध्रुव करके शेष कषायोंके साथ दो संयोगी, तीन संयोगी और चार संयोगी भंग कहना चाहिए। इस कारणसे नरकगति और देवगति एक कषाय-उपयुक्त, दो कषाय-उपयुक्त, तीन कषाय-उपयुक्त अथवा चार कषाय-उपयुक्त होती हैं यह सिद्ध हुआ। शेष गतियाँ नियमसे' ऐसा कहने पर तिर्यञ्चगति और मनुष्यगति नियमसे चार कषायोंमें उपयुक्त होती हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि इन दो गतियोंमें चारों ही कषायराशियाँ ध्रुवरूपसे पाई जाती हैं। इस प्रकार उक्त चूर्णिसूत्रकी व्याख्या करके अब नरकगति और देवगतिमें चारों ही विकल्पोंके सम्भव होनेपर वहाँ किस कषायके साथ कौन विकल्प बनता है इस अर्थको स्पष्ट करनेके लिए उपरिम प्रबन्धका उपदेश करते हैं—

*** नरकगतिमें यदि एक कषाय है तो नियमसे क्रोधकषाय होती है।**

§ १४७. क्योंकि क्रोधकषायके उपयोग कालका वहाँ सबसे अधिक उपदेश होनेके कारण समस्त नारकराशिका क्रोधकषायमें अवस्थान होनेमें कोई विरोध नहीं पाया जाता। पर इससे शेष कषायोंके उपयोग कालोंमें भी उस प्रकारसे सम्भव होनेकी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उस प्रकारका सम्भव पूर्वमें कहे गये अल्प-बहुत्व सूत्रसे बाधित हो जाता है।

*** यदि दो कषायोंका संयोग है तो क्रोधके साथ अन्यतर एक कषाय इस प्रकार दो कषायोंका संयोग होता है।**

§ १४८. दो कषायोंके समाहारसे उत्पन्न हुआ उपयोग दो-कषाय ऐसा कहा जाता है। वह कैसे उत्पन्न होता है ऐसी पृच्छा होने पर 'कोहेण सह अण्णदरो दुसंजोगो'

धुवं कादूण तेण सह माणादीणमण्णदरं घेत्तूण दुसंजोगे कीरमाणे समुप्पज्जइ त्ति भणिदं होइ। तं कथं ? कोह-माणोवजुत्ता वा, कोह-मायोवजुत्ता वा, कोह-लोभोवजुत्ता वा त्ति एवमेदे तिण्णि दुसंजोगभंगा ३। संपहि तिकसायोवजुत्तवियप्पपदुप्पायणट्ठमाह—

*** जदि तिकसायो कोहेण सह अण्णदरो तिसंजोगो।**

§ १४९. तिण्हं कसायाणं संजोगो तिकसायो त्ति वुच्चदे। सो कथमुप्पज्जइ त्ति भणिदे कोहेण सह सेसकसायाणमण्णदरदोकसाए घेत्तूण तिसंजोगे कीरमाणे समुप्पज्जदि त्ति भणिदं। तं कथं ? कोह-माण-मायोवजुत्ता वा, कोह-माण-लोभोवजुत्ता वा, कोह-माया-लोभोवजुत्ता वा त्ति। एवमेत्थ वि तिण्णि चेव भंगा ३। संपहि चदुकसायपदुप्पायणट्ठमाह—

*** जदि चउकसायो [illegible]**

§ १५०. सुगममेदं, सव्वे चेव कोहादिकसाए घेत्तूण चदुकसायोवजुत्तवियप्पुप्पत्तीए विसंवादाभावादो। एवमेत्थ एक्को चेव भंगो होदि। एवं णिरयोघो परूविदो।

यह निर्देश किया है। क्रोधराशिको ध्रुव कर उसके साथ मानादिकमेंसे अन्यतर कषायको ग्रहण कर दोका संयोग करने पर द्विसंयोगी भंग उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्रोध और मानमें उपयुक्त हुए जीव, अथवा क्रोध और मायामें उपयुक्त हुए जीव अथवा क्रोध और लोभमें उपयुक्त हुए जीव इस प्रकार ये तीन द्विसंयोगी भंग ३ होते हैं।

अब तीन कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके विकल्पोंका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** यदि तीन कषायोंका संयोग है तो क्रोधके साथ अन्यतर दो कषाय इस प्रकार तीन कषायोंका संयोग होता है।**

§ १४९. तीन कषायोंका संयोग तीन-कषाय ऐसा कहा जाता है। वह कैसे उत्पन्न होता है ऐसी पृच्छा होनेपर क्रोधके साथ शेष कषायोंमेंसे अन्यतर दो कषायोंको ग्रहणकर तीनका संयोग करने पर उत्पन्न होता है ऐसा कहा है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—क्रोध, मान और मायामें उपयुक्त हुए जीव, अथवा क्रोध, मान और लोभमें उपयुक्त हुए जीव अथवा क्रोध, माया और लोभमें उपयुक्त हुए जीव। इस प्रकार यहाँ पर भी तीन ही भंग ३ होते हैं।

अब चार कषायोंके कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** यदि चार कषायोंका संयोग है तो सभी कषायें होती हैं।**

§ १५०. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि सभी क्रोधादि कषायोंको ग्रहण कर चार कषायोंमें उपयुक्तरूप विकल्पकी उत्पत्तिमें विसंवाद नहीं है। इस प्रकार यहाँ पर एक ही भंग होता

एवं चेव सत्तसु पुढवीसु णेदव्वं, विसेसाभावादो। संपहि देवगदीए वि एसा चेव परूवणा लोभादो आढविय विवज्जासरूवेण णेदव्वा त्ति जाणावणट्ठमिदमाह—

*** जहा णिरयगदीए कोहेण तहा देवगदीए लोभेण कायव्वा ।**

§ १५१. जहा णिरयगइमग्गणाए कोहेण धुवभावमावण्णेण सह सेसकसाए ढोएदूण एग-दु-ति-चदुकसायोवजुत्तवियप्पपरूवणा कया एवं देवगदीए वि लोभेण सह पयदपरूवणा णिव्वामोहमणुमग्गियव्वा त्ति वुत्तं होइ। एवं ताव अपवाइज्जंतोवएसमस्सियूण गाहासुत्तत्थमेक्केण पयारेण विहासिय पयदत्थोवसंहारवक्कमाह—

*** एक्केण उवएसेण चउत्थीए गाहाए विहासा समत्ता भवदि ।**

§ १५२. सुगममेदमुवसंहारवक्कं। संपहि विदियोवएसमस्सियूण गाहासुत्तत्थं विहासिदुकामो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** पवाइज्जंतेण उवएसेण चउत्थीए गाहाए विहासा ।**

§ १५३. एत्तो पवाइज्जंतोवएसमवलंबिय एदिस्से चउत्थीए सुत्तगाहाए अत्थविहासणा कीरदि त्ति वुत्तं होइ। को वुण पवाइज्जंतोवएसो णाम ? वुच्चदे—वुत्तमेदं सव्वाइरियसम्मदो चिरकालमव्वोच्छिण्णसंपदायकमेणागच्छमाणो जो सिस्सपरंपराए

है। इस प्रकार ओघसे नरकगतिमें कथन किया। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें कथन करना चाहिए, क्योंकि विवक्षित ओघ प्ररूपणासे उसमें कोई भेद नहीं है। अब देवगतिमें भी लोभसे आरम्भकर पश्चादानुपूर्वीसे यही प्ररूपणा कहनी चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए यह सूत्र कहते हैं—

*** जिस प्रकार नरकगतिमें क्रोधके साथ कथन किया है उसी प्रकार देवगतिमें लोभके साथ कथन करना चाहिए ।**

§ १५१. जिस प्रकार नरकगति मार्गणामें ध्रुवपनेको प्राप्त हुए क्रोधके साथ शेष कषायोंका आश्रय कर एक, दो, तीन और चार कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके विकल्पोंका कथन किया है उसी प्रकार देवगतिमें भी लोभके साथ प्रकृत प्ररूपणा निःसंशयरूपसे जान लेनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार सर्व प्रथम अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार गाथासूत्रके अर्थका एक प्रकारसे व्याख्यान करके अब प्रकृत अर्थका उपसंहार वाक्य कहते हैं—

*** एक उपदेशके अनुसार चौथी गाथाकी व्याख्या समाप्त होती है ।**

§ १५२. यह उपसंहार वाक्य सुगम है। अब दूसरे उपदेशका आश्रय कर गाथासूत्रके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

*** प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार चौथी गाथाका विशेष व्याख्यान करते हैं।**

§ १५३ आगे प्रवाह्यमान उपदेशका आलम्बन लेकर इस चौथी सूत्रगाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—प्रवाह्यमान उपदेश किसे कहते हैं ?

समाधान—यह कहा है कि जो सब आचार्योंके द्वारा सम्मत है, चिरकालसे अव्युच्छित

पवाइज्जदे पण्णविज्जदे सो पवाइज्जंतोवएसो त्ति भण्णदे। अथवा अज्जमंखुभयवंताणमुवएसो एत्थापवाइज्जमाणो णाम। णागहत्थिखवणाणमुवएसो पवाइज्जंतओ त्ति घेत्तव्वो।

*** 'एक्कम्मि दु अणुभागे त्ति' जं कसायउदयट्ठाणं सो अणुभागो णाम।**

§ १५४. एतदुक्तं भवति, पुव्विल्लपरूवणाए जो कसायो सो चेवाणुभागो त्ति विवक्खियं, कज्जकारणाणमब्भेदणयावलंबणादो कज्जे कारणोवयारादो च। एत्थ पुण अण्णो कसायो अण्णो च अणुभागो त्ति विवक्खियं, कज्ज-कारणाणं भेदणयावलंबणादो। ण च कज्जं चेव कारणं होइ, विप्पडिसेहादो। तदो एवंविहाहिप्पाएण पयट्टा एसा परूवणा त्ति घेत्तव्वं। संपहि सुत्तत्थविवरणं कस्सामो। 'एक्कम्हि दु अणुभागे त्ति' एदेण गाहासुत्तावयवमिदि सद्दपरं परामरसिय तदो जं कसायउदयट्ठाणं सो अणुभागो त्ति तस्स अत्थणिद्देसो कओ। ण कसायो चेवाणुभागो, किंतु जं कसायउदयट्ठाणमसंखेज्जलोगपरिणाम तमेत्थाणुभागो त्ति विवक्खियमिदि एसो एदस्स भावत्थो।

*** 'एगकालेण त्ति' कसायोवजोगद्धट्ठाणे त्ति भणिदं होदि।**

सम्प्रदाय क्रमसे चला आ रहा है, और जो शिष्य परम्पराके द्वारा प्रवाहित किया जाता है प्रज्ञापित किया जाता है वह प्रवाह्यमान उपदेश कहा जाता है। अथवा आर्यमंक्षु भगवान्का उपदेश प्रकृतमें अप्रवाह्यमान उपदेश है और नागहस्तिक्षमाश्रमणका उपदेश प्रवाह्यमान उपदेश है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

*** 'एक अनुभागमें' यहाँपर जो कषाय उदयस्थान है उसकी अनुभाग संज्ञा है।**

§ १५४. इसका यह तात्पर्य है कि पिछली प्ररूपणामें जो कषाय है वही अनुभाग है ऐसी विवक्षा की थी, क्योंकि वहाँ कार्य और कारणमें अभेदनयका अवलम्बन लिया गया था और कार्यमें कारणका उपचार किया गया था। परन्तु यहाँ पर कषाय अन्य है और अनुभाग अन्य है यह विवक्षा की गई है, क्योंकि यहाँ कार्य और कारणमें भेदविवक्षाका अवलम्बन लिया गया है। और कार्य ही कारण नहीं होता, क्योंकि इन दोनोंके एक होनेका निषेध है। इसलिए इस प्रकारके अभिप्रायसे यह प्ररूपणा प्रवृत्त हुई है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। अब सूत्रके अर्थका विवरण करते हैं—'एकम्हि दु अणुभागे' इस वचन द्वारा गाथा सूत्रके अंशके शब्दार्थका परामर्श करके तदनुसार जो कषाय-उदयस्थान है वह अनुभाग है इस प्रकार उसका अर्थनिर्देश किया। कषाय ही अनुभाग नहीं है किन्तु असंख्यात लोकप्रमाण भेदोंको लिये हुए जो कषाय-उदयस्थान है वह यहाँ पर अनुभाग है ऐसी विवक्षा की है यह इस सूत्रका भावार्थ है।

*** 'एगकालेण' इस पदका अर्थ कषायोपयोगाद्धास्थान है ऐसा कहा गया है।**

§ १५५. एगकालेणे त्ति एत्थतणकालसद्दो समवायवाचओ त्ति पुव्विल्ल-परूवणाए वक्खाणिदो। एत्थ पुण तहा ण घेप्पइ, किंतु एसो कालसद्दो कालोवजोग-वग्गणाणं वाचओ। तदो 'एगकालेणे त्ति' वुत्ते एगेण कसायोवजोगद्धट्ठाणेणे त्ति भणिदं होदि।

*** एसा सण्णा।**

§ १५६. एसा अणंतरपरूविदा सण्णा पवाइज्जंतोवएसेण णायव्वा त्ति भणिदं होइ।

*** तदो पुच्छा।**

§ १५७. एदं सण्णाविसेसमवलंबिय तदो गाहासुत्ताणुसारेण एसा पुच्छा कायव्वा त्ति वुत्तं होइ। केरिसी सा पुच्छा त्ति आसंकाए उत्तरमाह—

*** 'का च गदी एक्कम्हि कसायउदयट्ठाणे एक्कम्हि वा कसायउव-जोगद्धट्ठाणे भवे।**

§ १५८. णिरयादिगदीणं मज्झे का णाम गदी कोहादीणमण्णदरकसायपडिबद्धे एक्कम्हि चेव कसायुदयट्ठाणे एक्कम्हि चेव वा कसायोवजोगद्धट्ठाणे एगसमएणुवजुत्ता भवे विसेसं विहसंभवो अत्थि णत्थि वा त्ति पुच्छिदं होदि। संपहि 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' त्ति एदं चरिमावयवमस्सियूणविसरिसोवजोगविसयं विदियं पुच्छावक्कमाह—

§ १५५. 'एगकालेण' इस पदमें आया हुआ काल शब्द समवायवाचक है ऐसी पिछली प्ररूपणामें कह आये हैं। परन्तु यहाँ पर उस प्रकार ग्रहण नहीं करना है, किन्तु यह काल शब्द कालोपयोग वर्गणाओंका वाचक है। इसलिए 'एगकालेण' ऐसा कहनेपर उसका अर्थ एक कषायोपयोगाद्धास्थान होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** यह संज्ञा है।**

§ १५६. अनन्तर पूर्व कही गई यह संज्ञा प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** इसके बाद पृच्छा करनी चाहिए।**

§ १५७. इस संज्ञाविशेषका अवलम्बन लेकर अनन्तर गाथासूत्रके अनुसार यह पृच्छा करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह पृच्छा किस प्रकार की है ऐसी आशंका होनेपर उत्तरका कथन करते हैं—

*** एक कषाय उदयस्थानमें अथवा एक कषाय उपयोगाद्धास्थानमें कौन गति होती है।**

§ १५८. नरकादि गतियोंमेंसे कौन गति क्रोधादिकमेंसे अन्यतर कषाय-सम्बन्धी एक ही कषाय उदयस्थानमें अथवा एक ही कषायोपयोगाद्धास्थानमें एक समयमें उपयुक्त होती है। क्या इस प्रकारका सम्भव है अथवा नहीं है यह इस पृच्छाका तात्पर्य है। अब विस-रिसमुवजुज्जदे का च' इस प्रकार इस अन्तिम अंशका आश्रय कर विसदृश उपयोगविषयक दूसरे पृच्छावाक्यको कहते हैं—

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** अथवा अणेगेसु कसायउदयट्ठाणेसु अणेगेसु वा कसायउवजोगद्धट्ठाणेसु का च गदी ।**

§ १५९. अणेगेसु कसायउदयट्ठाणेसु अणेगेसु वा कसायोवजोगद्धट्ठाणेसु एगसमयम्मि उवजुत्ता भवे इदि पुच्छाहिसंबंधो अहियारवसेणेत्थ वि जोजेयव्वो ।

*** एसा पुच्छा ।**

§ १६०. एसा अणंतरपरूविदा दुविहा पुच्छा एदम्मि गाहासुत्ते पडिबद्धा त्ति भणिदं होदि । एवमेदम्मि उवदेसे पुच्छाभेदमुवसंदरिसिय संपहि एदिस्से पुच्छाए णिण्णयकरणट्ठमिदमाह—

*** अयं णिद्देसो ।**

§ १६१. सुगमो ।

*** तसा एक्केक्कम्मि कसायुदयट्ठाणे आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।**

§ १६२. सो च दुविहो णिद्देसो—कसायुदयट्ठाणविसयो कसायोवजोगद्धट्ठाणविसयो च । तत्थ ताव कसायुदयट्ठाणेसु तसजीवे अस्सियूण पयदपरूवणट्ठमेदं सुत्तमोइण्णं । तं जहा—तसकाइया जीवा एक्केक्कम्मि कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सेण आवलि-

*** अथवा अनेक कषाय उदयस्थानोंमें अथवा अनेक कषाय-उपयोगाद्धास्थानोंमें कौन गति उपयुक्त होती है ।**

§ १५९. अनेक कषाय-उदयस्थानोंमें अथवा अनेक कषायोपयोगाद्धास्थानोंमें एक समयमें उपयुक्त कौन गति होती है इस प्रकार अधिकारके वशसे यहाँ पर भी पृच्छाका सम्बन्ध कर लेना चाहिए ।

*** यह पृच्छा है ।**

§ १६० यह अनन्तर पूर्व कही गई दो प्रकारकी पृच्छाएँ इस गाथासूत्रसे प्रतिबद्ध हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार इस उपदेशमें पृच्छाभेदको दिखलाकर अब इस पृच्छाका निर्णय करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं—

*** यह निर्देश है ।**

§ १६१. यह सूत्र सुगम है ।

*** त्रसजीव एक-एक कषाय उदयस्थानमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं ।**

§ १६२. यह निर्देश दो प्रकारका है—कषाय-उदयस्थानविषयक और कषायोपयोगाद्धास्थानविषयक । यहाँ सर्व प्रथम कषाय-उदयस्थानोंमें त्रसजीवोंका आश्रयकर प्रकृत विषयकी प्ररूपणा करनेके लिए यह सूत्र आया है । यथा—त्रसकायिक जीव एक-एक कषाय-उदयस्थानमें उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं । इस वचनसे त्रसजीव नियमसे अनेक कषाय-उदयस्थानोंमें रहते हैं इस बातका ज्ञान हो जाता है, क्योंकि आवलिके

याए असंखेज्जदिभागमेत्ता हवंति। एदेण तसजीवा णियमा अणेगेसु कसायुदयट्ठाणेसु अच्छंति त्ति जाणाविदं। किं कारणं? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तजीवाणं जइ एगं कसायुदयट्ठाणमुवलब्भदे तो जगपदरासंखेज्जभागमेत्तस्स तसजीवरासिस्स केत्तियाणि कसायुदयट्ठाणाणि लद्धाणि त्ति तेरासियं कादूण जोइदे असंखेज्जसेढिमेत्ताणं कसायुदय-

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

ट्ठाणाणमागमणदंसणादो। जइ वि एत्थ सव्वेसु कसायुदयट्ठाणेसु तसजीवाणं सरिस-भावेणावट्ठाणसंभवो णत्थि तो वि समकरणं कादूण तेरासियविहाणमेदमणुगंतव्वं। जेणेवमेत्तियमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु एक्ककालेण तसजीवरासी अच्छदि तेण पढमपुच्छाए संभवमोसारिय 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' त्ति एदिस्से विदियपुच्छाए चेव संभवो पदरिसिओ होइ। एवं णिरयादिगदीणं पि पादेक्कणिरुंभणं कादूण पयदपरूवणा णिरव-सेसमणुगंतव्वा, एक्केक्कम्मि कसायोदयट्ठाणे आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा होंति त्ति एदेण भेदाभावादो। एवं कसायुदयट्ठाणेसु पयदणिद्देसं कादूण संपहि कसायुवजोगद्धट्ठाणेसु पयदत्थपरूवणट्ठमाह—

*** कसायउवजोगद्धट्ठाणेसु पुण उक्कस्सेण असंखेज्जाओ सेढीओ।**

§ १६३. एक्केक्कम्मि कसाए उवजोगद्धट्ठाणे तसजीवा उक्कस्सेणासंखेज्जदि-भागमेत्ता अच्छंति त्ति वुत्तं होदि। किं कारणं? अंतोमुहुत्तमेत्तकसायोवजोगद्धट्ठाणेसु सव्वो तसजीवरासी जहापविभागमवचिट्ठदि त्ति कादूण तेरासियकमेण जोइदे असंखेज्ज-

---

असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंका यदि एक कषाय-उदयस्थान प्राप्त होता है तो जगप्रतरके असंख्यातवें भागप्रमाण त्रसजीवराशिके कितने कषाय-उदयस्थान प्राप्त होंगे इस प्रकार त्रैराशिक करके देखनेपर असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंका आगमन देखा जाता है। यद्यपि यहाँपर समस्त कषाय-उदयस्थानोंमें त्रसजीवोंका सदृशरूपसे अवस्थान सम्भव नहीं है तो भी समीकरण करके यह त्रैराशिकविधान जानना चाहिए। यतः इस प्रकार इतने-मात्र कषाय-उदयस्थानोंमें एक कालमें त्रस जीवराशि रहती है, इसलिए प्रथम पृच्छा यहाँ सम्भव नहीं, इसलिये उसका अपसरण कर 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' इस प्रकार इस दूसरी पृच्छाकी ही यहाँ सम्भावना दिखलाई है। इसी प्रकार नरकादि गतियोंमेंसे प्रत्येक गतिको विवक्षित कर प्रकृत प्ररूपणा पूरी जाननी चाहिए, क्योंकि एक-एक कषाय-उदयस्थानमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव होते हैं इस प्रकार इस कथनकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है। इस प्रकार कषाय-उदयस्थानोंमें प्रकृत विषयका निर्देश करके सब कषायोपयोगाद्धा-स्थानोंमें प्रकृत अर्थका कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** किन्तु कषायोपयोगकालस्थानोंमें उत्कृष्टरूपसे असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण होते हैं।**

§ १६३. एक-एक कषाय-उपयोगाद्धास्थानमें त्रस जीव उत्कृष्टरूपसे असंख्यातवें भाग-मात्र होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि अन्तर्मुहूर्त प्रमाण कषाय-उपयोगाद्धा-स्थानोंमें समस्त त्रसजीवराशि यथा प्रविभागके अनुसार रहती है यह विधि करके त्रैराशिक-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सेढिमेत्ताणं जीवाणमेक्कम्मि कसायुवजोगद्धट्ठाणे समुवलंभादो। जइ वि सव्वेसु कसायोवजोगद्धट्ठाणेसु समपविभागेण तसजीवरासीए अवट्ठाणसंभवो णत्थि तो वि समकरणविहाणेणेदं तेरासियमणुगंतव्वं। एत्थ वि णिरयादिगदीणं पादेक्कणिरुंभणं कादूण पयदपरूवणा समयाविरोहेणाणुगंतव्वा। तदो एत्थ वि सो चेव भावत्थो अणेगेसु कसायोवजोगद्धट्ठाणेसु णियमा सव्वा गदी उवजुंजदि त्ति। संपहि एदस्स चेव भावत्थस्स फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** एवं भणिदं होइ सव्वगदीओ णियमा अणेगेसु कसायुदयट्ठाणेसु अणेगेसु च कसायउवजोगद्धट्ठाणेसु त्ति।**

§ १६४. कुदो पुव्वुत्तेण णाएण तहाभावसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो[1]। एवमेदं परूविय संपहि पयदविसये जीवप्पाबहुअपदुप्पायणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** तदो एवं परूवणं कादूण णवहि पदेहि अप्पाबहुअं।**

§ ३०२ एदस्स गाहापच्छद्धस्स अत्थविहासणट्ठमेत्थ तिण्णि सेढीओ अप्पाबहुअ-संबंधिणीओ णादव्वाओ त्ति भणिदं होइ। कधं पुण गाहापच्छद्धमेदं तिविहाए सेढीए अप्पाबहुअपरूवणम्मि पडिबद्धमिदि चे? वुच्चदे, तं जहा—एत्थतणसमयसद्दो ण कालवाचओ, किंतु ववत्थावाचओ घेत्तव्वो। तेण पढमसमयोवजुत्तेहिं त्ति वुत्ते पढमादियाए सेढीए गहणं कायव्वं, पढमकसायादियाए ववत्थाए परिणदेहिं जीवेहिं एया अप्पाबहुअसेढी णायव्वा त्ति सुत्तत्थावलंबणादो। एवं चरिमसमये च बोद्धव्वा त्ति एदेण वि चरिमादियाए सेढीए संगहो कायव्वो, चरिमकसायादियाए ववत्थाए अण्णा अप्पाबहुअसेढी बोद्धव्वा त्ति तदत्थावलंबणादो। जेणेदाओ दो वि सेढीआ देसामासयभावेण पयट्टाओ तेण विदियादिया[1] वि सेढी एत्थेवंतब्भूदा त्ति गहेयव्वा। अथवा सम्यगीयते प्राप्यते इति समयः संपरायः कसायः[2] इत्येकोऽर्थः। प्रथमश्चासौ समयश्च

---

* वह जैसे।

§ ३०१. यह सूत्रवचन भी सुगम है।

*** प्रथमादिका श्रेणि या प्रथम आदि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके द्वारा और अन्तिमादिका श्रेणि या अन्तिमादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंकेद्वारा अल्पबहुत्व जानना चाहिए। इस प्रकार प्रकृतमें तीन श्रेणियाँ कही गई हैं।**

§ ३०२. गाथाके इस उत्तरार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेके लिये यहाँपर अल्प-बहुत्वसे सम्बन्ध रखनेवाली तीन श्रेणियाँ जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—गाथाका यह उत्तरार्ध तीन प्रकारकी श्रेणियोंसे सम्बन्ध रखनेवाले अल्प-बहुत्वके कथनमें कैसे प्रतिबद्ध है?

समाधान—कहते हैं, यथा—इसमें आया हुआ 'समय' शब्द कालवाचक नहीं है, किन्तु व्यवस्थावाचक ग्रहण करना चाहिए। इसलिये 'पढमसमयोवजुत्तेहिं' ऐसा कहनेपर प्रथमादिका श्रेणिका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि प्रथम कषाय आदिरूप व्यवस्थासे परिणत हुए जीवोंके द्वारा एक अल्पबहुत्व श्रेणि जाननी चाहिए, इस प्रकार प्रकृतमें सूत्रार्थका अव-लम्बन लिया है। इसी प्रकार 'चरिमसमए च बोद्धव्वा' इस प्रकार इस वचनद्वारा भी चरमादिका श्रेणिका संग्रह करना चाहिए, क्योंकि अन्तिम कषाय आदिरूप व्यवस्थामें अन्य अल्पबहुत्व श्रेणि जाननी चाहिए इस प्रकार उक्त वचनके अर्थका अवलम्बन लिया है। यतः ये दोनों ही श्रेणियाँ देशामर्षकभावसे प्रवृत्त हुई हैं, इसलिए द्वितीयादिका श्रेणि भी यहाँपर अन्तर्भूत है, अतः उसे भी ग्रहण करना चाहिए। अथवा जो 'सं' सम्यक्रूपसे 'ईयते' अर्थात्

---

१. ता० प्रतौ तेण वि विदियादिया इति पाठः। २. ता०प्रतौ संपराय कषाय इति पाठः।

प्रथमसमयः प्रथमकषाय इत्यर्थः। एवं चरिमसमय इत्यत्रापि बोद्धव्यं। शेषं पूर्ववद्व्याख्येयं। तदो कसायोवजुत्ताणं तीहिं सेढीहिं अप्पाबहुअपरूवणट्ठमेदं गाहापच्छद्धमोइण्णमिदि सिद्धं। एवमेदस्स गाहापच्छद्धस्स पडिबद्धत्थपरूवणं कादूण संपहि ताओ काओ तिण्णि सेढीओ त्ति आसंकाए पुच्छासुत्तमुत्तरं भणइ—

* तं जहा।

§ ३०३. सुगमं।

* विदियादिया पढमादिया चरिमादिया ३।

§ ३०४. एवमेदाओ तिण्णि सेढीओ त्ति भणिदं होइ। का सेढी णाम? सेढी पंती अप्पाबहुअपरिवाडि त्ति एयत्थो। तत्थ जम्मि अप्पाबहुअपरिवाडिम्मि माण-
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
सण्णिदविदियकसायोवजुत्ते आदिं कादूण थोवबहुत्तपरिक्खा कीरदे सा विदियादिया णाम। सा चुण तिरिक्ख-मणुसेसु होइ, तत्थ माणोवजुत्ताणं थोवभावेण सव्वहेट्ठिमत्त-दंसणादो। तहा जम्हि अप्पाबहुअपरिवाडिम्मि कोहसण्णिदपढमकसायोवजुत्ताणं थोव-भावेण पढमणिद्देसेण पढमादिया णाम। सा चुण देवगदीए होइ, तत्थ कोहोवजुत्ताणं सव्वहेट्ठिमत्तदंसणादो। तहा जम्हि थोवबहुत्तपरिवाडीए लोभसण्णिदचरिमकसायोव-

प्राप्त होता है वह समय अर्थात् सम्पराय-कषाय कहलाता है इस प्रकार समय शब्दका यह एक अर्थ है। तथा प्रथम जो समय वह प्रथम समय है। प्रथम कषाय यह उसका अर्थ है। इसी प्रकार 'चरिमसमय' इस पदमें भी जानना चाहिए। शेष व्याख्यान पहलेके समान करना चाहिए। इसलिए कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका तीन श्रेणियोंद्वारा अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये गाथाका उत्तरार्ध आया है यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार गाथाके इस उत्तरार्धसे सम्बन्ध रखनेवाले अर्थका कथनकर अब वे तीन श्रेणियाँ कौनसी हैं ऐसी आशंका होनेपर आगेके पृच्छासूत्रको कहते हैं—

* वह जैसे।

§ ३०३. यह सूत्रवचन सुगम है।

* द्वितीयादिका श्रेणि, प्रथमादिका श्रेणि और चरमादिका श्रेणि ३।

§ ३०४. इस प्रकार ये तीन श्रेणियाँ हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—श्रेणि किसे कहते हैं?

समाधान—श्रेणि, पंक्ति और अल्पबहुत्वपरिपाटी ये तीनों पद एकार्थक हैं।

उनमेंसे मानसंज्ञावाली दूसरी कषायसे उपयुक्त जिस अल्पबहुत्व परिपाटीसे लेकर अल्पबहुत्वकी परीक्षा की जाती है वह द्वितीयादिका परिपाटी कहलाती है। परन्तु वह तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें होती है, क्योंकि उनमें मानकषायसे उपयुक्त हुए जीवोंका स्तोकभावसे सबसे अधस्तनपना देखा जाता है। तथा जिस अल्पबहुत्वपरिपाटीमें क्रोध संज्ञावाली प्रथम कषायसे उपयुक्त हुए जीवोंका स्तोकपनेकी अपेक्षा प्रथम पदका निर्देश किया गया है वह प्रथमादिका परिपाटी कहलाती है। परन्तु वह देवगतिमें होती है। तथा जिस अल्पबहुत्व-परिपाटीमें लोभसंज्ञावाली अन्तिम कषायसे उपयुक्त हुए जीवोंका सबसे स्तोकपना है वह

जुत्ताणं सव्वत्थोवभावो सा चरिमादिया णाम। चरिमो कसायो आदी जिस्से अप्पाबहुअसेढीए सा चरिमादिया त्ति समासावलंबणादो। सा वुण णेरइएसु होइ, तत्थ लोभोवजुत्ताणं सव्वत्थोवभावे पवुत्तिदंसणादो। एवमेदाओ तिण्णि चेव अप्पाबहुअसेढीओ पयदविसये संभवंति, पयारंतरस्स तत्थाणुवलंभादो। एत्थ ताव विदियाए सेढीए साहणट्ठमेसा संदिट्ठी—

०००००००००००० माणोवजुत्तद्धा।

०००००००००००००० कोहोवजुत्तद्धा।

०००००००००००००००० मायोवजुत्तद्धा।

०००००००००००००००००० लोभोवजुत्तद्धा।

संपहि एदीए संदिट्ठीए पयदत्थसाहणट्ठमुवरिमं चुण्णिसुत्तपबंधमणुसरामो—

*** विदियादियाए साहणं।**

§ ३०५. तत्थ ताव विदियादियाए सेढीए जीवप्पाबहुअपरूवणस्स साहणं तप्पवेसणकालपडिबद्धमप्पाबहुअं कस्सामो त्ति वुत्तं होइ।

*** माणोवजुत्ताणं पवेसणयं थोवं।**

§ ३०६. तिरिक्ख-मणुस्सेसु माणोवजुत्ताणं पवेसणकालो उवरिमपदविवक्खओ

कागजदाता आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

चरमादिका परिपाटी कहलाती है) चरम कषाय है आदिमें जिस अल्पबहुत्वश्रेणिके वह चरमादिका इस प्रकार प्रकृतमें समासका अवलम्बन लिया है। परन्तु वह नारकियोंमें होती है, क्योंकि उनमें लोभसे उपयुक्त हुए जीवोंकी सबसे स्तोकरूपसे प्रवृत्ति देखी जाती है। इस प्रकार प्रकृत विषयमें ये तीन ही अल्पबहुत्वश्रेणियाँ सम्भव हैं, क्योंकि प्रकृतमें इनके सिवाय दूसरा प्रकार नहीं उपलब्ध होता है। यहाँपर सर्वप्रथम द्वितीयादिका श्रेणिके साधन करनेके लिये यह संदृष्टि है—

०००००००००००० मानोपयोगकाल।

०००००००००००००० क्रोधोपयोगकाल।

०००००००००००००००० मायोपयोगकाल।

०००००००००००००००००० लोभोपयोगकाल।

अब इस संदृष्टिद्वारा प्रकृत अर्थका साधन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धका अनुसरण करते हैं—

*** अब द्वितीयादिका श्रेणिकी अपेक्षा साधन करते हैं।**

§ ३०५. वहाँ सर्वप्रथम द्वितीयादिका श्रेणिकी अपेक्षा जीव अल्पबहुत्वके कथनका साधन करेंगे अर्थात् जीवोंके प्रवेशकालसे सम्बन्ध रखनेवाले अल्पबहुत्वको कहेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल सबसे थोड़ा है।**

§ ३०६. तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल उपरिम

थोवो त्ति भणिदं होदि। कथं पुनः प्रवेशनशब्देन प्रवेशकालो गृहीतुं शक्यत इति नाशंकनीयम्, प्रविशन्त्यस्मिन् काले इति प्रवेशकालस्य अनुज्ञादनात्।

*** कोहोवजुत्ताणं पवेसणगं विसेसाहियं।**

§ ३०७. केत्तियमेत्तो विसेसो? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो। एवं मायालोभोवजुत्ताणं एत्तो जहाकमेण पवेसणकालाणं विसेसाहियत्तमणुगंतव्वं, सुत्तस्सेदस्स देसामासयभावेण पयट्टत्तादो। जदो एवं पवेसणकालाणं माणादिपरिवाडीए विसेसाहियभावो तिरिक्ख-मणुसेसु तदो तक्कालसंचिदमाणादिकसायोवजुत्ताणं पि तहाभावसिद्धि त्ति परिप्फुडमेवेदं 'विदियादियाए साहणमिदि सिद्धं, पवेसणकालाणुसारेण संचयसिद्धीए णाइयत्तादो। एदम्मि पुण पक्खे अवलंबिज्जमाणे 'एसो विसेसो एक्केण उवदेसेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागो' त्ति उवरिमाणंतरसुत्तं ण घडदे, पवेसणकालम्मि पलिदोवमासंखेज्जदिभागपडिभागियस्स विसेसस्स सव्वप्पणा संभवाणुवलंभादो। तदो णेदं पवेसणकालाणमप्पाबहुअपरूवयं सुत्तं किंतु कसायोवजोगद्धासु समयं पडि दुक्कमाणजीवाणं पवेसणस्स थोवबहुत्तपरिक्खणट्ठमेदं सुत्तमोइण्णं इदि घेत्तव्वं।

§ ३०८. तं जहा—माणोवजुत्ताणं पवेसणयं थोवं, कोहोवजुत्ताणं पवेसणयं

पदोंको देखते हुए सबसे थोड़ा है।

शंका—प्रवेशन शब्दसे प्रवेशकालका ग्रहण कैसे शक्य है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जिस कालमें जीव प्रवेश करते हैं इस प्रकार प्रवेशन शब्द प्रवेशकालके अर्थमें व्युत्पादित किया गया है।

*** उससे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल विशेष अधिक है।**

§ ३०७. विशेषका प्रमाण कितना है? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार आगे मायाकषाय और लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल विशेष अधिक जान लेना चाहिए, क्योंकि यह सूत्र देशामर्षकभावसे प्रवृत्त हुआ है। यतः इस प्रकार मानकषायसे लेकर परिपाटी क्रमसे तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें प्रवेशकालका विशेष अधिकपना है, इसलिये उस कालमें संचित हुए मानादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके भी विशेष अधिकपनेकी सिद्धि स्पष्टरूपसे बन जाती है यह 'विदियादियाए साहणं' इस सूत्रसे स्पष्टरूपसे सिद्ध है, क्योंकि प्रवेशकालके अनुसार संचयकी सिद्धि न्यायप्राप्त है। परन्तु इस पक्षके अवलम्बन करनेपर 'यह विशेष एक उपदेशके अनुसार पल्योपमके असंख्यातवें भागके प्रतिभागस्वरूप है' इस प्रकार यह उपरिम अनन्तर सूत्र नहीं बनता है, क्योंकि प्रवेशकालमें पल्योपमके असंख्यातवें भागके प्रतिभागस्वरूप विशेष सब प्रकारसे उत्पत्ति नहीं बन सकती। इसलिए यह प्रवेशकालोंके अल्पबहुत्वका कथन करनेवाला सूत्र नहीं है, किन्तु कषायोंके उपयोगकालोंके भीतर प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाले जीवोंके प्रवेशके अल्पबहुत्वकी रक्षा करनेके लिये यह सूत्र आया है ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

§ ३०८. यथा—मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेश सबसे थोड़ा है। उससे

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विसेसाहियमिदि वुत्ते पढमसमये माणोवजुत्तो होदूण पविसमाणजीवरासीदो तम्मि चेव पढमसमये कोहोवजुत्तो होदूण पविसमाणजीवरासी विसेसाहिओ होदि त्ति अत्थो घेत्तव्वो। एवं विदियादिसमएसु वि दोण्हं कसायोवजुत्तरासीणं सण्णियासं कादूण णेदव्वं जाव चरिमसमयोवजुत्ता त्ति। णवरि माणोवजुत्ताणं चरिमसमयादो उवरि विसेसाहियमद्धाणं गंतूण कोहोवजुत्ताणं चरिमसमयो होदि त्ति वत्तव्वं। एवं मायालोभाणं पि वत्तव्वं। जेणेवं समयं पडि ढुक्कमाणमाणोवजुत्तरासीदो पडिसमयमुवक्कममाणकोहोवजुत्तरासी विसेसाहिओ अद्धाणविसेसो च जेण अत्थि तेण कारणेण तदत्थासंगलिदजीवरासिसंचओ वि तदणुसारिओ चेव होदि त्ति सुव्वत्तमेवेदं विदियादिए साहणं। एदं वक्खाणमेत्थ पहाणभावेणावलंबेयव्वं, अविरुद्धसरूवत्तादो।

*** एसो विसेसो एक्केण उवदेसेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागो।**

§ ३०९. जो एसो अणंतरपरूविदो विसेसो माणोवजुत्ताणं पवेसणादो कोहोवजुत्ताणं पवेसणयं विसेसाहियमिदि सो किं हेट्ठिमरासिस्स संखेज्जदिभागमेत्तो असंखेज्जदिभागमेत्तो वा अणंतभागमेत्तो वा? असंखेज्जदिभागमेत्तो वि होंतो किमावलियाए

क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल विशेष अधिक है ऐसा कहनेपर प्रथम समयमें मानकषायमें उपयुक्त होकर प्रवेश करनेवाली जीवराशिसे उसी समयमें क्रोधकषायमें उपयुक्त होकर प्रवेश करनेवाली जीवराशि विशेष अधिक होती है यह अर्थ प्रकृतमें ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार द्वितीयादि समयोंमें भी दोनों कषायोंमें उपयुक्त हुई जीवराशिका सन्निकर्ष करके अन्तिम समयमें उपयुक्त हुई जीवराशिके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके अन्तिम समयसे ऊपर विशेष अधिक काल जाकर क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका अन्तिम समय होता है ऐसा कहना चाहिए। इसी प्रकार मायाकषाय और लोभकषायकी अपेक्षा भी कथन करना चाहिए। यतः इस प्रकार प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाली मानकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशिसे प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाली क्रोधकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशि विशेष अधिक होती है और यतः अध्वान विशेष होता है इस कारणसे वहाँपर संकलित जीवराशिका संचय भी उसीके अनुसार ही होता है इस प्रकार यह द्वितीयादिका श्रेणिका साधन सुव्यक्त ही है। इस व्याख्यानका यहाँपर प्रधानरूपसे अवलम्बन करना चाहिए, क्योंकि यह व्याख्यान अविरुद्धस्वरूप है।

*** यह विशेष एक उपदेशके अनुसार पल्योपमके असंख्यातवें भागके प्रतिभागस्वरूप है।**

§ ३०९. मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके प्रवेशसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेश विशेष अधिक है इस बातको बतलानेवाला जो यह अनन्तर कहा गया विशेष है वह क्या अधस्तन राशिके संख्यातवें भागप्रमाण है या असंख्यातवें भागप्रमाण है या अनन्तवें भागप्रमाण है? असंख्यातवें भागप्रमाण होता हुआ भी क्या आवलिके असंख्यातवें भागके

असंखेज्जदिभागपडिभागिओ आहो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागिओ, किं वा अण्णपडिभागिओ त्ति संपहारणाए तव्विसयणिण्णयजणणट्ठमेदं सुत्तमोइण्णं ।

§ ३१०. तं जहा—एत्थ वे उवएसा—पवाइज्जंतओ अपवाइज्जंतओ चेदि । तत्थ ताव एक्केण अपवाइज्जंतएण उवदेसेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागिओ एसो विसेसो घेत्तव्वो, समयं पडि माणोवजुत्ताणं पवेसणरासिं जहावुत्तेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपडिभागेण खंडेयूणेयखंडमेत्तेण कोहोवजुत्ताणं पवेसणस्स तत्तो विसेसाहियत्तब्भुवगमादो संचयस्स वि एसो चेव पडिभागो एदम्मि उवएसे वत्तव्वो, संचयस्स सव्वत्थ पवेसाणुसारित्तदंसणादो अद्धा विसेसस्स एदम्मि पक्खे अविवक्खियत्तादो । अधवा संचयस्स एसो पडिभागो ण जोजेयव्वो, अद्धाविसेसस्सेव तत्थ पहाणत्तोवलंभादो ।

* पवाइज्जंतेण उवदेसेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

§ ३११. विसेसो त्ति पुव्वसुत्तादो अणुवट्टदे, पडिभागो त्ति च, तेणेवमहिसंबंधो कायव्वो—माणोवजुत्ताणं पवेसणरासिमावलियाए असंखेज्जदिभागपडिभागेण भागं घेत्तूण तत्थ भागलद्धमेत्तेण कोहोवजुत्ताणं पवेसणरासी तत्तो विसेसाहिओ त्ति एसो चेव उवएसो एत्थ पहाणभावेणावलंबेयव्वो, पवाइज्जमाणत्तादो ।

प्रतिभागस्वरूप है या पल्योपमके असंख्यातवें भागके प्रतिभागस्वरूप है या क्या अन्य प्रतिभागस्वरूप है ऐसी आशंका होनेपर उस विषयका निर्णय करनेके लिए यह सूत्र आया है ।

§ ३१०. यथा—इस विषयमें दो उपदेश पाये जाते हैं—प्रवाह्यमान उपदेश और अप्रवाह्यमान उपदेश । उनमेंसे सर्वप्रथम एक अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार पल्योपमके असंख्यातवें भागके प्रतिभागस्वरूप इस विशेषको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक समयमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंकी प्रवेशराशिको पूर्वोक्त पल्योपमके असंख्यातवें भागरूप प्रतिभागसे भाजितकर जो एक भाग प्राप्त हो उतना क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेश मानकषायमें प्रवेश करनेवाली जीवराशिसे विशेष अधिक स्वीकार किया गया है तथा संचयका भी यही प्रतिभाग इस उपदेशके अनुसार कहना चाहिए, क्योंकि सर्वत्र संचय प्रवेशके अनुसार देखा जाता है तथा इस पक्षमें कालविशेषकी विवक्षा नहीं की गई है । अथवा संचयका यह प्रतिभाग नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कालविशेषकी ही वहाँ प्रधानता पाई जाती है ।

*** प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार विशेष आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।**

§ ३११. विशेष इस पदकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति होती है और प्रतिभाग पदकी भी, इसलिए ऐसा सम्बन्ध करना चाहिए कि मानकषायमें प्रवेश करनेवाली राशिको आवलिके असंख्यातवें भागरूप प्रतिभागसे भाजितकर वहाँ जो भाग लब्ध आवे उतनी क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंकी प्रवेशराशि उससे विशेष अधिक होती है इस प्रकार यही उपदेश यहाँपर प्रधानभावसे लेना चाहिए, क्योंकि यह प्रवाह्यमान उपदेश है ।

§ ३१२. संपहि एदेण पवेसणप्पाबहुएण साहिदसंचयप्पाबहुअमोघेण तिरक्ख-मणुसगईसु च एवमणुगंतव्वं—सव्वत्थोवा माणोवजुत्ता। कोहोवजुत्ता विसेसाहिया। मायोवजुत्ता विसेसाहिया। लोभोवजुत्ता विसेसाहिया। सव्वत्थ विसेसपमाणमणंतर-परूविदत्तादो सुगमं। एवं विदियादिया सेढी समत्ता।

मार्गदर्शक: आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३१३. संपहि एदेण देसामासयसुत्तेण सूचिदपढम-चरिमादियाणं पि साहणं कादूण तदो संचयप्पाबहुअं कायव्वं। तं जहा—देवगदीए कोहोवजुत्ता थोवा। माणोवजुत्ता संखेज्जगुणा। मायोवजुत्ता संखेज्जगुणा। लोभोवजुत्ता संखेज्जगुणा, तद्धाणं तप्पवेसणस्स च तहाभावेणावट्ठाणादो। एसा पढमादिया सेढी। एवं चरमादिया वि णेदव्वा। णवरि णिरयगइसंबंधेण देवगइविवज्जासेण तदुच्चारणं कायव्वं। जइ वि एदं जीवविसयमप्पाबहुअं पुव्वमट्ठसु अणिओगद्दारेसु परूविज्जमाणेसु विहासिदं चेव तो वि पवेसणसंबंधेण विसेसपमाणावहारणमुहेण च विसेसयूणेत्थ परूवणादो ण पुणरुत्तदोसावयारो। एवमप्पाबहुए समत्ते सत्तमीए सुत्तगाहाए पच्छद्धस्स अत्थविहासा समत्ता। संपहि एवमेदेसु सत्तसु गाहासुत्तेसु विहासिय समत्तेसु एत्थेवुवजोगाणिओगद्दारपरिसमत्ती जायदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुदसंहारवक्कं—

एवमुवजोगो त्ति समत्तमणिओगद्दारं।

---

§ ३१२. अब इस प्रवेशसम्बन्धी अल्पबहुत्वसे साधा गया संचयसम्बन्धी अल्पबहुत्व ओघसे तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें इस प्रकार जानना चाहिए—मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे माया-कषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं तथा उनसे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। सर्वत्र विशेषका प्रमाण अनन्तर कहा गया होनेसे सुगम है। इस प्रकार द्वितीयादिका श्रेणि समाप्त हुई।

§ ३१३. अब इस देशामर्षक सूत्रसे सूचित हुई प्रथमादिका और चरमादिका श्रेणियोंका भी साधनकर उसके बाद संचयसम्बन्धी अल्पबहुत्व कर लेना चाहिए। यथा—देवगतिमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे थोड़े हैं, उनसे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यात-गुणे हैं, उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं तथा उनसे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं, क्योंकि उनका काल और उनका प्रत्येक समयमें प्रवेश उसी प्रकार देखा जाता है। यह प्रथमादिका श्रेणि है। इसी प्रकार चरमादिका श्रेणि भी जाननी चाहिए। इतनी विशेषता है नरकगतिके सम्बन्धसे उसका कथन देवगतिके विपरीतरूपसे करना चाहिए। यद्यपि यह जीवविषयक अल्पबहुत्व पहले आठ अनुयोगद्वारोंके कथनके समय कह आये हैं तो भी प्रवेशके सम्बन्धसे विशेष प्रमाणके अवधारणद्वारा विशेषरूपसे यहाँपर कथन करनेसे पुनरुक्त दोषका अवतार नहीं होता है। इस प्रकार अल्पबहुत्वके समाप्त होनेपर सातवीं सूत्रगाथाके उत्तरार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त हुआ। अब इस प्रकार इन सात गाथासूत्रोंका व्याख्यान समाप्त होनेपर यहींपर उपयोग अनुयोगद्वारकी समाप्ति हो जाती है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका उपसंहार वाक्य है-

इस प्रकार उपयोगसंज्ञक सातवाँ अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सिरि-जइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

कसायपाहुडं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

चउट्ठाणमिदि अट्ठमो अत्थाहियारो

णमो अरहंताणं०

णिट्ठवियचउट्ठाणं पणट्ठकम्मट्ठदुट्ठरिउचेट्ठं ।
वोच्छामि चउट्ठाणं जिणपरमेट्ठिं पणमियूण ॥ १ ॥

जिसने अनुभागसम्बन्धी चार स्थानोंको निष्ठापितकर लिया है और जिसने आठ कर्मरूपी दुष्ट शत्रुकी चेष्टाको नष्ट कर दिया है ऐसे श्री जिन परमेष्ठीको प्रणामकर चतुःस्थान अनुयोगद्वारका कथन करता हूँ ॥ १ ॥

§ १. उवजोगपरूवणाणंतरं किमट्ठमेदं चउट्ठाणसण्णिदमणिओगद्दारमोइण्णमिदि चे ? वुच्चदे—कोहादिकसायाणमुवजोगो एयवियप्पो ण होइ, किंतु एग-वि-ति-चउट्ठाणभेयभिण्णकसायाणुभागोदयजणिदत्तादो पादेक्कं चउप्पयारो होदि त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स णिदरिसणोवणयमुहेण पदुप्पायणट्ठमेदमणियोगद्दारमोइण्णं, तहाभूदत्थविसेसपदुप्पायणम्मि गाहासुत्ताणमुवरिमाणं पडिबद्धत्तदंसणादो। अदो चेव चउट्ठाणसण्णा एदस्स सुसंबद्धा। लदासमाणादिभेयभिण्णाणं चदुण्हं ट्ठाणाणं समाहारो चउट्ठाणं तप्परूवयमणियोगद्दारं पि चउट्ठाणमिदि, गोण्णपदणामावलंबणादो। एवमेदेण संबंधेणागदस्सेदस्स अणियोगद्दारस्स विहासणट्ठमेत्थ गाहासुत्तावयारो कीरदे—

*** चउट्ठाणे त्ति अणियोगद्दारे पुव्वं गमणिज्जं सुत्तं।**

२. चउट्ठाणे त्ति जमणिओगद्दारं कसायपाहुडस्स पण्हारसण्हमत्थाहियाराणं मज्झे अट्ठमं तस्सेदाणिमत्थविहासणमहिकीरदे। तत्थ य पुव्वं पढमसेव ताव गमणिज्जमणुगंतव्वं, सुत्तं गुणहराइरियमुहकमलविणिग्गयमणंतत्थगब्भं गाहासुत्तमिदि वुत्तं होइ। जइ वि एत्थ सोलस सुत्तगाहाओ उवरि भणिस्समाणाओ तो वि सुत्तत्थजाइदुवारेण तासिमेयत्तमत्थि त्ति एयवयणणिद्देसो ण विरुज्झदे।

---

§ १. शंका—उपयोग अनुयोगद्वारके कथन करनेके बाद चतुःस्थान संज्ञावाला यह अनुयोगद्वार किसलिये आया है ?

समाधान—कहते हैं, क्रोधादि कषायोंका उपयोग एक प्रकारका नहीं होता, किन्तु कषायोंका अनुभाग एक, दो, तीन और चार प्रकारके भेदोंमें विभक्त है, अतः उसके उदयसे उत्पन्न होनेके कारण कषायोंका उपयोग प्रत्येक चार प्रकारका है इसप्रकार इसप्रकारके अर्थविशेषका दृष्टान्तोंद्वारा कथन करनेके लिये यह अनुयोगद्वार आया है, क्योंकि आगेके गाथासूत्रोंका उस प्रकारके अर्थविशेषके कथनके रूपमें सम्बन्ध देखा जाता है और इसीलिये इस अनुयोगद्वारकी चतुःस्थान संज्ञा सुसम्बद्ध है।

लतासमान आदि भेदोंमें विभक्त चार स्थानोंका समाहार चतुःस्थान है और उसका कथन करनेवाला अनुयोगद्वार भी चतुःस्थान है, क्योंकि इस संज्ञाके करनेमें गौण्यपदका अवलम्बन लिया है। इस प्रकार इस सम्बन्धसे प्राप्त हुए इस अनुयोगद्वारका कथन करनेके लिये यहाँ गाथासूत्रोंका अवतार करते हैं—

*** चतुःस्थान नामक अनुयोगद्वारमें सर्वप्रथम गाथासूत्र जानना चाहिए।**

§ २. कषायप्राभृतके पन्द्रह अर्थाधिकारोंमेंसे चतुःस्थान नामका जो आठवाँ अनुयोगद्वार है, उसका इस समय अर्थ सहित व्याख्यान करते हैं। उसमें 'पुव्वं' अर्थात् प्रथम ही गाथासूत्र 'गमणिज्जं' अर्थात् जानना चाहिए। यहाँपर सूत्रपदसे तात्पर्य गुणधर आचार्यके मुख-कमलसे निकला हुआ अनन्त अर्थ गर्भित गाथासूत्र है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यद्यपि यहाँपर आगे १६ सोलह सूत्रगाथाएँ कही जायगी तो भी सूत्ररूप अर्थकी एक जाति है इस अपेक्षा उनमें एकपना है, इसलिये एकवचन निर्देश विरोधको प्राप्त नहीं होता।

* तं जहा ।

§ ३. सुगममेदं पुच्छावक्कं । एवं पुच्छाविसईकयाणं गाहासुत्ताणं जहाकममेसो सरूवणिद्देसो—

(१७) कोहो चउव्विहो वुत्तो माणो वि चउव्विहो भवे ।
माया चउव्विहा वुत्ता लोहो वि य चउव्विहो ॥१-७०॥

§ ४. एसा ताव पढमा सुत्तगाहा । एदीए कोह-माण-माया-लोहाणं पादेक्कं चउव्विहत्तमेत्तं पइण्णादं । एत्थ कोहो चउव्विहो त्ति वुत्ते किमणंताणुबंधि-पच्चक्खाणापच्चक्खाण-संजलणभेएण कोहस्स चउव्विहत्तमहिप्पेदं, आहो पयारंतरेण त्ति ? ण ताव अणंताणुबंधिकोहादिभेएण चउविहत्तमेत्थ विवक्खियं, तहाविहस्स भेद-णिद्देसस्स पयडिविहत्तिआदिसु पुव्वमेव सुणिण्णीदत्तादो उवरिमपरूवणाए तप्पडिबद्धत्त-दंसणादो च । किंतु एग-वि-ति-चउट्ठाणभेयभिण्ण-कसायाणुभागोदयजणिदणग-पुढवि-वालुगोदयरायिसरिसपरिणामभेदेण कोहस्स चउप्पयारत्तमेत्थ विवक्खियं, तहाविहभेद-परूवणाए चेव उवरिमाणं गाहासुत्ताणं पडिबद्धत्तदंसणादो । एवं माण-माया-लोभाणं पि अपयदभेदचउक्कणिवारणमुहेण पयदचउब्भेदपरूवणं कायव्वं ।

---

* वे जैसे ।

§ ३. यह पृच्छावाक्य सुगम है । इसप्रकार पृच्छाके विषयको प्राप्त हुई गाथासूत्रोंका यह क्रमसे स्वरूपनिर्देश है—

*** क्रोध चार प्रकारका कहा गया है, मान भी चार प्रकारका है, माया चार प्रकारकी कही गई है और लोभ भी चार प्रकारका है ॥१-७०॥**

§ ४. सर्वप्रथम यह पहली सूत्रगाथा है । इस द्वारा क्रोध, मान, माया और लोभ इनमेंसे प्रत्येककी चार प्रकारके होनेकी प्रतिज्ञा की गई है ।

शंका—यहाँपर क्रोध चार प्रकारका है ऐसा कहनेपर क्या अनन्तानुबन्धी, प्रत्या-ख्यान, अप्रत्याख्यान और संज्वलनके भेदसे चार प्रकारका क्रोध अभिप्रेत है या प्रकारान्तरसे वह चार प्रकारका अभिप्रेत है ?

समाधान—यहाँ अनन्तानुबन्धी क्रोध आदिके भेदसे वह चार प्रकारका विवक्षित नहीं है, क्योंकि उस प्रकारके भेदोंका निर्देश प्रकृतिविभक्ति आदिमें पहले ही अच्छी तरहसे निर्णीत कर आये हैं तथा आगेकी प्ररूपणामें उनका सम्बन्ध देखा जाता है । किन्तु कषायोंका अनुभाग एक, दो, तीन और चार स्थानोंके भेदसे विभक्त है, अतः उसके उदयसे नगराजि, पृथिवीराजि, बालुकाराजि, उदकराजिके समान परिणामोंके भेदसे क्रोधके चार प्रकार यहाँ विवक्षित हैं, क्योंकि उस प्रकारके भेदोंके कथनमें ही उपरिम गाथासूत्रोंका सम्बन्ध देखा जाता है । इसी प्रकार मान, माया और लोभके भी अप्रकृत भेदचतुष्कके निवारणद्वारा प्रकृत भेदचतुष्कका कथन करना चाहिए ।

§ ५. एत्थ कोहो दुविहो—सामण्णकोहो विसेसकोहो चेदि । तत्थाणंताणुबंधिआदिविसेसविवक्खाए विणा जं सव्वविसेससाहारणं कोहसामण्णं तं सामण्णकोहो णाम, तव्विवरीदसरूवो विसेसकोहो त्ति[1] भण्णदे, अणंताणुबंधिआदिविसेसविवक्खाणिबंधत्तादो । एत्थ पुण सामण्णकोहाधेक्खाए चउव्विहत्तमेदं परूविदं, अणंताणुबंधिआदिविसेसप्पणाए पादेक्कं तेसिं चउव्विहत्ताणुवलंभादो । किं कारणं ? अणंताणुबंधिपच्चक्खाणापच्चक्खाणकोहाणमेगट्ठाणपरिहारेण वि-ति-चउट्ठाणाणं चेव संभवदंसणादो । ततः संगृहीताशेषविशेषलक्षणं क्रोधसामान्यमाश्रित्य चातुर्विध्यमेतद्व्यवस्थितमिति सूक्तं । एवं मानादीनामपि वाच्यम् ।

(१८) णग-पुढवि-वालुगोदयराईसरिसो चउव्विहो कोहो ।
सेलघण-अट्ठि-दारुअ-लदासमाणो हवदि माणो ॥२–७१॥

§ ६. एसा विदियगाहा । एदीए कोह-माणकसायाणं णिदरिसणोवणयणमुहेण[2] पादेक्कं चउण्हं भेदाणं णामणिद्देसो कओ । तं जहा—'णग-पुढवि०' एवं भणिदे राइसद्दस्स सरिससद्दस्स च पादेक्कमहिसंबंधं कादूण णगराइसरिसो पुढविराइसरिसो वालुअराइसरिसो उदयराइसरिसो चेदि कोहो चउव्विहो होदि त्ति सुत्तत्थसमत्थणा

§ ५. यहाँपर क्रोध दो प्रकारका है—सामान्य क्रोध और विशेष क्रोध । उनमेंसे अनन्तानुबन्धी आदि विशेषकी विवक्षा विना जो सब विशेषोंमें साधारण क्रोध सामान्य है वह क्रोध सामान्य कहलाता है और उससे विपरीत स्वरूपवाला विशेष क्रोध कहा जाता है, क्योंकि वह संज्ञा अनन्तानुबन्धी आदि विशेषकी विवक्षानिमित्तक है, परन्तु यहाँपर सामान्य क्रोधकी अपेक्षासे यह चार प्रकारका कहा है, क्योंकि अनन्तानुबन्धी आदि विशेषकी मुख्यतासे प्रत्येक उनकी चार प्रकारसे उपलब्धि नहीं होती, क्योंकि अनन्तानुबन्धी, प्रत्याख्यान और अप्रत्याख्यान क्रोधोंके एक स्थानका परिहारकर द्विस्थान, त्रिस्थान और चतुःस्थानरूप अनुभागकी ही उत्पत्ति देखी जाती है । इसलिये जिसने अपने समस्त विशेषोंका संग्रह किया है ऐसे लक्षणवाले क्रोधसामान्यका आश्रयकर क्रोधकी चतुर्विधता व्यवस्थित है यह ठीक ही कहा है । इसी प्रकार मानादिकके विषयमें भी कथन करना चाहिए ।

*** क्रोध चार प्रकारका है—नगराजिसदृश, पृथिवीराजिसदृश, वालुकाराजिसदृश और उदकराजिसदृश । मान भी चार प्रकारका है—शैलघनसमान, अस्थिसमान, दारुसमान और लतासमान ॥२-७१॥**

§ ६. यह दूसरी गाथा है । इसमें क्रोधकषाय और मानकषायके उदाहरणद्वारा प्रत्येकके चार भेदोंका नामनिर्देश किया गया है । यथा—'णग-पुढवि०' ऐसा कहनेपर 'राजि' शब्दका और 'सदृश' शब्दका प्रत्येकके साथ सम्बन्ध करके नगराजिसदृश, पृथिवीराजिसदृश, वालुकाराजिसदृश और उदकराजिसदृश क्रोध चार प्रकारका है इस प्रकार सूत्रके अर्थका समर्थन

१. ता०प्रतौ सेसो कोहो [दि] त्ति इति पाठः । २. ता०प्रतौ णिदरिसणोवसमुहेण इति पाठः ।

कायव्वा। तत्थ णगराइसरिसो त्ति वुत्ते पव्वदसिलाभेदसरिसो कोहपरिणामो घेत्तव्वो। एदं सव्वकालमविणाससाधम्मं पेक्खियूण णिदरिसणं भणिदं। जहा पव्वदसिलाभेदो केण वि कारणंतरेण समुब्भूदसरूवो पुणो ण कदाइं पयोगंतरेण संधाणमागच्छइ, तदवत्थो चेव चिट्ठदि। एवं जो कोहपरिणामो कस्स वि जीवस्स कम्हि वि पुरिसविसेसे समुप्पण्णो ण केण वि पयोगंतरेणुवसमं गच्छइ, णिप्पडिकारो होदूण तम्मि भवे तहा चेवावचिट्ठदे, जम्मंतरं पि तज्जणिदसंसकारो अणुबंधदि, सो तारिसो तिव्वयरो कोहपरिणामो णगराइसरिसो त्ति भण्णदे।

§ ७. एवं पुढविराइसरिसो वि वत्तव्वो। णवरि पुव्विल्लादो एसो मंदाणुभागो, चिरकालमवट्ठिदस्स वि एदस्स पुणो पयोगंतरेण संधाणुवलंभादो[1]। तं जहा—गिम्हकाले पुढविभेदो पुढवीए रसक्खयेण फुट्टंतीए पयट्टो। पुणो पाउसकाले जलप्पवाहेणापूरिज्जमाणो तक्खणमेव संधाणमागच्छइ। एवं जो कोहपरिणामो चिरकालमवट्ठिदो वि संतो पुणो वि कारणंतरेण गुरूवदेसादिणा उवसमभावं पडिवज्जदि सो तारिसो तिव्वपरिणामभेदो पुढविराइसरिसो त्ति विण्णायदे। एत्थ उभयत्थ वि राइसद्दो अवयवविसरणप्पयभेदपज्जायवाचओ घेत्तव्वो।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ८. तहा वालुगराइसरिसो त्ति वुत्ते णदीपुलिणादिसु वालुगरासिमज्झ-

करना चाहिये। उनमेंसे नागराजिसदृश ऐसा कहनेपर पर्वतशिलाभेदसदृश क्रोध परिणाम लेना चाहिए। सर्व कालोंमें अविनाशरूप साधर्म्यको देखकर यह उदाहरण कहा है। जैसे पर्वतशिलाभेद किसी भी दूसरे कारणसे उत्पन्न होकर पुनः कभी भी दूसरे उपायद्वारा सन्धानको प्राप्त नहीं होता, तदवस्थ ही बना रहता है। इसी प्रकार जो क्रोध परिणाम किसी भी जीवके किसी भी पुरुषविशेषमें उत्पन्न होकर किसी भी दूसरे उपायसे उपशमको नहीं प्राप्त होता है, प्रतीकार रहित होकर उस भवमें उसी प्रकार बना रहता है, जन्मान्तरमें भी उससे उत्पन्न हुआ संस्कार बना रहता है, वह उस प्रकारका तीव्रतर क्रोधपरिणाम नगराजिसदृश कहा जाता है।

§ ७. इसीप्रकार पृथिवीराजिसदृश क्रोधका भी व्याख्यान करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पूर्वके क्रोधसे यह मन्द अनुभागवाला है, क्योंकि चिरकाल तक अवस्थित होने पर भी इसका पुनः दूसरे उपायसे सन्धान हो जाता है। यथा—ग्रीष्मकालमें पृथिवीका भेद हुआ अर्थात् पृथिवीके रसका क्षय होनेसे वह भेदरूपसे परिणत हो गई। पुनः वर्षाकालमें जलके प्रवाहसे वह दरार भरकर उसी समय संधानको प्राप्त हो गई। इसीप्रकार जो क्रोधपरिणाम चिरकाल तक अवस्थित रहकर भी पुनः दूसरे कारणसे तथा गुरुके उपदेश आदिसे उपशमभावको प्राप्त होता है वह उस प्रकारका तीव्र परिणामभेद पृथिवीराजिसदृश जाना जाता है। यहाँ दोनों स्थलोंपर भी 'राजि' शब्द अवयवके विच्छिन्न होनेरूप भेद पर्यायका वाचक लेना चाहिए।

§ ८. उसीप्रकार 'वालुकाराजिसदृश' ऐसा कहनेपर नदीके पुलिन आदिमें वालुका-

१ ता०प्रतौ सं [वं] धाणुवलंभादो इति पाठः।

समुट्ठिदरेहासमाणो कोहो त्ति घेत्तव्वो। एदमप्पयरकालावट्ठाणं पेक्खियूण भणिदं। तं जहा—णदीपुलिणादिसु वालुअरासिमज्झे पुरिसप्पयोगेणण्णदरेण वा केणचि कारणजादेण समुट्ठिदा रेहा जहा पवणाभिघादादिणा कारणंतरेण लहुमेव पुणो[1] समभावं गच्छदि एवं कोहपरिणामो वि मंदुत्थाणो गुरूवएसपवणपेल्लिदो संतो सव्वलहुमेवोवसमं गच्छमाणो वालुगराइसरिसो त्ति भण्णदे।

§ ९. एवमुदयराइसरिसो वि कोहो अणुगंतव्वो। णवरि एदम्हादो वि मंदयराणुभागो थोवयरकालावट्ठाणो च सो महेयव्वो, पाणीयमज्झसमुट्ठिदाए रेहाए पयोगंतरेण विणा तक्खणमेव विणासदंसणादो। एत्थ उहयत्थ वि राइसद्दो रेहापज्जायवाचओ घेत्तव्वो। एवं कोहस्स चउण्हं ट्ठाणाणमवट्ठाणकालस्स थोवबहुत्तमस्सियूण णिदरिसणोवणयणं कदं। एवं माणस्स वि चउण्हं ठाणाणं गाहापच्छद्धाणुसारेणाणुगमो कायव्वो। णवरि 'सेलघण' एवं भणिदे सिलाथंभसमाणो माणो त्ति घेत्तव्वो, समाणसद्दस्स पादेक्कमभिसंबंधावलंबणादो। अतिस्तब्धभावापेक्षया चैतत् प्रतिपादितम्। एवमस्थि-दारु-लतासमानानामप्यर्थो वाच्यः। सर्वत्र च स्तब्धतालक्षणस्य भावस्य प्रकर्षाप्रकर्षभावापेक्षया निदर्शनोपनयः कृत इति प्रतिपत्तव्यम्।

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

राशिके मध्य उत्पन्न हुई रेखाके समान क्रोध ऐसा ग्रहण करना चाहिए। यह अल्पतर काल तक रहता है इसे देखकर कहा है। यथा—नदीके पुलिन आदिमें वालुकाराशिके मध्य पुरुषके प्रयोगसे या अन्य किसी कारणसे उत्पन्न हुई रेखा जैसे हवाके अभिघात आदि दूसरे कारणद्वारा शीघ्र ही पुनः समान हो जाती है अर्थात् रेखा मिट जाती है। इसीप्रकार क्रोधपरिणाम भी मन्दरूपसे उत्पन्न होकर गुरुके उपदेशरूपी पवनसे प्रेरित होता हुआ अतिशीघ्र उपशमको प्राप्त हो जाता है। वह क्रोध वालुकाराजिके समान कहा जाता है।

§ ९. इसी प्रकार उदकराजिके सदृश भी क्रोध जान लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इससे भी मन्दतर अनुभागवाला और स्तोकतर काल तक रहनेवाला वह जानना चाहिए, क्योंकि पानीके भीतर उत्पन्न हुई रेखाका विना दूसरे उपायके उसी समय ही विनाश देखा जाता है। यहाँ उभयत्र 'राजि' शब्द रेखाका पर्यायवाची लेना चाहिए। इस प्रकार क्रोधके चारों स्थानोंके अवस्थानकालके अल्पबहुत्वका आश्रयकर उदाहरणका उपनयन किया। इसी प्रकार मानके भी चारों स्थानोंका गाथाके उत्तरार्धके अनुसार अनुगम करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि 'सेलघण' ऐसा कहनेपर शिला स्तम्भके समान मान लेना चाहिए, क्योंकि समान शब्दका प्रत्येकके साथ सम्बन्ध करनेका अवलम्बन लिया है। अतिस्तब्धभावकी अपेक्षा यह उदाहरण कहा गया है। इसी प्रकार अस्थि, दारु और लताके समान मानकषायका भी अर्थ कहना चाहिए। सर्वत्र स्तब्धतालक्षणभावके प्रकर्ष-अप्रकर्षपनेकी अपेक्षा उदाहरणोंका उपनय किया है ऐसा जानना चाहिए।

१. ता०प्रतौ पुणो व इति पाठः।

(१८) वंसीजण्हुगसरिसी मेंढविसाणसरिसी य गोमुत्ती।
अवलेहणीसमाणा माया वि चउव्विहा भणिदा ॥३-७२॥

§ १०. एसा तदियगाहा मायासंबंधीणं चउण्हं ठाणाणं णिद्दरिसणोवणयदुवारेण पदुप्पायणट्ठमागया। तं जहा—'वंसीजण्हुगसरिसि' त्ति वुत्ते वेलुवमूल-जरढवंकंकुरगंठि-सरिसी पढमा माया त्ति घेत्तव्वं। एदं च वंकभावस्स णिप्पडियारत्तमस्सियूण परूविदं। यथैव हि वेणुमूलग्रन्थिर्भूत्वा शीर्त्वापि नर्जुकर्तुं पार्यते एवं मायापरिणामोऽप्यतितीव्र-वक्रभावपरिणतो निरुपक्रम इति। तहा 'मेंढविसाणसरिसि' त्ति विदिया मायावत्था। एसा पुव्विल्लादो मंदाणुभागा, मेषविषाणस्यातिवलितवक्रतराकारेण परिणतस्याप्यग्नि-तापादिभिरुपायान्तरैः प्रगुणीकर्तुं शक्यत्वात्। तथा गोमूत्रसदृशी अवलेहनीसमाना च माया यथाक्रमं वक्रभावस्य हानितारतम्ययोगाद्वक्तव्येति। तत्रावलेहनी नाम दन्त-धावनकाष्ठयष्टिर्जिह्वामलशोधनी वा गृहीतव्या।

(२०) किमिरागरत्तसमगो अक्खमलसमो य पंसुलेवसमो।
हालिद्दवत्थसमगो लोभो वि चउव्विहो भणिदो ॥४-७३॥

§ ११. एसा चउत्थगाहा लोभस्स चउण्हं ठाणाणं[1] णिद्दरिसणपरूवणट्ठमागया।

* माया भी चार प्रकारकी कही गई है—बाँसकी जड़के सदृश, मेढ़ेके सींगके सदृश, गोमूत्रके सदृश और अवलेखनीके सदृश ॥३-७२॥

§ १०. यह तीसरी गाथा मायासम्बन्धी चार स्थानोंके उदाहरणके निर्देश द्वारा कथन करनेके लिये आई है। यथा—'वंसीजण्हुगसरिसि' ऐसा कहनेपर बाँसकी जड़की पुरानी कठोर टेढ़ी-मेढ़ी अंकुरयुक्त गाँठके सदृश पहली माया होती है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। इसके टेढ़ापनके निष्प्रतीकारपनेका आश्रयकर उक्त उदाहरण दिया है। जैसे बाँसके जड़की गाँठ नष्ट होकर तथा शीर्ण होकर भी सरल नहीं की जा सकती है इसी प्रकार अति तीव्र वक्रभावसे परिणत मायापरिणाम भी निरुपक्रम होता है। उसी प्रकार 'मेंढविसाणसरिसी' अर्थात् मेढ़ेके सींगके सदृश मायाकी दूसरी अवस्था है। यह पूर्वकी मायासे मन्द अनुभागवाली होती है, क्योंकि अतिवलित वक्रतररूपसे परिणत हुए भी मेढ़ेके सींगको अग्निके ताप आदि दूसरे उपायोंद्वारा सरल करना शक्य है। तथा गोमूत्रसदृश और अवलेखनीसदृश मायाका क्रमसे वक्रभावके हानिके तारतम्यके सम्बन्धसे कथन करना चाहिए। यहाँपर अवलेखनी पदसे दाँतोंको साफ करनेवाला लकड़ीका टुकड़ा विशेष अर्थात् दातुन या जीभके मलका शोधन करनेवाली जीभी लेना चाहिए।

* लोभ भी चार प्रकारका कहा गया है—कृमिरागके सदृश, अक्षमलके सदृश, पांशुलेपके सदृश और हारिद्रवस्त्रके सदृश ॥४-७३॥

§ ११. यह चौथी गाथा लोभके चार स्थानोंके उदाहरणोंके कथन करनेके लिये आई

१. ता०प्रतौ चउट्ठाणाणं इति पाठः।

तं जहा—कृमिरागो नाम कीटविशेषः । स किल यद्वर्णमाहारविशेषमभ्यवहार्यते तद्वर्णमेव सूत्रमतिश्लक्ष्णमात्मनो मलोत्सर्गद्वारेणोत्सृजति, तत्स्वाभाव्यात् । तेन च सूत्रेण वस्त्रान्तराण्यनेकवर्णानि महार्घाणि च तंतुवायै रूयन्ते । तेषां स वर्णरागो यद्यपि जलकलशसहस्रेणाव्यवच्छिन्नधारेण प्रक्षाल्यते, क्षारोदकैर्बहुविधैः क्षार्यते तथापि न शक्यते विश्लेषयितुं मनागपि, अतिनिकाचितस्वरूपत्वात् । किं बहुना, अग्निना दह्यमानस्यापि तदनुरक्तस्य वस्त्रस्य भस्मसाद्भावमापन्नस्य स वर्णरागोऽप्रहेयत्वात्तथैवावतिष्ठते । एवं लोभपरिणामोऽपि यस्तीव्रतरो जीवस्य हृदयवर्ती न शक्यते परासङ्तुं स उच्यते कृमिरागरक्तसमक इति ।

§ १२. तथान्यो लोभपर्यायोऽस्मान्निकृष्टवीर्यस्तीव्रावस्थापरिणतोऽक्षमलसमयितव्यः·····रथचक्रस्य शकटतुम्बस्य वा धारणं[1] काष्ठमक्षमित्युच्यते । तस्य मलमक्षमलं । अक्षांजनस्नेहार्द्रितमषीमलं इति यावत् । तद्यथैवातिचिक्कणत्वान्न शक्यते सुखेन विश्लेषयितुं तथैवायमपि लोभपरिणामो निधत्तस्वरूपेण जीवहृदयप्रगाढो न विश्लेषयितुं शक्य इति ।

§ १३. तृतीयो लोभप्रकारः पांशुलेपसम इत्यभिधीयते । यथैव पांशुलेपः पादलग्नः सुखेनापसार्यते सलिलप्रक्षालनादिभिर्न चिरमवतिष्ठते तद्वदयमपि लोभभेदो

है । यथा—कृमिराग कीटविशेषको कहते हैं । वह नियमसे जिस वर्णके आहारको ग्रहण करता है वह उसी वर्णके अति चिक्कण डोरेको अपने मलके त्यागनेके द्वारसे निकालता है, क्योंकि उसका वैसा ही स्वभाव है । और उस सूत्रद्वारा जुलाहे अति कीमती अनेक वर्णवाले नाना वस्त्र बनाते हैं । उनके उस वर्णके रंगको यद्यपि हजार कलशोंकी सतत धारा द्वारा प्रक्षालित किया जाता है, नाना प्रकारके क्षारयुक्त जलों द्वारा धोया जाता है तो भी उसे थोड़ा भी दूर करना शक्य नहीं है, क्योंकि वह अति निकाचितस्वरूप होता है । बहुत कहनेसे क्या, अग्निसे जलाये जानेपर भी भस्मपनेको प्राप्त हुए उस कृमिरागसे अनुरक्त हुए वस्त्रके उस वर्णका रंग कभी भी छूटने योग्य न होनेसे वैसा ही बना रहता है । इसी प्रकार जीवके हृदयमें स्थित अतितीव्र जो लोभपरिणाम भी कृश नहीं किया जा सकता वह कृमिरागके रंगके सदृश कहा जाता है ।

§ १२. तथा अन्य लोभ निकृष्ट वीर्यवाला और तीव्र अवस्थापरिणत होता है, वह अक्षमलके सदृश कहा जाता है ।·····रथके चकेको या गाड़ीके तुम्बको धारण करनेवाली लकड़ी अक्ष कहलाती है और उसका मल अक्षमल है । अक्षांजनके स्नेहसे गीला हुआ मषीमल यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उसे जैसे अति चिक्कण होनेसे सुखपूर्वक दूर करना शक्य नहीं है उसी प्रकार यह भी लोभपरिणाम निधत्तस्वरूप होनसे जीवके हृदयमें अवगाढ़ होता है, इसलिए उसे दूर करना शक्य नहीं है ।

§ १३. तीसरा लोभका प्रकार धूलके लेपके सदृश कहा जाता है । जिस प्रकार पैरमें लगा हुआ धूलिका लेप पानीके द्वारा धोने आदि उपायोंद्वारा सुखपूर्वक दूर कर दिया जाता

१. ता०प्रतौ –तुम्बस्यावधारणं इति पाठः ।

मन्दायमानस्वभावो न चिरतरकालमवतिष्ठते। पूर्वस्मादनन्तगुणहीनसामर्थ्यः सन् कियन्मात्रादपि कालादल्पेनापि यत्नेनापैतीति।

§ १४. मन्दतरस्तु लोभस्य तुरीयोऽवस्थाविशेषो हारिद्रवस्त्रसमक इति व्यपदिश्यते। हरिद्रया रक्तं वस्त्रं हारिद्रं, तेन समो हारिद्रवस्त्रसमकः। यथैव हरिद्राद्रव-
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
रंजितस्य वस्त्रस्य स वर्णरागो न चिरं तत्रावतिष्ठते, वाततापादिभिरभिहन्यमानमात्र एवोड्डीयते। एवमयं लोभप्रकारो मन्दतमानुभागपरिणतत्वान्न चिरमात्मन्यवतिष्ठते, क्षणमात्रादेव विश्लेषमियर्तीति। तदेवं प्रकर्षाप्रकर्षवत्तीव्र-मन्दावस्थाभेदभिन्नत्वाल्लोभोऽपि चतुर्विधो भणित इति गाथार्थः।

(२१) एदेसिं ट्ठाणाणं चदुसु कसाएसु सोलसण्हं पि।
कं केण होइ अहियं ट्ठिदि-अणुभागे पदेसग्गे ॥५-७४॥

§ १५. समनंतरनिर्दिष्टानामेषां स्थानानां षोडशभेदभिन्नानां स्थित्यनुभवप्रदेशैरल्पबहुत्वनिर्धारणार्थमिदं सूत्रमारभ्यते। तद्यथा—'एदेसिं ट्ठाणाणं' एतेषामनन्तरनिर्दिष्टानां स्थानानामित्यर्थः। 'चदुसु कसाएसु' चतुर्षु कषायेषु प्रत्येकं चतुर्भेदभिन्नत्वात् षोडशसंख्यावच्छिन्नानामित्यर्थः। 'कं केण होइ अहियं' कं ट्ठाणं केण ट्ठाणेण सह सण्णियासिज्जमाणं ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसेहिं हीणमहियं वा होदि त्ति पुच्छा-

---

है, वह चिरकाल तक नहीं ठहरता है, उसीके समान उत्तरोत्तर मन्दस्वभाववाला यह लोभका भेद भी चिरकाल तक नहीं ठहरता है। पिछले लोभसे अनन्तगुणी हीन सामर्थ्यवाला होता हुआ कुछ ही कालमें थोड़ेसे भी यत्नसे दूर हो जाता है।

§ १४. तथा लोभकी मन्दतर चौथी अवस्थाविशेष है। वह हरिद्रावस्त्रके समान कहा गया है। हलिदीसे रंगा गया वस्त्र हारिद्र कहलाता है। उसके समान हारिद्रवस्त्रसदृश कहलाता है। जैसे हलिदीके द्रवसे रंगे गये वस्त्रका वह वर्णरंग चिरकाल तक नहीं ठहरता, वायु और आतप आदिके निमित्तसे ही उड़ जाता है। इसी प्रकार यह लोभका भेद मन्दतम अनुभागसे परिणत होनेके कारण चिरकाल तक आत्मामें नहीं ठहरता, क्षणमात्रमें ही दूर हो जाता है। इस प्रकार प्रकर्ष और अप्रकर्षवाले तीव्र और मन्द अवस्थाके भेदसे विभक्त होनेके कारण लोभ भी चार प्रकारका कहा गया है यह इस गाथाका अर्थ है।

*** चारों कषायोंके इन सोलह स्थानोंमें स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा कौन स्थान किस स्थानसे अधिक होता है और कौन स्थान हीन होता है ॥५-७४॥**

§ १५. समनन्तर कहे गये सोलह स्थानोंमें विभक्त इन स्थानोंके स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए इस सूत्रका आरम्भ करते हैं। यथा—'एदेसिं ट्ठाणाणं' इन समनन्तर पूर्व कहे हुए स्थानोंके यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'चदुसु कसाएसु' चार कषायोंमेंसे प्रत्येकके चार भेदोंमें विभक्त होनेके कारण सोलह संख्यारूप यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'कं केण होइ अहियं' कौन स्थान किस स्थानके साथ सन्निकर्षको प्राप्त होता हुआ 'स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा हीन होता है या अधिक होता

णिद्देसो कदो होइ। तत्थ ट्ठिदिं पडुच्च सव्वेसिं ट्ठाणाणं हीणाहियभावमवेसणा णत्थि। किं कारणं ? सव्वेसु ट्ठिदिविसेसेसु अप्पप्पणो चउण्हं ट्ठाणाणमविसेसेण संभवलंभादो[1]। तं जहा—चालीससागरोवमकोडाकोडिमेत्तकसायुक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणस्स चरिमट्ठिदि-

पार्श्वनाथ :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

एग-वि-ति-चउट्ठाणविसेसिददेससव्वघादिपरमाणू सव्वे चेव लब्भंति, आबाहा-बाहिराणंतरजहण्णट्ठिदीए वि तेसिमविसेसेण संभवो। एदेण कारणेण सुत्ते ट्ठिदिमस्सियूण पयदत्थपरिमग्गणा ण कया। एगट्ठाणाणुभागो उक्कस्सट्ठिदीए वि लब्भइ, चउट्ठाणाणु-भागो जहण्णट्ठिदीए वि लब्भइ त्ति एसो तहा ण घेत्तव्वो तस्स सुत्तयारस्साहिप्पायो त्ति भणिदं होइ। संपहि अणुभाग-पदेसे समस्सियूण सत्थाण-परत्थाणकमेण पयदट्ठाणाण-मप्पाबहुअपरूवणट्ठं गाहासुत्तपबंधमणुसरामो—

(२२) माणे लदासमाणे उक्कस्सा वग्गणा जहण्णादो।
हीणा च पदेसग्गे गुणेण णियमा अणंतेण ॥६-७५॥

§ १६. एसा सुत्तगाहा माणस्स लदासमाणट्ठाणं घेत्तूण पदेसग्गेण सत्थाणप्पा-बहुअपरिक्खणट्ठमोइण्णा[2]। तं कथं ? 'माणे' माणकसाए। किंविधे ? 'लदासमाणे' है' इस प्रकार यहाँ पृच्छाका निर्देश किया गया है। उनमेंसे स्थितिकी अपेक्षा सभी स्थानोंके हीन-अधिकपनेका अनुसन्धान नहीं है, क्योंकि सभी स्थितिविशेषोंमें अपने-अपने चारों स्थान विना विशेषताके पाये जाते हैं। यथा—कषायोंकी चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम स्थितिको बाँधनेवाले जीवके अन्तिम स्थितिमें एकस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय विशेषताको लिये हुए देशघाति और सर्वघाति सब प्रकारके परमाणु पाये जाते हैं तथा आबाधाके बादकी समनन्तर जघन्य स्थितिमें भी वे अविशेषरूपसे सम्भव हैं। इस कारणसे सूत्रमें स्थितिकी अपेक्षा प्रकृत अर्थकी गवेषणा नहीं की गई है। एकस्थानीय अनुभाग उत्कृष्ट स्थितिमें भी प्राप्त होता है और चतुःस्थानीय अनुभाग जघन्य स्थितिमें भी प्राप्त होता है यह उस प्रकार कथन नहीं करनेवाले सूत्रकारका अभिप्राय है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब अनुभाग और प्रदेशोंका आलम्बनकर स्वस्थान और परस्थानके क्रमसे प्रकृत स्थानोंके अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये गाथासूत्रके प्रबन्धका अनुसरण करते हैं—

लताके समान मानमें उत्कृष्ट वर्गणा अर्थात् अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणा जघन्य वर्गणासे अर्थात् प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणासे प्रदेशोंकी अपेक्षा नियमसे अनन्तगुणी हीन है। किन्तु अनुभागकी अपेक्षा जघन्य वर्गणासे उत्कृष्ट वर्गणा नियमसे अनन्तगुणी अधिक है ॥६—७५॥

§ १६. यह सूत्रगाथा मानके लतासमान स्थानको ग्रहणकर स्वस्थान अल्पबहुत्वकी परीक्षा करनेके लिए आई है।

शंका—वह कैसे ?

---

१. ता०प्रतौ संभवुवलंभादो इति पाठः। २. ता०प्रतौ परिरक्खणट्ठमोइण्णा इति पाठः।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

लदासमाणट्ठाणावट्ठिदे जाव 'उक्कस्सा वग्गणा' चरिमफद्दयचरिमवग्गणा त्ति वुत्तं होइ। 'जहण्णादो हीणा च पदेसग्गे' अणुभागं पेक्खियूण जा जहण्णवग्गणा पढमफद्दयादि-वग्गणा तत्तो णिरुद्धुक्कस्सवग्गणा पदेसग्गेण हीणा होदि त्ति वुत्तं होइ। केत्तियमेत्तेण हीणा त्ति वुत्ते 'गुणेण णियमा अणंतेण' णिच्छएणाणंतगुणहीणा होदि त्ति गहेयव्वा। किं कारणं? लदासमाणजहण्णवग्गणादो अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणं सिद्धाणंतभाग-मेत्तफद्दयाणि उवरि गंतूण एगं पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरमुप्पज्जइ। पुणो अणेण विहिणा अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणं सिद्धाणमणंतभागमेत्तगुणहीणाओ गंतूण तस्सेवप्पणो उक्कस्सवग्गणा होदि। एवं होदि त्ति कादूणुक्कस्सवग्गणा जहण्णवग्गणादो पदेसग्गं पेक्खियूणाणंतगुणहीणा होदि त्ति णत्थि संदेहो। अणुभागेण पुण पयदजहण्ण-वग्गणादो उक्कस्सवग्गणा णिच्छएणाणंतगुणा त्ति घेत्तव्वा। कथमेदं सुत्तेणाणुवइट्ठ-मुवलब्भदे? ण, 'हीणा च पदेसग्गे' त्ति एत्थतण 'च' सद्देण पदेसग्गं पेक्खियूण जहा-उत्तेण गुणगारेण हीणा होदि अहिया च अणुभागेणे त्ति सुत्तत्थसंबंधावलंबणादो। एवं सेसपण्णारसण्हं पि ट्ठाणाणमप्पप्पणो जहण्णुक्कस्सवग्गणाओ घेत्तूण सत्थाणेण सण्णियासो कायव्वो।

समाधान—'माणे' अर्थात् मानकषायमें। किस प्रकारके मानकषायमें? लताके समान स्थानसे युक्त मानकषायमें। 'उक्कस्सा वग्गणा' उत्कृष्ट वर्गणा अर्थात् अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणाके प्राप्त होने तक यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'जहण्णादो हीणा च पदेसग्गे'—अनुभागकी अपेक्षा जो जघन्य वर्गणा है अर्थात् प्रथम स्पर्धककी आदि वर्गणा है उससे विवक्षित उत्कृष्ट वर्गणा प्रदेशोंकी अपेक्षा हीन होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। कितने प्रमाणमें हीन होती है ऐसी आशंका होनेपर 'गुणेण णियमा अणंतेण' अर्थात् नियमसे अनन्तगुणी हीन होती है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि लताके समान जघन्य वर्गणासे अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागमात्र स्पर्धक ऊपर जाकर एकप्रदेशगुणहानिस्थानान्तर उत्पन्न होता है। पुनः इस विधिसे अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागमात्र गुणहीन स्थान जाकर उसीकी अपनी उत्कृष्ट वर्गणा उत्पन्न होती है। इस प्रकार होती है ऐसा समझकर उत्कृष्ट वर्गणा जघन्य वर्गणासे प्रदेशोंकी अपेक्षा अनन्तगुणी हीन होती है इसमें सन्देह नहीं है। अनुभागकी अपेक्षा तो प्रकृत जघन्य वर्गणासे उत्कृष्ट वर्गणा निश्चयसे अनन्तगुणी है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

शंका—सूत्रद्वारा नहीं उपदिष्ट की गई यह बात कैसे उपलब्ध होती है?

समाधान—नहीं, क्योंकि 'हीणा च पदेसग्गे' इस प्रकार यहाँ आये हुए 'च' शब्दसे प्रदेशोंकी अपेक्षा पूर्वोक्त गुणकारके क्रमसे हीन होती है, परन्तु अनुभागकी अपेक्षा उसी गुणकारके क्रमसे अधिक होती है इस प्रकार यहाँ सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्धका अवलम्बन लिया गया है। इसी प्रकार शेष पन्द्रह स्थानोंकी अपनी-अपनी जघन्य और उत्कृष्ट वर्गणाओं-को ग्रहणकर स्वस्थानकी अपेक्षा सन्निकर्ष करना चाहिए।

विशेषार्थ—मानकषायमें चार प्रकारका अनुभाग पाया जाता है। उसमेंसे लताके

§ १७. संपहि माणस्स चउण्हं ट्ठाणाणं परत्थाणप्पाबहुअपरूवणट्ठमुवरिमगाहासुत्तमोइण्णं—

(२३) णियमा लदासमादो दारुसमाणो अणंतगुणहीणो ।
सेसा कमेण हीणा गुणेण णियमा अणंतेण ॥७-७६॥

१८. पुव्वसुत्तादो माणग्गहणमिहाणुवट्टदे, पदेसग्गेणे त्ति च, तेणेवमहिसंबंधो कायव्वो । णियमा णिच्छएण लदासमाणादो माणादो दारुअसमाणो माणो पदेसग्गेणाणंतगुणहीणो होदि त्ति । एसो वुण एत्थ भावत्थो—लदासमाणसव्वपदेसपिंडादो दारुअसमाणसव्वपदेसपिंडो अणंतगुणहीणो त्ति । किं कारणं ? लदासमाणजहण्णवग्गणादो दारुअसमाणजहण्णवग्गणा पदेसग्गावेक्खाए अणंतगुणहीणा । पुणो लदासमाणविदियवग्गणादो दारुअसमाणविदियवग्गणा अणंतगुणहीणा । एवमणेण विधिणा गंतूण लदासमाणुक्कस्सवग्गणादो दारुअसमाणुक्कस्सवग्गणा अणंतगुणहीणा भवदि । एवं होदि त्ति कादूण लदासमाणसव्वपदेसपिंडादो दारुअसमाणसव्वपदेसपिंडो अणंतगुणहीणो त्ति सिद्धं । ण च तत्थतणफद्दयाणं बहुत्तमवलंबिय पयदविरुज्जासणं

समान अनुभागमें प्रदेशों और अनुभागकी अपेक्षा स्वस्थान अल्पबहुत्वकी क्या व्यवस्था है इसका यहाँ सूत्र गाथा द्वारा स्पष्ट विवेचन किया गया है । इसी प्रकार मानकषायके शेष तीन प्रकारके अनुभागमें तथा क्रोधकषाय, मायाकषाय और लोभकषायके प्रत्येक चार-चार प्रकारके अनुभागमें इस प्रकार सब मिलाकर पन्द्रह प्रकारके अनुभागमें प्रदेशों और अनुभागकी अपेक्षा स्वस्थान अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिए ।

§ १७. अब मानकषायके चारों स्थानोंके परस्थान अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये आगेका गाथासूत्र आया है—

लता समान मानसे दारु समान मान प्रदेशोंकी अपेक्षा नियमसे अनन्तगुणा हीन है । शेष मान अर्थात् अस्थिसमान और शैलसमान मान भी क्रमसे अर्थात् पूर्व-पूर्वकी अपेक्षा आगे-आगेका मान प्रदेशोंकी अपेक्षा नियमसे अनन्तगुणा हीन है ॥७–७६॥

§ १८. पिछले गाथासूत्रसे प्रकृतमें 'मान' पदकी अनुवृत्ति कर लेनी चाहिए और 'पदेसग्गेण' पदकी भी अनुवृत्ति कर लेनी चाहिए, उसके अनुसार इस प्रकार सम्बन्ध करना चाहिए—'णियमा' अर्थात् निश्चयसे लतासमान मानसे दारुसमान मान प्रदेशोंकी अपेक्षा अनन्तगुणा हीन होता है । इसका प्रकृतमें यह भावार्थ है कि लताके समान समस्त प्रदेशपिण्डसे दारुके समान समस्त प्रदेशपिण्ड अनन्तगुणा हीन है, क्योंकि लताके समान जघन्य वर्गणासे दारुके समान जघन्य वर्गणा प्रदेशपिण्डकी अपेक्षा अनन्तगुणी हीन होती है । तथा लताके समान दूसरी वर्गणासे दारुके समान दूसरी वर्गणा अनन्तगुणी हीन होती है । इस प्रकार इस विधिसे जाकर लताके समान उत्कृष्ट वर्गणासे दारुके समान उत्कृष्ट वर्गणा अनन्तगुणी हीन होती है । इस प्रकार होनेकी व्यवस्था है, इसलिये लताके समान समस्त प्रदेशपिण्डसे दारुके समान समस्त प्रदेशपिण्ड अनन्तगुणाहीन है यह सिद्ध हुआ । किन्तु वहाँके स्पर्धकोंके बहुतपने-

जुत्तं, दोसु वि ट्ठाणेसु अप्पप्पणो आदिवग्गणपमाणेण दिवड्ढगुणहाणिमेत्तेसु संतेसु तत्थ फद्दयगुणगारस्स पयदविवज्जासणं पडि सामर्थ्याभावादो ।

§ १९. संपहि जहा लदासमाणादो दारुअसमाणो अणंतगुणहीणो जादो, एवं दारुअसमाणसव्वपदेसपिंडादो अत्थिसमाणसव्वपदेसपिंडो अणंतगुणहीणो । तत्तो वि सेलसमाणसव्वपदेसपुंजो अणंतगुणहीणो त्ति एदस्सत्थविसेसस्स पदुप्पायणट्ठं गाहापच्छद्धणिद्देसो, 'सेसा कमेण हीणा गुणेण णियमा अणंतेणे' त्ति वुत्ते सेसाणमणुभागट्ठाणाणं जहाकमं पदेसग्गेणाणंतगुणहीणत्तसिद्धीए जहावुत्तेण णाएण णिव्वाहमुवलंभादो ।

(२४) णियमा लदासमादो अणुभागग्गेण वग्गणग्गेण ।
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज
सेसा कमेण अहिया गुणेण णियमा[3] अणंतेण ॥७७॥

§ २०. एदेण सुत्तेण लदासमाणाणुभागट्ठाणादो सेसट्ठाणाणमणुभागस्स जहाकमणंतगुणत्तं परूविदं । तं जहा—'णियमा' णिच्छएण 'लदासमादो'[4] लदासमाणसण्णिदमाणाणुभागट्ठाणादो सेसा दारुअसमाणादयो कमेण जहाकममहिया होंति त्ति सुत्तसंबंधो कायव्वो । केण ते तत्तो अहिया त्ति पुच्छिदे 'अणुभागग्गेण वग्गणग्गेण'

का अवलम्बन लेकर प्रकृत विषयका विपर्यास करना युक्त नहीं है, क्योंकि दोनों ही स्थानोंमें अपनी-अपनी आदि वर्गणाके प्रमाणसे डेढ़ गुणहानि मात्र होनेपर वहाँ स्पर्धकरूप गुणकारमें प्रकृत विषयके विपर्यास करनेकी सामर्थ्य नहीं है ।

§ १९. अब जैसे लताके समान प्रदेशपिण्डसे दारुके समान प्रदेशपिण्ड अनन्तगुणा हीन हैं इसी प्रकार दारुके समान समस्त प्रदेशपिण्डसे अस्थिके समान समस्त प्रदेशपिण्ड अनन्तगुणा हीन है तथा उससे भी शैलके समान समस्त प्रदेशपिण्ड अनन्तगुणा हीन है । इस प्रकार इस अर्थविशेषके कथन करनेके लिये गाथाके उत्तरार्धका निर्देश किया है, क्योंकि 'सेसा कमेण हीणा गुणेण णियमा अणंतेण' ऐसा कहने पर शेष अनुभागस्थानोंके क्रमसे प्रदेशसमूहकी अपेक्षा अनन्तगुणे हीनपनेकी सिद्धि पूर्वोक्त न्यायके अनुसार निर्बाध बन जाती है ।

लताके समान मानसे शेष स्थानीय मान अनुभागसमूहकी अपेक्षा और वर्गणासमूहकी अपेक्षा क्रमशः नियमसे अनन्तगुणित अधिक होते हैं ॥७७॥

§ २०. इस सूत्र द्वारा लताके समान अनुभागस्थानसे शेष स्थानोंका अनुभाग क्रमसे अनन्तगुणा कहा गया है । यथा—'णियमा' अर्थात् निश्चयसे 'लदासमादो' अर्थात् लताके समान संज्ञावाले मानके अनुभागस्थानसे 'सेसा' अर्थात् दारु आदिके समान अनुभागस्थान 'कमेण' यथाक्रम अधिक होते हैं इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिए । किसकी अपेक्षा वे उससे अधिक होते हैं ऐसा पूछने पर 'अणुभागग्गेण' वग्गणग्गेण' यह

१. ता०प्रतौ सुत्ते इति पाठः । २. ता०प्रतौ णियमा इति पाठः । ३. ता०प्रतौ अहिया इति पाठः । ४. ता० प्रतौ समाणादो इति पाठः ।

त्ति वुत्तं । एत्थ अग्गसद्दो समुदायत्थओ घेत्तव्वो, अणुभागसमूहो अणुभागग्गं वग्गणा-समूहो वग्गणग्गमिदि । अधवा अणुभागो चेव अणुभागग्गं, वग्गणाओ चेव वग्गणग्ग-मिदि घेत्तव्वं । तेण लदासमाणमाणस्स सव्वाविभागपलिच्छेदपिंडादो दारुअसमाणसव्वा-विभागपलिच्छेदकलावो अहिओ होदि । लदासमाणसव्ववग्गणसमूहादो वि दारुअ-समाणसव्ववग्गणसमूहो अहिओ होइ । एवमट्ठि-सेलसमाणाणं पि वत्तव्वमिदि सुत्तत्थ-सब्भावो । संपहि केत्तिएण ते अहिया, किं गुणेण, आहो विसेसेण त्ति आसंकाए इदमाह 'गुणेण त्ति' । एदेण विसेसाहियत्तं पडिसिद्धं दट्ठव्वं । तत्थ किं संखेज्जगुणेण, किमसंखेज्जगुणेण, किं वा अणंतगुणेण त्ति आसंकाए णिराकरणट्ठमिदं वुत्तं 'णियमा' णिच्छएणाणंतगुणब्भहिया एदे जहाकमं होंति त्ति । एत्थ दोवारं णियमसद्दुच्चारणं किं फलमिदि चे वुच्चदे—लदासमाणट्ठाणादो सेसाणं जहाकममणुभागवग्गणग्गेहिं अहियत्तमेत्तावहारणफलो पढमो णियमसद्दो । विदियो वि तेसिमणंतगुणब्भहियत्तमेव, ण विसेसाहियत्तं, णावि संखेज्जासंखेज्जगुणब्भहियत्तमिदि अवहारणफलो । एवं पुव्विल्लदो-सुत्तेसु उवरिमाणंतरे सुत्ते च णियमसद्दुच्चारणाए सहलत्तं वक्खाणेयव्वं ।

§ २१. अयं पुनरत्र वाक्यार्थः—लदासमाणजहण्णवग्गणाविभागपलिच्छेदेहिंतो दारुअसमाणजहण्णवग्गणाविभागपलिच्छेदा अणंतगुणा । लदासमाणविदियवग्गणा-

---

कहा है । यहाँपर 'अग्र' शब्द समुदायरूप अर्थका वाचक है । तदनुसार अनुभागसमूहका नाम अनुभागाग्र और वर्गणासमूहका नाम वर्गणाग्र हुआ । अथवा अनुभागका ही नाम अनुभागाग्र है और वर्गणाओंका नाम ही वर्गणाग्र है ऐसा ग्रहण करना चाहिए । तदनुसार लताके समान मानके समस्त अविभागप्रतिच्छेदपिण्डसे दारुके समान सब अविभागप्रतिच्छेद-पिण्ड अधिक हैं । इसीप्रकार लताके समान सब वर्गणासमूहसे भी दारुके समान सब वर्गणा-समूह अधिक हैं । इसी प्रकार अस्थि और शैलसमान अनुभागस्थानों और वर्गणासमूहोंके विषयमें भी कथन करना चाहिये । इस प्रकार यह इस सूत्रका अर्थ है । अब वे अनुभाग-स्थान कितनी मात्रामें अधिक हैं, क्या गुणकाररूपसे अधिक हैं या विशेषरूपसे अधिक हैं ऐसी आशंका होनेपर 'गुणेण' यह वचन कहा है । इससे विशेष अधिक हैं इसका निषेध जानना चाहिए । वहाँ क्या वे संख्यातगुणे अधिक हैं, क्या असंख्यातगुणे अधिक हैं या क्या अनन्तगुणे अधिक हैं ऐसी आशंका होनेपर निराकरण करनेके लिए 'णियमा' निश्चयसे ये यथाक्रम अनन्तगुणे अधिक हैं यह कहा है ।

शंका—यहाँपर सूत्रमें दोबार 'नियम' शब्दके उच्चारणका क्या फल है ?

समाधान—कहते हैं—लताके समान स्थानसे शेष दारु आदिके अनुभागसमूह और वर्गणासमूह इन दोनोंकी अपेक्षा यथाक्रम अधिक होते हैं इस बातका अवधारण करना प्रथम नियम शब्दके देनेका फल है । दूसरे भी 'नियम' शब्दका वे स्थान अनन्तगुणे ही हैं, विशेष अधिक नहीं हैं और न संख्यातगुणे या असंख्यातगुणे अधिक हैं इस बातका निश्चय करना फल है । इस प्रकार पिछले दो सूत्रोंमें और आगेके समनन्तर सूत्रमें 'नियम' शब्दके उच्चारणकी सफलताका व्याख्यान करना चाहिए ।

§ २१. यहाँपर पूरे कथनका यह तात्पर्य है—लताके समान जघन्य वर्गणाके अविभाग-प्रतिच्छेदोंसे दारुके समान जघन्य वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तगुणे हैं । लताके समान

विभागपलिच्छेदेहिंतो दारुअसमाणविदियवग्गणाविभागपलिच्छेदा अणंतगुणा । एवं णेदव्वं जाव लदासमाणुक्कस्सवग्गणाविभागपलिच्छेदेहिंतो दारुअसमाणुक्कस्सवग्गणाविभागपलिच्छेदा अणंतगुणा जादा त्ति । एवं होदि त्ति कादूण लदासमाणसव्वाणुभागाविभागपलिच्छेदेहिंतो दारुअसमाणसव्वाणुभागाविभागपलिच्छेदा अणंतगुणा भवंति । एवं दारुअसमाणादो अट्ठिसमाणाणुभागो अणंतगुणो । तत्तो वि सेलसमाणाणुभागो अणंतगुणो ।

§ २२. वग्गणाणं पुण भण्णमाणे [illegible] लदासमाणाविभागपलिच्छेदुत्तरकमेण वड्ढिदसव्ववग्गणदीहत्तादो दारुअसमाणाविभागपलिच्छेदुत्तरकमेण वड्ढिदसव्ववग्गणादीहत्तमणंतगुणं । तत्तो अट्ठिसमाणाणुभागसव्ववग्गण दीहत्तमणंतगुणं । तत्तो सेलसमाणसव्वाणुभागवग्गणदीहत्तमणंतगुणं होदि त्ति । एत्थ सव्वत्थाविभागपलिच्छेदगुणगारो सव्वजीवेहिंतो अणंतगुणो । वग्गणागुणगारो च अभवसिद्धिएहिं अणंतगुणो सिद्धाणमणंतभागमेत्तो । संपहि लदासमाणचरिमसंधीदो दारुअसमाणपढमसंधी अणुभागग्गेण पदेसग्गेण च कधं होदि, एवं सेससंधीओ कधं होंति त्ति एवंविहासंकाणिरायरणट्ठमुत्तरं गाहासुत्तमोइण्णं—

(२५) संधीदो संधी पुण अहिया णियमा च होइ अणुभागे ।
हीणा च पदेसग्गे दो वि य णियमा विसेसेण ॥७८॥

दूसरी वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंसे दारुके समान दूसरी वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तगुणे हैं । इस प्रकार लताके समान उत्कृष्ट वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेदोंसे दारुके समान उत्कृष्ट वर्गणाके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तगुणे हैं इस स्थानके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए । इस प्रकार उत्तरोत्तर अनुभागकी व्यवस्थाके अनुसार यह क्रम निश्चित होता है कि लताके समान समस्त अनुभाग-अविभागप्रतिच्छेदोंसे दारुके समान समस्त अनुभागके अविभागप्रतिच्छेद अनन्तगुणे हैं । इसीप्रकार दारुके समान अनुभागसे अस्थिके समान अनुभाग अनन्तगुणा है । उससे भी शैलके समान अनुभाग अनन्तगुणा है ।

सुबोधाः। न क्षमा अक्षमा अमर्ष इत्यर्थः। सम्यक् ज्वलतीति संज्वलनः स्व-परोपतापित्वमेतेन क्रोधाग्नेः प्रतिपादितम्। कलहः प्रतीत एव। वर्धन्ते अस्मात् पापायशः कलह-वैराद्य[1] इति वृद्धिः क्रोधकषायः, सर्वेषामनर्थानां तन्मूलत्वात्। झंझा नाम तीव्रतरसंक्लेशपरिणामः, तद्धेतुत्वात् क्रोधकषायोऽपि तथा व्यपदिश्यते। द्वेषः अप्रीतिरन्तःकालुष्यमित्यर्थः। विरुद्धो वादः विवादः स्पर्द्धः संघर्ष इत्यनर्थान्तरम्। एवमेते दश पर्यायशब्दाः क्रोधकषायस्य भवन्तीति गाथार्थः।

क्रोधः कोपो रोषः संज्वलनमथाक्षमा तथा कलहः।
झंझा-द्वेष-विवादो वृद्धिरिति क्रोधपर्यायाः॥ १॥

(३४) माण मद दप्प थंभो उक्कास पगास तध समुक्कस्सो।
अत्तुक्करिसो परिभव उस्सिद दसलक्खणो माणो ॥२-८७॥

§ ४. एषा द्वितीयगाथा क्रोधानन्तरनिर्देशार्हस्य मानकषायस्यैकार्थनिरूपणार्थमागता। तद्यथा—मानो मदो दर्पः स्तम्भः उत्कर्षः प्रकर्षः समुत्कर्षः आत्मोत्कर्षः परिभव उत्सिक्त इत्येवं दशलक्षणो मानः प्रत्येतव्यः, दशास्य पर्यायशब्दा इत्युक्तं भवति। तत्र जात्यादिभिरात्मानं आधिक्येन मननं मानः। तैरेवाविष्टस्य सुरापीतस्येव

अमर्ष है यह इसका तात्पर्य है। जो भले प्रकार जलता है, इसलिये क्रोधका एक नाम संज्वलन है, क्योंकि यह स्व और परको संतप्त करनेवाला है। इससे क्रोध एक प्रकारकी अग्नि है यह कहा गया है। कलहका अर्थ प्रतीत ही है। इससे पाप, अयश, कलह और वैर आदि वृद्धिको प्राप्त होते हैं, इसलिए क्रोधकषायका एक नाम वृद्धि है, क्योंकि सभी अनर्थोंकी जड़ क्रोध है। तीव्रतर संक्लेश परिणामका नाम झंझा है, उसका हेतु होनेसे क्रोधकषाय भी उस नामसे व्यपदिष्ट की जाती है। द्वेषका अर्थ अप्रीति है, आन्तरिक कलुषता यह इसका तात्पर्य है। विरुद्ध वादका नाम विवाद है। स्पर्धा और संघर्ष ये इसके नामान्तर हैं। इस प्रकार ये दश क्रोधकषायके पर्यायवाची शब्द हैं यह इस गाथाका अर्थ है।

क्रोध, कोप, रोष, संज्वलन, अक्षमा, कलह, झंझा, द्वेष, विवाद और वृद्धि ये क्रोधके पर्यायवाची शब्द हैं॥ १॥

*** मान, मद, दर्प, स्तम्भ, उत्कर्ष, प्रकर्ष, समुत्कर्ष, आत्मोत्कर्ष, परिभव और उत्सिक्त इन दश लक्षणवाला मान है ॥२-८७॥**

§ ४. यह दूसरी गाथा क्रोधके बाद निर्देशके योग्य मानकषायके एकार्थवाची शब्दोंके कथन करनेके लिये आई है। यथा—मान, मद, दर्प, स्तम्भ, उत्कर्ष, प्रकर्ष, समुत्कर्ष आत्मोत्कर्ष, परिभव और उत्सिक्त इस प्रकार दश लक्षणवाला मान जानना चाहिए। मानके ये दश पर्यायवाची शब्द हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उनमेंसे जाति आदिके द्वारा अपनेको

१. ता०प्रतौ पापाशयः कलहवेरादय इति पाठः।

मदनं मदः । तदुद्बृंहिताहंकारस्य दर्प्पणं दर्पः । तदुत्थापितगर्वस्खलद्गद्गदालापस्य सन्निपातावस्थस्येव स्तब्धीभवतः स्तम्भनं स्तम्भः । तथोत्कर्ष-प्रकर्ष-समुत्कर्षाः विज्ञेयाः, तेषामप्यभिमानपर्यायत्वेन रूढत्वात् । आत्मन उत्कर्षः आत्मोत्कर्षः । आत्मोत्कर्षः अहमेव जात्यादिभिरुत्कृष्टो न मत्तः परतरोऽन्योस्तीत्यध्यवसायः । परिभवनं परिभवः परावमान इत्यर्थः । आत्मोत्कर्ष-परपरिभवाभ्यामुद्गत सन्नुत्सिंचति गर्वितो भवतीत्युत्सिक्तः । एवमेते दश मानकषायस्य पर्यायशब्दाः ।

स्तम्भ-मद-मान-दर्प्प-समुत्कर्ष-प्रकर्षाश्च ।
आत्मोत्कर्ष-परिभवा उत्सिक्तश्चेति मानपर्यायाः ॥ २ ॥

(३५) माया य सादिजोगो णियदी वि य वंचणा अणुज्जुगदा ।
गहणं मणुण्णमग्गण कक्क कुहक गूहण च्छण्णो ॥३-८८॥

§ ५. माया सातिप्रयोगो निकृतिर्वंचना अनृजुता ग्रहणं मनोज्ञमार्गणं कल्कः कुहकं निगूहनं छन्नमित्येते मायापर्यायाः । एतैः शब्दैर्वाच्यो योऽर्थः स मायाकषाय इत्युक्तं भवति । तत्र माया कपटप्रयोगः । सातियोगः कूटव्यवहारित्वं । निकृतिर्वंचना-

अधिक मानना मान है । उन्हीं जाति आदिके द्वारा आविष्ट हुए जीवका मदिरा पान किये हुए जीवके समान उन्मत्त होना मद है । उससे अर्थात् मदसे बढ़े हुए अहंकारका दर्प्प होना दर्प्प है । सन्निपात अवस्थामें जिस प्रकार मनुष्य स्खलितरूपसे यद्वा-तद्वा बोलता है उसी प्रकार मदवश उत्पन्न हुए दर्पसे स्खलित यद्वा-तद्वा बोलते हुए स्तब्ध हो जाना स्तम्भ है । उसी प्रकार उत्कर्ष, प्रकर्ष और समुत्कर्ष ये तीनों मानके पर्यायवाची नाम घटित कर लेने चाहिए, क्योंकि ये तीनों शब्द भी अभिमानके पर्यायवाचीरूपसे रूढ हैं । अपने उत्कर्षका नाम आत्मोत्कर्ष है । मैं ही जाति आदिरूपसे उत्कृष्ट हूँ, मुझसे अन्य कोई दूसरा उत्कृष्ट नहीं है इस प्रकारके अध्यवसायका नाम आत्मोकर्ष है । दूसरेको परिभवनं अर्थात् नीचा दिखाना परिभव है, दूसरेका अपमान करना यह इसका तात्पर्य है । अपने उत्कर्ष और दूसरेके परिभवके द्वारा उद्गत (उद्धत) होता हुआ उत्सिंचति अर्थात् गर्वित होना उत्सिक्त कहलाता है । इस प्रकार ये दश मानकषायके पर्यायवाची नाम हैं ।

स्तम्भ, मद, मान, दर्प्प, समुत्कर्ष, उत्कर्ष, प्रकर्ष, आत्मोकर्ष, परिभव और उत्सिक्त ये मानके पर्यायवाची शब्द हैं ॥ २ ॥

*** माया, सातियोग, निकृति, वञ्चना, अनृजुता, ग्रहण, मनोज्ञमार्गण, कल्क, कुहक, गूहन और छन्न ये ग्यारह मायाकषायके पर्यायवाची नाम हैं ॥३-८॥**

§ ५. माया, सातिप्रयोग, निकृति, वञ्चना, अनृजुता, ग्रहण, मनोज्ञमार्गण, कल्क, कुहक, निगूहन और छन्न ये मायाके पर्याय हैं । इन शब्दोंके द्वारा जो अर्थ कहा जाता है वह मायाकषाय है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । उनमेंसे कपटप्रयोगका नाम माया है । कुटिल व्यवहारका नाम सातियोग है । वञ्चना-ठगनेके अभिप्रायका नाम निकृति है ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

भिप्रायः। वंचना विप्रलम्भनं। अनृजुता योगवक्रता। ग्रहणं मनोज्ञार्थं परकीय-मुपादाय निन्हवनं। गहनं चान्तर्गतवंचनाभिप्रायस्य निभृताकारेण गूढमंत्रता। मनोज्ञमार्गणं मनोज्ञस्यार्थस्य परतो मिथ्याविनयादिभिरुपचारैः स्वीकरणाभिप्रायः। कल्को दम्भः। कुहकमसद्भूत-मंत्र-तंत्रोपदेशादिभिर्लोकोपजीवनम्। निगूहनं अन्तर्गत-दुराशयस्य बहिराकारसंवरणम्। छन्नं छद्मप्रयोगोऽतिसन्धानं[1] विश्रम्भघातादिरित्यर्थः। त एते मायापर्याया एकादश प्रतिपत्तव्याः।

मायाथ सातियोगो निकृतिरथो वंचना तथानृजुता।
ग्रहणं मनोज्ञमार्गण-कल्क-कुहक-गूहनच्छन्नम् ॥ ३ ॥

(३६) कामो राग णिदाणो छंदो य सुदो य पेज्ज दोसो य।
णेहाणुराग आसा इच्छा मुच्छा य गिद्धी य ॥४-८८॥
(३७) सासद पत्थण लालस अविरदि तण्हा य विज्ज जिब्भा य।
लोभस्स णामधेज्जा वीसं एगट्ठिया भणिदा ॥५-८०॥

§ ६. काम-राग-निदान-छंद-सुत-प्रेय-दोषप्रभृतयः त एते लोभस्य नामधेयत्वेन रूढा विंशतिरेकार्थाः शब्दाः पूर्वसूरिभिरुपवर्णिताः प्रत्येतव्याः इति संक्षेपतः सूत्रार्थः। तत्र कमनं कामः इष्टदारापत्यादिपरिग्रहाभिलाष इति प्रथमो लोभपर्यायः। रंजनं रागो

विप्रलम्भनका नाम वञ्चना है। योगकी कुटिलताका नाम अनृजुता है। दूसरेके मनोज्ञ अर्थको ग्रहण कर उसका अपलाप करनेका नाम ग्रहण है। और इसका अर्थ गहन करने पर उसका तात्पर्य है—भीतरी वञ्चनाके अभिप्रायका निभृताकाररूपसे गूढ़ मंत्र करना। मिथ्या विनय आदि उपचारों द्वारा दूसरेसे मनोज्ञ अर्थके स्वीकार करनेके अभिप्रायका नाम मनोज्ञमार्गण है। दम्भका नाम कल्क है। झूठे मन्त्र, तन्त्र और उपदेश आदि द्वारा लोकका उपजीवन करना कुहक है। भीतरी दुराशयका बाह्यमें संवरण करना (छिपाना) निगूहन है। छद्म-प्रयोग करना छन्न है। अतिसन्धान और विश्रम्भघात आदि छन्न कहलाता है यह इसका तात्पर्य है। ये सब ग्यारह शब्द मायाके पर्यायवाची जानने चाहिए।

✱ माया, सातियोग, निकृति, वञ्चना, अनृजुता, ग्रहण, मनोज्ञमार्गण, कल्क, कुहक, गूहन और छन्न ये मायाके पर्यायनाम हैं ॥ ३ ॥

*** काम, राग, निदान, छन्द, सुत या स्वत, प्रेय, दोष, स्नेह, अनुराग, आशा, इच्छा, मूर्च्छा, गृद्धि, साशता या शास्वत, प्रार्थना, लालसा, अविरति, तृष्णा, विद्या और जिह्वा ये बीस लोभके एकार्थक नाम कहे गये हैं ॥४, ५–८९, ९१॥** ✱

§ ६. काम, राग, निदान, छन्द, सुत, प्रेय और दोष आदि ये सब लोभके नामधेय-रूपसे रूढ़ बीस एकार्थक शब्द पूर्वाचार्योंद्वारा कहे गये जानने चाहिए यह संक्षेपमें गाथा-सूत्रोंका अर्थ है। उनमेंसे काम शब्दकी व्युत्पत्ति है—कमनं कामः। इष्ट स्त्री और इष्ट पति या पुत्र ✱

१. ता०प्रतौ –प्रयोग इति सन्धानं इति पाठः।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मनोज्ञविषयाभिष्वंग इति द्वितीयः। जन्मान्तरसम्बन्धेन निधीयते संकल्प्यत इति निदानम्। परोपभोगसमृद्धिदर्शनात् संक्लिष्टतरस्यात्मनो जन्मान्तरेऽपि कथं नामैवं भोगसम्पन्नता मे स्यादित्यनागतप्रार्थनायामभिसन्धानमित्यर्थः। छंदनं छंदो मनोऽनुकूलविषयानुबुभूषायां[1] मनःप्रणिधानमिति यावत्। सूयतेऽभिषिच्यते विविधविषयाभिलाषकलुषसलिलपरिषेकैरिति सुतो लोभः। अथवा स्वशब्दः आत्मीयपर्यायवाची, स्वस्य भावः स्वता ममता ममकार इत्यर्थः। सास्मिन्नस्तीति स्वतो लोभः। प्रिय व इति प्रेयः। प्रेयश्चासौ दोषश्च प्रेयदोषो[2] लोभः। कथं पुनरस्य प्रेयत्वे सति दोषत्वम्, विप्रतिषेधादिति चेत्, ? न, आह्लादनमात्रहेतुत्वापेक्षया परिग्रहाभिलाषस्य प्रेयत्वे सत्यपि संसारप्रवर्धनकारणत्वाद्दोषतोपपत्तेः[3]। स्नेहनं स्नेहः, इष्टे वस्तुनि सानुरागं मनसः प्रणिधानमित्यर्थः। एवमनुरागोऽपि व्याख्येयः। अविद्यमानस्यार्थस्याशासनमाशेत्यपरो लोभपर्यायः। अथवा आश्यति तनूकरोत्यात्मानमित्याशा लोभ इति

आदि परिग्रहकी अभिलाषाका नाम काम है। यह लोभका प्रथम पर्यायनाम है। रागशब्दकी व्युत्पत्ति है—रंजनं रागः। मनोज्ञ विषयके अभिष्वंगका नाम राग है। यह लोभका दूसरा पर्यायनाम है। जन्मान्तरके सम्बन्धसे निधीयते अर्थात् संकल्प करनेका नाम निदान है। दूसरेके उपभोगकी समृद्धिके देखनेसे जो अत्यन्त संक्लेशको प्राप्त होता है तथा ऐसा विचार करता है कि मेरे जन्मान्तरमें भी इस प्रकारकी भोगसम्पन्नता कैसे होगी इस प्रकार अनागत विषयकी प्रार्थनामें अभिसन्धानका होना निदान है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। छन्द शब्दकी व्युत्पत्ति है—छन्दनं छन्दः। मनके अनुकूल विषयके बार-बार भोगनेमें मनके प्रणिधानका नाम छन्द है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। नाना प्रकारके विषयोंके अभिलाषरूप कलुषित जलके सिंचनोंद्वारा सूयते अर्थात् परिसिंचित करना सुत नामका लोभ है। अथवा 'स्व' शब्द आत्मीय पर्यायका वाची है। 'स्व' का जो भाव वह स्वता कहलाता है। इससे ममता या ममकार लिया गया है। वह जिसमें है वह स्वत नामका लोभ है। जो प्रिय के समान है वह प्रेय कहलाता है। प्रेय जो दोष वह प्रेय-दोष नामका लोभ है।

शंका—इसके प्रेयरूप होनेपर दोषपना कैसे बन सकता है, क्योंकि दोनोंके एक होनेका निषेध है ?

समाधान—नहीं, आह्लादन मात्र हेतुपनेकी अपेक्षा परिग्रहकी अभिलाषाके प्रेयरूप होनेपर भी संसारके बढ़ानेका कारणपना होनेसे उसमें दोषपना बन जाता है।

स्नेह शब्दकी व्युत्पत्ति है—स्नेहनं स्नेहः। इष्ट वस्तुमें अनुराग सहित मनका प्रणिधान होना स्नेह है यह इसका तात्पर्य है। इसी प्रकार अनुरागका भी व्याख्यान करना चाहिए। अविद्यमान अर्थकी आकांक्षा करना आशा नामका दूसरा लोभका पर्यायवाची नाम है। अथवा जो आश्यति अर्थात् आत्माको कृश करता है वह आशा नामका लोभ है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए। इच्छा पदकी व्युत्पत्ति है—एषणं इच्छा। बाह्य और आभ्यन्तर

---

१. ता०प्रतौ –यानुभूषायां इति पाठः। २. ता०प्रतौ प्रेयो दोषो इति पाठः। ३. ता०प्रतौ –दोषोपपत्तेः इति पाठः। ४. ता०प्रतौ तमूत्करोत्या– इति पाठः।

व्याख्येयम् । एषणमिच्छा, बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहाभिलाष इत्यर्थः । मूर्च्छनं मूर्च्छा, तीव्रतरः परिग्रहाभिष्वंग इत्यर्थः । गर्द्धनं गृद्धिः, परिग्रहेषूपात्तानुपात्तेष्वतितृष्णेत्यर्थः ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ७. साम्प्रतं द्वितीयगाथार्थ उच्यते । 'सासण-पत्थण-लालसेत्यादि—सहाशया वर्तत इति शासस्तस्य भावः साशता, सस्पृहता सतृष्णतेत्ययमपरो लोभपर्यायः । अथवा शश्वद्भवः शाश्वतो लोभः । कथं पुनरस्य शाश्वतिकत्वमिति चेदुच्यते—परिग्रहोपादानात्प्राक्पश्चाच्च[1] सर्वकालमनपायात् शाश्वतो लोभः । प्रकर्षेणार्थनं प्रार्थना धनोपलिप्सेत्यर्थः । लालसा गृद्धिरित्यनर्थान्तरम् । विरमणं विरतिः । न विद्यते विरतिरस्येति अविरतिः । अथवा अविरमणमविरतिरसंयम इत्यनर्थभेदः । तद्धेतुत्वाद-विरतिर्लोभपरिणामः, सर्वेषामेव हिंसानामविरमणभेदानां लोभकषायनिबन्धनत्वादिति । तर्षणं तृष्णा विषयपिपासेत्यर्थः । 'विज्ज जिब्भा य' विद्या जिह्वेत्यपि तस्यैव पर्याय-द्वयमवगन्तव्यम् । तद्यथा—वेदनं विद्या लोभ इत्यर्थः, तदधीनजन्मत्वाल्लोभोऽपि तथोपचर्यते, 'लोभो लाभेन वर्धते' इति वचनात् । अथवा[2] विद्येव विद्या । क इहोप-

---

परिग्रहकी अभिलाषाका नाम इच्छा है यह इसका तात्पर्य है । मूर्च्छा पदकी व्युत्पत्ति है—मूर्च्छनं मूर्च्छा । परिग्रहसम्बन्धी अति तीव्र अभिष्वंगका नाम मूर्च्छा है यह इसका तात्पर्य है । गृद्धि पदकी व्युत्पत्ति है—गर्द्धनं गृद्धिः । उपात्त और अनुपात्त परिग्रहोंमें अत्यधिक तृष्णाका नाम गृद्धि है यह इसका अर्थ है ।

§ ७. अब सासण-पत्थण-लालसा इत्यादि दूसरी गाथाका अर्थ कहते हैं—आशाके साथ जो रहता है वह शास कहलाता है और उसके भावका नाम शासता है । स्पृहा सहितपना और तृष्णा सहितपना इसका तात्पर्य है । यह लोभका दूसरा पर्यायनाम है । अथवा जो शश्वत हो वह शाश्वत कहलाता है । यह भी लोभका एक नाम है ।

शंका—इसका शाश्वतिकपना कैसे बन सकता है ?

समाधान—परिग्रहके ग्रहण करनेके पहले और बादमें सदा बना रहनेके कारण लोभ शाश्वत कहलाता है ।

प्रकृष्टरूपसे अर्थन अर्थात् चाहना प्रार्थना है, प्रकृष्टरूपसे धनकी चाह करना यह इसका अर्थ है । लालसा और गृद्धि ये एकार्थवाची शब्द हैं । विरति शब्दकी व्युत्पत्ति है—विरमणं विरतिः । जिसमें विरति नहीं है उसका नाम अविरति है । अथवा अविरति शब्दकी व्युत्पत्ति है—अविरमणं अविरतिः । अविरति और असंयम इनमें अर्थभेद नहीं है । उसका हेतु होनेसे अविरति लोभपरिणामस्वरूप है, क्योंकि हिंसासम्बन्धी अविरमण अर्थात् अविरतिके सभी भेद लोभकषायनिमित्तक होते हैं । तृष्णा शब्दकी व्युत्पत्ति है—तर्षणं तृष्णा । विषयसम्बन्धी पिपासाका नाम तृष्णा है यह इसका तात्पर्य है । विद्या और जिह्वा ये दोनों भी लोभके ही दो पर्याय नाम जानने चाहिए । यथा—विद्याकी व्युत्पत्ति है—वेदनं विद्या । यहाँ पर विद्या पदसे लोभ लिया गया है यह इसका अर्थ है, क्योंकि इसकी उत्पत्ति वेदनके अधीन है, इसलिये लोभ भी विद्यारूपसे उपचरित किया गया है । लोभ लाभसे बढ़ता है

---

१. ता०प्रतौ —पादात्प्राक्पश्चाच्च इति पाठः । २. ता०प्रतौ अथवा इति पाठो नास्ति ।

मार्थः ? दुराराधत्वम् । एवं जिह्वेव जिह्वेत्यसंतोषसाधर्म्यमाश्रित्य लोभपर्यायत्वं वक्तव्यम् । एवमेते लोभकषायस्य विंशतिरेकार्थाः पर्यायाः शब्दाः व्याख्याताः ।

कामो रागनिदाने छंद सुता प्रेय दोषनामानः ।
स्नेहानुराग आशा मूर्च्छेच्छागृद्धिसंज्ञाश्च ॥ ४ ॥
साशता प्रार्थना तृष्णा लालसाविरतिस्तथा ।
विद्या जिह्वा च लोभस्य पर्यायाः विंशतिः स्मृताः ॥ ५ ॥

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

एवं वंजणे त्ति समत्तमणिओगद्दारं ।

ऐसा वचन भी है । अथवा विद्याके समान होनेसे लोभका नाम विद्या है ।

शंका—प्रकृतमें उपमारूप अर्थ क्या है ?

समाधान—दुराराधपना प्रकृतमें उपमार्थ है । अर्थात् जिस प्रकार विद्याकी आराधना कष्टसाध्य होती है उसी प्रकार लोभका आलम्बनभूत भोगोपभोग कष्टसाध्य होनेसे प्रकृतमें लोभको कष्टसाध्य कहा गया है ।

इसी प्रकार लोभ जिह्वाके समान होनेसे जिह्वास्वरूप है, यहाँ असंतोषरूप साधर्म्यका आश्रयकर जिह्वा लोभका पर्यायवाची नाम है ऐसा कहना चाहिए । इस प्रकार लोभके इन एकार्थवाची शब्दोंका व्याख्यान किया ।

काम, राग, निदान, छन्द, सुत, प्रेय, दोष, स्नेह, अनुराग, आशा, मूर्च्छा, इच्छा, गृद्धि, साशत, प्रार्थना, तृष्णा, लालसा, अविरति, विद्या और जिह्वा ये बीस लोभके पर्यायवाची नाम स्मृत किये गये हैं ।

इस प्रकार व्यंजन नामका अनुयोगद्वार समाप्त हुआ ।

ॐ

सिरि-जइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

कसायपाहुडं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

सम्मत्तमणिओगद्दारं

णमो अरहंताणं

पणमह जिणवरवसहं गणहरवसहं तहेव गुणहरवसहं ।
दुसहपरीसहविसहं जइवसहं धम्मसुत्तपाढगवसहं[1] ॥१॥
इय पणमिय जिणणाहे गणणाहे तह य चेव मुणिणाहे ।
सम्मत्तसुद्धिहेउं वोच्छं सम्मत्तमहियारं ॥२॥

जिनवरवृषभ, गणधरवृषभ, गुणधरवृषभ और दुःसह परीषहोंको जीतनेवाले तथा धर्मसूत्रके पाठकोंमें श्रेष्ठ ऐसे यतिवृषभको तुम सब प्रणाम करो ॥१॥

इस प्रकार जिननाथ, गणनाथ और मुनिनाथको प्रणाम कर सम्यक्त्वशुद्धिके निमित्त-रूप सम्यक्त्व अधिकारका मैं कथन करता हूँ ॥ २ ॥

---

१. ता०प्रतौ पाठरक्खसहं इति पाठः ।

*** कसायपाहुडे सम्मत्ते त्ति अणिओगद्दारे अधापवत्तकरणे इमाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ परूवेयव्वाओ ।**

§ १. एदस्स सम्मत्तसण्णिदमहाहियारस्स उवक्कमादिभेयभिण्णचउव्विहावयार-परूवणट्ठमेदं सुत्तमागयं । तं जहा, चउव्विहो एत्थावयारो—उवक्कमो णिक्खेवो णयो अणुगमो चेदि । तत्थ उवक्कमो पंचविहो—आणुपुव्वी णामं पमाणं वत्तव्वदा अत्थाहियारो चेदि । तत्थाणुपुव्वी तिविहा पुव्वाणुपुव्वीआदिभेदेण । एत्थ पुव्वाणुपुव्वीए दसमो एसो अत्थाहियारो । पच्छाणुपुव्वीए छट्ठो । जत्थ-तत्थाणुपुव्वीए अणिद्धारिद-संखाविसेसो एसो अत्थाहियारो त्ति वत्तव्वं । णामं पमाणं च सुगमं । वत्तव्वदा ससमयो तदुभयं वा, सम्मत्तपरूवणाए तप्पडिवक्खपरूवणाविणाभावित्तादो । अत्थाहियारो दुविहो—दंसणमोहस्सुवसामणा खवणा चेदि, दोण्हमेदेसिं सम्मत्ताहियार-जोणित्तादो । णिक्खेव-णयोवक्कमपरूवणा जाणिय कायव्वा ।

§ २. इदाणिमणुगमं वत्तइस्सामो । को अणुगमो णाम ? पयदाहियारस्स वित्थारपरूवणट्ठं तदवलंबणीभूदगाहासुत्ताणुसरणमणुगमो त्ति इह विवक्खिओ। यदाह—'अधापवत्तकरणे इमाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ परूवेयव्वाओ' त्ति । एतदुक्तं भवति—सम्मत्ते त्ति अणियोगद्दारस्स अत्थविहासणे कीरमाणे दंसणमोहस्सुवसामणा पुव्वमेव

*** कषायप्राभृतके सम्यक्त्व नामक अनुयोगद्वारके अन्तर्गत अधःप्रवृत्तकरण-सम्बन्धी इन चार सूत्रगाथाओंका कथन करना चाहिए ।**

§ १. इस सम्यक्त्वसंज्ञक महाधिकारके उपक्रम आदि भेदरूप चार प्रकारके अवतार-का कथन करनेके लिये यह सूत्र आया है । यथा—प्रकृतमें अवतार चार प्रकारका है—उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम । उनमेंसे उपक्रम पाँच प्रकारका है—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और अर्थाधिकार । उनमेंसे पूर्वानुपूर्वी आदिके भेदसे आनुपूर्वी तीन प्रकारकी है । प्रकृतमें पूर्वानुपूर्वीकी अपेक्षा यह दसवाँ अर्थाधिकार है, पश्चादानुपूर्वीकी अपेक्षा यह छटा अर्थाधिकार है और यत्र-तत्रानुपूर्वीकी अपेक्षा अनिर्धारित संख्यावाला यह अर्था-धिकार है ऐसा यहाँ कथन करना चाहिए । नाम और प्रमाण ये दोनों सुगम हैं । वक्तव्यता स्वसमयवक्तव्यता और तदुभयवक्तव्यता जानना चाहिए, क्योंकि सम्यक्त्वकी प्ररूपणा उसकी प्रतिपक्ष प्ररूपणाके अविनाभावस्वरूप है । अर्थाधिकार दो प्रकारका है—दर्शन-मोहोपशामना और दर्शनमोहक्षपणा, क्योंकि ये दोनों अर्थाधिकार सम्यक्त्व अधिकारके योनिस्वरूप हैं । निक्षेप, नय और उपक्रमका विशेष कथन जानकर करना चाहिए ।

§ २. अब अनुगमको बतलाते हैं ।

शंका—अनुगम किसे कहते हैं ?

समाधान—[प्रकृत अधिकारका विस्तारपूर्वक कथन करनेके लिये उसके अवलम्बन-स्वरूप गाथासूत्रोंके अनुसरण करनेको अनुगम कहते हैं] ऐसा अर्थ प्रकृतमें विवक्षित है । जैसा कि कहा है—'अधःप्रवृत्तकरणके विषयमें इन चार सूत्र गाथाओंका कथन करना चाहिए।' इसका यह तात्पर्य है—सम्यक्त्व इस अधिकारके अर्थका विशेष व्याख्यान करने पर दर्शन-

परूवेयव्वा, तत्थेव सम्मत्तुप्पत्तिववहारस्स रूढत्तादो। तत्थ य पण्णारस सुत्तगाहाओ गुणहराइरियमुहकमलविणिग्गयाओ पडिबद्धाओ। तत्थ वि तिण्णि करणाणि अधापवत्तकरणादिभेदेण। तेसिं लक्खणं पुरदो भणिस्सामो।

§ ३. तत्थ ताव अधापवत्तकरणे इमाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ पण्णारस-मूलगाहाबहिब्भूदाओ [illegible] दंसणमोहोवसामगस्स तब्बहिब्भूदावत्थापरूवणप्पियाओ पुव्वमेत्थ परूवेयव्वाओ, तप्परूवणाए विणा पण्णारसमूलगाहाणमत्थविहासाए अणवयारादो त्ति एत्थ जइ वि सामण्णेण अधापवत्तकरणे इमाओ सुत्तगाहाओ परूवेयव्वाओ त्ति वुत्तं तो वि अधापवत्तकरणपढमसमए इमाओ परूवेयव्वाओ त्ति वक्खाणेयव्वं। कुदो ? एदाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ अधापवत्तकरणपढमसमए परूविदाओ त्ति पुरदो भणिस्समाणचुण्णिसुत्तणिबंधोवसंहारवक्कादो तारिसविसेसणिण्णयोवलद्धीए। संपहि काओ ताओ गाहाओ त्ति आसंकाए पुच्छापुव्वमुत्तरं पबंधमाह—

* तं जहा।

§ ४. सुगममेदं गाहासुत्तावयारावेक्खं पुच्छावक्कं। एवं पुच्छाविसईकयाणं गाहासुत्ताणं जहाकममेसो सरूवणिद्देसो—

(३८) दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे।
जोगे कसायउवजोगे लेस्सा वेदो य को भवे ॥९१॥

मोहोपशामनाका सर्वप्रथम कथन करना चाहिए, क्योंकि सम्यक्त्वकी उत्पत्तिरूप व्यवहार उसीमें रूढ़ है। उसमें गुणधर आचार्यके मुखकमलसे निकली हुई पन्द्रह सूत्रगाथाएँ प्रतिबद्ध हैं। उसमें भी अधःप्रवृत्तकरण आदिके भेदसे ये तीन करण होते हैं। उनके लक्षणोंका कथन आगे करेंगे।

§ ३. उनमें सर्वप्रथम अधःप्रवृत्तकरणके विषयमें ये चार सूत्रगाथाएँ हैं जो पन्द्रह मूल गाथाओंसे बहिर्भूत हैं। वे दर्शनमोहका उपशम करनेवाले उसी जीवके उसके अभिमुख होनेरूप अवस्थाका प्ररूपण करती हैं, उनका सर्वप्रथम यहाँ प्ररूपण करना चाहिए, क्योंकि उनका प्ररूपण किये बिना पन्द्रह मूलगाथाओंके अर्थका विशेष व्याख्यान नहीं हो सकता। इस प्रकार यहाँपर यद्यपि अधःप्रवृत्तकरणके विषयमें इन सूत्रगाथाओंका कथन करना चाहिए ऐसा सामान्यरूपसे कहा है तो भी अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें इनका कथन करना चाहिए ऐसा व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि ये चार सूत्रगाथाएँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके विषयमें कही गई हैं ऐसा आगे कहे जानेवाले चूर्णिसूत्रसम्बन्धी उपसंहार वाक्यसे उक्त प्रकारके विशेष निर्णयकी उपलब्धि होती है। अब वे कौन-सी गाथाएँ हैं ऐसी आशंका होनेपर पृच्छापूर्वक उत्तर प्रबन्धको कहते हैं—

* वह जैसे।

§ ४. गाथासूत्रोंके अवतारकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छावाक्य सुगम है। इस प्रकार पृच्छाके विषयरूपसे विवक्षित गाथासूत्रोंका क्रमसे यह स्वरूपनिर्देश है।

*** दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवका परिणाम कैसा होता है, किस योग, कषाय और उपयोगमें विद्यमान उसके कौनसी लेश्या और वेद होता है ॥९१॥**

५. एसा गाहा दंसणमोहउवसामगस्स तदुम्मुहावत्थाए पयट्टमाणस्स परिणामविसेसपरूवणट्ठं तस्सेव जोग-कसायोवजोग-लेस्सा-वेदभेदाणं च परूवणट्ठमोइण्णा। तत्थ ताव पुव्वद्धेण[1] 'दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे', किं विसुद्धो विसुद्धयरो संकिलिट्ठो संकिलिट्ठयरो वा त्ति विसोहि-संकिलेसावेक्खो पुच्छाणिद्देसो कओ दट्ठव्वो। पच्छद्धेण वि 'जोगे कसाय उवजोगे लेस्सा वेदो य को भवे' किमविसेसेण सव्वेसिमेव जोगकसायोवजोगादिभेदाणमेदस्स संभवो, आहो अत्थि को विसेसो त्ति तव्विसयविसेसणिण्णयावेक्खो पुच्छाणिद्देसो कओ होइ। एवं पुच्छिदत्थविसयविसेसणिण्णयमुवरि चुण्णिसुत्तसंबंधेण कस्सामो, सुत्तसिद्धस्स अत्थस्स पुध परूवणाए फलविसेसाणुवलंभादो। एवं ताव पढमगाहाए संखेवेणुत्थाणत्थपरूवणं कादूण संपहि विदियगाहाए अवयारं कस्सामो—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(३८) काणि वा पुव्वबद्धाणि के वा अंसे णिबंधदि।
कदि आवलियं पविसंति कदिण्हं वा पवेसगो ॥९२॥

§ ६. एसा विदिया गाहा दंसणमोहउवसामगस्स णाणावरणादिकम्माणं संतकम्मबंधोदयावलियपवेसोदीरणाणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयाणं[2] पुच्छामुहेण परूवट्ठं ओइण्णं। तं जहा—'काणि वा पुव्वबद्धाणि' त्ति एसो सुत्तस्स पढमावयवो, सव्वेसिं

---

१. ता०प्रतौ पुव्वद्धेण वि इति पाठः। २. ता०प्रतौ –विसेसियाणं इति पाठः।

§ ५. दर्शनमोहके उपशमके सन्मुख हुई अवस्थामें प्रवृत्त हुए दर्शनमोहके उपशामक जीवके परिणामविशेषका कथन करनेके लिये तथा उसीके योग, कषाय, उपयोग, लेश्या और वेदके भेदोंका कथन करनेके लिये यह गाथा आई है। उनमेंसे सर्व प्रथम पूर्वार्धके 'दर्शनमोहके उपशामकका परिणाम कैसा होता है' इस वचन द्वारा क्या विशुद्ध होता है, या विशुद्धतर होता है, संक्लिष्ट होता है या संक्लिष्टतर होता है? इस प्रकार विशुद्धि और संक्लेशकी अपेक्षा पृच्छाका निर्देश किया हुआ जानना चाहिए। तथा उत्तरार्धके 'किस योग, कषाय और उपयोगमें विद्यमान उसके लेश्या और वेद कौनसा होता है' इस वचनद्वारा क्या सामान्यसे सभी योग, कषाय, और उपयोगादिके भेद इसके सम्भव हैं या कोई विशेषता है इस प्रकार उक्त पृच्छाविषयक विशेष निर्णयकी अपेक्षा रखनेवाला यह पृच्छाका निर्देश किया है। इस प्रकार पूछे गये अर्थका विशेष निर्णय आगे चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे करेंगे, क्योंकि सूत्रसिद्ध अर्थकी पृथक् प्ररूपणामें फलविशेष नहीं पाया जाता। इस प्रकार सर्व प्रथम प्रथम गाथा द्वारा संक्षेपसे उत्थानिकारूप अर्थका कथन करके अब दूसरी गाथाका अवतार करते हैं—

*** दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके पूर्वबद्ध कर्म कौन-कौन हैं, वर्तमानमें किन कर्मांशोंको बाँधता है, कितने कर्म उदयावलिमें प्रवेश करते हैं और यह किन कर्मोंका प्रवेशक होता है ॥९२॥**

§ ६. यह दूसरी गाथा दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके ज्ञानावरणादि कर्मसम्बन्धी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक सत्कर्म, बन्ध, उदयावलिप्रवेश और उदीरणाका पृच्छामुखसे कथन करनेके लिये आई है। यथा—'काणि वा पुव्वबद्धाणि' यह

कम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेससंतकम्मपरूवणाए पडिबद्धो। कधं पुण 'काणि वा पुव्वबद्धाणि' त्ति सामण्णणिद्देसेण पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसेसोवलद्धी होदि त्ति ? णेदमेत्थासंकणिज्जं, सामण्णणिद्देसे सव्वेसिं विसेसाणं संगहे विरोहाभावादो। 'के वा अंसे णिबंधदि' त्ति एसो सुत्तस्स बिदियावयवो तेसिं चेव पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसेसियणवगबंधसरूवणिरूवट्ठमोइण्णो, अंससद्दस्स पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसेसवाचिणो इह ग्गहणादो। 'कदि आवलियं पविसंति' त्ति एसो सुत्तस्स तदियावयवो सव्वेसिमेव कम्माणं मूलुत्तरपयडिभेयभिण्णाणं ट्ठिदिक्खयजणिदोदयावलियपवेसगवेसणट्ठमुवणिबद्धो। उदयाणुदयसरूवेण उदयावलियं पविसमाणपयडिगवेसणे एसो सुत्तावयवो पडिबद्धो त्ति भावत्थो। 'कदिण्हं वा पवेसगो' एसो चउत्थो गाहासुत्तावयवो सव्वेसिं कम्माणमुदीरणामुहेण उदयावलियं पवेसिज्जमाणपयडीणं परूवणाए पडिबद्धो। एदं च सव्वं पुच्छासुत्तं। एदिस्से पुच्छाए णिण्णयमुवरि चुण्णिसुत्तसंबंधेण कस्सामो। संपहि तदियगाहाए अवयारं कस्सामो।

(४०) के अंसे झीयदे पुव्वं बंधेण उदएण वा।
अंतरं वा कहिं किच्चा के के उवसामगो कहिं ॥९३॥

गाथासूत्रका प्रथम अवयव सभी कर्मोंके प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्मके कथन करनेमें प्रतिबद्ध है।

शंका—'पूर्वबद्ध कर्म कौन हैं' इस प्रकार सामान्य निर्देश द्वारा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविशेषकी उपलब्धि कैसे होती है ?

समाधान—यहाँ ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, सामान्य निर्देशमें सभी विशेषोंका संग्रह होनेमें कोई विरोध नहीं आता।

'के वा अंसे णिबंधदि' यह गाथासूत्रका दूसरा अवयव उन्हीं कर्मोंके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविशेषरूप नवकबन्धके स्वरूपके निरूपणके लिये आया है, क्योंकि यहाँ पर अंश शब्द प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविशेषका वाची ग्रहण किया गया है। 'कदि आवलियं पविसंति' यह गाथासूत्रका तीसरा अवयव मूल और उत्तर प्रकृतियोंके भेदसे अनेक प्रकारके सभी कर्मोंके स्थितिक्षयजन्य उदयावलिप्रवेशके अनुसंधानके लिये निबद्ध किया गया है। उदय और अनुदयरूपसे उदयावलिमें प्रवेश करनेवाली प्रकृतियोंके अनुसंधानमें गाथासूत्रका यह अवयव प्रतिबद्ध है यह इसका भावार्थ है। 'कदिण्हं वा पवेसगो' गाथासूत्रका यह चौथा अवयव सभी कर्मोंकी उदीरणा द्वारा उदयावलिमें प्रविष्ट कराई जानेवाली प्रकृतियोंकी प्ररूपणामें प्रतिबद्ध है। यह सब पृच्छासूत्र है। इस पृच्छाका निर्णय आगे चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे करेंगे। अब तीसरी गाथाका अवतार करते हैं—

दर्शनमोहके उपशमके सन्मुख होनेपर पूर्व ही बन्ध और उदयरूपसे कौनसे कर्मांश क्षीण होते हैं ? आगे चलकर अन्तरको कहाँ पर करता है और कहाँ पर किन-किन कर्मोंका

---

१. ता०प्रतौ –गवेसणो इति पाठः।

§ ७. एसा तदियसुत्तगाहा पुव्वद्धेण सव्वेसिं कम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसेसिदबंधोदएहिं झीणाझीणत्तगवेसणट्ठमागया। के कर्मांशाः प्रकृति-स्थित्यनुभव[1]-प्रदेशविशेषिताः दर्शनमोहोपशमनोन्मुखावस्थायां पूर्वमेव क्षीयन्ते, के वा न क्षीयन्त इति सूत्रे पदसम्बन्धावलंबनात्। तहा पच्छद्धेण वि पुरदो भविस्समाणमंतरं कम्हि उद्देसे होइ, केसिं वा कम्माणं कम्हि उद्देसे एसो उवसामगो होदि त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स पुच्छासुत्तेण परूवणाए पडिबद्धा। एवंविहाणं च पुच्छाणिद्देसाणं णिरारेगीकरणमुवरि चुण्णिसुत्तसंबंधेण कस्सामो। संपहि जहावसरपत्ताए चउत्थगाहाए एसो अवयारो—

(४१) किं ट्ठिदियाणि कम्माणि अणुभागेसु केसु वा।
ओवट्टिदूण सेसाणि कं ठाणं पडिवज्जदि ॥८४॥

§ ८. एदिस्से चउत्थगाहाए पुव्वद्धेण विदियगाहाए परूविदट्ठिदि-अणुभागसंत-कम्माणं पुच्छासुत्तेणाणुवादं कादूण तदो पच्छद्धेण ट्ठिदि-अणुभागखंडयपरूवणाए बीजपद-मुवइट्ठं। दंसणमोहउवसामगो कम्हि उद्देसे काणि ट्ठिदि-अणुभागविसेसिदाणि कम्माणि ओवट्टेयूण कं ठाणमवसेसं पडिवज्जइ, ट्ठिदीए केत्तिए भागे विणासेयूण कइत्थं भागं

उपशामक होता है ॥९३॥

§ ७. यह तीसरी गाथा पूर्वार्ध द्वारा सभी कर्मोंके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविशिष्ट बन्ध और उदयरूपसे क्षीण-अक्षीणपनेके अनुसन्धान करनेके लिए आई है। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविशिष्ट कौनसे कर्मांश दर्शनमोहके उपशमके सन्मुख होनेकी अवस्थामें पहले ही क्षीण हो जाते हैं और कौनसे कर्म क्षीण नहीं होते हैं इस प्रकार सूत्रमें पदोंके सम्बन्धका अवलम्बन लिया है। तथा उत्तरार्धद्वारा भी आगे होनेवाला अन्तर किस स्थान पर होता है और किन कर्मोंका किस स्थानपर यह उपशामक होता है इस तरह इस प्रकारका अर्थविशेष पृच्छाद्वारा प्ररूपणामें प्रतिबद्ध है। तथा इस प्रकारके पृच्छानिर्देशोंका खुलासा आगे चूर्णिसूत्रके सम्बन्धसे करेंगे। अब क्रमसे अवसर प्राप्त चौथी गाथाका यह निर्देश है—

*** दर्शनमोहका उपशम करनेवाला जीव किस स्थितिवाले कर्मोंका तथा किन अनुभागोंमें स्थित कर्मोंका अपवर्तन करके शेष रहे उनके किस स्थानको प्राप्त होता है ॥९४॥**

§ ८. इस चौथी गाथाके पूर्वार्धद्वारा दूसरी गाथामें कहे गये स्थितिसत्कर्मों और अनुभाग सत्कर्मोंका पृच्छाद्वारा अनुवाद करके अनन्तर उत्तरार्ध द्वारा स्थितिकाण्डक और अनुभागकाण्डकसम्बन्धी प्ररूपणाके बीजपदका निर्देश किया है। दर्शनमोहका उपशामक जीव किस स्थानपर स्थितिविशेष और अनुभागविशेषसे युक्त किन कर्मोंका अपवर्तन कर अवशिष्ट किस स्थानको प्राप्त होता है, क्योंकि स्थितिके कितने भागोंका विनाश कर कितने

१. ता०प्रतौ –स्थित्यनुभाव इति पाठः।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

परिसेसेइ, अणुभागस्स वा केत्तिये भागे ओवट्टेदूण केवडियं भागमुवसेसेदि त्ति सुत्तत्थसंबंधावलंबणादो । एवमेदेसिं गाहासुत्ताणमुत्थाणत्थपरूवणं कादूण संपहि एदेसिं वित्थारत्थपरूवणट्ठमुत्तरं चुण्णिसुत्तपबंधमणुसरामो ।

*** एदाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ अधापवत्तकरणस्स पढमसमए परूविदव्वाओ ।**

§ ९. एवं भणंतस्सायमहिप्पाओ—एदाओ सुत्तगाहाओ अधापवत्तकरणपढमसमयादो हेट्ठिमोवरिमावत्थासुपडिबद्धत्थपरूवणाए णिबद्धाओ । जेतच्छाओ दोण्हमवट्ठाणं साहारणभावेण मज्झावत्थाए मज्झदीवयसरूवेणेदासिं परूवणं कायव्वमिदि जाणावणट्ठमेदाओ गाहाओ अधापवत्तकरणपढमसमए परूवेयव्वाओ त्ति भणिदं होइ । संपहि 'जहा उद्देसो तहा णिद्देसो' त्ति णायमवलंबिय पढमं ताव पढमगाहासुत्तत्थं विहासिदुकामो इदमाह—

*** तं जहा ।**

§ १०. सुगमं ।

*** 'दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे' त्ति विहासा ।**

§ ११. एदस्स ताव पढमगाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासा एण्हिमहिकीरदि त्ति वुत्तं होइ ।

भागको शेष बचाता है तथा अनुभागके कितने भागोंका अपवर्तन कर कितने भागको शेष बचाता है इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्धका अवलम्बन लिया गया है । इस प्रकार इन गाथासूत्रोंके उत्थानिकारूप अर्थका कथन कर अब इनके विस्तारपूर्वक अर्थका कथन करनेके लिए आगेके चूर्णिसूत्रके प्रबन्धका अनुसरण करते हैं—

*** ये चार सूत्रगाथाएँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें कहनी चाहिए ।**

§ ९. ऐसा कहनेका यह अभिप्राय है—ये सूत्रगाथाएँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे पूर्वकी और बादकी अवस्थाओंमें प्रतिबद्ध अर्थकी प्ररूपणा करनेमें निबद्ध हैं, इसलिये दोनों अवस्थाओंके लिये साधारण ऐसी मध्यकी अवस्थामें मध्यदीपकरूपसे इनका कथन करना चाहिए इस बातका ज्ञान करानेके लिये ये गाथाएँ अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें कथन योग्य हैं यह कहा है । अब 'उद्देश्यके अनुसार निर्देश किया जाता है' इस न्यायका अवलम्बन लेकर सर्वप्रथम प्रथम गाथासूत्रके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेकी इच्छासे इसे कहते हैं—

*** वह जैसे ।**

§ १०. यह सूत्र सुगम है ।

*** 'दर्शनमोहके उपशामकका परिणाम कैसा होता है ?' इसकी विभाषा ।**

§ ११. सर्वप्रथम प्रथम गाथाके इस पूर्वार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान इस समय अधिकृत करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* तं जहा ।

§ १२. सुगमोऽयं यथाप्रतिज्ञातार्थविषयः प्रश्नोपन्यासः ।

* परिणामो विसुद्धो ।

§ १३. दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो विसुद्धो चेव होइ, णाविसुद्धो त्ति सुत्तत्थसंबंधो । विशुद्धतरोऽस्य परिणाम इत्युक्तं भवति । अधःप्रवृत्तकरणप्रथमसमयमधिकृत्यैतत्प्रतिपादितं भवति । न केवलमधःप्रवृत्तकरणप्रारंभसमय एवास्य परिणामो विशुद्धिकोटिमवगाढः, अपि तु प्रागप्यन्तर्मुहूर्त्तात्प्रभृति विशुध्यन्नेवायमागत इति प्रदर्शनार्थमुत्तरसूत्रमाह सूत्रयति सूत्रकारः—

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* पुव्व पि अंतोमुहुत्तप्पहुडि अणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झमाणो आगदो ।

§ १४. कुत एवमिति चेत् ? मिथ्यात्वगर्त्तादतिदुस्तरादात्मानमुद्धर्त्तुमनसोऽस्य सम्यक्त्वरत्नमलब्धपूर्वमासिसादयिषोः प्रतिक्षणं क्षयोपशमोपदेशलब्ध्यादिभिरुपबृंहितसामर्थ्यस्य संवेग-निर्वेदाभ्यामुपर्युपरि उपचीयमानहर्षस्य समयं प्रत्यनन्तगुणविशुद्धिप्रतिपत्तेरविप्रतिषेधात् ।

---

* वह जैसे ।

§ १२. यथा प्रतिज्ञात अर्थको विषय करनेवाला यह प्रश्नका उपन्यास सुगम है ।

* परिणाम विशुद्ध होता है ।

§ १३. दर्शनमोहके उपशामकका परिणाम विशुद्ध ही होता है, अविशुद्ध नहीं होता इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है । इसका परिणाम विशुद्धतर होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयको अधिकृत कर यह कहा है । केवल अधःप्रवृत्तकरणके प्रारम्भके समयमें ही इसका परिणाम विशुद्धिरूप कोटिको स्पर्श नहीं करता, किन्तु इसके पूर्व ही अन्तर्मुहूर्तसे लेकर विशुद्ध होता हुआ यह आया है इस बातको बतलानेके लिये सूत्रकारने इस सूत्रकी रचना की है—

* अधःप्रवृत्तकरणके पूर्व ही अन्तर्मुहूर्तसे लेकर अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता हुआ वह आया है ।

§ १४. **शंका**—ऐसा किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि जो अति दुस्तर मिथ्यात्वरूपी गर्तसे उद्धार पानेके मनवाला है, जो अलब्धपूर्व सम्यक्त्वरूपी रत्नको प्राप्त करनेकी तीव्र इच्छावाला है, जो प्रति समय क्षयोपशमलब्धि और देशनालब्धि आदिके बलसे वृद्धिंगत सामर्थ्यवाला है और जिसके संवेग और निर्वेदके द्वारा उत्तरोत्तर हर्षमें वृद्धि हो रही है उसके प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिकी प्राप्ति होनेका विरोध नहीं है ।

विशेषार्थ—संसारी जीवके मिथ्यात्वकी भूमिकामें सम्यग्दर्शनको प्राप्त करनेके सन्मुख होनेकी पूर्व तैयारी किस प्रकारकी होती है यह यहाँ स्पष्टरूपसे बतलाया गया है । संसार

§ १५. एवं ताव गाहापुव्वद्धमस्सियूण परिणामस्स विसुद्धभावं पदुप्पाइय संपहि गाहायच्छद्धावलंबणेण जोगादिविसेसपरूवणट्ठं सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** जोगे त्ति विहासा ।**

§ १६. जोगे त्ति' यदस्स एण्हिं अत्थविहासा कीरदि त्ति भणिदं होइ ।

*** अण्णदरमणजोगो वा अण्णदरवचिजोगो वा ओरालियकायजोगो वा वेउव्वियकायजोगो वा ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

और संसारके कारणोंके प्रति जिसके चित्तमें उदासीनता आई है वही जीव सम्यग्दर्शनका प्राप्त करनेका अधिकारी है। इसी तथ्यको स्पष्ट करते हुए यहाँ सर्व प्रथम यह बतलाया गया है कि जो अति दुस्तर मिथ्यात्वरूपी गर्तमेंसे निकलना चाहता है। किन्तु इतना विचार करने-मात्रसे कि संसार और संसारके कारण हितकर नहीं, इस जीवको संसारसे छुटकारा नहीं मिल सकता। इसके लिये उसके चित्तमें निरन्तर मोक्ष और मोक्षके कारणोंके प्रति उत्तरोत्तर भीतरसे आदरभाव होना चाहिए। यह तभी सम्भव है, जब कि यह जीव मिथ्यात्वसेवनके कारणरूप बाह्य साधन कुदेव, कुगुरु और कुशास्त्रोंकी सेवा-अध्ययन आदि छोड़कर परमार्थ-स्वरूप देव, गुरु और परमागमकी सेवा-स्वाध्याय आदिमें सावधान बने। जब भीतरसे यह जीव हर्षातिरेकसे आपूरित होकर परमार्थस्वरूप देव और गुरुकी उपासना तथा परमागमके श्रवण-मननमें निरन्तर सावधान रहता है तब उसके उत्तरोत्तर परिणामोंमें विशुद्धि होकर भीतर क्रिया-परिणाम द्वारा जो बाह्य लाभ होता है उस लाभको ही परमागममें चार लब्धियों-की प्राप्ति कहा है। वे चार लब्धियाँ ये हैं—क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि और प्रायोग्यलब्धि। उनका स्वरूप इस प्रकार है—परिणामोंकी विशुद्धिवश पूर्वमें संचित हुए कर्मोंके अनुभागस्पर्धकोंके प्रति समय अनन्तगुणे हीन होकर उदीरित होनेका नाम क्षयोप-शमलब्धि है। प्रतिसमय अनन्तगुणे हीन होकर उदीरणाको प्राप्त हुए अनुभाग स्पर्धकोंके निमित्तसे ऐसे परिणामोंका होना जो साता आदि प्रशस्त प्रकृतियोंके बन्धके निमित्त हैं और असाता आदि अशुभ कर्मोंके बन्धके विरुद्ध हैं, विशुद्धिलब्धि है। छह द्रव्य और नौ पदार्थोंके उपदेशका नाम देशना है। उस देशनासे परिणत आचार्य आदिको उपलब्धि तथा उपदिष्ट अर्थके ग्रहण, धारण और विचार करनेरूप शक्तिकी प्राप्तिका नाम देशनालब्धि है। तथा सब कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अनुभागका घात कर उन्हें क्रमसे अन्तःकोडाकोडी सागरोपमप्रमाण स्थितिके भीतर और द्विस्थानीय अनुभागमें स्थापित करना प्रायोग्यलब्धि है। जो जीव उक्त चार लब्धियोंके सद्भावमें अन्वस्तत्त्वके मननपूर्वक उत्तरोत्तर परिणामोंकी विशुद्धिद्वारा सम्यक्त्व ग्रहणके सन्मुख हो वह अधःकरण परिणामोंको प्राप्त होता है, उसके इन चार लब्धियोंका सद्भाव नियमसे होता है यह समग्र कथनका तात्पर्य है।

§ १५. इस प्रकार सर्व प्रथम गाथाके पूर्वार्धका आश्रय कर परिणामकी विशुद्धिका कथन कर अब गाथाके उत्तरार्धके अवलम्बन द्वारा योग आदि विशेषोंका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** 'योग' इस पदकी विभाषा ।**

§ १६. इस समय 'योग' इस पदका विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** अन्यतर मनोयोग, अन्यतर वचनयोग, औदारिक काययोग या वैक्रियिक काययोगहोता है ।**

§ १७. जोगो णाम जीवपदेसाणं कम्मादाणणिबंधणो परिप्फंदपज्जाओ। सो च तिविहो—मणजोगो वचिजोगो कायजोगो चेदि। तत्थ मणजोगो चउव्विहो सच्च-मोस-सच्चमोसासच्चमोसभेदेण। एवं वचिजोगो वि चउव्विहो। कायजोगो वि सत्तविहो होइ। एवमेदेसु जोगभेदेसु दंसणमोहोवसामगस्स कदमो जोगो होदि त्ति भणिदे मणजोगभेदेसु ताव अण्णदरो मणजोगो होइ, चउण्हं[1] पि तेसिमेत्थ संभवे विरोहाणुवलंभादो। एवं वचिजोगभेदाणं पि वत्तव्वं। कायजोगो पुण ओरालियकाय-जोगो वेउव्वियकायजोगो वा होइ, अण्णेसिमिहासंभवादो। एदेसिं दसण्हं पज्जत्त-जोगाणमण्णदरेण जोगेण परिणदो पढमसम्मत्तुप्पायणस्स जोग्गो होइ, ण सेसजोग-परिणदो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थणिण्णओ।

*** कसाये त्ति विहासा।**

§ १८. सुगमं।

*** अण्णदरो कसायो।**

§ १९. दंसणमोहोवसामगस्स कोहादीणं चउण्हं कसायाणं मज्झे अण्णदरो

---

§ १७. [जीवप्रदेशोंकी कर्मोंके ग्रहणमें कारणभूत परिस्पन्दरूप पर्यायका नाम योग है।] वह योग तीन प्रकारका है—मनोयोग, वचनयोग और काययोग। उनमेंसे सत्यमनोयोग, मृषामनोयोग, सत्य-मृषामनोयोग और असत्य-मृषामनोयोगके भेदसे मनोयोग चार प्रकारका है। इसी प्रकार वचनयोग भी चार प्रकारका कहना चाहिए। काययोग भी सात प्रकारका है। इस प्रकार योगके इन भेदोंमेंसे दर्शनमोहके उपशामकके कौनसा योग होता है ऐसा कहने पर उसका यह समाधान है कि मनोयोगके भेदोंमेंसे तो अन्यतर मनोयोग होता है, क्योंकि उन चारोंके ही यहाँ प्राप्त होनेमें किसी प्रकारका विरोध नहीं पाया जाता। इसी प्रकार वचनयोगके भेदोंका भी कथन करना चाहिए। परन्तु काययोग औदारिककाययोग या वैक्रियिककाययोग होता है, क्योंकि अन्य काययोगोंका प्राप्त होना असम्भव है। इन दस पर्याप्त योगोंमेंसे अन्यतर योगसे परिणत हुआ जीव प्रथम सम्यक्त्वके प्राप्त करनेके योग्य होता है, शेष योगोंसे परिणत हुआ जीव नहीं इस प्रकार यहाँ पर सूत्रार्थका निर्णय है।

विशेषार्थ—जो जीव प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है वह संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होनेके साथ पर्याप्त भी होना चाहिए यह इस कथनसे स्पष्ट ज्ञात होता है, क्योंकि उक्त दश प्रकारके योग पर्याप्त अवस्थामें ही पाये जाते हैं।

*** 'कषाय' इस पदकी विभाषा।**

§ १८. यह सूत्र सुगम है।

*** अन्यतर कषाय होती है।**

§ १९. दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके क्रोधादि चार कषायोंमेंसे अन्यतर

---

१. ता०प्रतौ चउव्विहं इति पाठः।

कसायपरिणामो होदि त्ति भणिदं होइ, तेसिमेक्कस्स वि पयदविसए विरोहाणुवलंभादो। तत्थ किमेसो वड्ढमाणकसायपरिणामो आहो हायमाणकसायपरिणामो त्ति एदिस्से आसंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** किं सो वड्ढमाणो हायमाणो त्ति ? णियमा हायमाणकसायो।**

§ २०. किं कारणं ? विसुद्धीए वड्ढमाणस्सेदस्स वड्ढमाणकसायत्तेण सह विरोहादो। तदो कोहादिकसायाणं विट्ठाणाणुभागोदयजणिदं तप्पाओग्गं मंदयरकसायपरिणाम मणुभवंतो एसो सम्मत्तमुप्पाएदुमाढवेइ त्ति सिद्धो सुत्तस्स समुदायत्थो।

*** उवजोगे त्ति विहासा।**

§ २१. कः पुनरुपयोगो नाम ? उपयुंक्तेऽनेनेत्युपयोगः, आत्मनोऽर्थग्रहणपरिणाम इत्यर्थः। स पुनर्द्वेधा व्यवतिष्ठते साकारेतरभेदात्। तत्र साकारो ज्ञानोपयोगः। अनाकारो दर्शनोपयोगः। तद्भेदाश्च मतिज्ञानादयश्चक्षुर्दर्शनादयश्च। तत्रायं कतरेणोपयोगेन परिणतः सन् प्रथमसम्यक्त्वमुत्पादयतीत्यत्रोत्तरमाह—

कषायपरिणाम होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि उनमेंसे एकका भी प्रकृत विषयमें विरोध नहीं पाया जाता। उनमेंसे यह क्या वर्धमान कषाय परिणामवाला होता है या हीयमान कषाय परिणामवाला होता है। इस प्रकार इस आशंकाका निराकरण करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** क्या वह वर्धमान कषायवाला होता है या हीयमान कषायवाला होता है ? नियमसे हीयमान कषायवाला होता है।**

§ २०. क्योंकि विशुद्धिसे वृद्धिको प्राप्त होनेवाले इसके वर्धमान कषायके साथ रहनेका विरोध है, इसलिए क्रोधादि कषायोंके द्विस्थानीय अनुभागके उदयसे उत्पन्न हुए तत्प्रायोग्य मन्दतर कषाय परिणामका अनुभवन करता हुआ सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके लिये आरम्भ करता है इस प्रकार इस सूत्रका समुदायरूप अर्थ सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—पहले क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंके स्वरूप निर्देशके प्रसंगसे प्रायोग्य लब्धिका स्वरूप निर्देश कर आये हैं। उसीसे यह स्पष्ट हो जाता है कि जो जीव सम्यक्त्व ग्रहणके सन्मुख होता है उसके अन्य कर्मोंके समान मोहनीय कर्मका अनुभाग विशुद्धिवश द्विस्थानीय हो जाता है। उसमें भी प्रति समय उसमें अनन्तगुणी हानि होती जाती है, इसलिये इस जीवके हीयमान कषायपरिणामका ही उदय रहता है यह सिद्ध होता है।

*** 'उपयोग' इस पदकी विभाषा।**

§ २१. **शंका**—उपयोग किसका नाम है ?

समाधान—जिसके द्वारा उपयुक्त होता है उसका नाम उपयोग है। आत्माके अर्थके ग्रहणरूप परिणामका नाम उपयोग है यह उक्त कथनका अर्थ है।

वह उपयोग साकार और अनाकारके भेदसे दो प्रकारका है। उनमेंसे साकार ज्ञानोपयोग है और अनाकार दर्शनोपयोग है। तथा उनके क्रमसे भेद मतिज्ञानादि और चक्षुदर्शनादिक हैं। उनमेंसे यह दर्शन मोहका उपशामक जीव किस उपयोगसे परिणत होता हुआ प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है ऐसा प्रश्न होनेपर यहाँ उसका उत्तर देते हुए कहते हैं—

*** णियमा सागारुवजोगो ।**

§ २२. कुतोऽयं नियमश्चेत् ? अनाकारोपयोगेनाविमर्शकेन सामान्यमात्रावग्राहिणा विमर्शात्मकतत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणसम्यग्दर्शनप्रतिपत्तिं प्रत्यभिमुखीभावानुपपत्तेः । मदि-सुदअण्णाणेहि विभंगणाणेण वा परिणदे होदूण एसो पढमसम्मत्तुप्पायणं पडि तेण पयट्टइ त्ति सिद्धं ।

*** लेस्सा त्ति विहासा ।**

§ २३. सुगमं ।

*** तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साणं णियमा वड्ढमाणलेस्सा ।**

*** नियमसे साकार उपयोग होता है ।**

§ २२. शंका—यह नियम किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि अविमर्शक और सामान्यमात्रग्राही चेतनाकार उपयोगके द्वारा विमर्शकस्वरूप तत्त्वार्थ श्रद्धान लक्षण सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिके प्रति अभिमुखपना नहीं बन सकता । इसलिए मति-श्रुत अज्ञानरूपसे या विभंगज्ञानरूपसे परिणत होकर यह जीव प्रथमसम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके प्रति उस उपयोगद्वारा प्रवृत्त होता है यह सिद्ध हुआ ।

विशेषार्थ—सर्व प्रथम यहाँ दर्शनके स्वरूपका निर्देश करके यह बतलाया गया है कि सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिके प्रति सन्मुखपना ज्ञानोपयोग कालमें ही सम्भव है दर्शनोपयोग कालमें नहीं, क्योंकि जब यह जीव जीवादि नौ पदार्थोंके स्वरूपका निर्णय करनेके साथ अपने साकार उपयोग परिणामके द्वारा ज्ञायकस्वरूप त्रिकाली आत्माके सन्मुख होता है तभी उसके सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिकी सन्मुखता कही जा सकती है । ऐसे जीवके उस समय मति-श्रुताज्ञान होने पर भी वह कारण विपर्यास, भेदाभेदविपर्यास और स्वरूपविपर्यासरूप न होकर आगम, गुरुउपदेश और तत्त्वको स्पर्श करनेवाली युक्तिके बलसे यथावस्थित जीवके स्वरूपको अनुगमन करनेवाला ही होता है । ऐसे जीवके चार लब्धियोंमें देशनालब्धिके स्वीकार करनेका प्रयोजन भी यही है । यहाँ टीकाकारने मति-श्रुत साकार उपयोगके साथ विभंगज्ञानका भी उल्लेख किया है । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि टीकाकार मति-श्रुत साकार उपयोगके समान विभंगज्ञानके द्वारा भी सम्यग्दर्शनके सन्मुख होनेकी पात्रता मानते हैं । किन्तु धवलामें इसी प्रसंगसे 'मदि-सुदसागारुवजुत्तो' पद द्वारा उसे मति-श्रुतसाकार उपयोगवाला ही बतलाया है । मतिज्ञान और श्रुतज्ञान अविनाभावी हैं और नय विकल्प श्रुतज्ञानमें ही सम्भव हैं, इसलिए ऐसे जीवको मति-श्रुत साकार उपयोगवाला कहना तो युक्तियुक्त है, परन्तु विभंग उपयोगवाला क्यों कहा यह विचारणीय है । मालूम पड़ता है कि जो नारकी आदि जीव विभंगज्ञानसे पूर्वभव आदिको जान कर पश्चात् मति-श्रुत साकार उपयोगके बलसे आत्माके सन्मुख होता है उसकी अपेक्षा टीकाकारने यह कथन किया है ।

*** लेश्या इस पदकी विभाषा ।**

§ २३. यह सूत्र सुगम है ।

*** पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याओंमेंसे नियमसे कोई एक वर्धमान लेश्या होती है ।**

§ २४. तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साणमण्णदरा णियमा वड्ढमाणलेस्सा एदस्स होदि, ण हायमाणा त्ति वुत्तं होइ। एदेण किण्ह-णील-काउलेस्साणं हायमाण-तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साणं च पडिसेहो कओ दट्ठव्वो। एत्थ चोदगो भणइ—ण एस वड्ढमाणसुहतिलेस्साणियमो एत्थ घडदे, णेरइएसु सम्मत्तुप्पायणे वावदेसु असुहतिलेस्साणं पि संभवोलंभादो? ण एस दोसो, तिरिक्ख-मणुस्से अस्सियूणेदस्स सुत्तस्स पयट्टत्तादो। ण च तिरिक्ख-मणुस्सेसु सम्मत्तं पडिवज्जमाणेसु सुह-तिलेस्साओ मोत्तूणण्णलेस्साणं संभवो अत्थि, सुट्ठु वि मंदविसोहीए सम्मत्तं पडिवज्जमाणस्स तत्थ जहण्णतेउलेस्साणियमदंसणादो। कुदो पुण देव-णेरइयाणमिह विवक्खा ण कया त्ति चे? ण, तेसिमवट्ठिदलेस्सभावपदुप्पायणट्ठमेत्थ परियट्टमाणसव्वलेस्साणं तिरिक्ख-मणुस्साणं चेव पहाणत्तेण विवक्खियत्तादो।

* वेदो य को भवे त्ति विहासा।

---

§ २४. पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याओंमेंसे नियमसे कोई एक वर्धमान लेश्या इसके होती है, इनमेंसे कोई भी लेश्या हीयमान नहीं होती यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस वचन द्वारा इस जीवके कृष्ण, नील और कपोत लेश्याका तथा हीयमान पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याका प्रतिषेध किया गया जान लेना चाहिए।

शंका—यहाँ पर शंकाकार कहता है कि यह जो वर्धमान शुभ तीन लेश्याओंका नियम यहाँ पर किया है वह नहीं बनता, क्योंकि नारकियोंके सम्यक्त्वकी उत्पत्ति करनेमें व्याप्त होने पर अशुभ तीन लेश्याएँ भी सम्भव पाई जाती हैं?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी अपेक्षा यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है। और तिर्यञ्चों तथा मनुष्योंके सम्यक्त्वको प्राप्त करते समय शुभ तीन लेश्याओं को छोड़कर अन्य लेश्याएँ सम्भव नहीं हैं, क्योंकि अत्यन्त मन्द विशुद्धि द्वारा सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाले जीवके वहाँ पर जघन्य पीत लेश्याका नियम देखा जाता है।

शंका—परन्तु यहाँपर देव और नारकियोंकी विवक्षा क्यों नहीं की?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनके अवस्थित लेश्याभावका कथन करनेके लिये यहाँपर परिवर्तमान सब लेश्यावाले तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी ही प्रधानरूपसे विवक्षा की गई है।

विशेषार्थ—चूर्णिसूत्रमें उपशम सम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके वर्धमान मात्र पीत, पद्म और शुक्ल ये तीन शुभ लेश्याएँ ही क्यों स्वीकार की गई हैं, जब कि नारकियोंके इस अवस्थामें एक भी शुभ लेश्या नहीं होती। यह एक प्रश्न है। समाधान यह है कि नारकियों और देवोंमें जिसके जो लेश्या होती है वह अवस्थितस्वरूप होती है, इसलिये उल्लेख न करनेपर भी उसका ज्ञान हो जाता है। यहाँ प्रश्न तो यह है कि तिर्यञ्च और मनुष्यगतिमें एक ही जीवके परिवर्तनक्रमसे छहों लेश्याएँ सम्भव हैं क्या? अतः यहाँ यह बतलाया गया है कि तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें उपशमसम्यक्त्वके सन्मुख होनेपर तीन शुभ लेश्याओंमेंसे कोई एक लेश्या होती है।

* वेद कौन होता है इस पदकी विभाषा।

§ २५. 'वेदो य को भवे' त्ति जं गाहासुत्तस्स चरिमं पदं तस्सेदाणिमत्थविहासा कीरदि त्ति भणिदं होइ ।

* अण्णदरो वेदो ।

§ २६. तिण्हं वेदाणमण्णदरो वेदपरिणामो सम्मत्तुप्पत्तीए वावदस्स होइ, दव्व-भावेहिं तिण्हं वेदाणमण्णदरपज्जाएण विसेसियस्स तदुप्पायणे विरोहाभावादो । 'दंसण-मोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे' त्ति एत्तिएणेव सुत्तेण पज्जत्तं जोग-कसायोव-जोग-लेस्सा-वेदाणं पि परिणामभेदाणं तत्थेवंतब्भावो त्ति णासंकणिज्जं, संकिलेस-विसोहिभेदाणं चेव परिणामग्गहणेण तत्थ विवक्खियत्तादो । एदं च सुत्तं देसामासयं, तेण गदि-इंदियादिविसया च विहासा एत्थ कायव्वा। एवमेदीए पढमगाहाए दंसणमोह-उवसामगस्स विसोहिलक्खणो परिणामो जोग-कसायोवजोगादिविसेसा च परूविदा । एदेणेव गाहासुत्तेणेदस्स खओवसम-विसोहि-देसण-पाओग्गसण्णिदाओ चत्तारि लद्धीओ करणलद्धिसव्वपेक्खाओ सूचिदाओ, ताहिं विणा दंसणमोहोवसामणाए पवुत्तिविरोहादो । महाराज

§ २५. 'वेदो य को भवे' यह जो गाथासूत्रका अन्तिम पद है उसके अर्थका इस समय विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* कोई एक वेद होता है ।

§ २६. सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें व्यापृत हुए जीवके तीन वेदोंमेंसे कोई एक वेदपरिणाम होता है, क्योंकि द्रव्य और भावकी अपेक्षा तीन वेदोंमेंसे अन्यतर वेदपर्यायसे युक्त जीवके सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें व्यापृत होनेमें विरोधका अभाव है ।

शंका—'दर्शनमोहके उपशामकके परिणाम कैसा होता है ।' इतना मात्र सूत्र पर्याप्त है, क्योंकि योग, कषाय, उपयोग, लेश्या और वेद ये जितने भी परिणामभेद हैं इनका उसीमें अन्तर्भाव हो जाता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उक्त सूत्रमें संक्लेश और विशुद्धिरूप परिणामभेद ही परिणामपदके ग्रहण करनेसे विवक्षित किये गये हैं । यह सूत्र देशामर्षक है, 'इसलिये गति, इन्द्रिय आदि विषयक विशेष व्याख्यान यहाँ पर करना चाहिए ।

इस प्रकार इस प्रथम गाथा द्वारा दर्शनमोहके उपशामकके विशुद्धिलक्षण परिणाम तथा योग, कषाय, उपयोग आदि भेदोंका व्याख्यान किया। तथा इसी गाथासूत्रद्वारा इस जीवके करणलब्धि सव्यपेक्ष क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना और प्रायोग्यसंज्ञक चार लब्धियाँ सूचित की गई हैं, क्योंकि इनके विना दर्शनमोहके उपशम करनेरूप क्रियामें प्रवृत्ति नहीं हो सकती ।

विशेषार्थ—वेद निरूपणके प्रसंगसे यहाँ पर टीकाकारने द्रव्य और भावरूप दोनों प्रकारके वेदोंका निर्देश किया है । यह ठीक है कि जो द्रव्यसे स्त्री, पुरुष और नपुंसक संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव है वह भी प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य है और जो भावसे स्त्री, पुरुष और नपुंसक संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव है वह भी प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य है । परन्तु मूल गाथासूत्रमें और उसका विशेष व्याख्यान करनेवाले चूर्णिसूत्रमें मात्र भाववेदकी अपेक्षा

*** काणि वा पुव्वबद्धाणि त्ति विहासा ।**

§ २७. 'काणि वा पुव्वबद्धाणि' त्ति जं विदियगाहाए पढमं बीजपदं तस्सेदाणिमत्थविहासा पत्तावसरा त्ति वुत्तं होइ ।

*** एत्थ पयडिसंतकम्मं ट्ठिदिसंतकम्ममणुभागसंतकम्मं पदेससंतकम्मं च मग्गियव्वं ।**

§ २८. एदम्मि पदे सव्वकम्मविसयाणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेससंतकम्माणं मग्गणा कायव्वा त्ति वुत्तं होइ । संपहि एदं बीजपदं णिबंधणं कादूण चउण्हमेदेसिं संतकम्माणं मग्गणं कस्सामो । तं जहा—तत्थ ताव पयडिसंतकम्ममणुमग्गिज्जदे । मूलपयडीणमट्ठण्हं पि संतकम्मसरूवेणत्थि संभवो अत्थि । उत्तरपयडीणं पि

ही कथन किया गया है इतना यहाँ विशेष समझना चाहिए । यहाँ एक यह प्रश्न भी उठाया गया है कि गाथासूत्रके 'परिणामो केरिसो हवे' इस वचनमें जो परिणाम पद आया है उसीसे योग, कषाय, उपयोग, लेश्या और वेदका ग्रहण हो जाता है, ऐसी अवस्थामें इन सब भेदोंका अलगसे उल्लेख करनेकी आवश्यकता नहीं थी । इसका समाधान यहकर किया गया है कि उक्त वचनमें परिणाम पद केवल संक्लेश और विशुद्धिको सूचित करनेके लिये आया है, इसलिये उक्त भेदोंका अलगसे निर्देश किया गया है । इसके बाद टीकामें यह बतलाया गया है कि यह सूत्र देशामर्षक है, इसलिए जो अनुक्त मार्गणाएँ यहाँ सम्भव हों उन्हें भी जान लेना चाहिए । यथा—गतिमार्गणाकी अपेक्षा तिर्यञ्च, नारकी, मनुष्य और देव चारों गतियोंमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति सम्भव है । इन्द्रिय मार्गणाकी अपेक्षा पञ्चेन्द्रिय, कायमार्गणाकी अपेक्षा त्रसकायिक, संयम मार्गणाकी अपेक्षा असंयमी, भव्यमार्गणाकी अपेक्षा भव्य, सम्यक्त्व मार्गणाकी अपेक्षा मिथ्यादृष्टि, संज्ञीमार्गणाकी अपेक्षा संज्ञी और आहार मार्गणाकी अपेक्षा आहारक जीव ही प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य है, अन्य नहीं । अन्तमें यह सूचित किया गया है कि जो करणलब्धि द्वारा प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख होता है उसके क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंका सद्भाव नियमसे होता है । इसका आशय यह है कि जिसने परमार्थ स्वरूप देव, गुरु और आगमके प्रति श्रद्धावनत हो गुरुमुखसे तत्त्वार्थका उपदेश ग्रहण किया है और जो तत्प्रायोग्य विशुद्धि सम्पन्न हो क्षयोपशम आदि लब्धियोंसे वर्तमानमें युक्त है वही आत्मसन्मुख हो अधःकरण आदि परिणाम प्राप्त करनेका अधिकारी है, अन्य नहीं ।

*** 'पूर्वमें बंधे हुए कर्म कौन-कौन हैं' इस पदकी विभाषा ।**

§ २७. 'काणि वा पुव्वबद्धाणि' यह जो दूसरी गाथाका प्रथम बीजपद है उसके अर्थका विशेष व्याख्यान इस समय अवसर प्राप्त है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** यहाँ पर प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्मका मार्गण करना चाहिए ।**

§ २८. इस पदमें सभी कर्मविषयक प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशसत्कर्मोंका मार्गण करना चाहिए यह कथन किया गया है । अब इस बीजपदको निमित्त कर इन चारों प्रकारके सत्कर्मोंका मार्गण करेंगे । यथा—उनमेंसे सर्वप्रथम प्रकृति सत्कर्मका मार्गण करते हैं । आठों ही मूलप्रकृतियाँ सत्कर्मरूपसे यहाँ पर सम्भव हैं । उत्तर प्रकृतियोंमें भी ज्ञानावरणकी

णाणावरणपंचपयडीओ, दंसणावरणणवपयडीओ, वेदणीयस्स दुवे पयडीओ, मोहणीयस्स मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाया त्ति छव्वीसं पयडीओ संतकम्मं, अणादियमिच्छादिट्ठिस्स सादिमिच्छादिट्ठिस्स छव्वीससंतकम्मियस्स वा तदुवलंभादो। अहवा सम्मत्तेण विणा मोहणीयस्स सत्तावीसं पयडीओ संतकम्मं होइ, सम्मत्तमुव्वेल्लिय उवसमसम्मत्ताहिमुहम्मि तदविरोहादो। अथवा सम्मत्तेण सह अट्ठवीससंतकम्मं होइ, वेदगपाओग्गकालं वोलिय सम्मत्तमणिल्लेवियूण उवसमसम्मत्ताहिमुहस्सि तहाविहसंभवदंसणादो। आउअस्स एक्का वा दो वा पयडीओ संतकम्मं। आगदो ओ आगदो ओ सुत्तवोत्तागदो ओ पवाहागदो

तं कधं ? जह बद्धपरभवियाउओ उवसमसम्मत्तं पडिवज्जइ तदो दो पयडीओ। अध अबद्धपरभवियाउओ तदा एया पयडी अण्णदरा जा भुंजमाणिया त्ति। णामस्स चदुगदि-पंचजादि-ओरालिय-वेउव्विय-तेजाकम्मइयसरीर-तेसिं चेव बंधण-संघाद-छसंठाणाहारवज्ज-दोण्णिअंगोवंग-छसंघडण-वण्ण-गंध-रस-फास-चदुआणुपुव्वि-अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघादुस्सास-आदावुज्जोव-दोविहायगइ-तस-थावरादिदसजुअल-णिमिणं चेदि एदासिं पयडीणं संतकम्ममत्थि। गोदस्स दुवे पयडीओ णीचुच्चागोदमिदि। अंतराइयस्स पंच पयडीओ। एदासिं पयडीणं पयडिसंतकम्ममत्थि, सेसाणं णत्थि। पुव्वु-

---

पाँच प्रकृतियाँ, दर्शनावरणकी नौ प्रकृतियाँ, वेदनीयकी दो प्रकृतियाँ तथा मोहनीयकी मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषाय ये छब्बीस प्रकृतियाँ सत्कर्मरूपसे होती हैं, क्योंकि अनादि मिथ्यादृष्टिके तथा छब्बीस प्रकृतियाँ सत्कर्मवाले सादि मिथ्यादृष्टिके इनका सद्भाव पाया जाता है। अथवा सादि मिथ्यादृष्टिके सम्यक्प्रकृतिके विना मोहनीयकी सत्ताईस प्रकृतियाँ सत्कर्मरूपसे होती हैं, क्योंकि सम्यक्त्वकी उद्वेलना कर उपशमसम्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवके उनके होनेमें कोई विरोध नहीं है। अथवा सम्यक्त्वके साथ अट्ठाईस प्रकृतियाँ सत्कर्मरूपसे होती हैं, क्योंकि वेदकसम्यक्त्वके योग्य कालको उल्लंघन कर जिसने सम्यक्त्व प्रकृतिकी उद्वेलना नहीं की है ऐसे उपशमसम्यक्त्वके अभिमुख हुए जीवके उक्त प्रकारसे अट्ठाईस प्रकृतियोंका सद्भाव देखा जाता है। उक्त जीवके आयुकर्मकी एक या दो प्रकृतियाँ सत्कर्मरूपसे होती हैं।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—यदि जिसने परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध किया है ऐसा जीव उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त होता है तो दो प्रकृतियाँ होती हैं। और जिसने परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध नहीं किया है ऐसा वह जीव है तो भुज्यमान अन्यतर एक प्रकृति होती है।

नामकर्मकी चार गति, पाँच जाति, औदारिक-वैक्रियिक-तैजस-कार्मण शरीर, उन्हींके बन्धन और संघात, छह संस्थान, आहारक आंगोपांगको छोड़कर दो आंगोपांग, छह संहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, चार आनुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दश युगल और निर्माण ये प्रकृतियाँ सत्कर्मरूप हैं। गोत्रकर्मकी दो प्रकृतियाँ नीचगोत्र और उच्चगोत्र सत्कर्मरूप हैं। तथा अन्तराय कर्मकी पाँच प्रकृतियाँ सत्कर्मरूप हैं। इन प्रकृतियोंका प्रकृतिसत्कर्म है, शेष प्रकृतियोंका नहीं है।

प्पाइदेण सम्मत्तेण आहारसरीरं बंधिय पुणो मिच्छत्तं गंतूण तप्पाओग्गेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण कालेणुवसमसम्मत्तं पडिवज्जमाणस्साहारदुगसंतकम्ममेत्थ किण्ण लब्भदे ? ण, आहारसरीरमणुव्वेल्लिय तस्स उवसमसम्मत्तपाओग्गत्ताणुवलंभादो। कुदो एवं ? वेदगपाओग्गकालादो आहारसरीरुव्वेल्लणकालस्स थोवभावोव एसादो। एदासिं चेव पयडीणमाउअवज्जाणं ट्ठिदिसंतकम्ममंतोकोडाकोडीए, आउआणं च तप्पाओग्गमणुगंतव्वं।

§ २९. अणुभागसंतकम्मं पि अप्पसत्थाणं कम्माणं पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-असादवेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-णिरयगइ-तिरिक्खगइ-एइंदियादिचदुजादि-पंचसंठाण-पंचसंघडण-अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-णिरयगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वि-उवघाद-अप्पसत्थविहायगइ-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणसरीर-अथिर-असुभ-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णीचागोद-पंचंतराइयाणं विट्ठाणियाणुभागसंतकम्मिओ।

शंका—पहले उत्पन्न किये गये सम्यक्त्वके साथ आहारकशरीरका बन्धकर पुनः मिथ्यात्वमें जाकर तत्प्रायोग्य असंख्यातवें भागप्रमाण कालके द्वारा उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाले जीवके आहारकद्विक सत्कर्म यहाँ क्यों उपलब्ध नहीं होता ?

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

समाधान—नहीं, क्योंकि आहारकशरीरकी उद्वेलना किये बिना उसके उपशमसम्यक्त्वकी प्राप्तिकी योग्यता नहीं बनती।

शंका—ऐसा किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि वेदकसम्यक्त्वके योग्य कालसे आहारकशरीरके उद्वेलनाका काल स्तोक है ऐसा परमागमका उपदेश पाया जाता है। आयुकर्मके अतिरिक्त इन्हीं प्रकृतियोंका स्थितिसत्कर्म अन्तःकोड़ाकोड़ीके भीतर होता है। आयुकर्मोंका तत्प्रायोग्य स्थितिसत्कर्म जानना चाहिए।

विशेषार्थ—प्रथम उपशमसम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके आहारकचतुष्क और तीर्थंकर इन पाँच प्रकृतियोंका सत्त्व सम्भव नहीं है। आहारकचतुष्कका सत्त्व क्यों नहीं पाया जाता इसका स्पष्टीकरण तो टीकामें किया ही है। ऐसे जीवके तीर्थंकर प्रकृतिका इसके पूर्व बन्ध ही नहीं होता, इसलिये उसका सत्त्व भी सम्भव नहीं है। शेष सब कथन सुगम है।

§ २९. अब अनुभागसत्कर्मको बतलाते हैं—जो अप्रशस्त कर्म पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय आदि चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त वर्ण-गन्ध-रस-स्पर्श, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारणशरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनका द्विस्थानीय अनुभागसत्कर्मवाला होता है।

विशेषार्थ—पहले प्रायोग्यलब्धिके कालमें ही अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग द्विस्थानीय हो जाता है यह स्पष्ट कर आये हैं और उपशम सम्यक्त्वके सन्मुख हुआ जीव प्रायोग्यलब्धि सम्पन्न होता ही है, अतः इसके भी सत्तामें स्थित अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग द्विस्थानीय

§ ३०. पसत्थाणं पि पयडीणं सादावेदणीय-मणुसग्गइ-देवगइ-पंचिंदियजादि-ओरालियसरीर-वेउव्विय०-तेजा-कम्मइयसरीर-तेसिं चेव बंधण-संघाद-समचउरससंट्ठाण-ओरालिय-वेउव्वियअंगोवंग-वज्जरिसहसंघडण-पसत्थवण्णादिचउक्क-मणुस०-देवगइ-पाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुअलहुअ-परघादुस्सास-आदावुज्जोव-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-णिमिण-उच्चागोदाण-मेदेसिं चउट्ठाणाणुभागसंतकम्मिओ। पदेससंतकम्मं पि जासिं पयडीणं पयडिसंतकम्म-मत्थि तासिमजहण्णाणुक्कस्सयं पदेससंतकम्मं भाणियव्वं।

मार्गदर्शक - आचार्यश्री सुविधिसागरजी महाराज

§ ३१. एवं पढमाए विदियगाहाए पढमावयवमस्सियूण पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेस-संतकम्मपरूवणं कादूण संपहि पयडियादिबंधसरूवावहारणट्ठं गाहाए विदियावयव-मवलंबिय परूवणं कुणमाणो चुण्णिसुत्तयारो इदमाह—

*** के वा अंसे णिबंधदि त्ति विहासा।**

§ ३२. सुगममेदं।

जानना चाहिए। विशुद्धिवश इसके त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय अनुभागका घात हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ ३० सातावेदनीय, मनुष्यगति, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर तैजसशरीर, कार्मणशरीर, तथा उन्हींके बन्धन और संघात, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक शरीर आंगोपांग, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, वज्रऋषभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णादि चार, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, निर्माण और उच्चगोत्र इन प्रशस्त प्रकृतियोंके चतुःस्थानीय अनुभागसत्कर्मवाला होता है। प्रदेशसत्कर्म भी जिन प्रकृतियोंका इसके प्रकृतिसत्कर्म है उनका अजघन्य-अनुत्कृष्ट प्रदेश-सत्कर्म कहना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ पर प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके सत्तामें स्थित प्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग चतुःस्थानीय बतलाया है। इसका कारण यह है कि इन प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागका विशुद्धिवश घात नहीं होता, किन्तु प्रति समय विशुद्धिकी वृद्धि होनेसे उक्त प्रकृतियोंके अनुभागकी प्रति समय अनन्तगुणी वृद्धि देखी जाती है। ऐसा जीव न तो उत्कृष्ट प्रदेशसत्कर्मका स्वामी है और न ही जघन्य प्रदेशसत्कर्मका स्वामी है, इसलिये इसके जितनी प्रकृतियोंकी सत्ता है उनका अजघन्य-अनुत्कृष्ट प्रदेशसत्कर्म होता है यह स्पष्ट ही है।

§ ३१. इस प्रकार सर्व प्रथम दूसरी गाथाके प्रथम अवयवके आश्रयसे प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्मका कथन कर अब प्रकृतिबन्ध आदि बन्ध-स्वरूपका निश्चय करनेके लिये गाथाके दूसरे अवयवका अवलम्बन लेकर कथन करते हुए चूर्णिसूत्रकार इस सूत्रको कहते हैं—

*** प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख हुआ जीव किन कर्मांशोंका बन्ध करता है इस पदकी विभाषा।**

§ ३२. यह सूत्र सुगम है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** एत्थ पयडिबंधो ट्ठिदिबंधो अणुभागबंधो पदेसबंधो च मग्गियव्वो ।**

§ ३३. एदम्मि समणंतरणिद्दिट्ठबीजपदे चउण्हमेदेसिं बंधाणमणुमग्गणा कायव्वा त्ति वुत्तं होइ । संपहि एदेण बीजपदेण सूचिदत्थविहासणं कस्सामो । तत्थ ताव पयडिबंधणिद्देसे तिण्णि महादंडया परूवेयव्वा । तं जहा—पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-सादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-पुरिसवेद-हस्स-रइ-भय-दुगुंछ-देवगदि-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंट्ठाण-वेउव्वियअंगोवंग-वण्णादिचउक्क-देवगदिपाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुअलहुआदिचउक्क-पसत्थविहायगदि-तसादि-चउक्क-थिरादिछक्क-णिमिण-उच्चागोद-पंचंतराइयाणं बंधगो अण्णदरो मणुसो वा मणुसिणी वा पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ वा । एसो पढमो महादंडओ ।

§ ३४. संपहि विदिओ वुच्चदे । तं जहा—पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-सादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-पुरिसवेद-हस्स-रदि-भय-दुगुंछा-मणुसगइ-पंचिंदिय-

---

* प्रकृतमें प्रकृतिबन्ध, स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धका मार्गण करना चाहिए ।

§ ३३. समनन्तर पूर्व कहे गये इस बीजपदमें इन चार बन्धोंका अनुमार्गण करना चाहिए यह कहा गया है । अब इस बीजपद द्वारा सूचित किये गये अर्थका विशेष व्याख्यान करेंगे । उनमेंसे सर्व प्रथम प्रकृतिबन्धका निर्देश करते हुए तीन महादण्डकोंका कथन करना चाहिए । यथा—पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, वर्णादिचतुष्क, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चतुष्क, स्थिरादि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनका अन्यतर मनुष्य, मनुष्यिनी और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिनी जीव बन्धक होता है । यह प्रथम महादण्डक है ।

विशेषार्थ—जो मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिवाला या पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिनी जीव प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख होता है उसके नामकर्मकी परावर्तमान अप्रशस्त प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, केवल देवगतिके साथ बँधनेके योग्य प्रशस्त प्रकृतियोंका ही बन्ध होता है ऐसा यहाँ समझना चाहिए । इसी प्रकार वेदनीय कर्मकी अपेक्षा भी जानना चाहिए, क्योंकि ऐसा जीव असातावेदनीयका बन्ध नहीं करता । मोहनीयकी अपेक्षा न स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका ही बन्ध करता है और न अरति और शोकका ही बन्ध करता है । यहाँ टीकामें पंञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनि पद छूटा हुआ प्रतीत होता है, अतः उसमें आये हुए 'पंचिंदियतिरिक्खजोणिणीओ' पदसे संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त गर्भोत्पन्न तीनों वेदवाले तिर्यञ्चोंका ग्रहण करना चाहिए । इन सब जीवोंके ऐसी अवस्थामें आयुकर्मका बन्ध नहीं होता ।

§ ३४. अब दूसरे दण्डकका कथन करते हैं । यथा—पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति,

---

१. ता०प्रतौ तं जहा इति पाठो नास्ति । २. ता०प्रतौ हस्स-रदि इति पाठो नास्ति ।

जादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-वज्जरिसह०संघडण-ओरालियअंगोवंग-वण्ण-गंध-रस-फास-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुअलहुआदिचउक्क०-पसत्थविहायगदि-तसादि४-थिरादि६-णिमिण-उच्चागोद-पंचंतराइयाणमेदासिं पयडीणं बंधगो अण्णदरो देवो वा छप्पुढविणेरइओ वा। एसो विदिओ महादंडओ।

§ ३५. संपहि तदिओ महादंडओ वुच्चदे। तं जहा—पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-सादावेदणीय-मिच्छत्त-सोलसकसाय-पुरिसवेद-हस्स-रदि-भय-दुगुंछ०-तिरिक्खगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण—ओरालियअंगोवंग—वज्जरिसहसंघडण-वण्ण-गंध-रस-फास-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-अगुरुअलहुआदि४-उज्जोवं सिया पसत्थविहायगइ-तसादिचउक्क-थिरादिछक्क-णिमिण-णीचागोद-पंचंतराइयाणमेदासिं पयडीणं बंधओ अण्णदरो अधो सत्तमाए पुढवीए णेरइओ। एवमेसो पयडिबंधो परूविदो

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, औदारिकशरीर आंगोपांग, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चार, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका अन्यतर देव तथा छह पृथिवियोंका नारकी जीव बन्धक होता है। यह दूसरा महादण्डक है।

विशेषार्थ—जिन विशेषताओंका प्रथम महादण्डकके समय निरूपण कर आये हैं वे सब यहाँ भी यथासम्भव जान लेनी चाहिए। इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए कि मनुष्यगति नामकर्मके बन्धके साथ संहनन नामकर्मका भी बन्ध होने लगता है, इसलिए प्रथम सम्यक्त्व के सन्मुख हुए किसी भी देव और छह पृथिवियोंके नारकीके प्रशस्त स्वरूप वर्षभनाराचसंहननका भी बन्ध होता है।

§ ३५. अब तीसरे महादण्डकका कथन करते हैं। यथा—पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिकशरीर आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, कदाचित् उद्योत (का बन्धक होता है), प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चार, स्थिर आदि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका सातवीं पृथिवीका अन्यतर नारकी बन्धक होता है। इस प्रकार यह प्रकृतिबन्ध कहा गया है।

विशेषार्थ—प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख हुआ सातवीं पृथिवीका नारकी जीव नामकर्मकी यद्यपि अन्य सब प्रशस्त प्रकृतियोंका ही बन्ध करता है। परन्तु वह एकान्तसे भवसम्बन्धी परिणामवश तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीच गोत्रका बन्धक होनेसे प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख होने पर भी मात्र इन्हींका बन्ध करता है। तथा तिर्यञ्चगतिके साथ उद्योत प्रकृतिका भी बन्ध सम्भव होनेसे कदाचित् इसका भी बन्ध करता है। शेष कथन सुगम है।

§ ३६. ट्ठिदिबंधो वि एदासिं चेव पयडीणमंतोकोडाकोडीमेत्तो चेव होदि, विसुद्धयरस्सेदस्स तत्तो अब्भहियट्ठिदिबंधासंभवादो। अणुभागबंधो वि एदेसु महादंडएसु जाओ अप्पसत्थाओ पयडीओ तासिं वेट्ठाणिओ, सेसाणं पसत्थाणं चउट्ठाणिओ।

§ ३७. पदेसबंधो वि पंचणाणावरणीय-छदंसणावरणीय-सादावेदणीय-बारसकसाय-पुरिसवेद-हस्स-रदि-भय-दुगुंछ-तिरिक्खगइ-मणुसगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-ओरालियसरीरअंगोवंग-वण्ण-गंध-रस-फास-तिरिक्ख-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-अगुरुअलहुआदि४-उज्जोव-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिर-सुभ-जसगित्ति-णिमिण-उच्चागोद-पंचंतराइयाणमेदासिं पयडीणमणुक्कस्सओ। णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धी-मिच्छत्त-अणंताणुबंधि०४-देवगइ-वेउव्वियसरीर-समचउरससंठाण-वेउव्वियसरीरअंगोवंग-वज्जरिसह०संघडण-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-पसत्थविहायगइ-सुभग-सुस्सरादेज्ज-णीचागोदाणमेदासिं पयडीणमुक्कस्सगो अणुक्कस्सगो वा पदेसबंधो। एवं विदियगाहासुत्तस्स विदियावयवमस्सियूण बंधमग्गणं कादूण संपहि पयडीणमुदयावलियपवेसापवेसगवेसणट्ठं सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* कदि आवलियं पविसंति त्ति विहासा।

§ ३८. दंसणमोहउवसामगस्स उदयावलियमुदयाणुदयसरूवेण पविसमाणीओ

---

§ ३६. स्थितिबन्ध भी इन्हीं अर्थात् तीनों महादण्डकोंमें कही गई प्रकृतियोंका अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण ही होता है, क्योंकि यह विशुद्धतर परिणामोंसे युक्त होता है, इसलिए इसके उससे अधिक स्थितिबन्ध सम्भव नहीं है। अनुभागबन्ध भी इन तीनों महादण्डकोंमें जो अप्रशस्त प्रकृतियाँ हैं उनका द्विस्थानीय होता है तथा शेष प्रशस्त प्रकृतियोंका चतुःस्थानीय होता है।

§ ३७. प्रदेशबन्ध भी पाँच ज्ञानावरणीय, छह दर्शनावरणीय, सातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीरआंगोपांग, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, उद्योत, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट होता है। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, देवगति, वैक्रियिकशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीरआंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और नीचगोत्र इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट या अनुत्कृष्ट प्रदेशबन्ध होता है। इस प्रकार दूसरे गाथासूत्रके दूसरे अवयवका आश्रय कर बन्धका अनुमार्गण कर अब प्रकृतियोंके उदयावलिमें प्रवेश और अप्रवेशका अनुसन्धान करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* 'कितनी प्रकृतियाँ आवलिमें प्रवेश करती हैं' इस पदकी विभाषा।

§ ३८. दर्शनमोहके उपशामक जीवके उदय और अनुदयरूपसे उदयावलिमें प्रवेश

पयडीओ मूलुत्तरभेयभिण्णाओ कदि होंति त्ति एदस्स पुच्छाणिद्देसस्स णिण्णयविहाणट्ठमिदाणिमत्थविहासा कीरदि त्ति सुत्तत्थसंबंधो ।

*** मूलपयडीओ सव्वाओ पविसंति ।**

§ ३९. किं कारणं ? सव्वासिमेव मूलपयडीणमेत्थुदयदंसणादो ।

*** उत्तरपयडीओ वि जाओ अत्थि ताओ पविसंति ।**

§ ४०. विज्जमाणाणमुत्तरपयडीणमेत्थुदयाणुदयसरूवेणुदयावलियाणुप्पवेसे पडिबंधाभावादो । णवरि आउअस्स कम्मस्स एया पयडी विज्जमाणिया अबद्धपरभवियाउअस्स सा णियमा उदयावलियं पविसदि । बद्धपरभवियाउअस्स पुण दो पयडीओ विज्जमाणाओ होंति, तत्थ भुंजमाणस्सेव परभवियाउअस्स वि विज्जमाणत्तं पडि विसेसाभावादो उदयावलियप्पवेसे अइप्पसंते तण्णिवारणट्ठमिदमाह—

*** णवरि जइ परभवियाउअमत्थि तं ण पविसदि ।**

§ ४१. किं कारणं ? जहण्णेण वि अंतोमुहुत्तमेवसेसभुंजमाणाउअस्सेव सम्मत्तग्गहणपाओग्गत्तादो ।

करनेवाली मूल और उत्तरके भेदसे अनेक प्रकारकी प्रकृतियाँ कितनी होती हैं इस प्रकार इस पृच्छानिर्देशका निर्णय करनेके लिये इस समय अर्थविभाषा करते हैं इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है ।

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** मूल प्रकृतियाँ सब प्रवेश करती हैं ।**

§ ३९ क्योंकि सभी मूल प्रकृतियोंका प्रकृतमें उदय देखा जाता है ।

*** उत्तर प्रकृतियाँ भी जो सत्स्वरूप हैं वे प्रवेश करती हैं ।**

§ ४०. विद्यमान उत्तर प्रकृतियोंके प्रकृतमें उदय-अनुदयरूपसे उदयावलिमें प्रवेश होनेमें रुकावटका अभाव है । इतनी विशेषता है कि जिसने परभवसम्बन्धी आयुकर्मका बन्ध नहीं किया है उसके आयुकर्मकी एक प्रकृति सत्तामें विद्यमान है और वह नियमसे उदयावलिमें प्रवेश करती है । तथा जिसने परभवसम्बन्धी आयुकर्मका बन्ध कर लिया है उसके सत्कर्मरूपसे दो प्रकृतियाँ पाई जाती हैं । इसलिये भुज्यमान परभवसम्बन्धी आयुके समान उसके भी विद्यमानपनेकी अपेक्षा विशेषताका अभाव होनेसे उदयावलिमें प्रवेश करनेरूप अतिप्रसंग होनेपर उसका निवारण करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** इतनी विशेषता है कि यदि परभवसम्बन्धी आयु है तो वह उदयावलिमें प्रवेश नहीं करती ।**

§ ४१. क्योंकि जिसके जघन्यरूपसे भी अन्तर्मुहूर्त मात्र ही भुज्यमान आयु शेष है उसके प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणकी योग्यता होती है ।

विशेषार्थ—ऐसा नियम है कि जो जीव परभवसम्बन्धी आयुका बन्ध करता है उसके बध्यमान आयुका आबाधाकाल बन्धके समय जितनी भुज्यमान आयु शेष हो उतना होता है । तथा जो जीव प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है उसका प्रथम सम्यक्त्वके उत्पन्न होनेके

§ ४२. एवं विदियगाहाए तदियावयवस्स अत्थविहासं समाणिय संपहि चउत्थावयवमस्सियूण मूलुत्तरपयडीणमुदीरणाणुदीरणगवेसणट्ठमुत्तरं पबंधमाह—

*** कदिण्हं वा पवेसगो त्ति विहासा ।**

§ ४३. कदिण्हं वा पयडीणं मूलुत्तरभेयभिण्णाणमेसो पवेसगो होइ उदीरणासरूवेणे त्ति एवं पयट्टस्सेदस्स पुच्छावक्कस्स अत्थविहासा एण्हिं कीरदि त्ति वुत्तं होइ ।

*** मूलपयडीणं सव्वासिं पवेसगो ।**

§ ४४. मूलपयडीणं ताव सव्वासिमेव एसो पवेसगो होइ, सव्वासिमेव तासिं उदीरणाए पवेसिज्जमाणाणं णिप्पडिबंधमुवलंभादो ।

आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज विद्यासागर जी महाराज

*** उत्तरपयडीणं पंचणाणावरणीय-चदुदंसणावरणीय-मिच्छत्त-पंचिंदियजादि-तेजा-कम्मइयसरीर-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुगलहुग-उवघाद-परघादुस्सास-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिराथिर-सुभासुभ-णिमिण-पंचंतराइयाणं णियमा पवेसगो ।**

§ ४५. किं कारणं ? एदासिं पयडीणमेत्थ धुवोदयत्तदंसणादो ।

कालमें तथा प्रथम सम्यक्त्वके कालमें मरण नहीं होता । यही कारण है कि यहाँ पर प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके पर भवसम्बन्धी आयुका उदयावलिमें प्रवेशका निषेध किया है ।

§ ४२. इसप्रकार दूसरी गाथाके तीसरे अवयवके अर्थका विशेष व्याख्यान करके अब चौथे अवयवका आश्रयकर मूल और उत्तर प्रकृतियोंकी उदीरणा और अनुदीरणाके अनुसन्धान करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** वह कितनी प्रकृतियोंका प्रवेशक होता है ।**

§ ४३. मूल और उत्तर प्रकृतियोंके भेदसे अनेक प्रकारकी कितनी प्रकृतियोंका यह जीव उदीरणारूपसे प्रवेशक होता है इस प्रकार इस रूपसे प्रवृत्त हुए पृच्छावाक्यके अर्थका इस समय विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** मूल प्रकृतियोंका सबका प्रवेशक होता है ।**

§ ४४. मूल प्रकृतियोंका तो सबका ही यह जीव प्रवेशक होता है, क्योंकि सभी मूल प्रकृतियाँ बिना रुकावटके उदीरणारूपसे प्रवेश करती हुई पाई जाती हैं ।

*** उत्तर प्रकृतियोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, मिथ्यात्व, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका नियमसे प्रवेशक होता है ।**

§ ४५. क्योंकि ये प्रकृतियाँ प्रकृतमें ध्रुवोदय देखी जाती हैं ।

विशेषार्थ—प्रथम सम्यक्त्व ग्रहणके सन्मुख हुए किसी भी गतिके जीवके अधःकरणके प्रथम समयमें पाँच ज्ञानावरण आदि प्रकृतियोंका नियमसे उदय होता है और इनका यहाँ उदय होनेका नियम है, इसलिये इनकी यहाँ उदीरणा होनेमें कोई रुकावट नहीं पाई जाती ।

*** सादासादाणमण्णदरस्स पवेसगो ।**

§ ४६. किं कारणं ? एदासिं दोण्हं पयडीणं परावत्तमाणोदयाणमक्कमेण पवेसणे संभवाणुवलंभादो ।

*** चदुण्हं कसायाणं तिण्हं वेदाणं दोण्हं जुगलाणमण्णदरस्स पवेसगो ।**

§ ४७. किं कारणं ? परोप्परविरुद्धाणमेदेसिं जुगवं पवेसेदुमसक्कियत्तादो ।

*** भय-दुगुंछाणं सिया पवेसगो ।**

§ ४८. किं कारणं ? तदुदयविरहिदावत्थाए वि संभवदंसणादो । पवेसगो वि सिया अण्णदरस्स पवेसगो, सिया दोण्हं पि पवेसगो त्ति घेत्तव्वं ।

*** चउण्हमाउआणमण्णदरस्स पवेसगो ।**

§ ४९. किं कारणं ? चउण्हमेदेसिं पडिणियदगइविसेसपडिबद्धाणं कम्मोदय-णियमदंसणादो ।

*** चदुण्हं गइणामाणं दोण्हं सरीराणं छण्हं संठाणाणं दोण्हमंगोवंगाणमण्णदरस्स पवेसगो ।**

§ ५०. एत्थ अण्णदरगहणस्स गदि-आदीहिं पादेक्कमहिसंबंधो कायव्वो । सेसं सुगमं ।

*** साता और असाता इनमेंसे किसी एकका प्रवेशक होता है ।**

§ ४६. क्योंकि ये दोनों प्रकृतियाँ परावर्तमान उदयस्वरूप हैं, इसलिये इनका युगपत् प्रवेशक होना सम्भव नहीं है ।

*** चार कषाय, तीन वेद और दो युगलोंमेंसे अन्यतर एक-एकका प्रवेशक होता है ।**

§ ४७. क्योंकि ये प्रकृतियाँ परस्पर विरुद्ध हैं, इसलिये इनका युगपत् प्रवेश करना शक्य नहीं है ।

*** भय और जुगुप्साका कदाचित् प्रवेशक होता है ।**

§ ४८. क्योंकि उनकी उदयसे रहित अवस्था भी देखी जाती है । यदि प्रवेशक होता भी है तो कदाचित् किसी एक प्रकृतिका प्रवेशक होता है और कदाचित् दोनों ही प्रकृतियोंका प्रवेशक होता है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए ।

*** चारों आयुओंमेंसे किसी एक आयुकर्मका प्रवेशक होता है ।**

§ ४९. क्योंकि ये चारों आयु पृथक्-पृथक् प्रतिनियत गतिविशेषसे प्रतिबद्ध हैं, इसलिये तदनुसार ही उस उस आयुकर्मके उदयका नियम देखा जाता है ।

*** चार गतिनाम, दो शरीर, छह संस्थान और दो आंगोपांग इनमेंसे अन्यतर एक-एकका प्रवेशक होता है ।**

§ ५०. यहाँ पर अन्यतर पदका गति आदि प्रत्येकके साथ सम्बन्ध करना चाहिए । शेष कथन सुगम है ।

*** छण्हं संघडणाणं अण्णदरस्स सिया ।**

§ ५१. पवेसगो त्ति एत्थ अहियारसंबंधो, तेण छण्हं संघडणाणमण्णदरस्स सिया एसो पवेसगो, सिया चे ण पवेसगो त्ति सुत्तत्थसंबंधो कायव्वो । जइ तिरिक्खो मणुस्सो वा पढमसम्मत्तं पडिवज्जइ तो एदेसिमण्णदरस्स णियमा पवेसगो होइ । अह देवो णेरइओ वा उवसमसम्मत्ताहिमुहो होइ तो णियमा एदेसिमपवेसगो। त्ति घेत्तव्वं ।

*** उज्जोवस्स सिया ।**

§ ५२. पवेसगो त्ति पुव्वं व अहियारसंबंधो एत्थ कायव्वो । कुदो वुण उज्जोवस्स सिया पवेसगत्तमिदि चे ? ण, पंचिंदियतिरिक्खेसु चेव केसिं पि जीवाणं तदुदइल्लाणं तप्पवेसयत्तदंसणादो ।

*** दो विहायगइ-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदेज्ज-अणादेज्ज-जसगित्ति-अजसगित्ति० अण्णदरस्स पवेसगो ।**

*** छह संहननोंमेंसे कदाचित् किसी एकका प्रवेशक होता है ।**

§ ५१. 'पवेसगो' इस पदका यहाँ पर अधिकारवश सम्बन्ध कर लेना चाहिए, इसलिये छह संहननोंमेंसे यह जीव किसी एकका कदाचित् प्रवेशक होता है और कदाचित् प्रवेशक नहीं होता इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध कर लेना चाहिए । यदि तिर्यञ्च अथवा मनुष्य प्रथम सम्यक्त्वको प्राप्त होता है तो इनमेंसे किसी एकका नियमसे प्रवेशक होता है । और यदि देव अथवा नारकी उपशम सम्यक्त्वके अभिमुख होता है तो नियमसे इनका अप्रवेशक होता है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए ।

विशेषार्थ—वैक्रियिकशरीरका संस्थान तो होता है पर संहनन नहीं होता, अतः यहाँ देव और नारकियोंको छहों संहननोंमेंसे किसी एक भी प्रकृतिका प्रवेशक नहीं कहा है ।

*** उद्योतका कदाचित् प्रवेशक होता है ।**

§ ५२. 'पवेसगो' इस पदका पहलेके समान अधिकारवश सम्बन्ध करना चाहिए ।

शंका—परन्तु उद्योतका कदाचित् प्रवेशकपना कैसे बनता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें ही उद्योतके उदयसे युक्त किन्हीं जीवोंके उद्योतका प्रवेशकपना देखा जाता है ।

विशेषार्थ—यहाँ नारकी, मनुष्य और देवोंमें उद्योतका उदय-उदीरणा सम्भव नहीं है, केवल तिर्यञ्चोंमें ही, उनमें भी किन्हीं तिर्यञ्चोंमें ही उसका उदय-उदीरणा सम्भव है । इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर 'उद्योतका कदाचित् प्रवेशक होता है, यह सूत्र वचन कहा है ।

*** दो विहायोगति, सुभग-दुर्भग, सुस्वर-दुःस्वर, आदेय-अनादेय और यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति इन युगलोंमेंसे किसी एक-एक प्रकृतिका प्रवेशक होता है ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ५३. एदेसिं पंचण्हं जुगलाणं पादेक्कमण्णदरस्स पवेसगो एसो होदि त्ति सुत्तत्थसमुच्चयो। सुगममण्णं।

*** उच्च-णीचागोदाणमण्णदरस्स पवेसगो।**

§ ५४. सुगममेदं। एवमोघेण पयडिउदीरणा परूविदा। एवं चेव पयडि-उदयस्स वि मग्गणा कायव्वा, विसेसाभावादो।

§ ५५. संपहि सुत्तणिद्दिट्ठस्सेवत्थस्स पवंचीकरणट्ठमादेससंबंधि किंचि परूवणं कस्सामो। तं जहा—आदेसेण चदुसु वि गदीसु णाणावरणीयस्स पंच वि पयडीओ उदयं पविसंति पवेसिज्जंति च। दंसणावरणीयस्स चत्तारि पयडीओ वेदणीयस्स सादासादाण-मण्णदरस्स चदुसु वि गदीसु उदयोदीरणाओ हवंति। मोहणीयस्स दस णव अट्ठ वा पयडीओ चदुसु गदीसु उदयोदीरणासरूवेण वेदिज्जंति। चदुण्हमाउआणं जत्थ गदीए जं वेदिज्जदि तस्स तत्थ वेदगो उदीरगो च।

§ ५६. णामस्स जइ णेरइओ तो णिरयगइ-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइय-सरीर-हुंडसंठाण-वेउव्वियअंगोवंग-वण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-उवघाद-परघादुस्सास-

---

§ ५३. यह जीव इन पाँच प्रत्येक युगलमेंसे किसी एक-एक प्रकृतिका प्रवेशक होता है, इस प्रकार यहाँ सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

विशेषार्थ—देवोंमें सूत्रोक्त सभी शुभ और नारकियोंमें अशुभ प्रकृतियोंका उदय-उदीरणा होती है। किन्तु इनको छोड़कर अन्य दो गतिके जीवोंमें उक्त युगलोंमेंसे प्रत्येक युगलसम्बन्धी प्रशस्त या अप्रशस्त किसी एक-एक प्रकृतिका उदय-उदीरणा सम्भव है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

*** उच्चगोत्र और नीचगोत्र इनमेंसे किसी एक-एक प्रकृतिका प्रवेशक होता है।**

§ ५४. यह सूत्र सुगम है। इस प्रकार ओघसे प्रकृति-उदीरणाका कथन किया। इसी प्रकार प्रकृत-उदयका भी अनुमार्गण कर लेना चाहिए, क्योंकि इससे उसमें कोई विशेषता नहीं है।

विशेषार्थ—प्रकृतमें ऐसा समझना चाहिए कि दर्शनमोहकी उपशमनाके सन्मुख हुए जीवके चारों गतियोंमें यथासम्भव अधःकरणके प्रथम समयमें जिन प्रकृतियोंका उदय है उन्हींकी उदीरणा भी है, यही कारण है कि यहाँ उदय और उदीरणामें विशेषता न होनेका विधान किया है।

§ ५५. अब सूत्रनिर्दिष्ट ही अर्थका विस्तारसे कथन करनेके लिये आदेशसम्बन्धी कुछ प्ररूपणा करेंगे। यथा—आदेशसे चारों ही गतियोंमें ज्ञानावरणकी पाँचों ही प्रकृतियाँ उदय रूपसे प्रविष्ट होती हैं और प्रविष्ट कराई जाती हैं। दर्शनावरणकी चारों ही प्रकृतियोंका तथा सातावेदनीय और असातावेदनीयमेंसे किसी एकका चारों ही गतियोंमें उदय और उदीरणा होती है। मोहनीयकी दस, नौ या आठ प्रकृतियाँ चारों गतियोंमें उदय और उदीरणारूपसे वेदी जाती हैं। चारों आयुओंमेंसे जिस गतिमें जो आयु वेदी जाती है उसका उस गतिमें वेदक और उदीरक होता है।

§ ५६. नामकर्मकी अपेक्षा यदि नारकी है तो नरकगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुंडसंस्थान, वैक्रियिकशरीर आंगोपांग, वर्ण, गन्ध, रस,

अप्पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णिमिणमिदि एदासिं उणत्तीसण्हं पयडीणं वेदगो उदीरगो च। तहा णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णेरइओ वेदगो होइ।

§ ५७. अह जइ तिरिक्खो तिरिक्खगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइय-सरीर० छण्हं संठाणाणमेक्कदरं ओरालियअंगोवंग० छसंघडणाणं एक्कदरं वण्णादि४-अगुरुअलहुआदि४० उज्जोवं सिया दोण्हं विहायगदीणमेक्कदरं तसादि४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-दूभगाणमेक्कदरं सुस्सर-दुस्सराणमेक्कदरं आदेज्जणादेज्जाणमेक्कदरं जसगित्ति-अजसगित्तीणमेक्कदरं णिमिणं चादि एदासिं पयडीणं तीसिक्कत्तीससंखाविसेसिदाणं पवेसगो होइ। पुणो णीचागोद-पंचंतराइयाणं च पवेसगो होइ।

§ ५८. अह जइ मणुसो तदो एदाओ चेव पयडीओ उज्जोववज्जाओ मणुसगइ-सहगदाओ वेदयदि। णवरि णीचुच्चागोदाणमेक्कदरमिह वत्तव्वं।

§ ५९. जइ देवो देवगइ-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरस-संठाण-वेउव्वियसरीरअंगोवंग-वण्णादि४-अगुरु०४-पसत्थविहायगदि-तसादि४-थिरा-

---

स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशकीर्ति और निर्माण इन उनतीस प्रकृतियोंका वेदक और उदीरक होता है।

§ ५७. और यदि तिर्यञ्च है तो तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक, औदारिक शरीर आंगोपांग, छह संहननोंमेंसे कोई एक, वर्णादि चार, अगुरुलघु आदि चार, कदाचित् उद्योत, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक, त्रसादि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग-दुर्भगमेंसे कोई एक, सुस्वर-दुःस्वरमेंसे कोई एक, आदेय-अनादेयमेंसे कोई एक, यशःकीर्ति-अयशःकीर्तिमेंसे कोई एक और निर्माण इन तीस और इकतीस संख्याविशिष्ट प्रकृतियोंका प्रवेशक होता है। तथा नीचगोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका प्रवेशक होता है।

विशेषार्थ—जिन संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यञ्चोंके उद्योतका उदय और उदीरणा होती है वे इकतीस प्रकृतियोंके प्रवेशक होते हैं और जिनके उद्योत प्रकृतिका उदय और उदीरणा नहीं होती वे तीस प्रकृतियोंके प्रवेशक होते हैं। शेष कथन सुगम है।

§ ५८. और यदि मनुष्य है तो उद्योतको छोड़कर मनुष्यगतिके साथ इन्हीं प्रकृतियोंका वेदन करता है। इतनी विशेषता है कि यहाँ पर नीचगोत्र और उच्चगोत्रमेंसे किसी एक प्रकृतिका कथन करना चाहिए।

विशेषार्थ—मनुष्योंमें तिर्यञ्चगतिका उदय न होकर मनुष्यगति नामकर्मका उदय होता है, इसलिये यहाँ टीकामें 'मणुसगइसहगदाओ' ऐसे पाठका उल्लेख किया है। शेष कथन सुगम है।

§ ५९. और यदि देव है तो देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीर आंगोपांग, वर्णादि चार, अगुरुलघु आदि

थिर-सुहासुह-सुभग-सुस्सरादेज्ज-जसगित्ति–णिमिणणामाणमुच्चागोद- पंचंतराइएहिं सह पवेसगो वेदगो च होइ।

§ ६०. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदट्ठिदि-अणुभाग-पदेसोदयोदीरणाणं पि किंचि अणुगमं कस्सामो। तं जहा—एदासिं चेव पयडीणमाउअवज्जाणं अंतोकोडाकोडिमेत्त-ट्ठिदीओ आउआणं च तप्पाओग्गाओ ट्ठिदीओ ओकड्डियूणुदए देदि एसा ट्ठिदिउदीरणा।

§ ६१. अणुभागुदीरणा वि पसत्थाणं पयडीणमेत्थ णिद्दिट्ठाणं चउट्ठाणिया बंधट्ठाणादो अणंतगुणहीणा, अप्पसत्थाणं विट्ठाणिया संतट्ठाणादो अणंतगुणहीणा। पदेसुदीरणा वि एदासिं चेव पयडीणमजहण्णाणुक्कस्सिया होइ। एवमुदयो वि अणुगंतव्वो। एवं विदियाए सुत्तगाहाए अत्थविहासा समत्ता।

चार, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति और निर्माणका उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके साथ प्रवेशक और वेदक होता है।

§ ६० अब इस सूत्रद्वारा सूचित हुए स्थिति, अनुभाग और प्रदेश इन तीनोंके उदय और उदीरणाका कुछ अनुगम करेंगे। यथा आयुकर्मको छोड़कर इन्हीं प्रकृतियोंकी अन्तः-कोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितियाँ और आयुकर्मकी तत्प्रायोग्य स्थितियाँ अपकर्षित कर उदयमें दी जाती हैं। यह स्थिति उदीरणा है।

पारदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विशेषार्थ—यहाँ चारों आयुओंकी स्थितिकी अपकर्षण द्वारा उदीरणा कही गई है। इसपर यह प्रश्न होता है कि क्या नारकी, भोगभूमिज तिर्यञ्च और मनुष्य तथा देवोंकी आयुकी भी अपकर्षणद्वारा उदीरणा होती है? यदि होती है तो परमागममें इन जीवोंको अनपवर्त्य आयुवाला क्यों कहा गया है? समाधान यह है कि इन जीवोंकी भुज्यमान आयुका भोग तो पूरा होता है। परन्तु इन आयुओंके यथा सम्भव प्रत्येक निषेकमें कुछ ऐसे परमाणु होते हैं जो उपशम, निधत्त और निकाचितरूप नहीं होते, उनकी भोगकालमें उदीरणा सम्भव होनेसे यहाँ चारों आयुओंकी अपकर्षण द्वारा उदीरणा कही गई है। शेष कथन सुगम है।

§ ६१. अनुभाग उदीरणा भी यहाँ निर्दिष्ट की गई प्रशस्त प्रकृतियोंकी चतुःस्थानीय होती है जो बन्धस्थानसे अनन्तगुणी हीन होती है। अप्रशस्त प्रकृतियोंकी द्विस्थानीय होती है, जो सत्त्वस्थानसे अनन्तगुणी हीन होती है। प्रदेश उदीरणा भी इन्हीं प्रकृतियोंकी अजघन्य अनुत्कृष्ट होती है। इसी प्रकार उदय भी जानना चाहिए। इस प्रकार दूसरी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ—प्रशस्त प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध गुणस्थानप्रतिपन्न जीवोंके होता है, इसलिये यहाँ प्रशस्त प्रकृतियोंकी अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय होकर भी वह बन्धस्थानसे अनन्तगुणी हीन बतलाई है। यहाँ उदयको भी उदीरणाके समान जाननेकी सूचना की है। उसका आशय यह है कि जिन प्रकृतियोंकी यहाँ उदीरणा है उन्हींका उदय भी है। जो कर्म अपकर्षण और उत्कर्षण आदि प्रयोगके बिना स्थिति क्षयको प्राप्त होकर अपना-अपना फल देते हैं उन कर्मस्कन्धोंकी उदय संज्ञा है और जो बड़ी स्थितिमें स्थित कर्म अपकर्षण द्वारा फल देनेके सन्मुख किये जाते हैं उनकी उदीरणा संज्ञा है। प्रकृतमें ऐसा समझना चाहिए कि जिस गतिमें दर्शनमोहके उपशमके सन्मुख हुए जीवके जिन कर्मोंका उदय है उनकी उदीरणा अवश्य होती है। शेष कथन सुगम है।

§ ६२. संपहि तदियसुत्तगाहाए जहावसरपत्तभवयारं कस्सामो। तं जहा—

*** 'के अंसे झीयदे पुव्वं बंधेण उदएण वा' त्ति विहासा।**

§ ६३. एदस्स तदियगाहासुत्तपुव्वद्धस्स अत्थविहासा इदाणिं कायव्वा त्ति वुत्तं होइ। एसो च तदियगाहापुव्वद्धो दंसणमोहउवसामगस्स सव्वेसिं कम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसे अस्सिऊण बंधोदएहिं झीणभावगवेसणट्ठमागओ। तत्थ ताव पयडीणं बंधवोच्छेदकमपदंसणट्ठमिदमाह—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** असादावेदणीय-इत्थि-णवुंसयवेद-अरदि-सोग-चदुआउ०-णिरय-गदि-चदुजादि-पंचसंठाण-पंचसंघडण-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वि-आदाव-अप्पसत्थविहायगइ-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारण-अथिर-असुभ-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्तिणामाणि एदाणि बंधेण वोच्छिण्णाणि।**

§ ६४. एदासिं सुत्तणिद्दिट्ठाणं पयडीणं दंसणमोहोवसामगस्स पुव्वमेव जहाकमं बंधवोच्छेदो जायदि त्ति वुत्तं होइ। संपहि एदेसिं कम्माणं बंधवोच्छेदकमं वत्तइस्सामो। तं जहा—तत्थ ताव अभवसिद्धियपाओग्गविसोहीए विसुज्झमाणस्स तप्पाओग्गअंतो-कोडाकोडिमेत्तट्ठिदिबंधावत्थाए णत्थि एक्कस्स वि कम्मस्स पयडिबंधवोच्छेदो। एत्तो उवरिमंतोमुहुत्तं गंतूण सागरोवमपुधत्तमेत्तमोसरियूण अण्णं ट्ठिदिं बंधमाणस्स तक्काले

§ ६२. अब तीसरी गाथाके अवसर प्राप्त अवतारको करेंगे। यथा—

*** 'दर्शनमोहके उपशमकालसे पूर्व बन्ध और उदयकी अपेक्षा कौन-कौनसे कर्मांश क्षीण होते हैं' इसकी विभाषा।**

§ ६३. इस तीसरे गाथासूत्रके पूर्वार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान इस समय करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यह तीसरी गाथाका पूर्वार्ध दर्शनमोहके उपशामकके सब कर्मोंके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंका आश्रयकर बन्ध और उदयकी अपेक्षा क्षीणपनेका अनुसन्धान करनेके लिये आया है। उनमेंसे सर्व प्रथम प्रकृतियोंकी बन्ध-व्युच्छित्तिके क्रमको दिखलानेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** दर्शनमोहके उपशामकके असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, चार आयु, नरकगति, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, नरकगतिप्रायोग्यानु-पूर्वी, आतप, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और अयशःकीर्ति ये प्रकृतियाँ बन्धसे पहले ही व्युच्छिन्न हो जाती हैं।**

§ ६४. सूत्रमें निर्दिष्ट की गई इन प्रकृतियोंकी दर्शनमोहके उपशामक जीवके पहले ही क्रमसे बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब इन कर्मोंके बन्ध-व्युच्छित्तिके क्रमको बतलावेंगे। यथा—वहाँ जो अभव्योंके योग्य विशुद्धिसे विशुद्ध हो रहा है उसके तत्प्रायोग्य अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिबन्धकी अवस्थामें एक भी कर्मके प्रकृतिबन्धकी व्युच्छित्ति नहीं होती। इससे आगे अन्तर्मुहूर्त जाकर सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण

णिरयाउअबंधो वोच्छिज्जदे । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण बंधमाणस्स तिरिक्खाउअ-बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण बंधमाणस्स मणुस्साउअं बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण बंधमाणस्स देवाउअबंधवोच्छेदो । तदो सागरोवम-पुधत्तमोसारियूण बंधमाणस्स णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी एक्कदो बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण सुहुम-अपज्जत्त-साहारणसरीराणमण्णोण्णाणुगयाणमेक्कदो बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण सुहुम-अपज्ज०-पत्तेयसरीराणमण्णोण्णाणु-गयाणमेक्कदो बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तं गंतूण बादर-अपज्ज०-साहारण-सरीराणमण्णोण्णाणुगयाणमेक्कदो बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण बादर-अपज्ज०-पत्तेयसरीराणमण्णोण्णाणुगयाणमेक्कदो बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवम-पुधत्तमोसरियूण बेइंदियजादि-अपज्जत्ताणमण्णोण्णसंजोगेण बंधवोच्छेदो । तदो सागरो-वमपुधत्तं ओसरियूण तीइंदिय-अपज्ज० अण्णोण्णसंजुत्ताणं बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवम-पुधत्तं ओसरियूण चउरिंदिय०-अपज्ज० अण्णोण्णसंजुत्ताणं बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवम-पुधत्तं ओसरिऊण असण्णिपंचिंदिय०-अपज्ज० अण्णोण्णसंजुत्त० बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण सण्णिपंचिंदिय०-अपज्ज० अण्णोण्णसंजुत्त० बंधवोच्छेदो । तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण सुहुम-पज्जत्त-साहारणसरीराणमाणं परोप्परसंजोगेण

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

स्थिति घटाकर अन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवके उस समय नरकायुकी बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके तिर्यञ्चायुकी बन्धव्युच्छित्ति होती है । उसके आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके मनुष्यायुकी बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्व-प्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके देवायुकी बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके नरकगति और नरकगत्यानु-पूर्वीकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य अनुगत सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणशरीरकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य अनुगत सूक्ष्म, अपर्याप्त और प्रत्येक शरीरकी एकसाथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य अनुगत बादर, अपर्याप्त और साधारण शरीरकी एक साथ बन्ध-व्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य अनुगत बादर, अपर्याप्त और प्रत्येकशरीरकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य अनुगत द्वीन्द्रिय जाति और अपर्याप्त नामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य संयुक्त त्रीन्द्रिय और अपर्याप्त नामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य संयुक्त चतुरिन्द्रिय जाति और अपर्याप्त नामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्व-प्रमाण स्थिति घटाकर० अन्योन्य संयुक्त असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और अपर्याप्तनामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० परस्पर संयुक्त संज्ञी पञ्चेन्द्रिय और अपर्याप्त नामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है । उससे आगे

बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण सुहुम-पज्जत्त-पत्तेयसरीर० परोप्परसंजुत्ताणं बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण बादर-पज्जत्त-साहारणसरीराणं परोप्पर-संजोगविसेसिद० बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-एइंदिय-आदाव-थावरणामाणं छण्हं पयडीणमेक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण बीइंदिय०-पज्जत्ताणं बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण तीइंदिय०-पज्जत्ताणं बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण चउरिंदिय०-पज्जत्त-बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण असण्णिपंचिंदिय०-पज्जत्त० बंधवोच्छेदो। तदो[1] सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-उज्जोवसण्णि-दाणं तिण्हं पयडीणमेक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवपुधत्तं ओसरिदूण णीचागोदस्स बंधवोच्छेदो। णवरि सत्तमपुढविणेरइयमोसियूण तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणु-पुव्वी-उज्जोव-णीचागोदाणं बंधवोच्छेदो णत्थि। अदो चेव सुत्ते तेसिं बंधवोच्छेदो अणुवइट्ठो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण अप्पसत्थविहायगइ-दूभग-दुस्सर-अणा-

---

सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० परस्पर संयुक्त सूक्ष्म, पर्याप्त और साधारणशरीर नामकर्मकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० परस्पर संयुक्त सूक्ष्म, पर्याप्त और प्रत्येक शरीर नामकर्मकी एक साथ बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० परस्पर संयुक्त बादर, पर्याप्त और साधारण शरीर नामकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर० बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावर नामकर्म इन छह प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके द्वीन्द्रियजाति और पर्याप्त नाम-कर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके त्रीन्द्रियजाति और पर्याप्तनामकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके चतुरिन्द्रियजाति और पर्याप्त नामकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके असंज्ञी पञ्चेन्द्रियजाति और पर्याप्त नामकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इन तीन प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके नीचगोत्रकी बन्ध-व्युच्छित्ति होती है। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीके नारकीके तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्च-गत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं होती और इसीलिये सूत्रमें इनकी बन्धव्युच्छित्तिका निर्देश नहीं किया। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, और अनादेय इन प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर

---

१. ता०प्रतौ बंधवोच्छेदो। [तदो सागरो० पुधत्त० ओसरि० सण्णिपज्ज० बंध०] तदो इति पाठः।

देसूणामाणमक्कमेण बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण हुंडसंठाण-असंपत्त-सेवट्टसंघडण० एदासिं दोण्हं पयडीणमेक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण णवुंस० बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तमोसरिदूण वामणसंठाण-कीलियसंघडणाणं दोण्हं पयडीणमेक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तमोसरियूण खुज्जसंठाण-अद्धणारायण० दोण्हमेदासिं पयडीणं एक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तमोसरिदूण इत्थिवेदबंधवोच्छेदो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण सादिसंठाण-णारायणसरीर० दोण्हं पि पयडीणं एक्कदो बंधवोच्छेदो। तदो सागरो० पुध० णग्गोधपरि०-वज्जणारायणसरीरसंघ० दोण्णं पि एक्कदो बंध०। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरियूण मणुसगइ-ओरालियसरीर-तदंगोवंग-वज्जरिसहसंघडण-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वि० एदासिं पंचण्हं पयडीणं एक्कदो बंधवोच्छेदो। एदं तिरिक्ख-मणुस्से पडुच्च परूविदं, देव-णेरइएसु एदासिं बंधविच्छेदाणुवलंभादो। अदो चेव सुत्ते एदासिं बंधवोच्छेदो अणुवइट्ठो, सुत्तस्स च चउगइसामण्णावेक्खाए पयट्टत्तादो। तदो सागरोवमपुधत्तं ओसरिदूण असादावेदणीय-अरदि-सोग-अथिर-असुह-अजसगित्ति-णामाणमेदासिं पयडीणं जुगवं बंधवोच्छेदो। जाव पमत्तसंजदो त्ति बंधपाओग्गाणं पि एदासिमेत्थ बंधवोच्छेदपरूवणा ण विरुज्झदे। किं कारणं? सव्वविसुद्धस्सेदस्स

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

बन्ध करनेवाले जीवके हुंडसंस्थान और असंप्राप्तासृपाटिका संहनन इन दोनों प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके नपुंसकवेदकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपम-पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके वामनसंस्थान और कीलिक संहनन इन दो प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके कुब्जकसंस्थान और अर्धनाराचसंहनन इन दो प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके स्त्रीवेदकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपम-पृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके स्वातिसंस्थान और नाराचसंहनन इन दोनों प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थान और वज्रनाराचसंहनन इन दोनों प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिकशरीर आंगोपांग, वज्रर्षभ-संहनन और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी इन पाँच प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। यह तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी अपेक्षा कहा है, क्योंकि देवों और नारकियोंमें इन पाँच प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं पाई जाती और इसीलिये सूत्रमें इनकी बन्धव्युच्छित्ति-का निर्देश नहीं किया है, क्योंकि यह सूत्र चतुर्गति सामान्यकी अपेक्षा प्रवृत्त हुआ है। उससे आगे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थिति घटाकर बन्ध करनेवाले जीवके असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंकी एक साथ बन्धव्युच्छित्ति होती है। यद्यपि ये प्रकृतियाँ प्रमत्तसंयत गुणस्थान तक बन्धके योग्य हैं फिर भी यहाँ इनकी बन्धव्युच्छित्तिका कथन विरोधको प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उन प्रकृतियोंके बन्धके

तब्बंधपाओग्गसंकिलेसविसयमुल्लंघियूण तप्पडिवक्खपयडिबंधणिबंधणविसोहीए वड्ढमाणस्स तब्बंधवोच्छेदे विरोहाणुवलंभादो। एवमोघेण पयडीणं बंधवोच्छेदो सुत्ताणुसारेण परूविदो।

§ ६५. संपहि आदेसमुहेण पयडिबंधझीणाझीणत्तविसयं किंचि परूवणं कस्सामो। तं जहा—आदेसेण चदुसु वि गदीसु णाणावरणीयस्स णत्थि पयडिबंधझीणदा। एवं दंसणावरणीयस्स वि वत्तव्वं। वेदणीयस्स असादं बंधेण झीणं, णो सादं। मोहणीयस्स इत्थि-णवुंसय-अरदि-सोगा बंधेण झीणा, सेसाओ मोहपयडीओ बंधेण णो झीणाओ। आउअस्स चत्तारि वि पयडीओ बंधेण झीणाओ। णामस्स जइ णेरइयो पढमाए जाव छट्ठि पुढवि त्ति तस्स णिरयगइ-तिरिक्खगइ-देवगइ-एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-वेउव्विय-आहारसरीर-पंचसंठाण-दोण्णिअंगोवंग-पंचसंघडण-णिरय-तिरिक्ख-देवाणुपुव्वि-आदावुज्जोव-अप्पसत्थविहायगदि-थावर-सुहुम-अपज्ज०-साहारण-अथिर-असुभ-दूभग-दुस्सर-अणा[illegible]

योग्य संक्लेशका उल्लंघन कर उनकी प्रतिपक्षभूत प्रकृतियोंके बन्धके निमित्तरूप विशुद्धिसे वृद्धिको प्राप्त हुए सर्वविशुद्ध इस जीवके उन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति होनेमें कोई विरोध नहीं पाया जाता। इस प्रकार ओघसे सूत्रके अनुसार प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति कही।

विशेषार्थ—यहाँ सामान्यरूपसे चारों गतियोंमें घटित हों इस अपेक्षाको मुख्यकर ये चौंतीस बन्धापसरण कहे गये हैं। जिन प्रकृतियोंके विषयमें कुछ अपवाद है उनका निर्देश यथास्थान टीकामें किया ही है। उदाहरणार्थ सातवें नरकका नारकी जीव प्रथम सम्यक्त्वके प्राप्त करनेके सन्मुख होनेके पूर्व भी तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका ही नियमसे बन्ध करता रहता है तथा ऐसी भूमिकामें भी उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है। इसलिये इन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति करनेवाले दो बन्धापसरण सातवें नरकमें नहीं बनते। इसी प्रकार प्रथम सम्यक्त्वके सन्मुख होनेके पूर्व ही तिर्यञ्चों और मनुष्योंके मनुष्यगति आदि पाँच प्रकृतियोंकी यथास्थान नियमसे बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है, इसलिये यह बन्धापसरण केवल तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी अपेक्षा कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ६५. अब आदेशद्वारा प्रकृतिबन्धसम्बन्धी क्षीण-अक्षीणपनेविषयक कुछ प्ररूपणा करते हैं। यथा—आदेशसे चारों ही गतियोंमें ज्ञानावरणीयके प्रकृतिबन्धका विच्छेद नहीं है। इसी प्रकार दर्शनावरणकी अपेक्षा भी कहना चाहिए। वेदनीयकी असातावेदनीय बन्धसे विच्छिन्न है, सातावेदनीय नहीं। मोहनीयकर्मकी स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति और शोक बन्धसे विच्छिन्न हैं, शेष मोह प्रकृतियाँ बन्धसे विच्छिन्न नहीं होतीं। आयुकर्मकी चारों ही प्रकृतियाँ बन्धसे विच्छिन्न हैं। नामकर्मकी यदि प्रथम पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकका नारकी है तो उसके नरकगति, तिर्यञ्चगति, देवगति, एकेन्द्रियजाति, द्वीन्द्रियजाति, त्रीन्द्रियजाति, चतुरिन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, पाँच संस्थान, दो आंगोपांग, पाँच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और तीर्थंकर ये प्रकृतियाँ बन्धसे विच्छिन्न हैं, शेष नहीं। गोत्रकर्मकी नीचगोत्र

पयडीओ बंधेण झीणाओ, ण सेसाओ। गोदस्स णीचागोदं बंधेण वोच्छिण्णं, णेदरं। अंतराइयस्स णत्थि एत्थ पयडिबंधस्स झीणदा। सत्तमाए एवं चेव। णवरि उज्जोवं सिया बंधेण झीणं सिया णोझीणं। तिरिक्खगइ-तप्पाओग्गाणु०-णीचागोदाणि च बंधेण णोझीणाणि। मणुसगइ-तप्पाओग्गाणुपुव्वि-उच्चागोदाणि बंधेण झीणाणि।

§ ६६. जइ तिरिक्खो मणुस्सो वा तो तस्स णामस्स देवगदि-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-वेउव्वियअंगोवंग-वण्णादि४-देवगइपाओग्गाणुपुव्वि-अगुरुलहुआदि४-पसत्थविहायगदि-तसादि४-थिरादि६-णिमिणणामाणि मोत्तूण सेसाणि बंधेण झीणाणि। गोदस्स णीचागोदं बंधेण झीणं। सेसं पुव्वं व वत्तव्वं। देवगदीए पढमपुढविभंगो। एसा पयडिबंधझीणदा णाम।

§ ६७. एदासिं चेव पयडीणं पयडिझीणदाए सण्णिट्ठाणं ट्ठिदिबंधझीणदा च अणुमग्गियव्वा। अज्झीणबंधाणं पि पयडीणमंतोकोडाकोडीदो उवरिमट्ठिदिबंधवियप्पाणं झीणदा समयाविरोहेणाणुगंतव्वा। एवमणुभाग-पदेसविसए वि एसो अत्थो जोजेयव्वो। एवं ताव पयडिबंधवोच्छेदं ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसबंधवोच्छेदगब्भं परूविय संपहि पयडि-विसयमुदयवोच्छेदं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* पंचदंसणावरणीय-चदुजादिणामाणि चदुआणुपुव्विणामाणि

प्रकृति बन्धसे विच्छिन्न है, उच्चगोत्र नहीं। अन्तरायकर्मके प्रकृतिबन्धका विच्छेद यहाँ नहीं है। सातवीं पृथिवीमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उद्योतप्रकृति कदाचित् बन्धसे विच्छिन्न है, कदाचित् विच्छिन्न नहीं है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र ये बन्धसे विच्छिन्न नहीं हैं। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र ये बन्धसे विच्छिन्न हैं।

§ ६६. यदि तिर्यञ्च और मनुष्य है तो उसके नामकर्मकी देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीर आंगोपांग, वर्णादिचतुष्क, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, अगुरुलघु आदि चार, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चार, स्थिरादि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंको छोड़कर शेष प्रकृतियाँ बन्धसे विच्छिन्न हैं। गोत्रकर्मकी नीचगोत्र प्रकृति बन्धसे विच्छिन्न है। शेष कथन पहलेके समान कहना चाहिए। देवगतिमें पहली पृथिवीके समान भंग है। यह प्रकृतिबन्धसम्बन्धी विच्छिन्नताका निर्देश है।

§ ६७. प्रकृतिबन्धविच्छिन्नतारूपसे निर्दिष्ट इन्हीं प्रकृतियोंकी स्थितिबन्धकी अपेक्षा विच्छिन्नताका अनुमार्गण कर लेना चाहिए। तथा जिन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति नहीं होती उन प्रकृतियोंकी अन्तःकोड़ाकोड़ीसे उपरिम स्थितिबन्धविकल्पोंकी विच्छिन्नता समयके अविरोधरूपसे जान लेना चाहिए। इसीप्रकार अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धके विषयमें भी यह अर्थ योजित करना चाहिए। इस प्रकार स्थितिबन्ध, अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धकी बन्धव्युच्छित्ति जिसमें गर्भित है ऐसे प्रकृतिबन्धकी व्युच्छित्तिका कथन कर अब प्रकृति-विषयक उदयव्युच्छित्तिका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* पाँच दर्शनावरण, चार जाति नामकर्म, चारों आनुपूर्वी नामकर्म तथा

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

आदाव-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणसरीरणामाणि एदाणि उदएण वोच्छिण्णाणि।

§ ६८. एत्थ पंचदंसणावरणीयणिद्देसेण णिद्दाभेदाणं पंचण्हं गहणं कायव्वं, तेसिमेत्थुदयवोच्छेदो। किं कारणं? दंसणमोहुवसामगस्स सागर-जागारावत्थस्स तदुदय-परिणामविरोहादो। एवं चदुजादिआदीणं पि सुत्तणिद्दिट्ठपयडीणमुदयवोच्छेदो वत्तव्वो।

§ ६९. एवमोघेण परूविदस्सेदस्सत्थस्स पुणो वि फुडीकरणट्ठमादेसपरूवणा कीरदे। तं जहा—आदेसेण चदुसु गदीसु वि पंचणाणावरणीयाणं णत्थि उदयेण झीणदा। दंसणावरणीयस्स चत्तारि पयडीओ उदएण अज्झीणाओ। वेदणीयस्स सादासादाणं णत्थि उदएण झीणदा। मोहणीयस्स सव्वासिं पयडीणं णत्थि उदएण झीणदा। णवरि णेरइएसु इत्थि-पुरिसवेदाणमुदएण झीणदा। देवेसु णवुंसयवेदस्स उदएण झीणदा वत्तव्वा। आउस्स सव्वासिं पयडीणं णत्थि उदयवोच्छेदो। णवरि

आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणशरीर नामकर्म ये प्रकृतियाँ उदयसे व्युच्छिन्न होती हैं।

§ ६८. यहाँ सूत्रमें पाँच दर्शनावरण पदके निर्देशसे निद्रादि पाँच भेदोंका ग्रहण करना चाहिए, उनकी इसके उदय व्युच्छित्ति है, क्योंकि साकार उपयोग और जागृत अवस्था-विशिष्ट दर्शनमोह-उपशामकके इन पाँच निद्रादिके उदयरूप परिणामका विरोध है। इसी प्रकार सूत्रमें निर्दिष्ट की गई चार जाति आदि प्रकृतियोंकी उदयके अभावका भी कथन करना चाहिए।

विशेषार्थ—दर्शनमोहका उपशामक वही जीव हो सकता है जो संज्ञी, पञ्चेन्द्रिय और पर्याप्त होकर जीवादि नौ पदार्थोंके यथार्थ ज्ञानके साथ अपने साकार उपयोग द्वारा जीवादि नौ पदार्थोंमें अनुस्यूत एकमात्र जीवपदार्थके अनुमननके सन्मुख हो। ऐसा जीव नियमसे जागृत होता है, इसलिये तो उसके निद्रादि पाँच दर्शनावरण प्रकृतियोंके उस कालमें उदयका निषेध किया है। साथ ही उसके संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त एकमात्र यही जीवसमास होता है, इसलिये उसके एकेन्द्रिय आदि चार जाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन प्रकृतियोंके उदयका निषेध किया है। यहाँ सूत्रमें पाँच दर्शनावरण आदिके मात्र उदयका निषेध किया है। परन्तु इससे इन प्रकृतियोंकी उदीरणाका भी निषेध जान लेना चाहिए, क्योंकि कुछ अपवादोंको छोड़कर सर्वत्र उदीरणा उदयकी अविनाभाविनी होती है।

§ ६९. इस प्रकार ओघसे कहे गये इस अर्थका फिर भी स्पष्टीकरण करनेके लिये आदेशप्ररूपणा करते हैं। यथा—आदेशसे चारों ही गतियोंमें पाँच ज्ञानावरण प्रकृतियोंका उदयविच्छेद नहीं है। दर्शनावरणकी चार प्रकृतियोंका उदयविच्छेद नहीं है। वेदनीयकी साता और असाता इन दोनों प्रकृतियोंका उदयविच्छेद नहीं है। मोहनीयकी सब प्रकृतियोंका उदयविच्छेद नहीं है। इतनी विशेषता है कि नारकियोंमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदका उदय नहीं होता। तथा देवोंमें नपुंसकवेदका उदय नहीं होता ऐसा कहना चाहिए। आयुकी सभी

एक्कम्मि आउए गदिविसेससंबंधेण णिरुद्धे तत्थ सेसाणमुदएण झीणदा त्ति वत्तव्वं ।

मार्गदर्शक - आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज

§ ७०. जइ णेरइओ, णिरयगइ-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइय-सरीर-हुंडसंठाण०-वेउव्वियअंगोवंग-वण्ण४-अगुरुअलहुअ४-अप्पसत्थविहाय०-तस४-थिराथिर-सुहासुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णिमिणणामाओ एदाओ पयडीओ उदएण अज्झीणाओ, सेसाओ झीणाओ ।

§ ७१. जइ तिरिक्खो, तिरिक्खगइ-पंचिंदियजादि-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर० छण्हं संठाणाणमेक्कदरं ओरालियअंगोवंग० छण्हं संघडणाणमेक्कदरं वण्ण४-अगुरुलहुअ४ उज्जोवं सिया० दोण्हं विहायगदीणमेक्कदरं तसादिचउक्क० थिराथिर-सुभासुभ० सुभग-दूभगाणमेक्कदरं सुस्सर-दुस्सराणमेक्कदरं आदेज्ज-अणादेज्जाणमेक्कदरं जस-अजसगित्तीणमेक्कदरं णिमिणं च एदाओ पयडीओ तिरिक्खस्स उदएण अझीणाओ । सेसाओ पयडीओ उदएण झीणाओ । मणुस्सस्स वि मणुसगदि-पंचिंदियजादि० एवं तिरिक्खभंगेण णेदव्वं । णवरि उज्जोववज्जं ।

§ ७२. जइ देवो, देवगइ-पंचिंदियजादि-वेउव्विय-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरस-संठाण-वेउव्वियअंगोवंग-वण्ण४-अगुरुलहुअ४-पसत्थविहायगइ-तस४-थिराथिर-सुभासुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसगित्ति-णिमिणमिदि एदाओ पयडीओ उदएण अज्झी-

प्रकृतियोंका उदयविच्छेद नहीं है । इतनी विशेषता है कि गतिविशेषके सम्बन्धसे एक आयुके उदय रहनेपर उसके शेष आयुओंका उदय नहीं होता ऐसा कहना चाहिए ।

§ ७०. यदि नारकी है तो नामकर्मकी नरकगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुंडसंस्थान, वैक्रियिक शरीर आंगोपांग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और निर्माण नामवाली ये प्रकृतियाँ उदयसे विच्छिन्न नहीं हैं, शेष प्रकृतियाँ उदयसे विच्छिन्न हैं अर्थात् शेष प्रकृतियोंका उसके उदय नहीं होता ।

§ ७१. यदि तिर्यञ्च है तो तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक, औदारिक शरीर आंगोपांग, छह संहननोंमेंसे कोई एक, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, कदाचित् उद्योत, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक, त्रसादिचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग-दुर्भगमेंसे कोई एक, सुस्वर-दुःस्वरमेंसे कोई एक, आदेय-अनादेयमेंसे कोई एक, यशःकीर्ति-अयशःकीर्तिमेंसे कोई एक और निर्माण ये प्रकृतियाँ तिर्यञ्चके उदयसे विच्छिन्न नहीं हैं, शेष प्रकृतियाँ उदयसे विच्छिन्न हैं, अर्थात् शेष प्रकृतियोंका उसके उदय नहीं होता । मनुष्यके भी मनुष्यगति और पञ्चेन्द्रियजाति इत्यादि रूपसे तिर्यञ्चके समान जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके उद्योत प्रकृतिका उदय नहीं होता ।

§ ७२. यदि देव है तो देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीर आंगोपांग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति और निर्माण नामवाली ये प्रकृतियाँ उदयसे विच्छिन्न नहीं हैं, शेष प्रकृतियाँ उदयसे

णाओ, सेसाओ झीणाओ।

§ ७३. गोदस्स जइ णेरइओ तिरिक्खो वा णीचागोदमुदयादो अज्झीणमुच्चागोदं झीणं। जइ मणुसो, णीचुच्चागोदाणमेक्कदरं झीणं। जइ देवो, उच्चगोदं उदएण अज्झीणं, णीचागोदं झीणं। चदुसु वि गदीसु पंचंतराइयाणि उदएण णो झीणाणि। एसा ताव पयडिउदयझीणदा सुत्ताणुसारेण मग्गिदा।

§ ७४. जाओ पयडीओ जत्थ उदएण अज्झीणाओ तत्थ तासिमंतोकोडाकोडिमेत्ता ट्ठिदी उदएण अज्झीणा। सेसाणं पयडीणं सव्वाओ ट्ठिदीओ उदएण झीणाओ। एसा ट्ठिदिउदयझीणदा णाम। जाओ अप्पसत्थपयडीओ उदएण अज्झीणाओ तासिं विट्ठाणिओ अणुभागो संतादो अणंतगुणहीणो उदएण अज्झीणो। जाओ पसत्थपयडीओ उदएण अज्झीणाओ तासिं पयडीणं चउट्ठाणिओ अणुभागो बंधादो अणंतगुणहीणसरूवो उदयादो अज्झीणो, सेसाणं झीणत्तं। एसा अणुभागझीणदा णाम। पदेसझीणदा वि जाओ पयडीओ उदएण अज्झीणाओ तासिं पयडीणमणुक्कस्सयं पदेसग्गमुदयादो अज्झीणं, सेसाणि ज्झीणाणि। एत्थेव पयडिआदीणमुदीरणादो वि झीणाझीणत्तमेदीए दिसाए अणुगंतव्वं। एवं तदियगाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासा समत्ता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विच्छिन्न हैं, अर्थात् उनका उदय नहीं होता।

§ ७३. यदि नारकी और तिर्यञ्च है तो गोत्रकर्मकी नीचगोत्र प्रकृति उदयसे विच्छिन्न नहीं हैं, उच्चगोत्र प्रकृति उदयसे विच्छिन्न है। यदि मनुष्य है तो नीचगोत्र और उच्चगोत्र इनमेंसे कोई एक प्रकृति उदयसे विच्छिन्न है। यदि देव है तो उच्चगोत्र प्रकृति उदयसे विच्छिन्न नहीं है, नीचगोत्र प्रकृति उदयसे विच्छिन्न है। यह प्रकृति उदयविच्छिन्नता है जिसका सूत्रके अनुसार विचार किया।

§ ७४. जो प्रकृतियाँ जहाँ पर उदयसे अविच्छिन्न हैं वहाँ उनकी अन्तःकोड़ाकोड़ी-प्रमाण स्थिति उदयसे अविच्छिन्न है। शेष प्रकृतियोंकी सब स्थितियाँ उदयसे विच्छिन्न हैं। यह स्थितिउदयविच्छिन्नता है। जो अप्रशस्त प्रकृतियाँ उदयसे अविच्छिन्न हैं उनका द्विस्थानीय अनुभाग सत्त्वसे अनन्तगुणा हीन होकर उदयसे अविच्छिन्न है। जो प्रशस्त प्रकृतियाँ उदयसे अविच्छिन्न हैं उन प्रकृतियोंका चतुःस्थानीय अनुभाग बन्धसे अनन्तगुणा हीनस्वरूप होकर उदयसे अविच्छिन्न है, शेष प्रकृतियोंका अनुभाग उदयसे विच्छिन्न है। यह अनुभाग विच्छिन्नता है। प्रदेशविच्छिन्नता—जो प्रकृतियाँ उदयसे अविच्छिन्न है उन प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट प्रदेशपिण्ड उदयसे अविच्छिन्न है, शेष प्रकृतियाँ प्रदेशपिण्डकी अपेक्षा उदयसे विच्छिन्न हैं। यहीं पर प्रकृति आदिकी उदीरणाकी विच्छिन्नता और अविच्छिन्नताको भी इसी दिशासे जान लेना चाहिए। इस प्रकार तीसरी गाथाके पूर्वार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त हुआ।

विशेषार्थ—यहाँ चूर्णिसूत्रमें दर्शनमोहके उपशमके सन्मुख हुए जीवके निद्रादिक पाँचका अनुदय बतलाया है। उसका कारण देते हुए टीकामें बतलाया है कि ऐसा जीव नियमसे जागृत होता है। किन्तु धवला टीकामें ऐसे जीवको दर्शनावरणकी चार या निद्रा-

§ ७५. संपहि तप्पच्छद्धस्स अत्थविहासणट्ठमिदमाह—

*** 'अंतरं वा कहिं किच्चा के के उवसामगो कहिं' त्ति विहासा ।**

§ ७६. एदस्स गाहापच्छद्धस्स एण्हिमत्थविहासा अहिकीरदि त्ति भणिदं होइ ।

*** ण ताव अंतरं उवसामगो वा पुरदो होहिदि त्ति ।**

§ ७७. ण ताव इदानीमंतरकरणमुपशमकत्वं वा दर्शनमोहस्य विद्यते, किंतु तदुभयं पुरस्तादनिवृत्तिकरणं प्रविष्टस्य भविष्यतीत्ययमत्र सूत्रार्थसद्भावः । एवं तदिय-गाहाए अत्थविहासा समत्ता ।

§ ७८. संपहि चउत्थगाहाए अत्थविहासणट्ठमिदमाह—

प्रचला इनमेंसे किसी एक प्रकृतिके साथ पाँच प्रकृतियोंका वेदक कहा है। धवला टीकाका वह उल्लेख इस प्रकार है—

चक्खुदंसणावरणीयमचक्खुदंसणावरणीयमोहिदंसणावरणीय-केवलदंसणावरणीयमिदि चदुण्हं दंसणावरणीयाणं वेदगो, णिद्दा-पयलाणं एक्कदरेण सह पंचण्हं वा वेदगो ।

२. मोहनीयकर्मके प्रसंगसे यहाँ मोहनीयकर्मकी सभी प्रकृतियोंका उदय बतलाया है। सो उसका यह आशय है कि उक्त जीवके सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्प्रकृतिको छोड़कर आगमानुसार सभी प्रकृतियोंका उदय सम्भव है। यथा—मिथ्यात्व, चारों क्रोध, या चारों मान, या चारों माया या चारों लोभ, तीन वेदोंमेंसे कोई एक वेद, हास्य-रति और अरति-शोक इन दो युगलोंमेंसे कोई एक युगल तथा भय और जुगुप्सा इस प्रकार १० का, या भय-जुगुप्सामेंसे एकके बिना ९ का, या दोनोंके बिना ८ का उदय होता है।

३. दूसरे यहाँ उदयागत प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका उदय बतलाया है, किन्तु धवला टीकामें उदयगत प्रकृतियोंके अजघन्य-अनुत्कृष्ट प्रदेशोंका वेदक बतलाया है। यथा—

उदइल्लाणं पयडीणमजहण्णाणुक्कस्सपदेसाणं वेदगो ।

§ ७५. अब उसके उत्तरार्धके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** उक्त जीव 'अन्तर कहाँ पर करता है और कहाँ पर किन-किन कर्मोंका उप-शामक होता है' इस पदकी विभाषा ।**

७६. तीसरी गाथाके इस उत्तरार्धके अर्थका इस समय विशेष व्याख्यान अधिकार प्राप्त है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें न तो अन्तरकरण होता है और न ही यहाँ पर वह उपशामक होता है, आगे जाकर ये दोनों कार्य होंगे ।**

§ ७७. इस समय दर्शनमोहका न तो अन्तरकरण होता है और न ही उपशामकपना ही पाया जाता है, किन्तु ये दोनों आगे अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके होंगे यह यहाँ सूत्रके अर्थका तात्पर्य है। इस प्रकार तीसरी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त हुआ।

§ ७८. अब चौथी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** किं ठिदियाणि कम्माणि अणुभागेसु केसु वा। ओवट्टेयूण सेसाणि कं ठाणं पडिवज्जदि त्ति विहासा।**

§ ७९. एदिस्से चउत्थगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणमिदाणिं कस्सामो त्ति वुत्तं होइ।

*** ट्ठिदिघादो संखेज्जा[1] भागे घादेदूण संखेज्जदिभागं पडिवज्जइ।**

§ ८०. अधापवत्तकरणचरिमसमयविसयादो ठिदिसंतकम्मादो अंतोकोडाकोडिसागरोवमपमाणादो अपुव्वाणियट्टिकरणपरिणामेहिं संखेज्जे भागे जहाकमं संखेज्जसहस्सेहिं ठिदिखंडयघादेहिं घादिदूण तदो पुव्वणिरुद्धठिदीए संखेज्जदिभागमेसो पडिवज्जदि त्ति भणिदं होइ।

*** अणुभागघादो अणंते भागे घादिदूण अणंतभागं पडिवज्जइ।**

§ ८१. अप्पसत्थाणं कम्माणं अणुभागस्साणंते भागे अपुव्वाणियट्टिकरणपरिणामेहिं घादिय तदणंतिमभागमेसो पडिवज्जदि त्ति वुत्तं होइ। संपहि एदे दो वि घादा अधापवत्तकरणं वोलिय अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि पयट्टंति त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

---

* 'उक्त जीव किस स्थितिवाले कर्मोंका और किन अनुभागोंमें स्थित कर्मोंका अपवर्तन करके किस स्थानको प्राप्त करता है' इसकी विभाषा।

§ ७९. यथा अवसर प्राप्त इस चौथी गाथाके अर्थका इस समय विशेष व्याख्यान करेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** स्थितिघात—संख्यात बहुभागप्रमाण स्थितियोंका घातकर संख्यातवें भागको प्राप्त होता है।**

§ ८०. अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जो स्थितिसत्कर्म अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण है उसमेंसे अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके बलसे यथाक्रम संख्यात हजार स्थिति काण्डकघातोंके द्वारा संख्यात बहुभागप्रमाण स्थितिका घातकर पहलेकी विवक्षित स्थितिके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिको यह प्राप्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** अनुभागघात—अनन्त बहुभागप्रमाण अनुभागका घातकर अनन्तवें भागप्रमाण अनुभागको प्राप्त होता है।**

§ ८१. अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागके अनन्त बहुभागका अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके बलसे घातकर उसके अनन्तवें भागप्रमाण अनुभागको यह प्राप्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब ये दोनों ही घात अधःप्रवृत्तकरणको उल्लंघन कर अपूर्वकरणके प्रथम समयसे प्रवृत्त होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ ट्ठिदियादो संखेज्जे इति पाठः।

*** तदो इमस्स चरिमसमयअधापवत्तकरणे वट्टमाणस्स णत्थि ट्ठिदिघादो वा अणुभागघादो वा। से काले दो वि घादा पवत्तीहिंति।**

§ ८२. जदि एसो पडिसमयमणंतगुणाए विसोहीए सुट्ठु वि विसुज्झमाणो संतो ट्ठिदि-अणुभागखंडयघादपाओग्गविसोहीओ ण पावदि, हेट्ठा चेव वट्टदि, तदो इमस्स चरिमसमयाधापवत्तकरणभावे वट्टमाणस्स णत्थि ट्ठिदिघादो अणुभागघादो वा। किंतु से काले अपुव्वकरणं पविट्ठपढमसमए दो वि एदे ट्ठिदि-अणुभागविसयघादा गुणसेढि-णिक्खेवादिसहगदा पवत्तीहिंति। तम्हा तत्थेव तप्परूवणं कस्सामो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो।

*** अतः अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान इस जीवके स्थितिघात और अनुभागघात नहीं होता, किन्तु तदनन्तर समयमें दोनों ही घात प्रवृत्त होंगे।**

§ ८२. यद्यपि यह जीव प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी विशुद्धिसे अत्यन्त विशुद्ध होता हुआ भी स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघातके योग्य विशुद्धिको नहीं प्राप्त होता, नीचे ही रहता है, इसलिये अधःप्रवृत्तकरणभावमें विद्यमान इसके स्थितकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात नहीं होता। किन्तु तदनन्तर समयमें अपूर्वकरणके प्रथम समयमें प्रविष्ट होनेपर गुणश्रेणिनिक्षेप आदिके साथ स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात प्रवृत्त होंगे, इसलिये वहीं पर उनका कथन करेंगे यह इस सूत्रका भावार्थ है।

विशेषार्थ—क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंसे संयुक्त जो जीव दर्शनमोहका उपशम करनेके सन्मुख होकर अधःप्रवृत्तकरणमें प्रविष्ट होता है उसके प्रथम समयसे लेकर इस करणके अन्तिम समय तक प्रत्येक समयके परिणामोंमें उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धि होती जाती है। इस जीवके अपने कालके भीतर प्रत्येक समयमें अप्रशस्त कर्मोंका अनन्तगुण हीन द्विस्थानीय और प्रशस्त कर्मोंका अनन्तगुणा चतुःस्थानीय अनुभागबन्ध होता रहता है। तथा एक स्थितिबन्धका समय पूर्ण होनेपर दूसरा स्थितिबन्ध पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कम होकर अन्तर्मुहूर्त काल तक होता है। इसी क्रमसे तीसरा, चौथा आदि जानना चाहिए। इसप्रकार इस करणमें संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण होते हैं। किन्तु इन परिणामोंको निमित्तकर स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात, गुण-श्रेणि रचना और गुणसंक्रम ये चार आवश्यक नहीं होते। यहाँ अपूर्वकरणमें स्थिति काण्डकघात, अनुभाग-काण्डकघात और गुणश्रेणि रचना होती है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उपरितन एक काण्डक—प्रमाण स्थितिका फालिक्रमसे अन्तर्मुहूर्तकालमें घात करना स्थितिकाण्डकघात कहलाता है, अप्रशस्त प्रकृतियोंके उपरितन एक काण्डक प्रमाण बहुभाग अनुभागका फालि-क्रमसे अन्तर्मुहूर्तकालमें घात करना अनुभागकाण्डकघात कहलाता है। आयुके सिवाय शेष कर्मोंके उपरितन स्थितियोंमें स्थित कर्मपुंजमें अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारका भाग देनेपर जो एक भाग द्रव्य प्राप्त हो, उसमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर प्राप्त हुआ एक भागप्रमाण उदयवाली प्रकृतियोंका द्रव्य उदयावलिमें निक्षिप्त करना तथा उदयवाली व अनुदयवाली शेष प्रकृतियोंके द्रव्यको गुणितक्रमसे उदयावलिके अनन्तर समयवर्ती निषेकसे लेकर गुणश्रेणिशीर्ष तक निक्षिप्त करना गुणश्रेणि रचना कहलाती है। इन सबका विशेष विचार आगे किया ही है। यहाँ मात्र उनका स्वरूप बतलानेके लिये संक्षेपमें निर्देश किया है।

*** एदाओ चत्तारि सुत्तगाहाओ अधापवत्तकरणस्स पढमसमए परूविदाओ ।**

§ ८३. गयत्थमेदं सुत्तं । संपहि 'दंसणमोहउवसामगस्स परिणामो केरिसो भवे' इच्चेदं सुत्तपदमस्सियूण दंसणमोहोवसामगस्स करणलद्धिपरूवणट्ठमुवरिमो पबंधो ।

*** दंसणमोहउवसामगस्स तिविहं करणं ।**

§ ८४. येन परिणामविशेषेण दर्शनमोहोपशमादिर्विवक्षितो भावः क्रियते निष्पाद्यते स परिणामविशेषः करणमित्युच्यते । तं पुण करणमेत्थ तिविहं होइ त्ति एदेण सुत्तेण जाणाविदं । संपहि तेसिं तिण्हं करणाणं णामणिद्देसं कुणमाणो पुच्छावक्कमाह—

पारसमल जैन ज्ञानार्थ श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ८५. सुगमं ।

*** अधापवत्तकरणमपुव्वकरणमणियट्टिकरणं च ।**

§ ८६. एवमेदाणि तिण्णि करणाणि एत्थ होंति त्ति भणिदं होइ । संपहि एदेसिं तिण्हं करणाणं किंचि अत्थपरूवणं कस्सामो । तं जहा—जम्हि वट्टमाणस्स जीवस्स करणपरिणामा अधो हेट्ठा पवत्तंति तमधापवत्तकरणं णाम । एदम्मि करणे उवरिमसमयपरिणामा हेट्ठिमसमयेसु वि वट्टंति त्ति भणिदं होइ । समयं पडि अपुव्वा

*** इन चार गाथाओंकी अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्ररूपणा करनी चाहिए ।**

§ ८३. यह सूत्र गतार्थ है । अब 'दर्शनमोहके उपशामकका परिणाम कैसा होता है ।' इस प्रकार इस सूत्रपदका आलम्बन लेकर दर्शनमोहके उपशामककी करणलब्धिका कथन करनेके लिये आगेका प्रबन्ध कहते हैं—

*** दर्शनमोहके उपशामकके तीन करण होते हैं ।**

§ ८४. जिस परिणामविशेषके द्वारा दर्शनमोहका उपशमादिरूप विवक्षित भाव किया जाता है अर्थात् उत्पन्न किया जाता है वह परिणाम करण कहलाता है । वह करण यहाँपर तीन प्रकारका होता है यह इस सूत्र द्वारा ज्ञात कराया गया है । अब उन तीन करणोंका नामनिर्देश करते हुए पृच्छावाक्यको कहते हैं—

*** वे जैसे ।**

§ ८५. यह सूत्र सुगम है ।

*** अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण ।**

§ ८६. इस प्रकार ये तीन करण यहाँपर होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इन तीन करणोंके अर्थका किंचित् प्ररूपण करते हैं । यथा—जिस करणमें विद्यमान जीवके करणपरिणाम 'अधः' नीचे अर्थात् उपरितन (आगेके) समयके परिणाम नीचे (पूर्व) के समयके परिणामोंके समान प्रवृत्त होते हैं वह अधःप्रवृत्तकरण है । इस करणमें उपरिम समयके परिणाम नीचेके समयोंमें भी पाये जाते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । जिस

१. ता०प्रतौ तं जहा इति पाठो नास्ति ।

असमाणा णियमा अणंतगुणसरूवेण वड्ढिदा[1] करणा परिणामा जम्हि तमपुव्वकरणं णाम। एत्थतणपरिणामा पडिसमयमसंखेज्जलोगमेत्ता होदूणण्णसमयट्ठिदपरिणामेहिं सरिसा ण होंति त्ति भावत्थो। जम्हि वट्टमाणाणं जीवाणमेगसमयम्हि परिणामभेदो णत्थि तमणियट्टिकरणं णाम। एदेसिं करणाणं विसेसणिण्णयमुवरि कस्सामो। एवमधापवत्तादिकरणाणं णामणिद्देसं कादूण संपहि एदेसिं तिण्हमद्धाहिंतो उवरि उवसामणद्धा होइ त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** चउत्थी उवसामणद्धा।**

§ ८७. का उवसामणद्धा णाम? जम्हि अद्धाविसेसे दंसणमोहणीयमुवसंतावण्णं होदूण चिट्ठइ सा उवसामणद्धा त्ति भण्णदे। उवसमसम्माइट्ठिकालो त्ति भणिदं होइ।

*** एदेसिं करणाणं लक्खणं।**

§ ८८. एदेसिं करणाणं लक्खणपरूवणं इदाणिं कस्सामो त्ति भणिदं होइ। तत्थ ताव जहा उद्देसो तहा णिद्देसो त्ति णायादो अधापवत्तकरणलक्खणं पढममेव परूविज्जदे। तत्थ दोण्णि अणिओगद्दाराणि—अणुकट्ठिपरूवणा अप्पाबहुअं चेदि। एत्थ ताव सुत्तणिबद्धस्स अप्पाबहुअस्स साहणट्ठमणुकट्ठिपरूवणं कस्सामो। तं जहा—अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमओ त्ति ताव पादेक्कमेक्केक्कम्मि समये

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

करणमें प्रत्येक समयमें अपूर्व अर्थात् असमान नियमसे अनन्तगुणरूपसे वृद्धिगत करण अर्थात् परिणाम होते हैं वह अपूर्वकरण है। इस करणमें होनेवाले परिणाम प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण होकर अन्य समयमें स्थित परिणामोंके सदृश नहीं होते हैं यह उक्त कथनका भावार्थ है। जिस करणमें विद्यमान जीवोंके एक समयमें परिणामभेद नहीं है वह अनिवृत्तिकरण है। इन करणोंका विशेष निर्णय ऊपर करेंगे। इस प्रकार अधःप्रवृत्त आदि करणोंका नामनिर्देश करके अब इन तीनोंके कालसे ऊपर (आगे) उपशामनकाल होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** चौथी उपशामनाद्धा है।**

§ ८७. **शंका**—उपशामनाद्धा किसे कहते हैं ?

समाधान—जिस कालविशेषमें दर्शनमोहनीय उपशान्त होकर अवस्थित होता है उसे उपशामनाद्धा कहते हैं। उपशमसम्यग्दृष्टिका काल यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** अब इन करणोंका लक्षण कहते हैं।**

§ ८८. इन करणोंके लक्षणका कथन इस समय करेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसमें भी सर्वप्रथम 'उद्देश्यके अनुसार निर्देश किया जाता है' इस न्यायके अनुसार प्रथम ही अधःप्रवृत्तकरणका लक्षण कहते हैं। उसमें दो अनुयोगद्वार हैं—अनुकृष्टिप्ररूपणा और अल्पबहुत्व। यहाँ सर्वप्रथम सूत्रमें निबद्ध किये गये अल्पबहुत्वका साधन करनेके लिये अनुत्कृष्टिका कथन करेंगे। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक पृथक्

१. ता०प्रतौ –णावणट्ठिदा इति पाठः।

असंखेज्जलोगमेत्ताणि परिणामट्ठाणाणि छवड्ढिकमेणावट्ठिदाणि ट्ठिदिबंधोसरणादीणं कारणभूदाणि अत्थि। तेसिं परिवाडीए विरचिदाणं पुणरुत्तापुणरुत्तभावगवेसणा अणुकट्ठी णाम। अनुकर्षणमनुकृष्टिरन्योन्येन समानत्वानुचिंतनमित्यनर्थान्तरम्। सा वुण संसारपाओग्गेसु ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणादिपरिणामेसु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभाग-मेत्तद्धाणमुवरि गंतूण वोच्छिज्जदि, जहण्णट्ठिदिबंधपाओग्गपरिणामाणमुवरि पलिदोवमा-संखेज्जदिभागमेत्तट्ठिदिविसेसेसु अणुवुत्तीए तत्थ दंसणादो। इह वुण तहा ण होइ, किंतु अंतोमुहुत्तमेत्तमवट्ठिदमद्धाणं सगद्धाए संखेज्जदिभागं गंतूणाणुकट्ठिवोच्छेदो होदि। तत्कथमिति चेत् ? उच्यते—अधापवत्तकरणपढमसमए असंखेज्जलोगमेत्ताणि परिणाम-ट्ठाणाणि होंति। पुणो विदियसमए ताणि चेव परिणामट्ठाणाणि अण्णेहिं अपुव्वेहिं परिणामट्ठाणेहिं विसेसाहियाणि। केत्तियमेत्तो विसेसो ? असंखेज्जलोगपरिणामट्ठाणमेत्तो पढमसमयपरिणामट्ठाणाणमंतोमुहुत्तपडिभागिओ। एवमेदेण पडिभागेण[1] समयं पडि विसेसाहियाणि कादूण णेदव्वं जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति।

पृथक् एक-एक समयमें छह वृद्धियोंके क्रमसे अवस्थित और स्थितिबन्धापसरणादिकके कारण-भूत असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं। परिपाटीक्रमसे विरचित इन परिणामोंके पुनरुक्त और अपुनरुक्त भावका अनुसन्धान करना अनुत्कृष्टि है। 'अनुकर्षणमनुकृष्टिः' अर्थात् उन परिणामोंकी परस्पर समानताका विचार करना यह अनुकृष्टिका एकार्थ है। परन्तु वह संसारके योग्य स्थितिबन्धाध्यवसानस्थानादिरूप परिणामोंके रहते हुए पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण काल ऊपर जाकर व्युच्छिन्न होती है, क्योंकि जघन्य स्थितिबन्धके योग्य परिणामों के सद्भावमें पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिविशेषोंकी अनुवृत्ति वहाँ देखी जाती है। परन्तु यहाँ पर वैसा नहीं होता, किन्तु अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अवस्थित कालके, जो कि अपने अर्थात् अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है, व्यतीत होनेपर अनुकृष्टिका विच्छेद होता है।

शंका—यह कैसे ?

समाधान—कहते हैं—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परि-णामस्थान होते हैं। पुनः दूसरे समयमें वे ही परिणामस्थान अन्य अपूर्व परिणामस्थानोंके साथ विशेष अधिक होते हैं।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—प्रथम समयके परिणामस्थानोंमें अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर जो एक भागप्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम प्राप्त होते हैं उतना है।

इस प्रकार इस प्रतिभागके अनुसार प्रत्येक समयमें विशेष अधिक परिणामस्थान करके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक ऐसा ही जानना चाहिए।

विशेषार्थ—जिसमें आगेके समयोंमें होनेवाले परिणामोंकी पिछले समयके परिणामों के साथ समानता दिखलाई जाती है उसका नाम अनुकृष्टि है। यह अनुकृष्टि संसार अवस्थाके

---

१. ता०प्रतौ –मेवेण परिणामेण पडिभागेण इति पाठः।

§ ८९. संपहि एदेसिं परिणामट्ठाणाणं पढमसमयप्पहुडि उवरि जहाकमं विसेसाहियकमेण ठवणा एवमणुगंतव्वा। तं जहा—पढमसमयअधापवत्तकरणस्स जाणि परिणामट्ठाणाणि ताणि अंतोमुहुत्तस्स जत्तिया समया तत्तियमेत्ताणि खंडाणि कायव्वाणि। किंपमाणमेदमंतोमुहुत्तमिदि पुच्छिदे सगद्धाए संखेज्जदिभागमेत्तं। तमेव णिव्वग्गणकंडयमिदि[1] वेत्तव्वं। विवक्खियसमयपरिणामाणं जत्तो परमणुक्कड्डिवोच्छेदो[2] तं णिव्वग्गणकंडयमिदि भण्णदे। संपहि एदाणि खंडाणि किमण्णोण्णं सरिसाणि, आहो विसरिसाणि त्ति पुच्छिदे सरिसाणि ण होंति, विसरिसाणि चेवे त्ति वेत्तव्वं, अण्णोण्णं पेक्खियूण जहाकममेदेसिं विसेसाहियकमेणावट्ठाणदंसणादो। एसो विसेसो अंतोमुहुत्तपडिभागिओ। पुणो एदाणि चेव परिणामट्ठाणाणि पढमखंडवज्जाणि विदियसमए परिवाडिमुल्लंघिय ठवेयव्वाणि। णवरि अण्णाणि च अपुव्वाणि परिणामट्ठाणाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि पढमसमयचरिमखंडपरिणामेहिंतो अंतोमुहुत्तपडिभागेण

परिणामोंमें भी पाई जाती है और अधःप्रवृत्तकरण परिणामोंमें भी पाई जाती है। अन्तर इतना है कि संसार अवस्थामें इस अनुत्कृष्टिका काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है क्योंकि जघन्य स्थितिबन्धके योग्य जो परिणाम होते हैं उनके सद्भावमें पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिविशेषोंकी उपलब्धि देखी जाती है। परन्तु अधःप्रवृत्तकरणमें इस अनुत्कृष्टिका काल अन्तर्मुहूर्तमात्र अवस्थितस्वरूप है, क्योंकि यह काल अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। इसी तथ्यको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जो असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं, उनमेंसे प्रारम्भके एक खण्डप्रमाण परिणामोंको छोड़कर दूसरे समयमें भी अन्य अपूर्व परिणामस्थानोंके साथ वे परिणामस्थान पाये जाते हैं। इस प्रकार यह क्रम अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिए। इस विषयका विशेष खुलासा आगे करेंगे।

§ ८९. अब प्रथम समयसे लेकर यथाक्रम विशेष अधिकके क्रमसे इन परिणामस्थानोंकी स्थापना इस प्रकार जाननी चाहिए। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जो परिणामस्थान होते हैं उन्हें अन्तर्मुहूर्त कालके जितने समय हैं मात्र उतने खण्डप्रमाण करना चाहिए।

शंका—इस अन्तर्मुहूर्तका क्या प्रमाण है?

समाधान—अपने कालके संख्यातवें भागप्रमाण है।

यही निर्वर्गणाकाण्डक है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। विवक्षित समयके परिणामोंका जिस स्थानसे आगे अनुत्कृष्टिका विच्छेद होता है वह निर्वर्गणाकाण्डक कहा जाता है। अब ये खण्ड परस्पर क्या सदृश होते हैं या विसदृश होते हैं ऐसा पूछने पर सदृश नहीं होते हैं, विसदृश ही होते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि एक-दूसरेको देखते हुए ये यथाक्रम विशेष अधिकक्रमसे ही अवस्थित देखे जाते हैं। यह विशेष अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर जो लब्ध आवे उतना है। पुनः प्रथम खण्डको छोड़कर इन्हीं परिणामस्थानोंको दूसरे समयमें परिपाटीको उल्लंघन कर स्थापित करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इस दूसरे समयमें असंख्यात लोकप्रमाण अन्य अपूर्व परिणामस्थान होते हैं जो प्रथम समयके अन्तिम खण्डके

---

१. ता०प्रतौ प्रायः सर्वत्र 'कंडय' स्थाने 'खंडय' इति पाठः। २. ता०प्रतौ जत्तो परमाणाणुक्कड्डिवोच्छेदो इति पाठः।

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधासागर जी महाराज

विसेसाहियाणि । एत्थ चरिमखंडभावेण ठवेयव्वाणि । एवं ठविदे विदियसमयए वि अंतोमुहुत्तमेत्ताणि चेव परिणामखंडाणि लद्धाणि हवंति । एवं तदियादिसमएसु वि परिणामट्ठाणविण्णासो जहाकमं कायव्वो जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति ।

परिणामोंसे अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर जो लब्ध आवे उतने विशेष अधिक होते हैं। उन्हें यहाँ अन्तिम खण्डरूपसे स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार स्थापित करने पर दूसरे समयमें भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण परिणामखण्ड प्राप्त होते हैं। इसी प्रकार तृतीय आदि समयोंमें भी परिणामस्थानोंकी रचना अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक क्रमसे करनी चाहिए।

विशेषार्थ—जिस करणमें ऊपरके समयवर्ती जीवोंके परिणाम पिछले समयवर्ती जीवोंके परिणामोंके सदृश होते हैं, उस करणको अधःप्रवृत्तकरण कहते हैं। इसका काल अन्तर्मुहूर्त है और इस करणमें होनेवाले परिणामोंका प्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण है। फिर भी इसके प्रथम समयके योग्य परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण हैं, दूसरे समयके योग्य परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण हैं। इसी प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि ये प्रत्येक समयके परिणाम उत्तरोत्तर सदृश वृद्धिको लिये हुए विशेष अधिक हैं। यह अधःप्रवृत्तकरणके स्वरूपनिर्देशके साथ उसके काल और उसके प्रत्येक समयमें होनेवाले परिणामोंकी क्रमवृद्धिको लिये हुए किस प्रकार कहाँ कितने परिणाम होते हैं इसका सामान्य निर्देश है। आगे इस करणके प्रत्येक समयमें परिणामस्थानों-
मार्गदर्शक
की व्यवस्था किस प्रकार है इसे स्पष्ट करके बतलाते हैं। ऐसा नियम है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जितने परिणाम होते हैं वे अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण खण्डोंमें विभाजित हो जाते हैं। जो उत्तरोत्तर विशेष अधिक प्रमाणको लिये हुए होते हैं। यहाँ पर उन परिणामोंके जितने खण्ड हुए, निर्वर्गणाकाण्डक भी उतने समयप्रमाण होता है, जिसकी समाप्तिके बाद दूसरा निर्वर्गणाकाण्डक प्रारम्भ होता है। आगे भी इसी प्रकार जानना चाहिए। इसका स्वरूपनिर्देश टीकामें किया ही है। यहाँ जो प्रथम खण्डसे दूसरे खण्डको और दूसरे आदि खण्डोंसे तीसरे आदि खण्डोंको विशेष अधिक कहा है सो उस विशेषका प्रमाण तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर प्राप्त होता है। ये सब खण्ड परस्परमें समान न होकर विसदृश ही होते हैं, क्योंकि आगे-आगे प्रत्येक खण्ड विशेष अधिक प्रमाणको लिये हुए होता है। इन खण्डोंमेंसे प्रथम खण्डगत परिणाम तो अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें ही पाये जाते हैं। शेष अनेक खण्ड और तद्गत परिणाम दूसरे समयमें स्थित जीवोंके भी होते हैं। साथ ही यहाँ असंख्यात लोकप्रमाण अन्य अपूर्व परिणाम भी होते हैं जो अन्तिम खण्डरूपसे दूसरे समयमें होते हैं। ये अपूर्व परिणाम प्रथम समयके अन्तिम खण्डमें तत्प्रायोग्य अन्तर्मुहूर्तका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने अधिक होते हैं। तीसरे समयमें दूसरे समयके जितने खण्ड और तद्गत परिणाम हैं उनमेंसे प्रथम खण्ड और तद्गत परिणामोंको छोड़कर वे सब प्राप्त होते हैं। साथ ही यहाँ असंख्यात लोक-प्रमाण अन्य अपूर्व परिणाम भी प्राप्त होते हैं जो अन्तिम खण्डरूपसे तीसरे समयमें पाये जाते हैं। इसी प्रकार इसी प्रक्रियासे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक चौथे आदि समयोंमें भी परिणामस्थानोंकी व्यवस्था जान लेनी चाहिए। आगे इस विषयको उदाहरण देकर संदृष्टि द्वारा और भी स्पष्ट किया गया है। अतः यहाँ मात्र संक्षेपमें निर्देश किया है।

§ ९०. अथवा अधापवत्तकरणपढमसमयपरिणामट्ठाणाणमेवं खंडणविहाणमणुगंतव्वं। तं जहा—विदियसमयजहण्णपरिणामेण सह जं समाणं पढमसमयपरिणामट्ठाणं तत्तो हेट्ठिमासेसपरिणामट्ठाणाणि घेत्तूण पढमसमए पढमखंडं भवदि। पुणो तदियसमयजहण्णपरिणामेण सह सरिसं जं पढमसमयपरिणामट्ठाणं तत्तो हेट्ठिमासेसपुव्वगहिदसेसपरिणामट्ठाणाणि घेत्तूण तत्थेव विदियखंडपमाणं होइ। एवमेदेण कमेण गंतूण पुणो पढमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयजहण्णपरिणामेण सह पढमसमयपरिणामट्ठाणेसु जं परिणामट्ठाणं सरिसं भवदि तत्तो हेट्ठिमासेसपुव्वगहिदसेसपरिणामट्ठाणाणि घेत्तूण पढमसमए दुचरिमखंडपमाणं होइ। तत्तो उवरिमसेसासेसविसोहिट्ठाणेहि चरिमखंडपमाणमुप्पज्जइ। एवं च कदे अधापवत्तकरणद्धं संखेज्जखंडे कादूण तत्थेयखंडम्मि जत्तिया समया तत्तियमेत्ताणि चेव खंडाणि जादाणि। एवं विदियादिसमएसु वि पादेक्कमंतोमुहुत्तमेत्तखंडाणि जहावुत्तेण विहाणेणाणुगंतव्वाणि जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति। संपहि एवं परूविदासेसपरिणामट्ठाणाणमेसा संदिट्ठी।

१०००००००००००१००००००००००००१०००००००००००
१००००००००००००००।

१०००००००००००१००००००००००००१००००००००००००१००००००००००००।

१०००००००००१००००००००००१००००००००००१००००००००।

१००००००००१००००००००१००००००००१००००००००००।

---

§ ९०. अथवा अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके परिणामस्थानोंकी खण्डविधिको इस प्रकार जानना चाहिए। यथा—दूसरे समयके जघन्य परिणामके साथ प्रथम समयका जो परिणामस्थान समान होता है उनसे भिन्न पूर्वके समस्त परिणामस्थानोंको ग्रहणकर प्रथम समयमें प्रथमखण्ड होता है। पुनः तीसरे समयके जघन्य परिणामके साथ प्रथम समयका जो परिणामस्थान समान होता है उससे पूर्वके पहले ग्रहण किये गये समस्त परिणामोंसे शेष बचे हुए परिणामस्थानोंको ग्रहण कर वहीं दूसरे खण्डका प्रमाण होता है। इस प्रकार इस क्रमसे जाकर पुनः प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयके जघन्य परिणामके साथ प्रथम समयके परिणामस्थानोंमें जो परिणामस्थान सदृश होता है उससे पूर्वके पहले ग्रहण किये गये समस्त परिणामोंसे शेष बचे हुए परिणामस्थानोंको ग्रहणकर प्रथम समयमें द्विचरम खण्डका प्रमाण होता है तथा उससे आगेके शेष समस्त विशुद्धिस्थानोंके द्वारा अन्तिम खण्डका प्रमाण उत्पन्न होता है। और ऐसा करने पर अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यात भाग करके उनमेंसे एक भागमें जितने समय होते हैं उतने ही खण्ड हो जाते हैं। इसी प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक द्वितीयादि समयोंमें भी पृथक्-पृथक् पूर्वोक्त कही गई विधिसे अन्तर्मुहूर्तप्रमाण खंड जानने चाहिए। इस प्रकार कहे गये समस्त परिणामस्थानोंकी यह संदृष्टि है।

(संदृष्टि मूलमें दी है)

१०००००००१०००००००१०००००००१०००००००० |
१०००००१०००००१०००००१०००००१०००००००० |
१०००००१०००००१०००००१०००००१०००००००० |
१०००१०००००१०००००१०००००० |

विशेषार्थ—यहाँ संदृष्टिमें अधःप्रवृत्तकरणका काल आठ समयप्रमाण स्वीकार करके प्रत्येक समयके परिणामोंको खण्डरूपसे चार-चार भागोंमें विभाजित किया गया है। संदृष्टिमें १ यह संख्या प्रत्येक खण्डकी सूचक है और शून्य उस-उस खण्डमें कितने-कितने परिणामस्थान हैं इसके सूचक हैं। अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें कुल परिणामस्थान २२ हैं जो चार खंडोंमें विभाजित हैं। उनमेंसे प्रथम खण्डमें ४, द्वितीय खण्डमें ५, तृतीय खण्डमें ६ और चौथे खण्डमें ७ परिणामस्थान स्वीकार किये गये हैं। यद्यपि अर्थसंदृष्टिकी अपेक्षा प्रत्येक समयके परिणामस्थान असंख्यात लोकप्रमाण हैं, अतः प्रत्येक खण्डमें भी वे परिणामस्थान असंख्यात लोकप्रमाण प्राप्त होते हैं, परन्तु यहाँ अंक संदृष्टिकी अपेक्षा उक्त प्रकारसे खण्डों और परिणामस्थानोंकी स्थापना की गई है। अधःप्रवृत्तकरणके दूसरे समयमें प्रथम समयके प्रथम खण्डमें विवक्षित परिणामस्थान जो नहीं होते ऐसे जो शेष तीनों खण्डोंमें विभाजित शेष सब परिणामस्थान होते हैं। तथा इनके सिवाय असंख्यात लोकप्रमाण अन्य अपूर्व परिणामस्थान भी होते हैं, संदृष्टिमें जिनकी रचना अन्तिम खण्डरूपसे ८ स्वीकार की गई है। इस प्रकार दूसरे समयमें कुल परिणामस्थान २६ कल्पित किये हैं। प्रथम खण्डमें ५, द्वितीय खण्डमें ६, तृतीय खण्डमें ७ और चतुर्थ खण्डमें ८ इस प्रकार अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा कुल परिणामस्थान स्वीकार किये गये हैं। इनमेंसे दूसरे समयके प्रथम खण्डके ५ परिणामस्थान प्रथम समयके दूसरे खंडके ५ परिणामस्थानोंके समान हैं। दूसरे खण्डके ६ परिणामस्थान प्रथम समयके तीसरे खण्डके ६ परिणामस्थानोंके समान हैं। तथा तीसरे खण्डके ७ परिणामस्थान प्रथम समयके चौथे खण्डके ७ परिणामस्थानोंके समान हैं। यहाँ दूसरे समयमें प्राप्त होनेवाले परिणामस्थान प्रथम समयमें प्राप्त होनेवाले परिणामस्थानोंके समान होनेसे इसीका नाम अनुकृष्टि है। दूसरे समयके अन्तिम खण्डमें जो परिणामस्थान विवक्षित किये गये हैं वे प्रथम समयके सब परिणामस्थानोंसे विलक्षण हैं। प्रथम समयमें उनमेंसे एक भी परिणामस्थान नहीं पाया जाता। अधःप्रवृत्तकरणके तीसरे समयमें प्रथम समयके प्रथम और द्वितीय खण्डके तथा द्वितीय समयके प्रथम खण्डके परिणामस्थानोंके समान परिणामस्थान तो नहीं पाये जाते, प्रथम और द्वितीय समयके शेष सब खण्डोंके परिणामस्थानोंके समान परिणामस्थान पाये जाते हैं। कारण यह है कि प्रथम समयके दूसरे खण्डके परिणामस्थानोंके समान परिणामस्थान तो दूसरे समय तक ही पाये जाते हैं, इसलिये इनका तीसरे समयमें न पाया जाना युक्तियुक्त ही है। किन्तु प्रथम समयके अन्तिम दो खण्डोंके परिणामस्थानोंके समान परिणामस्थान द्वितीय समयके द्वितीय और तृतीय खण्डोंके समान होनेसे उनकी अनुवृत्ति तृतीय समयके प्रथम और द्वितीय खण्डरूपसे भी देखी जाती है। तृतीय समयके तीसरे खण्डमें तत्सदृश ही परिणामस्थान होते हैं जो द्वितीय समयके अन्तिम खण्डमें पाये जाते हैं। इस प्रकार तीसरे समयके प्रथम खण्डमें, ६, दूसरे खण्डमें ७, तीसरे खण्डमें ८ और चौथे खण्डमें ९ परिणामस्थान होते हैं, जो सब मिलाकर ३० होते हैं। इसी प्रकार चौथे आदि समयोंमें भी परिणामस्थान और उनके खण्डोंकी व्यवस्था जान लेनी चाहिए। यहाँ ऐसा समझना चाहिए कि प्रथम समयके चार खण्डोंमें विभाजित जो परिणामस्थान हैं उनमेंसे प्रथम

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ९१. संपहि एदीए संदिट्ठीए अणुकड्डिपरूवणं कस्सामो। तं जहा—अधापवत्तकरणपढमसमयपढमखंडपरिणामा उवरिमसमयपरिणामेसु केहिं मि समाणा ण होंति। तत्थेव विदियखंडपरिणामा विदियसमयपढमखंडपरिणामेहिं सरिसा। एवमेत्थतणतदियादिखंडपरिणामाणं पि तदियादिसमयपढमखंडपरिणामेहिं जहाकमं पुणरुत्तभावो अणुगंतव्वो जाव पढमसमयचरिमखंडपरिणामा पढमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयपढमखंडपरिणामेहि पुणरुत्ता होदूण णिट्ठिदा त्ति। एवं अधापवत्तकरणविदियादिसमयपरिणामखंडाणं पि पादेक्कं णिरुंभणं कादूण तत्थतणविदियादिखंडपरिणामाणं णिरुद्धसमयादो उवरिमसमयूणणिव्वग्गणकंडयमेत्तसमयपंतीणं पढमखंडपरिणामेहिं पुणरुत्तभावो परूवेयव्वो[1]। णवरि सव्वत्थ पढमखंडपरिणामा अपुणरुत्तभावेणावसिट्ठा दट्ठव्वा।

खण्डके परिणामस्थान तो प्रथम समयमें ही होते हैं। द्वितीय खण्डके परिणामस्थानोंके सदृश परिणामस्थान प्रथम समयके समान द्वितीय समयमें भी पाये जाते हैं। तीसरे खण्डके परिणामस्थानोंके सदृश परिणामस्थान प्रथम समयके समान द्वितीय और तृतीय समयमें भी पाये जाते हैं तथा चौथे खण्डके परिणामस्थानोंके सदृश परिणामस्थान प्रथम समयके समान दूसरे, तीसरे और चौथे समयमें भी पाये जाते हैं। इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिए। यतः प्रथम समयके परिणामस्थानोंके सदृश परिणामस्थान चौथे समय तक ही पाये जाते हैं, अतः उक्त विधिसे प्रथम समयके परिणामस्थानोंकी चौथे समय तकके परिणामस्थानोंके साथ सदृशता और विसदृशता होनेसे इन परिणामस्थानोंकी अनुकृष्टि चौथे समयसे लेकर प्रथम समय तक बनती है। निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण भी इतना ही है। इससे आगे दूसरा निर्वर्गणाकाण्डक प्रारम्भ होता है। विवक्षित समयके परिणामोंका जिस स्थानसे आगे अनुकृष्टिका विच्छेद होता है उनका नाम निर्वर्गणाकाण्डक है। जैसे अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा प्रथम समयके परिणामोंकी चौथे समयसे आगे अनुकृष्टिका विच्छेद है, इसलिये यहाँ निर्वर्गणाकाण्डक चार समय प्रमाण हुआ। इस अपेक्षासे इससे आगे दूसरा निर्वर्गणाकाण्डक प्रारम्भ होता है। इसी प्रकार अर्थसंदृष्टिकी अपेक्षा अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक जान लेना चाहिए।

§ ९१. अब इस संदृष्टिका आलम्बन लेकर अनुकृष्टिका प्ररूपण करेंगे। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसम्बन्धी प्रथम खण्डके परिणाम उपरिम समयसम्बन्धी परिणामों मेंसे किन्हीं भी परिणामोंके समान नहीं होते हैं। वहीं पर दूसरे खण्डके परिणाम दूसरे समयके प्रथम खण्डके परिणामोंके समान होते हैं। इसी प्रकार यहाँके अर्थात् प्रथम समयके तीसरे आदि खण्डोंके परिणामोंका भी तृतीय आदि समयोंके प्रथम खण्डके परिणामोंके साथ क्रमसे पुनरुक्तपना तब तक जानना चाहिए जब जाकर प्रथम समयसम्बन्धी अन्तिम खण्डके परिणाम प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयके प्रथम खण्डके परिणामोंके साथ पुनरुक्त होकर समाप्त होते हैं। इसी प्रकार अधःप्रवृत्तकरणके द्वितीयादि समयोंके परिणामखंडोंको भी पृथक्-पृथक् विवक्षित कर वहाँके द्वितीय आदि खण्डगत परिणामोंका विवक्षित समय (द्वितीय आदि समय) से लेकर ऊपर एक समय कम निर्वर्गणाकाण्डक प्रमाण समयपंक्तियों के प्रथम खण्डके परिणामोंके साथ पुनरुक्तपनेका कथन करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सर्वत्र प्रथम खण्डके परिणाम अपुनरुक्तपनेसे अवशिष्ट जानने चाहिए। अर्थात् प्रत्येक समय

---

१. ता०प्रतौ परूवेमो इति पाठः।

एवं चेव । विदियणिव्वग्गणकंडयपरिणामखंडाणं तदियणिव्वग्गणखंडयपरिणामखंडेहिं पुणरुत्तभावं कादूण णेदव्वं । एत्थ वि पढमखंडपरिणामा चेव अपुणरुत्तभावेण पडिसिद्धा त्ति । एदेणेव कमेणेव तदिय-चउत्थ-पंचमादिणिव्वग्गणकंडयाणं पि अणंतरोवरिमणिव्वग्गणकंडएहि पुणरुत्तभावं कादूण णेदव्वं जाव दुचरिमणिव्वग्गणकंडयपढमादिसमयसव्वपरिणामखंडा पढमखंडवज्जा चरिमणिव्वग्गणकंडयपरिणामेहिं पुणरुत्ता होदूण णिट्ठिदा त्ति । संपहि चरिमणिव्वग्गणकंडयपरिणामाणं पि सत्थाणे पुणरुत्तापुणरुत्तभावगवेसणा समयाविरोहेण कायव्वा ।

§ ९२. अधवा एवमेत्थ सण्णियासो कायव्वो । तं कधं ? पढमसमए जं पढमखंडं तमुवरि केण वि सरिसं ण होइ । पुणो पढमसमयविदियखंडं विदियसमयपढमखंडं च दो वि सरिसाणि । पुणो पढमसमयतदियखंडं विदियसमयविदियखंडं च दो वि सरिसाणि । एवं गंतूण पुणो पढमसमयचरिमखंडं विदियसमयदुचरिमखंडं च

के प्रथम खण्डके परिणाम अगले समयके किसी भी खण्डके परिणामोंके सदृश नहीं होते । इसी प्रकार दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकके परिणामखण्डोंका तीसरे निर्वर्गणाकाण्डकके परिणामखण्डोंके साथ पुनरुक्तपना जानना चाहिए । किन्तु यहाँपर भी प्रथम खण्डके परिणाम ही अपुनरुक्तरूपसे अवशिष्ट रहते हैं । इसी क्रमसे तीसरे, चौथे और पाँचवें आदि निर्वर्गणाकाण्डकोंके भी अनन्तर उपरिम निर्वर्गणाकाण्डकोंके साथ पुनरुक्तपना वहाँ तक जानना चाहिए जब जाकर द्विचरम निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथमादि समयोंके सब परिणामखण्ड प्रथम खण्डको छोड़कर अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके परिणामोंके साथ पुनरुक्त होकर समाप्त होते हैं। अब अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके परिणामोंके स्वस्थानमें पुनरुक्त-अपुनरुक्तपनेका अनुसन्धान परमागमके अविरोधपूर्वक करना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ निर्वर्गणाकाण्डकके आश्रयसे पूर्व-पूर्व समयके परिणामोंकी उत्तरोत्तर आगे-आगेके परिणामोंके साथ किस प्रकार सदृशता और विसदृशता है यह बतलाया गया है । उदाहरणार्थ प्रथम समयके प्रथम खण्डके परिणाम अगले समयोंके किसी भी खण्डके परिणामोंके सदृश नहीं हैं । इसी प्रकार दूसरे आदि समयोंके प्रथम खण्डके परिणामोंके विषयमें भी जान लेना चाहिए । वे भी उत्तरोत्तर आगे-आगेके समयोंके किसी भी खण्डके परिणामोंके सदृश नहीं हैं । शेष परिणामोंके विषयमें ऐसा जानना चाहिए कि प्रथम समयके द्वितीय खण्डके परिणाम तथा दूसरे समयके प्रथम खण्डके परिणाम परस्पर सदृश हैं । इसीप्रकार आगे भी संदृष्टिके अनुसार जान लेना चाहिए ।

§ ९२. अथवा यहाँपर इस प्रकार सन्निकर्ष करना चाहिए ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—प्रथम समयमें जो प्रथम खण्ड है वह ऊपर किसीके साथ भी सदृश नहीं है । पुनः प्रथम समयका दूसरा खण्ड तथा दूसरे समयका प्रथम खण्ड दोनों ही सदृश हैं । पुनः प्रथम समयका तीसरा खण्ड और दूसरे समयका दूसरा खण्ड ये दोनों सदृश हैं । इसी प्रकार जाकर पुनः प्रथम समयका अन्तिम खण्ड तथा दूसरे समयका द्विचरम खण्ड ये

दो वि सरिसाणि। एवं विदियसमयपरिणामखंडाणं तदियसमयपरिणामखंडाणं च सण्णियासो कायव्वो। एवमुवरि वि अणंतराणंतरेण सण्णियासविहाणं जाणियूण णेदव्वं। एवमणुकट्ठिपरूवणा गया।

दोनों सदृश हैं। इसी प्रकार दूसरे समयके परिणामखण्डोंका और तीसरे समयके परिणामखण्डोंका सन्निकर्ष करना चाहिए। इसी प्रकार ऊपर भी पिछलेकी तदनन्तरके साथ सन्निकर्षविधि जानकर कथन करना चाहिए। इस प्रकार अनुकृष्टिप्ररूपणा समाप्त हुई।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विशेषार्थ—यहाँपर आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्व तथा अनुकृष्टि रचनाका स्पष्ट ज्ञान करनेके लिये अंकसंदृष्टि दी जाती है। अधःप्रवृत्तकरणका काल अन्तर्मुहूर्त है जो अंकसंदृष्टिमें यहाँ १६ स्वीकार किया गया है। कुल परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं, जो यहाँ २०७२ स्वीकार किये गये हैं। ये सब परिणाम प्रत्येक समयमें उत्तरोत्तर समान वृद्धिको लिये हुए हैं। इस हिसाबसे यहाँ समान वृद्धि या चयका प्रमाण ४ है। प्रथम स्थानमें वृद्धिका अभाव है, इसलिये प्रथम समयको छोड़कर १५ समयोंमें क्रमशः चयकी वृद्धि हुई है, अतः एक कम सब समयोंके आधेको चय और समयोंकी संख्यासे गुणित करनेपर १६ – १ = १५; $१५ \div २ = \frac{१५}{२}$; $\frac{१५}{२} \times ४ \times १६ = ४८०$ चयधनका प्रमाण होता है। इसे सर्वधन २०७२ में से घटाकर शेष २५९२ में सब समयोंका भाग देनेपर १६२ लब्ध आता है। यह प्रथम समयके परिणामोंका प्रमाण है। पुनः प्रथम समयके कुल परिणामोंकी संख्या १६२ में चयका प्रमाण ४ मिलानेपर दूसरे समयके सब परिणामोंकी संख्या १६६ होती है। इसमें चयका प्रमाण ४ मिलानेपर तीसरे समयके सब परिणामोंकी संख्या १७० होती है। इसी हिसाबसे प्रत्येक समयमें चयप्रमाण परिणामोंकी वृद्धि करते हुए अन्तिम सययमें सब परिणामोंकी संख्या २२२ होती है। इस प्रकार १६ समयोंमें विभाजित इन परिणामोंका कुल योग २०७२ होता है। इसका आशय यह है कि नाना जीवोंकी अपेक्षा प्रथम समयमें कुल १६२ परिणाम होते हैं, दूसरे समयमें १६६ और तीसरे समयमें १७० परिणाम होते हैं। एक समयमें एक जीवके एक ही परिणाम होता है, इसलिये यहाँ प्रत्येक समयमें उस उस समयके ये परिणाम नाना जीवोंके होते हैं, ऐसा कहा गया है।

यह तो अधःप्रवृत्तकरणके कालमें उसमें होनेवाले सब परिणामोंका विभागीकरण किस प्रकारसे है इसका विचार हुआ। अब ऊपरके समयोंमें स्थित जीवोंके परिणामोंकी नीचेके समयोंमें स्थित जीवोंके परिणामोंके साथ सदृशता और विसदृशता किस प्रकारसे है यह बतलानेके लिए अनुकृष्टि रचना करते हैं। अधःप्रवृत्तकरणके प्रत्येक समयके जितने परिणाम हैं उनके अन्तर्मुहूर्तके जितने समय हैं उतने खण्ड करे। यह अन्तर्मुहूर्त अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। इस हिसाबसे संख्यातका प्रमाण ४ स्वीकार कर उसका भाग १६ में देने पर ४ लब्ध आये। निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण भी इतना ही है, अतः प्रत्येक समयके परिणामोंको चार-चार खण्डोंमें विभाजित करना चाहिए। उसमें भी प्रथम खण्डसे द्वितीय खण्ड, द्वितीय खण्डसे तृतीय खण्ड और तृतीय खण्डसे चतुर्थ खण्ड विशेष अधिक है। यहाँ विशेष या चयका प्रमाण अन्तर्मुहूर्तका भाग निर्वर्गणाकाण्डकके प्रमाणमें देने पर जो लब्ध आवे उतना है। पहले अंकसंदृष्टिमें निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण ४ बतला आये हैं। अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण भी इतना ही है। अतः अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण ४ का भाग निर्वर्गणाकाण्डक

के प्रमाण ४ में देने पर लब्ध १ आया। यही प्रकृतमें विशेषका प्रमाण है। इस हिसाबसे यहाँ प्रथम खण्डमें तो वृद्धिका प्रश्न ही नहीं उठता। दूसरे खण्डमें प्रथम खण्डसे १ संख्या की वृद्धि हुई है, तीसरे खण्डमें प्रथम खण्डसे २ संख्याकी और चौथे खण्डमें प्रथम खण्डसे ३ संख्याकी वृद्धि हुई है, क्योंकि प्रथम खण्डसे उत्तरोत्तर द्वितीयादि खण्डोंमें एक-एक अंककी वृद्धि स्वीकार करनेपर उन खण्डोंमें वृद्धिको प्राप्त हुई संख्या उक्तप्रमाण ही प्राप्त होती है। इस प्रकार प्रकृतमें चय धनका कुल योग ६ होता है। इसे प्रथम समयके परिणाम १६२ मेंसे घटा देनेपर कुल १५६ परिणाम शेष रहे। इसमें खंडप्रमाण संख्या ४ का भाग देने पर ३९ प्रथम खण्डके परिणामोंका प्रमाण होता है। तथा द्वितीयादि खण्डोंका प्रमाण क्रमसे ४०, ४१ और ४२ होता है। यह प्रथम समयके परिणामोंकी खण्डोंमें रचना किस प्रकार है इसका क्रम है। इसी विधिसे द्वितीयादि समयोंके परिणामोंकी ४-४ खण्डोंमें रचना कर लेनी चाहिए। आगे इसीको अंकसंदृष्टिकी रचना द्वारा स्पष्ट करते हैं—

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

समयका क्रम नं०	परिणामोंका प्रमाण	प्रथम खण्ड	द्वितीय खण्ड	तृतीय खण्ड	चतुर्थ खण्ड
१	१६२	३९	४०	४१	४२
२	१६६	४०	४१	४२	४३
३	१७०	४१	४२	४३	४४
४	१७४	४२	४३	४४	४५
५	१७८	४३	४४	४५	४६
६	१८२	४४	४५	४६	४७
७	१८६	४५	४६	४७	४८
८	१९०	४६	४७	४८	४९
९	१९४	४७	४८	४९	५०
१०	१९८	४८	४९	५०	५१
११	२०२	४९	५०	५१	५२
१२	२०६	५०	५१	५२	५३
१३	२१०	५१	५२	५३	५४
१४	२१४	५२	५३	५४	५५
१५	२१८	५३	५४	५५	५६
१६	२२२	५४	५५	५६	५७

अर्थसंदृष्टिको स्पष्ट करनेके लिये यह अंकसंदृष्टि कल्पित की गई है। इसे देखनेसे विदित होता है कि प्रथम समयके प्रथम खण्डके जो ३९ परिणाम हैं वे मात्र प्रथम समयमें ही किन्हीं जीवोंके पाये जाते हैं द्वितीयादि समयोंमें नहीं। प्रथम समयके द्वितीय खण्डके जो ४० परिणाम हैं वे किन्हीं जीवोंके प्रथम समयमें भी पाये जाते हैं और किन्हीं जीवोंके दूसरे समयमें भी पाये जाते हैं। इससे अगले समयोंमें नहीं। प्रथम समयके तृतीय खण्डके

§ ९३. संपहि अप्पाबहुअपरूवणं कस्सामो। तं च दुविहमप्पाबहुअं सत्थाण-परत्थाणभेदेण। तत्थ ताव सत्थाणप्पाबहुअं कस्सामो। तं जहा—अधापवत्तकरण-पढमसमयम्मि पढमखंडजहण्णपरिणामो थोवो। तत्थेव बिदियखंडजहण्णपरिणामो अणंतगुणो। तदियखंडजहण्णपरिणामो अणंतगुणो। एवं णेदव्वं जाव चरिमखंड-जहण्णपरिणामो अणंतगुणो त्ति। एवं पढमसमयपरिणामखंडाणं जहण्णपरिणाम-ट्ठाणाणि चेव अस्सिऊण सत्थाणप्पाबहुअं कदं। संपहि पढमसमयम्मि पढमखंडस्स उक्कस्सपरिणामो थोवो। तत्थेव बिदियखंडउक्कस्सपरिणामो अणंतगुणो। तदियखंड-उक्कस्सपरिणामो अणंतगुणो। एवमुवरि वि णेदव्वं जाव चरिमखंडउक्कस्सपरिणामो अणंतगुणो त्ति। एवं पढमसमयसव्वखंडाणमुक्कस्सपरिणामे अस्सियूण सत्थाणप्पा-बहुअं भणिदं। एवं चेव बिदियसमयप्पहुडि खंडं पडि ट्ठिदजहण्णुक्कस्सपरिणामाणं सत्थाणप्पाबहुअमणुगंतव्वं जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति। तदो सत्थाणप्पा-बहुअं गदं। संपहि परत्थाणप्पाबहुअपरूवणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

जो ४१ परिणाम हैं वे प्रथम समयके समान द्वितीय और तृतीय समयमें भी पाये जाते हैं, इससे अगले समयोंमें नहीं और इसी प्रकार प्रथम समयके चौथे खण्डके जो ४२ परिणाम हैं वे प्रथम समयसे लेकर चौथे समय तक ही पाये जाते हैं, इससे अगले समयोंमें नहीं। इस प्रकार प्रथम समयके परिणामोंकी अनुकृष्टि उक्त अंक संदृष्टिके अनुसार चौथे समय तक बनती है, इससे आगे नहीं। तथा चौथे समयसे आगे प्रथम समयमें पाये जानेवाले परिणामों की निर्वृत्ति हो जाती है, इसलिये इससे आगे प्रथम समयके परिणामोंकी व्युच्छित्ति हो जाने से निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण भी ४ समयप्रमाण ही प्राप्त होता है। यह प्रथम समयके परिणामोंकी व्यवस्था है। द्वितीयादि समयोंमें पाये जानेवाले परिणामोंकी व्यवस्था भी उक्त पद्धतिसे कर लेनी चाहिए, विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ पृथक्-पृथक् मीमांसा नहीं की है। शेष स्पष्टीकरण मूलसे ही हो जाता है।

§ ९३. अब अल्पबहुत्वका कथन करेंगे। वह अल्पबहुत्व स्वस्थान और परस्थानके भेदसे दो प्रकारका है। उनमेंसे सर्वप्रथम स्वस्थान अल्पबहुत्वका कथन करेंगे। यथा—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्रथम खण्डका जघन्य परिणाम सबसे स्तोक है। उससे वहीं पर द्वितीय खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहीं पर तीसरे खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है। इस प्रकार वहीं पर अन्तिम खण्डका जघन्य परिणाम अनन्तगुणा है इस स्थानके प्राप्त होने तक जानना चाहिए। इस प्रकार मात्र प्रथम समयके परिणामखण्डोंके जघन्य परिणामस्थानोंका अवलम्बन लेकर स्वस्थान अल्पबहुत्व किया। अब प्रथम समयमें प्रथम खण्डका उत्कृष्ट परिणाम स्तोक है। उससे वहीं पर दूसरे खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। उससे वहीं पर तीसरे खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है। इसी प्रकार आगे भी अन्तिम खण्डका उत्कृष्ट परिणाम अनन्तगुणा है इस स्थानके प्राप्त होने तक कथन करना चाहिए। इस प्रकार प्रथम समयके सब खण्डोंके उत्कृष्ट परिणामोंका आलम्बन लेकर स्वस्थान अल्पबहुत्वका कथन किया। इसी प्रकार दूसरे समयसे लेकर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक प्रत्येक खण्डके प्रति प्राप्त जघन्य और उत्कृष्ट परिणामों-का स्वस्थान अल्पबहुत्व जानना चाहिए। इसके बाद स्वस्थान अल्पबहुत्वका कथन समाप्त

*** अधापवत्तकरणपढमसमए जहण्णिया विसोही थोवा ।**

§ ९४. किं कारणं ? एसो अण्णस्स जहण्णविसोहिट्ठाणस्स अधापवत्तकरण-विसए अणुवलंभादो ।

*** विदियसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा ।**

§ ९५. कुदो ? पढमसमयजहण्णविसोहिट्ठाणादो छट्ठाणकमेणासंखेज्जलोगमेत्त-विसोहिट्ठाणाणि समुल्लंघियूण ट्ठिदविदियखंडजहण्णविसोहिट्ठाणस्स विदियसमए जहण्णभावदंसणादो ।

*** एवमंतोमुहुत्तं ।**

§ ९६. एवमेदेण कमेण जहण्णविसोहीओ चेव पडिसमयमणंतगुणकमेण णेदव्वाओ जाव अंतोमुहुत्तमुवरिं चडिदूण ट्ठिदपढमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमओ त्ति भणिदं होदि ।

हुआ । अब परस्थान अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक है ।**

§ ९४. क्योंकि इससे कम अन्य जघन्य विशुद्धिस्थान अधःप्रवृत्तकरणमें नहीं पाया जाता ।

*** उससे दूसरे समयमें जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है ।**

§ ९५. क्योंकि प्रथम समयके जघन्य विशुद्धिस्थानसे षट्स्थानक्रमसे असंख्यात लोक-मात्र विशुद्धिस्थानोंको उल्लंघन कर स्थित हुए दूसरे खण्डके जघन्य विशुद्धिस्थानका दूसरे समयमें जघन्यपना देखा जाता है ।

विशेषार्थ—अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयका जो दूसरा खण्ड है तत्सदृश ही दूसरे समयका प्रथम खण्ड है । जैसा कि पूर्वोक्त अंक संदृष्टिसे स्पष्ट ज्ञात होता है । इन दोनों स्थानोंकी जघन्य विशुद्धि समान होकर भी यह प्रथम समयके प्रथम खण्डकी जघन्य विशुद्धिसे षट्स्थान पतितक्रमसे अनन्तगुणी है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है । जीवकाण्ड ज्ञान-मार्गणाके अन्तर्गत श्रुतज्ञान प्ररूपणाके समय पर्यायज्ञानके ऊपर पर्यायसमास ज्ञानके वृद्धि क्रमको बतलानेके लिये जो षट्स्थानपतित वृद्धिका निर्देश किया है उसी प्रकार यहाँ भी घटित कर लेना चाहिए ।

*** इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त तक जानना चाहिए ।**

§ ९६. इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त ऊपर जाकर स्थित हुए प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयके प्राप्त होने तक इस क्रमसे जघन्य विशुद्धिका ही प्रति समय अनन्तगुणितक्रमसे कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—अधःप्रवृत्तकरणमें प्रत्येक निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है जो अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है । अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समय तक प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धिसे दूसरे समय-

§ ९७. संपहि एत्तो उवरि किंचि णाणत्तमत्थि त्ति तप्पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** तदो पढमसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा ।**

§ ९८. किं कारणं ? पुव्विल्लजहण्णविसोही णाम अधापवत्तकरणपढमसमय-विसोहिट्ठाणाणं चरिमखंडस्सादिविसोही । एसा पुण तत्थेवुक्कस्सविसोही, तत्तो असंखेज्ज-लोगमेत्तपरिणामट्ठाणाणि छट्ठाणवड्ढिदसरूवाणि वोलिय समवट्ठिदा । तदो पुव्विल्ल-जहण्णविसोहीदो एसा अणंतगुणा जादा ।

*** जम्हि जहण्णिया विसोही णिट्ठिदा तदो उवरिमसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

की जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है । दूसरे समयकी जघन्य विशुद्धिसे तीसरे समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है तथा तीसरे समयकी जघन्य विशुद्धिसे चौथे समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है । इस प्रकार निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समय तक पूर्व-पूर्वके समयकी जघन्य विशुद्धिसे अगले-अगले समयकी जघन्य विशुद्धि उत्तरोत्तर अनन्तगुणी जाननी चाहिए यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है । अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा यहाँ निर्वर्गणाकाण्डकका प्रमाण ४ है । निर्वर्गणा-काण्डकको प्रत्येक समयकी यह जघन्य विशुद्धि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके प्रथमादि खण्डगत जघन्य विशुद्धियोंके सदृश होनेसे निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समय तक इसका जघन्यपना देखा जाता है यह उक्त अंकसंदृष्टिसे भले प्रकार ज्ञात होता है ।

§ ९७. अब इससे ऊपर कुछ नानात्व है उसका कथन करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** उससे प्रथम समयमें उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है ।**

§ ९८. क्योंकि इससे समनन्तर पूर्व जो जघन्य विशुद्धि बतला आये हैं वह तो अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके विशुद्धिस्थानोंके अन्तिम खण्डकी आदिकी विशुद्धि है और यह (प्रकृत सूत्र निर्दिष्ट) वहींपर उत्कृष्ट विशुद्धि है जो उक्त जघन्य विशुद्धिसे छह स्थान क्रमसे वृद्धिरूप असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थानोंको उल्लंघनकर अवस्थित है, इसलिए अनन्तर पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे यह अनन्तगुणी हो गई है ।

विशेषार्थ—प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धि और अधः-प्रवृत्तकरणके प्रथम समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धि सदृश है यह समनन्तर पूर्व ही बतला आये हैं । यहाँ प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धिसे अधः-प्रवृत्तकरणके प्रथम समयके अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धिको जो अनन्तगुणा बतलाया है सो इससे उसी खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धि लेनी चाहिए, क्योंकि प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धिसे अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसम्बन्धी अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी होना युक्तियुक्त है । अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयका अन्तिम खण्ड ४२ अंक प्रमाण है । चौथे समयके प्रथम खण्डका भी यही प्रमाण है । अतः स्पष्ट है कि प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धिसे प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है ।

*** पूर्वमें जहाँ जघन्य विशुद्धि समाप्त हुई है उससे उपरिम समयमें जघन्य विशुद्धि (प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे) अनन्तगुणी है ।**

§ ९९. एत्थ 'जम्हि जहण्णिया विसोही णिट्ठिदा' त्ति वयणेण पढमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयस्स परामरिसो कओ। तमवट्ठियं कादूण जहण्णविसोहिट्ठाणाणमणंतगुणवड्ढिकमेण पुव्वं परूविदत्तादो। तदो उवरिमसमए त्ति वुत्ते विदियणिव्वग्गणकंडयपढमसमयो घेत्तव्वो। एत्थतणजहण्णविसोही पढमसमयउक्कस्सविसोहीदो अणंतगुणा होइ। किं कारणं? पढमसमयउक्कस्सविसोही णाम विदियसमयदुचरिमखंडचरिमपरिणामेण समाणा होदूण उव्वंकभावेणावट्ठिदा। एसा पुण जहण्णविसोही तत्थतणचरिमखंडजहण्णपरिणामेण अट्ठंकसरूवेण समाणा। तेणाणंतगुणा जादा।

*** विदियसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा।**

§ १००. किं कारणं? पुव्विल्लजहण्णविसोही णाम विदियसमयचरिमखंडस्स जहण्णपरिणामो। एसो पुण तत्तो असंखेज्जलोगमेत्तछट्ठाणाणि समुल्लंघियूण ट्ठिदविदियसमयचरिमखंडउक्कस्सविसोहि त्ति। तेण कारणेणाणंतगुणा जादा।

---

§ ९९. यहाँ अर्थात् ~~यहाँ सूत्रमें~~ 'जम्हि जहण्णिया विसोही णिट्ठिदा' इस वचनसे प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयका परामर्श किया गया है। इसे मर्यादा करके जघन्य विशुद्धिस्थानोंका अनन्तगुणी वृद्धिके क्रमसे पहले ही कथन कर आये हैं। उससे उपरिम समय ऐसा कहने पर दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकका प्रथम समय लेना चाहिए। यहाँकी जघन्य विशुद्धि प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी होती है, क्योंकि प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि द्वितीय समयके द्विचरम खण्डके अन्तिम परिणामके सदृश होकर ऊर्वंकपनेसे अवस्थित है और यह जघन्य विशुद्धि वहीं (दूसरे समय) के अन्तिम खण्डके अष्टांकस्वरूप जघन्य परिणामरूपसे अवस्थित है। इसलिए अनन्तगुणी हो गई है।

विशेषार्थ—द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयकी जो जघन्य विशुद्धि है उसके समान ही अधःप्रवृत्तकरणके द्वितीय समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धि है जो अधःप्रवृत्तिकरणके प्रथम समयके अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। इसका कारण यह है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयके अन्तिम खण्डकी यह उत्कृष्ट विशुद्धि द्वितीय समयके उपान्त्य खण्डके अन्तिम परिणामके सदृश ऊर्वंकप्रमाण है और इससे उसी समयके अन्तिम खण्डकी जघन्य विशुद्धि अष्टांकस्वरूप होनेसे अनन्तगुणी है।

*** उससे दूसरे समयमें उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है।**

§ १००. क्योंकि पूर्वकी जघन्य विशुद्धि दूसरे समयके अन्तिम खण्डके जघन्य परिणामस्वरूप है, परन्तु यह उससे असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघन कर स्थित हुए दूसरे समयके अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धि है, इसलिये यह उससे अनन्तगुणी हो जाती है।

विशेषार्थ—यहाँ पर दूसरे समयसे अधःप्रवृत्तकरणका दूसरा समय लिया गया है। इसके अन्तिम खण्डकी जो जघन्य विशुद्धि है उतनी ही द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धि है ये दोनों विशुद्धियाँ परस्पर समान हैं, अतः उससे चूर्णिसूत्रमें अधःप्रवृत्तकरणके दूसरे समयके अन्तिम खण्डकी उत्कृष्ट विशुद्धिको जो अनन्तगुणा बतलाया है वह युक्तियुक्त ही है, क्योंकि पूर्वकी जघन्य विशुद्धि उसी खण्डके प्रथम परिणामस्वरूप

*** एवं णिव्वग्गणकंडयमंतोमुहुत्तद्धमेत्तं अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति ।**

§ १०१. एवमेदीए दिसाए अंतोमुहुत्तद्धमेत्तमेगं णिव्वग्गणकंडयमवट्ठिदं कादूण जहण्णुक्कस्सपरिणामाणमुवरिमहेट्ठिमाणमप्पाबहुअं कायव्वं जाव सव्वणिव्वग्गणकंडयाणि जहाकममुल्लंघियूण पुणो दुचरिमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयउक्कस्सविसोहीदो अधापवत्तकरणचरिमसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा होदूण जहण्णविसोहीणं पज्जवसाणं पत्ते त्ति । एदूदूरं जाव एगंतरिदजहण्णुक्कस्सविसोहिट्ठाणपडिबद्धाए पयदप्पाबहुअपरूवणाए णत्थि णाणत्तमिदि वुत्तं होइ ।

§ १०२. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थस्स किंचि विवरणं कस्सामो । तं जहा—पढमणिव्वग्गणकंडयविदियसमए उक्कस्सविसोहीदो उवरि विदियणिव्वग्गणकंडयविदियसमए जहण्णविसोही अणंतगुणा । एदम्हादो उवरि पढमणिव्वग्गणकंडयतदियसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा । एदादो उवरि विदियणिव्वग्गणकंडयतदियसमए

§ १४०. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि अनन्तर पूर्व कहे गये प्रबन्धसे ही इसका ज्ञान हो जाता है। अब इस प्रकार जो प्रत्येक स्थितिकाण्डक हजारों अनुभागकाण्डकोंका अविनाभावी है ऐसे हजारों स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर तब अपूर्वकरणका काल समाप्त होता है इस बातका कथन करनेकेलिये आगेके सूत्रको कहते कहते हैं—

*** इस प्रकार बहुत हजार स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत होनेपर अपूर्वकरणका काल समाप्त होता है।**

§ १४१. यह सूत्र गतार्थ है। इतनी विशेषता है कि प्रथम स्थितिकाण्डकसे दूसरा स्थितिकाण्डक संख्यातवाँ भाग हीन है। इसप्रकार अन्तिम स्थितिकाण्डकके प्राप्त होने तक पूर्व-पूर्वके स्थितिकाण्डकसे आगे-आगेका स्थितिकाण्डक विशेष हीन जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक आयुकर्मके

१. ताप्रतौ परिमाणाणुखंडय इति पाठः।

§ १४२. संपहि अपुव्वकरणचरिमसमए घादिदसेसट्ठिदिसंतकम्मपमाणावहारणट्ठमिदमाह—

*** अपुव्वकरणस्स पढमसमए ट्ठिदिसंतकम्मादो चरिमसमए ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणहीणं ।**

§ १४३. किं कारणं ? अपुव्वकरणपढमसमए पुव्वणिरुद्धं तोकोडाकोडिमेत्तसाग-

कार्मवसंक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अतिरिक्त शेष कर्मोंकी स्थितिमें उत्तरोत्तर हानि किसप्रकार होती है, अप्रशस्त कर्मोंके द्विस्थानीय अनुभागकी हानि भी किस विधिसे होती है और प्रत्येक स्थितिबन्धका काल कितना है इसका स्पष्टीकरण किया गया है। यह तो हम पहले ही बतला आये हैं कि गुणश्रेणिरचनाके समान ये तीनों ही कार्य अपूर्वकरणके प्रथम समयसे ही प्रारम्भ हो जाते हैं। इनमेंसे प्रत्येक स्थितिकाण्डकका उत्कीरण काल अन्तर्मुहूर्त है। ऐसे हजारों स्थितिकाण्डक अपूर्वकरणके कालके भीतर होते हैं। अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जितनी स्थिति होती है उसमेंसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण उपरितन स्थितिको ग्रहणकर उसका फालिरूपसे प्रत्येक समयमें अपवर्तन करते हुए अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर उसका अभाव करना एक स्थितिकाण्डकघात है। जैसे लकड़ीके एक कुन्देके कुछ भागके बराबर लम्बे अनेक फलक चीर लिये जाते हैं उसी प्रकार पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिके तत्प्रमाण आयामवाली उत्कीरणकालके जितने समय हों उतनी फालियाँ करके एक-एक समयमें उनका अपवर्तन करते हुए अन्तर्मुहूर्तके अन्तिम समयमें पूरी काण्डकप्रमाण स्थितिका अपवर्तन करना स्थितिकाण्डकघात है। पुनः दूसरे अन्तर्मुहूर्तमें दूसरे स्थितिकाण्डकका उक्त विधिसे अपवर्तन करना दूसरा स्थितिकाण्डकघात है। इसी प्रकार अन्तिम समय तक हजारों स्थितिकाण्डकोंका अपवर्तनविधिसे घात होता है। यह तो स्थितिकाण्डकघातकी प्रक्रिया है। अनुभागकाण्डकघातकी प्रक्रिया भी इसी प्रकार है। इतनी विशेषता है कि एक-एक स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालमें हजारों अनुभागकाण्डकघात होते हैं। इनमेंसे प्रत्येक अनुभागकाण्डकका उत्कीरणकाल भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। इसी प्रकार स्थितिबन्धापसरणके विषयमें भी समझ लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि एक स्थितिकाण्डकके उत्कीरणका जो काल है उतना ही एक स्थितिबन्धका काल है। अर्थात् इतने काल तक प्रति समय सदृश स्थितिका बन्ध होता है। स्थितिकाण्डकके बदलते ही दूसरा स्थितिबन्ध प्रारम्भ होता है। इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर जितने स्थितिकाण्डकघात होते हैं उतने ही स्थितिबन्धापसरण होते हैं। इसके अतिरिक्त स्थितिकाण्डकोंके विषयमें विशेष खुलासा मूलमें किया ही है। अर्थात् प्रथम स्थितिकाण्डकसे दूसरा स्थितिकाण्डक विशेष हीन होता है, दूसरेसे तीसरा, तीसरेसे चौथा इस प्रकार अन्तिम स्थितिकाण्डक तक पूर्व-पूर्व स्थितिकाण्डकसे आगे-आगेका स्थितिकाण्डक विशेष हीन होता है।

§ १४२. अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें घात करनेसे शेष स्थितिसत्कर्मके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयके स्थितिसत्कर्मसे अन्तिम समयमें स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा हीन है ।**

§ १४३. क्योंकि अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो पहलेकी अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम-

रोवमाणं संखेज्जे भागे अपुव्वकरणविसोहिणिबंधणट्ठिदिखंडयसहस्सेहिं घादिय संखेज्जदि-भागमेत्तस्सेव ट्ठिदिसंतकम्मस्स परिसेसिदत्तादो। संपहि अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमयो त्ति ताव एदम्मि अंतरे घादिदासेससागरोवमाणमागमणमिच्छामो त्ति तेरासियं कादूण जोइज्जदे। तं कथं ? तप्पाओग्गसंखेज्जरूवमेत्ताणं ठिदिखंडयाणं जइ एगं पलिदोवमं लब्भइ तो एत्तो संखेज्जसहस्सकोडिगुणट्ठिदिकंडएसु केत्तियाणि पलिदोवमाणि लहामो त्ति तेरासियं कादूण ट्ठिदिखंडयस्स ट्ठिदिखंडयं सरिसमवणिय हेट्ठिमसंखेज्जरूवेहिं उवरिमसंखेज्जरूवाणि ओवट्टिय लद्धेण पलिदोवमे गुणिदे संखेज्जकोडाकोडिमेत्तपलिदो-वमाणि आगच्छंति ट्ठिदिखंडयगुणगारमाहप्पादो। पुणो एदाणि संखेज्जकोडाकोडिमेत्त-पलिदोवमाणि तेरासियकमेण सागरोवमपमाणेण कीरमाणाणि संखेज्जकोडिमेत्तसारोवमाणि होंति त्ति। होंताणि च पुव्वुत्तअंतोकोडाकोडीए संखेज्जाभागमेत्ताणि[1] त्ति घेत्तव्वाणि। अण्णहा अपुव्वकरणपढमसमयट्ठिदिसंतकम्मादो चरिमसमयट्ठिदिसंतकम्मस्स संखेज्ज-गुणहीणत्ताणुववत्तीदो। ठिदिबंधोसरणस्स वि एसो चेव अत्थो जोजेयव्वो।

प्रमाण स्थिति है उसके संख्यात बहुभागप्रमाण स्थितिका अपूर्वकरणसम्बन्धी विशुद्धिनिमित्तक हजारों स्थितिकाण्डकोंके द्वारा घातकर उसके अन्तिम समयमें संख्यातवें भागमात्र ही स्थिति-सत्कर्म शेष रहता है। अब अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक इस कालके भीतर जितने सागरोपमप्रमाण स्थितियोंका घात हुआ है उन सबको प्राप्त करना चाहते हैं इस-लिये त्रैराशिक करके योजना करते हैं।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—तत्प्रायोग्य संख्यात संख्याप्रमाण स्थितिकाण्डकोंका यदि एक पल्योपम प्राप्त होता है तो इनसे संख्यात हजार कोटिगुणे स्थितिकाण्डकोंमें कितने पल्योपम प्राप्त होंगे इस प्रकार त्रैराशिककर स्थितिकाण्डक स्थितिकाण्डकके सदृश है अतः उनका अपनयनकर तथा अधस्तान संख्यात संख्यासे उपरिम संख्यात संख्याको भाजितकर जो लब्ध आवे उससे पल्यो-पमके गुणित करनेपर स्थितिकाण्डकसम्बन्धी गुणकारके माहात्म्यसे संख्यात कोड़ाकोड़ीप्रमाण पल्योपम प्राप्त होते हैं। पुनः इन संख्यात कोड़ाकोड़ीप्रमाण पल्योपमोंको त्रैराशिकविधिसे सागरोपमके प्रमाणसे करनेपर संख्यात कोटिप्रमाण सागरोपम होते हैं। इतने होते हुए भी अपूर्वकरणके प्रथम समयमें विवक्षित अन्तःकोड़ाकोड़ीके संख्यात बहुभागप्रमाण होते हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। अन्यथा अपूर्वकरणके प्रथम समयके स्थितिसत्कर्मसे अन्तिम समयका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा हीन नहीं बन सकता। स्थितिबन्धापसरणके विषयमें भी इसी अर्थकी योजना करनी चाहिए।

विशेषार्थ—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें विवक्षित कर्मोंका जितना स्थितिसत्त्व रहता है उसके अन्तिम समयमें वह संख्यातगुणा हीन कैसे हो जाता है इसी बातको यहाँ त्रैराशिक विधिसे स्पष्ट किया गया है। कारण यह है कि चूर्णिसूत्रमें एक स्थितिकाण्डकका आयाम

---

१. ता. प्रतौ संखेज्जभागमेत्ताणि इति पाठः।

§ १४४. एवमेत्तिएण वावारविसेसेणापुव्वकरणद्धं समाणिय तदो अणियट्टिकरणं पविट्ठस्स किरियाविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तरमुत्तमाह--

*** अणियट्टिस्स पढमसमए अण्णं ट्ठिदिखंडयं अण्णो ट्ठिदिबंधो अण्णमणुभागखंडयं।**

§ १४५. अणियट्टिकरणपविट्ठपढमसमए चेव अण्णमपुव्वकरणचरिमट्ठिदिखंडयादो विसेसहीणट्ठिदिखंडयमाढत्तं। ट्ठिदिबंधो वि पुव्विल्लादो ठिदिबंधादो पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागहीणो तत्थेवाढत्तो। अणुभागखंडयं पि घादिदसेसाणुभागस्साणंतभागमेत्तं तत्थेवागाइदं। गुणसेढिणिक्खेवो पुण पुव्विल्लो[1] चेव गलिदसेसो पडिसमयमसंखेज्जगुणपदेसविण्णासविसेसिदो होदूण। सेसो वि विही पुव्वुत्तो चेव दट्ठव्वो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो।

पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है और अपूर्वकरणके कालमें ऐसे स्थितिकाण्डक संख्यात हजार होते हैं मात्र इतना ही बतलाया गया है, इसलिए स्थितिकाण्डकोंका प्रमाण कितना होना चाहिए ताकि उसके आधारसे अपूर्वकरणके कालमें घटनेवाली विवक्षित स्थितिका प्रमाण प्राप्त किया जा सके। इसी तथ्यको स्पष्ट करनेके लिये यहाँ एक पल्योपममें जितने स्थितिकाण्डक हों उनसे संख्यात हजार कोटिगुणे कुल स्थितिकाण्डक होते हैं यह स्वीकारकर अपूर्वकरणके कालमें घटनेवाली विवक्षित स्थितिका प्रमाण त्रैराशिक विधिसे प्राप्तकर वह संख्यात कोटि सागरोपमप्रमाण बतलाया गया है। इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जितना स्थितिसत्त्व होता है उसके अन्तमें वह संख्यातगुणा हीन हो जाता है। इसी प्रकार स्थितिबन्धके विषयमें भी आगमानुसार समझ लेना चाहिए।

§ १४४. इस प्रकार इतने व्यापारविशेषके द्वारा अपूर्वकरणके कालको समाप्तकर उसके बाद अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके क्रियाविशेषका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयमें अन्य स्थितिकाण्डक, अन्य स्थितिबन्ध और अन्य अनुभागकाण्डक होता है।**

§ १४५. अनिवृत्तिकरणमें प्रविष्ट होनेके प्रथम समयसे ही अपूर्वकरणके अन्तिम स्थितिकाण्डकसे विशेष हीन अन्य स्थितिकाण्डकका आरम्भ करता है। पूर्वके स्थितिबन्धसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण हीन स्थितिबन्ध भी वहींपर आरम्भ करता है। तथा घात करनेसे शेष रहे अनुभागके अनन्त बहुभागप्रमाण अनुभागकाण्डकको भी वहींपर ग्रहण करता है। परन्तु गुणश्रेणिनिक्षेप पूर्वका ही रहता है, जो अधःस्तन स्थितियोंके गलनेपर जितना शेष रहे उतना होता है तथा प्रतिसमय असंख्यातगुणे प्रदेशोंके विन्याससे विशेषताको लिये हुए होता है। शेष विधि भी पूर्वोक्त ही जाननी चाहिए यह इस सूत्रका भावार्थ है।

विशेषार्थ—यहाँ अनिवृत्तिकरणमें स्थितिकाण्डक आदिकी क्या व्यवस्था रहती है यह

---

१. ता० प्रतौ पुव्विल्लाओ इति पाठः।

§ १४६. एवमेदीए परूवणाए बहूहिं ट्ठिदिखंडयसदस्सेहिं गदेहिं तदो कीरमाणकज्जविसेसपदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** एवं ट्ठिदिखंडयसहस्सेहिं अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु अंतरं करेदि ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १४७. एवमणंतरपरूविदविहाणेण बहूहिं ट्ठिदिखंडयसहस्सेहिं पादेक्कमणुभागखण्डयसहस्साविणाभावीहिं अणियट्टिअद्धाए संखेज्जे भागे गमिय तदद्धाए संखेज्जभागमेत्तावसेसे अंतरकरणमाढवेदि त्ति भणिदं होइ। किमंतरकरणं णाम ? विवक्खियकम्माणं हेट्ठिमोवरिमट्ठिदीओ मोत्तूण मज्झे अंतोमुहुत्तमेत्तीणं ट्ठिदीणं परिणामविसेसेण णिसेगाणमभावीकरणमंतरकरणमिदि भण्णदे। संपहि एवं लक्खणमंतरकरणमाढविय पुणो केत्तियमेत्तेण कालेण केत्तियाओ ट्ठिदीओ घेत्तूणंतरं करेदि, केत्तियमेत्तिं वा मिच्छत्तस्स पढमट्ठिदिं परिसेसेदि त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स परूवणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

स्पष्टरूपसे बतलाया गया है। विशेष बात इतनी ही है कि दर्शनमोहनीयकी उपशमना करनेवाले जीवके अवस्थित गुणश्रेणिरचना न होकर गलितावशेष गुणश्रेणि रचना होती है। इसलिए अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे लेकर आगे भी गुणश्रेणिविन्यासके अन्तिम समय तक जो गुणश्रेणिका आयाम शेष रहता जाता है मात्र उतने प्रमाणमें ही प्रति समय असंख्यात गुणित प्रदेश विन्यासरूपसे उसकी रचना होती रहती है।

§ १४६. इसप्रकार इस प्ररूपणाके अनुसार बहुत हजार स्थितिकाण्डकोंके हो जानेपर उसके आगे किये जानेवाले कार्यविशेषका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

इस प्रकार हजारों स्थितिकाण्डकोंके द्वारा अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात बहुभागके व्यतीत होनेपर अन्तर करता है ।

§ १४७. इसप्रकार अनन्तरपूर्व कही गई विधिके अनुसार जो प्रत्येक स्थितिकाण्डक हजारों अनुभागकाण्डकोंका अविनाभावी है ऐसे बहुत हजार स्थितिकाण्डकोंके द्वारा अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात बहुभागको बिताकर उसके कालके संख्यातवें भागप्रमाण शेष रहनेपर अन्तरकरणका आरम्भ करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—अन्तरकरण किसे कहते हैं ?

समाधान—विवक्षित कर्मोंकी अधस्तन और उपरिम स्थितियोंको छोड़कर मध्यकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंके निषेकोंका परिणामविशेषके कारण अभाव करनेको अन्तरकरण कहते हैं।

अब इसप्रकारके लक्षणवाले अन्तरकरणका आरम्भकर पुनः कितने कालके द्वारा कितनी स्थितियोंको ग्रहणकर अन्तर करता है तथा मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिको कितना शेष रहने देता है इसप्रकार इस अर्थविशेषका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** जा तम्हि ट्ठिदिबंधगद्धा तत्तिएण कालेण अंतरं करेमाणो गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो संखेज्जदिभागं खंडेदि ।**

§ १४८. एदेण सुत्तेण अंतरकरणं करेमाणस्स कालपमाणमंतरट्ठमागाइदट्ठिदीणं पमाणावहारणं पढमट्ठिदिदीहत्तं च परूविदं होइ । तं जहा—अंतरं करेमाणो केत्तियमेत्तेण कालेणंतरं करेदि त्ति पुच्छिदे 'जा तम्हि ट्ठिदिबंधगद्धा तत्तिएण कालेण करेदि' त्ति णिद्दिट्ठं । एदेण वयणेणंगसमएण दोहि तीहि वा समएहिं एवं जाव संखेज्जासंखेज्जेहिं वा समएहिं अंतरकरणसमत्ती ण होइ । किंतु अंतोमुहुत्तेणेव होइ त्ति जाणाविदं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

§ १४९. संपहि एदेण कालेणंतरं करेमाणो केत्तियमेत्तीओ ट्ठिदीओ घेत्तूण केत्तियमेत्तिं वा पढमट्ठिदिं ठविय अंतरं करेदि त्ति पुच्छाए णिण्णयं करिस्सामो । तं जहा—'गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो' एत्थ गुणसेढिणिक्खेवो त्ति वुत्ते जो अपुव्वकरणस्स पढमसमए अणियट्टिकरणद्धादिंतो विसेसाहियायामेण णिक्खित्तो गलिदसेसस्सरूवेणेत्तियकालमागदो तस्स गहणं कायव्वं । तस्स अग्गग्गमिदि भणिदे गुणसेढिसीसयस्स गहणं कायव्वं । तत्तो प्पहुडि हेट्ठा संखेज्जदिभागं खंडेदि त्ति भणिदे सयलस्सगुणसेढिआयामस्स तक्कालं दीसमाणस्स संखेज्जदिभागभूदो जो अणियट्टिअद्धादो अच्छिदो

*** उस समय जितना स्थितिबन्धककाल है उतने कालके द्वारा अन्तरको करता हुआ गुणश्रेणिनिक्षेपके अग्राग्रसे अर्थात् गुणश्रेणिशीर्षसे लेकर (नीचे) गुणश्रेणि आयामके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिनिषेकोंका खण्डन करता है ।**

§ १४८. इस सूत्रद्वारा अन्तरकरण करनेवाले जीवके कालका प्रमाण, अन्तर करनेके लिये ग्रहण की गई स्थितियोंके प्रमाणका अवधारण तथा प्रथम स्थितिकी दीर्घता इन तीनका कथन किया गया है । यथा—अन्तर करनेवाला कितने कालके द्वारा अन्तर करता है ऐसी पृच्छा होनेपर 'जो उस समय स्थितिबन्धका काल है उतने कालके द्वारा करता है' यह निर्दिष्ट किया है । इस वचनसे यह जताया गया है कि एक समयद्वारा अथवा दो या तीन समयोंद्वारा इसप्रकार संख्यात और असंख्यात समयोंद्वारा अन्तरकरणविधि समाप्त नहीं होती है, किन्तु अन्तर्मुहूर्तकालके द्वारा ही यह विधि समाप्त होती है ।

§ १४९. अब इतने कालके द्वारा अन्तरको करता हुआ मात्र कितनी स्थितियोंको ग्रहणकर तथा कितनी प्रथम स्थितिको स्थापितकर अन्तर करता है ऐसी पृच्छा होनेपर निर्णय करते हैं । यथा—'गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो' इस वचनमें 'गुणश्रेणिनिक्षेप' ऐसा कहने पर जो अपूर्वकरणके प्रथम समयमें अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक आयामरूपसे निक्षिप्त द्रव्य गलित शेषरूपसे इतने काल तक आया है उसका ग्रहण करना चाहिए । उसका अग्राग्र ऐसा कहने पर गुणश्रेणिशीर्षका ग्रहण करना चाहिए । 'उससे लेकर नीचे संख्यातवें भागका खण्डन करता है' ऐसा कहने पर जो उस समय दिखाई देता है ऐसे समस्त गुणश्रेणि आयामका संख्यातवाँ भागरूप जो अनिवृत्तिकरणके कालसे उपरिम विशेष अधिक निक्षेप है

उवरिमो विसेसाहियणिक्खेवो तं सव्वमंतरट्ठमागाएदि त्ति भणिदं होइ। किमेत्तियं चेव अंतरदीहत्तं ? ण, गुणसेढिसीसयादो उवरि अण्णाओ वि संखेज्जगुणाओ ट्ठिदीओ घेत्तूणंतरं करेदि। सुत्तेणाणुवइट्ठमेदं कथमवगम्मदे चे ? ण, पुरदो भणिस्समाणप्पाबहुअबलेण तदवगमादो। अथवा गुणसेढिअग्गग्गादो हेट्ठा संखेज्जदिभागं खंडेदि त्ति भणंतेण उवरि संखेज्जगुणाणं ट्ठिदीणं खंडणं भणिदमेव। कुदो ? उवरि खंडिज्जमाणाणं ट्ठिदीणं संखेज्जदिभागमेत्तं गुणसेढिअग्गग्गादो हेट्ठा खंडेदि त्ति सुत्तत्थसंबंधावलंबणादो। तदो अणियट्टिअद्धासेसस्स संखेज्जभागमेत्तेण कालेण अंतरं करेमाणो अंतरकरणद्धादो संखेज्जगुणं मिच्छत्तस्स पढमट्ठिदिं परिसेसिय पुणो अणियट्टिकरणद्धादो उवरिमविसेसाहियगुणसेढिणिक्खेवेण सह तत्तो संखेज्जगुणाओ अण्णाओ वि ट्ठिदीओ घेत्तूणंतरमेसो करेदि त्ति सिद्धो सुत्तस्स समुदायत्थो। एत्थ अंतफालीओ पडिसमयमसंखेज्जगुणसरूवेण घेत्तूण पढमविदियट्ठिदीसु समयाविरोहेण णिक्खिवमाणो अंतोमुहुत्तमेत्तेण कालेणंतरं समाणेदि त्ति वत्तव्वं।

उस सबको अन्तरके लिए ग्रहण करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—क्या अन्तरकी दीर्घता इतनी ही है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि गुणश्रेणिशीर्षसे ऊपर अन्य भी संख्यातगुणी स्थितियोंको ग्रहणकर अन्तर करता है।

शंका—सूत्रमें निर्देश नहीं की गई यह विशेषता किस प्रमाणसे जानी जाती है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वके बलसे इसका ज्ञान होता है।

अथवा गुणश्रेणिके अग्राग्रसे नीचे संख्यातवें भागप्रमाण स्थिति निषेकोंका खण्डन करता है ऐसा कथन करनेवाले आचार्यदेवने ऊपर संख्यातगुणी स्थितियोंका खण्डन करता है यह कह ही दिया है, क्योंकि ऊपर खण्डित होनेवाली स्थितियोंके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितियोंका गुणश्रेणिके अग्राग्रसे नीचे खण्डन करता है इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्धका अवलम्बन लिया है। इसलिये अनिवृत्तिकरणका जितना काल शेष है उसके संख्यातवें भागप्रमाण कालके द्वारा अन्तरको करता हुआ अन्तरकरणके कालसे संख्यातगुणी मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिको शेष रखकर पुनः अनिवृत्तिकरणके कालसे उपरिम विशेष अधिक गुणश्रेणि-निक्षेपके साथ उससे संख्यातगुणी अन्य स्थितियोंको भी ग्रहण कर यह जीव अन्तर करता है इस प्रकार सूत्रका समुदाय रूप अर्थ सिद्ध हुआ। यहाँ पर अन्तर फालियोंको प्रत्येक समयमें असंख्यातगुणे रूपसे ग्रहण कर प्रथम और द्वितीय स्थितियोंमें आगमानुसार निक्षेप करता हुआ अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कालके द्वारा अन्तरकरणको समाप्त करता है ऐसा कहना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ अन्तरकरणके करनेमें कितना काल लगता है, अन्तरके लिये ग्रहण की गई स्थितियोंका प्रमाण कितना है और अन्तरके पूर्वकी प्रथम स्थितिका प्रमाण कितना है इन तीन बातोंका मुख्यरूपसे निर्णय किया गया है। विवक्षित कर्मकी अधस्तन और उपरितन

*** तदो अंतरं कीरमाणं कदं ।**

§ १५०. अंतरकरणपारंभसमकालभाविट्ठिदिबंधगद्धामेत्तेण कालेण समयं पडि अंतरट्ठिदीओ फालिसरूवेणुक्कीरंतेण कमेण कीरमाणमंतरमंतरकरणद्धाचरिमसमये अंतरचरिमफालीए पादिदाए कदं णिट्ठिदमिदि वुत्तं होइ । एदं च मिच्छत्तस्सेव अंतरकरणं, दंसणमोहोवसामणाए अण्णेसिं कम्माणमंतरकरणाभावादो । णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसंतकम्मिओ जदि उवसमसम्मत्तं पडिवज्जइ तो तेसिं पि अंतरकरणमेदेणेव विहाणेण करेदि । णवरि तेसिमावलियबाहिरमुवरि मिच्छत्तंतरेण सरिसमंतरं करेदि त्ति घेत्तव्वं ।

स्थितियोंको छोड़कर मध्यकी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंके निषेकोंका परिणामविशेषके द्वारा अभाव करनेको अन्तरकरण कहते हैं। अनादि मिथ्यादृष्टि जीव अनिवृत्तिकरणके कालके बहुभागके व्यतीत होने पर जो अवशिष्ट रहता है उसके एक स्थितिबन्धके योग्य संख्यातवें भागप्रमाण कालमें मिथ्यात्वके निषेकोंका अन्तरकरण करता है। इससे अन्तरकरण करनेमें कितना काल लगता है इसका ज्ञान हो जाता है। यह जीव जिस समय अन्तरकरणका प्रारम्भ करता है उस समयसे लेकर अनिवृत्तिकरणका जितना काल शेष रहता है तत्काल प्रमाण मिथ्यात्वकी अधस्तन स्थितियोंकी प्रथम स्थिति होती है, क्योंकि अनिवृत्तिकरणके इतने कालके मिथ्यात्वरूपसे व्यतीत होने पर यह जीव अन्तरमें प्रवेश कर नियमसे सम्यग्दृष्टि हो जाता है। अब अन्तरके लिये कितनी स्थितियोंको ग्रहण करता है इसका विचार करते हैं। गुणश्रेणिशीर्षके अग्रभागसे नीचे गुणश्रेणिशीर्षके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितियोंका और उससे ऊपर संख्यातगुणी स्थितियोंका यह जीव अन्तर करता है। इस अन्तरके ऊपर मिथ्यात्वकी जो स्थिति शेष रहती है वह सब उपरितन स्थिति कहलाती है। यहाँ मिथ्यात्वकी जिन स्थितियोंके निषेकोंका अन्तर करता है उनका फालिक्रमसे उत्कीरणकर अन्तर्मुहूर्त कालमें प्रथम और आबाधाकालसे हीन द्वितीय स्थितिमें निक्षेपण करता है। निक्षेपणकी पूरी विधि आगमसे जान लेनी चाहिए यह उक्त सूत्र और उसकी टीकाका आशय है।

*** इस प्रकार इस विधिसे किया जानेवाला अन्तरका कार्य किया ।**

§ १५०. अन्तरकरणके प्रारम्भके समकालभावी स्थितिबन्धके कालप्रमाण काल द्वारा प्रत्येक समयमें अन्तरसम्बन्धी स्थितियोंका फालिरूपसे उत्कीरण करनेवाले जीवने क्रमसे किया जानेवाला अन्तर अन्तरकरणके कालके अन्तिम समयमें अन्तरसम्बन्धी अन्तिम फालिका पात करने पर किया अर्थात् सम्पन्न किया यह उक्त कथनका तात्पर्य है। और यह मिथ्यात्वकर्मका ही अन्तरकरण है, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी उपशामनामें अन्य कर्मोंके अन्तरकरणका अभाव है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका सत्कर्म वाला जीव यदि उपशम सम्यक्त्वको प्राप्त होता है तो उन कर्मोंका भी अन्तरकरण इसी विधिसे करता है। इतनी विशेषता है उनका नीचेकी एक आवलिप्रमाण (उदयावलिप्रमाण) स्थितियोंके सिवाय स्थितिसे लेकर ऊपर मिथ्यात्वके अन्तरके सदृश अन्तर करता है ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

विशेषार्थ—अनादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथमोपशमको उत्पन्न करते समय अनिवृत्तिकरण-

*** तदो प्पहुडि उवसामगो त्ति भण्णइ।**

§ १५१ जइ वि एसो पुव्वं पि अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि उवसामगो चेव तो वि एत्तो पाए विसेसदो चेव उवसामगो होइ त्ति भणिदं होइ। एदेण 'अंतरं वा कहिं किच्चा के के उवसामगो कहिं' ति एदिस्से पुच्छाए अत्थणिण्णओ कओ दट्ठव्वो, अणियट्टि-अद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु संखेज्जदिभागसेसे अंतरं कादूण तदो दंसणमोहणीयस्स पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसाणमुवसामगो होइ त्ति परूवणावलंबणादो। एवमंतर-करणाणंतरमुवसामगववएसं लद्धूण मिच्छत्तमुवसामेमाणस्स मिच्छत्तपढमट्ठिदिवेदगा-वत्थाए हेट्ठिमपरूवणादो णत्थि णाणत्तं। णवरि पढमट्ठिदीए समयूणादिकमेणोहट्टिज्जमाणीए जाधे आवलिय-पडिआवलियाओ सेसाओ ताधे को विसेसो अत्थि त्ति पदुप्पायणट्ठमुव-रिमो सुत्तपबंधो—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** पढमट्ठिदीदो वि विदियट्ठिदीदो वि आगाल-पडिआगालो ताव जाव आवलिय-पडिआवलियाओ सेसाओ त्ति।**

के बहुभागको बिता कर एक भागके शेष रहने पर स्थितिबन्धके कालप्रमाण काल द्वारा मात्र मिथ्यात्वका अन्तरकरण करता हुआ प्रारम्भमें अन्तरके नीचे प्रथम स्थितिको अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थापित करता है। किन्तु यदि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी सत्तावाला सादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है तो वह नीचे एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिको स्थापित कर ऊपर मिथ्यात्वकी जहाँ तककी स्थितिका अन्तरकरण करता है वहाँ तककी इन दोनों कर्मोंकी स्थितिका भी अन्तरकरण करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** यहाँसे लेकर यह जीव उपशामक कहलाता है।**

§ १५१. यद्यपि यह जीव पहले ही अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर उपशामक ही है तो भी यहाँसे लेकर यह विशेषरूपसे ही उपशामक होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रकार इतने कथन द्वारा 'अंतरं वा कहिं किच्चा के के उवसामगो कहिं' इस पृच्छाके अर्थका निर्णय किया हुआ जानना चाहिए, क्योंकि प्रकृतमें अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यात बहुभागोंके जाने पर तथा संख्यातवें भागके शेष रहने पर अन्तरको करके यहाँसे लेकर दर्शन मोहनीयकी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंका उपशामक होता है इस प्रकारकी प्ररूपणा-का अवलम्बन लिया है। इस प्रकार अन्तरकरणके अनन्तर उपशामक संज्ञाको प्राप्त कर मिथ्यात्वकी उपशामना करनेवाले जीवके मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके वेदन करनेरूप अवस्थामें अधस्तन प्ररूपणासे कोई भेद नहीं है। इतनी विशेषता है कि प्रथम स्थितिके एक समय कम आदिके क्रमसे गलित होती जाने पर जब आवलि-प्रतिआवलि शेष रहती हैं तब क्या विशेषता है इसका कथन करनेके लिये उपरिमसूत्र प्रबन्ध है—

*** प्रथम स्थितिसे भी और द्वितीय स्थितिसे भी तब तक आगाल-प्रत्यागाल होते रहते हैं जब तक आवलि-प्रत्यावलि शेष रहती हैं।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १५२. आगालणमागालो, विदियट्ठिदिपदेसाणं पढमट्ठिदीए ओकड्डणावसेणागमणमिदि वुत्तं[1] होइ । प्रत्यागलनं प्रत्यागालः, पढमट्ठिदिपदेसाणं विदियट्ठिदीए उक्कड्डणावसेण गमणमिदि भणिदं होइ । तदो पढम-विदियट्ठिदिपदेसाणमुक्कड्डणोकड्डणावसेण परोप्परविसयसंकमो आगाल-पडिआगालो त्ति घेत्तव्वो । एवंलक्खणो आगाल-पडिआगालो ताव ण पडिहम्मदे जाव पढमट्ठिदीए आवलिय-पडिआवलियाओ समयुत्तराओ सेसाओ त्ति आवलिय-पडिआवलियाणं तस्स मज्जादाभावेण सुत्ते णिद्दिट्ठत्तादो । तत्थावलिया त्ति वुत्ते उदयावलिया घेत्तव्वा। पडिआवलिया त्ति एदेण वि उदयावलियादो उवरिमविदियावलिया गहेयव्वा । किं पुण कारणमावलिय-पडिआवलियमेत्तसेसाए पढमट्ठिदीए आगाल-पडिआगालवोच्छेदणियमो ? ण, सहावदो चेव तदवत्थाए तप्पडिघादब्भुवगमादो । तदो चेव एत्तो प्पहुडि मिच्छत्तस्स गुणसेढिणिक्खेवो णत्थि त्ति जाणावणट्ठमिदमाह—

*** आवलिय-पडिआवलियासु सेसासु तदो प्पहुडि मिच्छत्तस्स गुणसेढी णत्थि ।**

---

§ १५२. आगालकी व्युत्पत्ति है—आगालनं आगालः, अर्थात् द्वितीय स्थितिके कर्मपरमाणुओंका प्रथम स्थितिमें अपकर्षणवश आना आगाल है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । प्रत्यागालकी व्युत्पत्ति है—प्रत्यागालनं प्रत्यागालः [प्रथम स्थितिके कर्मपरमाणुओंका द्वितीय स्थितिमें उत्कर्षणवश जाना प्रत्यागाल है] यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अतः प्रथम और द्वितीय स्थितिके कर्मपरमाणुओंका उत्कर्षण और अपकर्षणवश परस्पर विषयसंक्रमका नाम आगाल-प्रत्यागाल है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए । इस प्रकारके लक्षणवाले आगाल-प्रत्यागाल तब तक नहीं व्युच्छिन्न होते हैं जब तक प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक आवलि-प्रत्यावलि शेष रहती हैं, अतएव आवलि प्रत्यावलिको उसकी मर्यादारूपसे सूत्रमें निर्दिष्ट किया है । उनमेंसे आवलि ऐसा कहनेपर उदयावलिको ग्रहण करना चाहिए । प्रत्यावलि इससे भी उदयावलिसे उपरिम दूसरी आवलिको ग्रहण करना चाहिए ।

शंका—प्रथम स्थितिके आवलि-प्रत्यावलिमात्र शेष रहनेपर आगाल और प्रत्यागालके विच्छेदका नियम है इसका क्या कारण है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि स्वभावसे ही उस अवस्थामें उनका विच्छेद स्वीकार किया गया है ?

और इसीलिए यहाँसे लेकर मिथ्यात्वका गुणश्रेणिनिक्षेप नहीं होता इस बातका ज्ञान करानेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** आवलि और प्रत्यावलिके शेष रहनेपर यहाँसे लेकर मिथ्यात्वकी गुणश्रेणि नहीं होती ।**

---

१. ता. प्रतौ भणिदं इति पाठः ।

§ १५३. किं कारणं ? विदियट्ठिदीदो पढमट्ठिदीए तदवत्थाए पदेसागमणस्सानंतरमेव पडिसिद्धत्तादो। ण च पढमट्ठिदीए पडिआवलियपदेसग्गमोकड्डियूण गुणसेढिणिक्खेवो कीरदि त्ति वोत्तुं जुत्तं, उदयावलियब्भंतरे गुणसेढिणिक्खेवस्स एदम्मि विसए असंभवादो। ण च पडिआवलियादो ओकड्डिदपदेसग्गं तत्थेव गुणसेढीए णिक्खिवदि त्ति संभवो अत्थि, अप्पणो अइच्छावणाविसए णिक्खेवविरोहादो।

---

§ १५३. क्योंकि दूसरी स्थितिसे प्रथम स्थितिमें उस अवस्थामें कर्मपरमाणुओंके आनेका अनन्तर पूर्व ही निषेध कर आये हैं। यदि कहा जाय कि प्रत्यावलिके कर्मपरमाणुओंका प्रथम स्थितिमें अपकर्षण करके गुणश्रेणिनिक्षेप किया जाता है सो ऐसा कहना भी ठीक नहीं है, क्योंकि ऐसी अवस्थामें उदयावलिके भीतर गुणश्रेणिनिक्षेपका होना असम्भव है। और प्रत्यावलिमेंसे अपकर्षित प्रदेशपुञ्जका वहीं गुणश्रेणिमें निक्षेप होता है यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि अपनी अतिस्थापनामें अपकर्षित द्रव्यके निक्षेपका निरोध है।

विशेषार्थ—यहाँ यह बतलाया गया है कि अन्तरकरणके बाद जब मिथ्यात्वकी प्रथम स्थिति आवलि-प्रत्यावलिप्रमाण शेष रह जाती है तब वहाँसे लेकर द्वितीय स्थितिमेंसे अपकर्षित होकर मिथ्यात्वका द्रव्य प्रथम स्थितिमें निक्षिप्त नहीं होता और प्रथम स्थितिके द्रव्यका उत्कर्षण होकर द्वितीय स्थितिमें निक्षेप नहीं होता और इसीलिए यहाँसे लेकर मिथ्यात्वके द्रव्यका गुणश्रेणिनिक्षेप भी रुक जाता है। इसपर शंकाकारका कहना है कि ऐसी स्थितिमें भले ही प्रथम स्थितिके द्रव्यका द्वितीय स्थितिमें उत्कर्षण होकर निक्षेप मत होओ और द्वितीय स्थितिके द्रव्यका भले ही प्रथम स्थितिमें अपकर्षण होकर निक्षेप मत होओ, क्योंकि मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिमें आवलि-प्रत्यावलिप्रमाण स्थितिके शेष रहनेपर आगाल-प्रत्यागालका सूत्रमें निषेध किया है। किन्तु जब तक प्रत्यावलिका द्रव्य सत्स्वरूपसे अवस्थित है तब तक प्रत्यावलिके द्रव्यका अपकर्षण होकर उसका गुणश्रेणिमें निक्षेप होना सम्भव है। यह एक शंका है। इसका समाधान यह है कि जब प्रथम स्थितिमें आवलि और प्रत्यावलिमात्र स्थिति शेष रहती है तबसे लेकर उदयावलिमें गुणश्रेणिनिक्षेपका होना सम्भव नहीं है। कारण यह है कि जब द्वितीय स्थितिमेंसे द्रव्यका अपकर्षण होकर प्रथम स्थितिमें निक्षेप ही नहीं होता ऐसी अवस्थामें केवल प्रत्यावलिके आधारसे मिथ्यात्वके द्रव्यकी गुणश्रेणिरचनाका होते रहना सम्भव नहीं है। कदाचित् शंकाकार यह कहे कि प्रत्यावलिकी उपरितन स्थितियोंका अपकर्षण होकर अधस्तन स्थितियोंमें निक्षेप होना बन जायगा सो भी बात नहीं है, क्योंकि उपरितन स्थितियोंका अपकर्षण होकर अधस्तन स्थितियोंमें निक्षेप मध्यमें अतिस्थापनाको छोड़कर ही होता है ऐसी व्यवस्था है। यतः प्रत्यावलिकी उपरितन स्थितियोंके लिये उसीकी अधस्तन स्थितियाँ अतिस्थापनारूप हैं, अतः प्रत्यावलिकी उपरितन स्थितियोंका भी वहीं गुणश्रेणिमें निक्षेप नहीं हो सकता। इसलिये यही निश्चित हुआ कि मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके आवलि-प्रत्यावलिप्रमाण शेष रहनेपर मिथ्यात्वकी द्वितीय स्थितिका प्रथम स्थितिमें और प्रथम स्थितिका द्वितीय स्थितिमें क्रमसे अपकर्षण-उत्कर्षण नहीं होता। साथ ही प्रत्यावलिके निषेकोंका उदयावलिमें और प्रत्यावलिकी उपरितन स्थितियोंका उसीकी अधस्तन स्थितियोंमें अपकर्षण होकर निक्षेप नहीं होता। इसलिए यहाँसे लेकर मिथ्यात्वके कर्मपुंजका गुणश्रेणिनिक्षेप भी नहीं होता।

§ १५४. सेसाणं पुण कम्माणमाउगवज्जाणं सा चेव पोराणिया गुणसेढी गलिद-सेसा तथा चेव हवइ, ण तत्थ पडिसेहो अत्थि त्ति जाणावणफलमुत्तरसुत्तं—

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** सेसाणं कम्माणं गुणसेढी अत्थि ।**

§ १५५. गयत्थमेदं सुत्तं। एवमेदम्मि अवत्थाविसेसे मिच्छत्तस्स गुणसेढिणिक्खेवा-संभवं सेसकम्माणं च गुणसेढिणिक्खेवसंभवं पदुप्पाइय संपहि आवलिय-पडिआवलिय-मेत्तसेसपढमट्ठिदियस्स मिच्छत्तस्स तम्मि अवत्थाविसेसे पडिआवलियादो उदीरणासंभव-पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** पडिआवलियादो चेव उदीरणा ।**

§ १५६. तदवत्थस्स मिच्छत्तस्स पडिआवलियादो चेव पदेसग्गमसंखेज्जलोग-पडिभागेणोकड्डिय उदयावलियब्भंतरे सयथाविरोहेण णिक्खिवदि त्ति वुत्तं होइ। एत्तो समयाहियावलियमेत्तसेसाए पढमट्ठिदीए मिच्छत्तस्स जहण्णिया ठिदिउदीरणा होदि, उदयावलियबाहिरेयट्ठिदिमोकड्डिय असंखेज्जलोगपडिभागेण आवलिय-वे-तिभागे अइच्छाविय तत्तिभागे उदयप्पहुडि समयाविरोहेण णिक्खेवदंसणादो ।

*** आवलियाए सेसाए मिच्छत्तस्स घादो णत्थि ।**

---

§ १५४. परन्तु आयुकर्मके अतिरिक्त शेष कर्मोंकी वही पुरानी गलितावशेष गुणश्रेणि उसी प्रकार होती है, उसके होनेमें प्रतिषेध नहीं है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** शेष कर्मोंकी गुणश्रेणि होती है ।**

§ १५५ यह सूत्र गतार्थ है। इस प्रकार इस अवस्थाविशेषमें मिथ्यात्वप्रकृतिका गुण-श्रेणिनिक्षेप असम्भव है और शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप सम्भव है इसका कथन करके अब जिसकी आवलि और प्रत्यावलिप्रमाण प्रथम स्थिति शेष है ऐसे मिथ्यात्वकर्मकी उस अवस्था-विशेषमें प्रत्यावलिमेंसे उदीरणा होना सम्भव है इसका कथन करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** प्रत्यावलिमेंसे ही उदीरणा होती है ।**

§ १५६. तदवस्थ मिथ्यात्वकर्मकी जो प्रत्यावलि है उसके द्रव्यमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर जो एक भागप्रमाण कर्मपुञ्ज लब्ध आवे उसका अपकर्षणकर उसे आगममें बतलाई गई विधिके अनुसार उदयावलिमें निक्षिप्त करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस प्रत्यावलिमेंसे एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिकी जघन्य स्थिति उदी-रणा होती है, क्योंकि उदयावलिके बाहर एक स्थितिके द्रव्यमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध आवे उसका अपकर्षणकर एक समय कम आवलिके दो त्रिभागको अति-स्थापितकर एक समय अधिक उसके त्रिभागमें उदय समयसे लेकर आगमविधिसे निक्षेप देखा जाता है।

*** आवलिप्रमाण प्रथम स्थितिके शेष रहनेपर मिथ्यात्व कर्मका घात नहीं होता।**

§ १५७. आवलियमेत्तसेसाए पढमट्ठिदीए मिच्छत्तस्स ट्ठिदि-अणुभागाणमुदीरणासरूवेण घादो णत्थि त्ति भणिदं होइ। ट्ठिदि-अणुभागकंडयघादो पुण जाव पढमट्ठिदिचरिमसमयो ताव मिच्छत्तस्स संभवदि, चरिमट्ठिदिबंधेण सह तत्थ तेसिं परिसमत्तिदंसणादो। तदो उदीरणाघादस्सेव एसो पडिसेहो त्ति सद्दहेयव्वं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १५८. एवमेदेण विहाणेण मिच्छत्तपढमट्ठिदिमावलियपविट्ठं कमेण वेदयमाणो चरिमसमयमिच्छादिट्ठी जादो। तदणंतरसमए च मिच्छत्तपढमट्ठिदिं सव्वं गालिय पढमसम्मत्तमुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** चरिमसमयमिच्छाइट्ठी से काले उवसंतदंसणमोहणीओ।**

§ १५९. पढमसम्मत्तमुप्पाएदि त्ति वक्कविसेसो एत्थ कायव्वो। को एत्थ दंसणमोहणीयउवसमो णाम? वुच्चदे—करणपरिणामेहिं णिसत्तीकयस्स दंसणमोह-

---

§ १५७. प्रथम स्थितिके आवलिप्रमाण शेष रहनेपर मिथ्यात्वकर्मके स्थिति-अनुभागका उदीरणारूपसे घात नहीं होता यह उक्त कथनका तात्पर्य है। परन्तु प्रथम स्थितिके अन्तिम समयतक मिथ्यात्वकर्मका स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात सम्भव है, क्योंकि वहाँपर अन्तिम स्थितिबन्धके साथ उनकी परिसमाप्ति देखी जाती है। इसलिये उदीरणाघातका ही यह निषेध है ऐसा श्रद्धान करना चाहिए।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वप्रकृतिका बन्ध अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयतक होता है, अतः उसका अविनाभावी स्थितिकाण्डकघात भी तथा एक स्थितिकाण्डकघातके कालमें हजारों अनुभागकाण्डकघात भी वहींतक समझने चाहिए। यह स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघातकी क्रिया और उनका निक्षेप आवलि-प्रत्यावलिके शेष रहनेपर वहाँसे लेकर अन्तरसे उपरितन स्थिति और अनुभागमें ही जानना चाहिए, प्रथम स्थिति और उसके अनुभागमें नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ १५८. इसप्रकार इस विधिसे उदयावलिमें प्रविष्ट हुई मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिका क्रमसे वेदन करता हुआ अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि हो जाता है। और मिथ्यात्वकी सम्पूर्ण प्रथम स्थितिको गलाकर तदनन्तर समयमें प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेवाला होता है इस बातको बतलानेवाले आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** पुनः वह अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव तदनन्तर समयमें उपशामन्त दर्शनमोहनीय होकर प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है।**

§ १५९. प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है इतने वाक्यविशेषकी यहाँ योजना करनी चाहिए।

शंका—यहाँपर दर्शनमोहनीयका उपशम किसे कहते हैं?

समाधान—करणपरिणामोंके द्वारा निःशक्त किये गये दर्शनमोहनीयके उदयरूप पर्यायके बिना अवस्थित रहनेको उपशम कहते हैं।

णीयस्स उदयपञ्जाएण विणा अवट्ठाणमुवसमो त्ति भण्णदे। ण सव्वोवसमो एत्थ संभवइ, उवसंतस्स वि दंसणमोहणीयस्स संकमोकड्डणाकरणाणमुवलम्भदे। तम्हा अंतरपवेसपढमसमए चेव दंसणमोहणीयमुवसामिय उवसमसम्माइट्ठी जादो त्ति सिद्धो सुत्तस्स समुच्चयत्थो। संपहि तम्हि चेव पढमसमए कीरमाणकज्जभेदपदुप्पायणट्ठमुत्तर-सुत्तावयारो—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** ताधे चेव तिण्णि कम्मंसा उप्पादिदा।**

§ १६०. तम्हि चेव उवसंतदंसणमोहणीयपढमसमए तिण्णि कम्मंसा उप्पादिदा। के ते? मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसण्णिदा। कुदो एवमेदेसिमुप्पत्ती चे? ण, अणियट्टिकरणपरिणामेहिं घेल्लिज्जमाणस्स दंसणमोहणीयस्स जंतेण दलिज्जमाणकोद्दव-रासिस्सेव तिण्हं भेदाणमुप्पत्तीए विरोहाभावादो।

§ १६१. संपहि उवसमसम्माइट्ठिपढमसमयप्पहुडि मिच्छत्तपदेसाणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु गुणसंकमेण परिणमणक्कममप्पाबहुअमुहेण परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

यहाँपर सर्वोपशम सम्भव नहीं है, क्योंकि उपशमपनेको प्राप्त होनेपर भी दर्शनमोहनीयके संक्रमकरण और अपकर्षणकरण पाये जाते हैं। इसलिए अन्तरमें प्रवेश करनेके प्रथम समयमें ही दर्शनमोहनीयको उपशमाकर उपशमसम्यग्दृष्टि हो गया इसप्रकार सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ सिद्ध हुआ। अब उसी प्रथम समयमें किये जानेवाले कार्यभेदका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार करते हैं—

*** उसी समय वह मिथ्यात्वकर्मके तीन खण्ड उत्पन्न करता है।**

§ १६०. उसी उपशान्त-दर्शनमोहनीयके प्रथम समयमें तीन कर्मभेद उत्पन्न करता है।

शंका—वे कौनसे?

समाधान—सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और मिथ्यात्व संज्ञावाले।

शंका—इनकी इसप्रकार उत्पत्ति कैसे होती है?

समाधान—नहीं, क्योंकि जैसे यन्त्रसे कोदोंके दलनेपर उनके तीन भाग हो जाते हैं वैसे ही अनिवृत्तिकरणपरिणामोंके द्वारा दलित किये गये दर्शनमोहनीयके तीन भेदोंकी उत्पत्ति होनेमें विरोधका अभाव है।

विशेषार्थ—चक्की आदि यन्त्रसे कोदोंके दलनेपर उनके चावल, कण और तुष ऐसे तीन भाग हो जाते हैं वैसे ही अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंसे मिथ्यात्वकर्मको निःशक्त करके जिस समय यह जीव प्रथमोपशम सम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसी समय मिथ्यात्वकर्मके तीन टुकड़े हो जाते हैं—सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और मिथ्यात्व।

§ १६१. अब उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके प्रथम समयसे लेकर मिथ्यात्वकर्मके प्रदेशोंके सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें गुणसंक्रमद्वारा परिणमनके क्रमको अल्पबहुत्वद्वारा कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** पढमसमयउवसंतदंसणमोहणीओ मिच्छत्तादो सम्मामिच्छत्ते बहुगं पदेसग्गं देदि। समत्ते असंखेज्जगुणहीणं देदि।**

§ १६२. पढमसमयउवसंतदंसणमोहणीयो णाम पढमसमयउवसमसम्माइट्ठी। सो मिच्छत्तादो सम्मामिच्छत्ते बहुअं पदेसग्गं देदि। सम्मत्ते पुण तत्तो असंखेज्जगुणहीणं पदेसग्गं देदि। दोण्हमेदेसिं दव्वाणमागमणट्ठं मिच्छत्तस्स को पडिभागो? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागपमाणो गुणसंकमभागहारो। णवरि सम्मामिच्छत्तपदेसागमणणिमित्तगुणसंकमभागहारादो सम्मत्तपदेसागमणणिमित्तगुणसंकमभागहारो असंखेज्जगुणो त्ति घेत्तव्वो। एवमेदेणप्पाबहुअविहिणा अंतोमुहुत्तमेत्तकालं मिच्छत्तादो सम्मत्तसम्मामिच्छत्ताणि पूरदि। णवरि समये० असंखेज्जगुणमसंखेज्जगुणं मिच्छत्तादो पदेसग्गं संकामेमाणो पढमसमए सम्मामिच्छत्तम्मि संकतदव्वादो विदियसमये सम्मत्तम्मि असंखेज्जगुणं दव्वं संकामेदि। तत्थेव सम्मामिच्छत्ते असंखेज्जगुणं पदेसग्गं संकामेदि। एवं जाव गुणसंकमचरिमसमयो त्ति। संपहि एवंविहस्स अत्थविसेसस्स जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तप्पबंधमाह—

*** प्रथम समयवर्ती उपशान्त-दर्शनमोहनीय जीव मिथ्यात्वके द्रव्यमेंसे सम्यग्मिथ्यात्वमें बहुत प्रदेशपुंजको देता है। उससे सम्यक्त्वमें असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुञ्जको देता है।**

§ १६२. प्रथम समयवर्ती उपशान्त-दर्शनमोहनीय जीव प्रथम समयवर्ती उपशमसम्यग्दृष्टि कहलाता है। वह मिथ्यात्वके द्रव्यमेंसे सम्यग्मिथ्यात्वमें बहुत प्रदेशपुञ्जको देता है। परन्तु सम्यक्त्वमें उससे असंख्यातगुणे हीन प्रदेशपुञ्जको देता है।

शंका—इन दोनोंके द्रव्योंके आनेके लिये मिथ्यात्वका क्या प्रतिभाग है?

समाधान—गुणसंक्रम भागहार प्रतिभाग है, जो पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके प्रदेशोंके आनेके निमित्तरूप गुणसंक्रम भागहारसे सम्यक्त्वके प्रदेशोंके आनेका निमित्तरूप गुणसंक्रम भागहार असंख्यातगुणा है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

इसप्रकार इस अल्पबहुत्वविधिसे अन्तर्मुहूर्त कालतक मिथ्यात्वके द्रव्यमेंसे सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको पूरित करता है। इतनी विशेषता है कि प्रत्येक समयमें मिथ्यात्वके द्रव्यमेंसे असंख्यातगुणे असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्जका संक्रम करता हुआ प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वमें संक्रान्त हुए द्रव्यसे दूसरे समयमें सम्यक्त्वमें असंख्यातगुणे द्रव्यका संक्रम करता है। तथा उसी समयमें सम्यग्मिथ्यात्वमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजका संक्रम करता है। इसप्रकार गुण संक्रमके अन्तिम समयतक जानना चाहिए। अब इसप्रकारके अर्थविशेषका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* तिदियसमए सम्मत्ते असंखेज्जगुणं देदि ।
* सम्मामिच्छत्ते असंखेज्जगुणं देदि ।
* तदियसमए सम्मत्ते असंखेज्जगुणं देदि ।
* सम्मामिच्छत्ते असंखेज्जगुणं देदि ।
* एवमंतोमुहुत्तद्धं गुणसंकमो णाम ।

§ १६३. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि । एदेहिं सुत्तेहिं परत्थाणप्पाबहुअं भणिदं। संपहि सत्थाणप्पाबहुए भण्णमाणे पढमसमए सम्मामिच्छत्ते संकमिदपदेसग्गं थोवं। बिदियसमए असंखेज्जगुणं । एवं जाव गुणसंकमचरिमसमओ त्ति । एवं सम्मत्तस्स वि सत्थाणप्पाबहुअं णेदव्वं। एत्थ उवसमसमाइट्ठिबिदियसमयप्पहुडि जाव मिच्छत्तस्स गुणसंकमो अत्थि ताव सम्मामिच्छत्तस्स वि गुणसंकमो भवदि, अंगुलस्सासंखेज्जभाग-पडिभागियविज्झादगुणसंकमेण सम्मामिच्छत्तदव्वस्स सम्मत्ते तदवत्थाए संकमणोव-लंभादो। सुत्तेणाणुवइट्ठमेदं कुदो लब्भदि त्ति णासंकणिज्जं; सुत्तस्सेदस्स देसामासयभावेण तहाविहत्थविसेससंसूचणे वावारब्भुवगमादो ।

* उससे दूसरे समयमें सम्यक्त्वमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्जको देता है ।
* उससे सम्यग्मिथ्यात्वमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको देता है ।
* उससे तीसरे समयमें सम्यक्त्वमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्जको देता है ।
* उससे सम्यग्मिथ्यात्वमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुञ्जको देता है ।
* इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालतक गुणसंक्रम होता है ।

§ १६३. ये सूत्र सुगम हैं । इन सूत्रोंद्वारा परस्थान अल्पबहुत्वका कथन किया । अब स्वस्थान अल्पबहुत्वका कथन करनेपर प्रथम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वमें संक्रमित हुआ प्रदेश-पुंज स्तोक है । दूसरे समयमें संक्रमित हुआ प्रदेशपुंज असंख्यातगुणा है । इसप्रकार गुण-संक्रमके अन्तिम समयतक जानना चाहिए । इसीप्रकार सम्यक्त्वका भी स्वस्थान अल्पबहुत्व ले जाना चाहिए । यहाँपर उपशमसम्यग्दृष्टिके दूसरे समयसे लेकर जहाँतक मिथ्यात्वका गुणसंक्रम होता है वहाँतक सम्यग्मिथ्यात्वका भी गुणसंक्रम होता है, क्योंकि सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागके प्रतिभागीरूप विध्यातगुणसंक्रमद्वारा सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यका सम्यक्त्वमें उस अवस्थामें संक्रमण उपलब्ध होता है ।

शंका—सूत्रमें इसका उपदेश नहीं दिया, फिर यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि इस सूत्रका देशामर्षकरूपसे उस प्रकारकी अवस्थाविशेषके सूचन करनेमें व्यापार स्वीकार किया गया है ।

विशेषार्थ—यहाँ उपशमसम्यग्दृष्टिके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक मिथ्यात्वके द्रव्यका सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वमें गुणसंक्रम भागहारद्वारा किस प्रकार

§ १६४. एवमेदेण विधिणा अंतोमुहुत्तकालं गुणसंकमणुपालिय तदो गुणसंकमकालपरिसमत्तीए मिच्छत्तस्स विज्झादसंकममाढवेदि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तारंभो—

*** तत्तो परमंगुलस्स असंखेज्जदिभागपडिभागेण संकमेदि सो विज्झादसंकमो णाम ।**

§ १६५. पढिवल्लो उवसमसम्माइट्ठी पढमसमयप्पहुडि एगंताणुवड्ढीए वड्ढमाणस्स अंतोमुहुत्तकालभाविओ गुणसंकमो णाम । एत्तो परमंगुलस्स असंखेज्जदिभागपडिभागिओ विज्झादसण्णिदो संकमविसेसो गुणसंकमपरिसमत्तिसमकालपारंभो होदूण जाव उवसमसम्माइट्ठी वेदगसम्माइट्ठी च ताव णिप्पडिबंधं पयट्टदि त्ति भणिदं होदि । कुदो वुण एदस्स विज्झादसण्णा त्ति चे ? विज्झादविसेहियस्स जीवस्स ट्ठिदि-अणुभागखंडयगुणसेढिआदिपरिणामेसु थक्केसु पयट्टभाणत्तादो विज्झादसंकमो त्ति एसो भण्णदे । एवं सम्मामिच्छत्तस्स वि एदम्मि विसए विज्झादसंकमपवुत्ती वक्खाणेयव्वा ।

उत्तरोत्तर गुणित क्रमसे असंख्यातगुणे द्रव्यका निक्षेप होता है यह बतलानेके साथ यह भी बतलाया है कि उपशमसम्यग्दृष्टिके दूसरे समयसे लेकर सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यका भी गुणसंक्रम होता है, क्योंकि सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागका सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यमें भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतने द्रव्यका विध्यात-गुणसंक्रम द्वारा सम्यग्मिथ्यात्वके द्रव्यका सम्यक्त्वमें उस अवस्थामें संक्रमण होता रहता है । यह द्रव्य सम्यक्त्वमें प्रति समय गुणितक्रमसे प्राप्त होता है, इसलिए यहाँ ऐसे संक्रमका नाम विध्यात संक्रम होते हुए भी उसे टीकाकारने गुणसंक्रम कहा है ऐसा प्रतीत होता है । श्री धवलाजीके इसी स्थलपर इसका कोई उल्लेख उपलब्ध नहीं होता ।

§ १६४. इस प्रकार इस विधिसे अन्तर्मुहूर्त काल तक गुणसंक्रमका पालनकर इसके आगे गुणसंक्रमका काल समाप्त होनेपर मिथ्यात्वकर्मका विध्यातसंक्रम आरम्भ करता है इसका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रका आरम्भ करते हैं—

*** उससे आगे सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागरूप प्रतिभागके द्वारा संक्रमण करता है वह विध्यातसंक्रम है ।**

§ १६५. जो पहलेका उपशमसम्यग्दृष्टि जीव प्रथम समयसे लेकर एकान्तानुवृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त हो रहा है उसके अन्तर्मुहूर्त कालतक होनेवाला संक्रम गुणसंक्रम कहलाता है । इससे आगे सूच्यंगुलके असंख्यातवें भागरूप भागहारस्वरूप विध्यातसंज्ञावाला संक्रमविशेष गुणसंक्रमकी समाप्तिके समकालमें प्रारम्भ होकर जबतक उपशमसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि है तब तक विना किसी प्रतिबन्धके प्रवृत्त रहता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—इस संक्रमकी विध्यात संज्ञा किस कारणसे है ?

समाधान—विध्यात हुई है विशुद्धि जिसकी ऐसे जीवके स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और गुणश्रेणि आदि परिणामोंके रुक जानेपर प्रवृत्त होनेके कारण इसे विध्यातसंक्रम कहते हैं ।

*** जाव गुणसंकमो ताव मिच्छत्तवज्जाणं कम्माणं ठिदिघादो अणुभागघादो गुणसेढी च ।**

§ १६६. एत्थ मिच्छत्तवज्जाणमिदि णिद्देसो मिच्छत्तस्स उवसंतावत्थस्स तदवत्थाए ट्ठिदिखंडयादीणमभावपदुप्पायणफलो । तम्हा जाव गुणसंकमो ताव एयंताणुवड्ढिपरिणामेहि दंसणमोहणीयवज्जाणं कम्माणं ठिदि-अणुभागघाद-गुणसेढिणिक्खेवलक्खणं कज्जविसेसमेसो करेदि, णो परदो, तत्थ विज्झादविसोहियत्तादो त्ति सुत्तत्थणिच्छओ । कुदो पुण मिच्छाइट्ठिचरिमसमए चेव्वाणियट्टिकरणपरिणामेसु णिट्ठिदेसु गुणसंकमकालब्भंतरे ट्ठिदि-अणुभागघादादीणं संभवो ? ण एस दोसो, पुव्वपओगवसेण तदुवरमे वि केत्तियं पि कालं तप्पवुत्तीए बाहाणुवलंभादो ।

इस प्रकार इस स्थलपर सम्यग्मिथ्यात्वके भी विध्यातसंक्रमकी प्रवृत्तिका व्याख्यान करना चाहिए ।

*** जब तक गुणसंक्रम होता रहता है तब तक इस जीवके मिथ्यात्वको छोड़कर शेष कर्मोंके स्थितिघात, अनुभागघात और गुणश्रेणिरूप कार्य होते रहते हैं ।**

§ १६६. यहाँपर 'मिथ्यात्वको छोड़कर शेष कर्मों' इस पदके निर्देशका फल उपशान्त अवस्थाको प्राप्त मिथ्यात्वप्रकृतिके उस अवस्थामें स्थितिकाण्डकघात आदिके अभावका कथन करना है । इसलिये जबतक गुणसंक्रम होता है तबतक यह जीव एकान्तानुवृद्धिरूप परिणामोंके द्वारा दर्शनमोहनीयको छोड़कर शेष कर्मोंके स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात और गुणश्रेणिनिक्षेप लक्षणवाले कार्यविशेषको करता है, इससे आगे नहीं, क्योंकि आगे उसकी विशुद्धि विध्यात हो जाती है यह इस सूत्रके अर्थका निश्चय है ।

शंका—परन्तु मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें ही अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके समाप्त हो जानेपर गुणसंक्रम कालके भीतर स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात आदि कैसे सम्भव हैं ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि पूर्वप्रयोगवश अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके उपरम हो जानेपर भी कितने ही कालतक उक्त कार्योंकी प्रवृत्तिमें बाधा नहीं उपलब्ध होती ।

विशेषार्थ—जो जीव अनिवृत्तिकरणरूप परिणामोंके रुकते ही अन्तरमें प्रवेशकर उपशमसम्यग्दृष्टि हो जाता है उसके कितने कालतक किन कर्मोंके स्थितिकाण्डकघात आदि कार्य होते रहते हैं, मिथ्यात्वप्रकृतिका गुणसंक्रम होकर क्या कार्य होता है, और इस कालमें किस प्रकारकी विशुद्धि होती है और उपशमसम्यग्दृष्टिके स्थितिकाण्डकघात आदि होनेका कारण क्या है इन सब बातोंका यहाँ निर्णय किया गया है । साथमें यह भी बतलाया है कि उपशमसम्यग्दृष्टिके दूसरे समयसे लेकर सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतिका सम्यक्त्वप्रकृतिमें विध्यातसंक्रमके द्वारा प्रवेशनिक्षेप भी होता रहता है । इसप्रकार जबतक गुणसंक्रमकी प्रवृत्ति होती है तबके कार्यविशेषोंका सूचनकर उसके बाद विध्यातसंक्रमकी प्रवृत्ति होनेसे स्थितिकाण्डकघात आदि कार्य रुक जाते हैं इस बातका सकारण निर्देश किया गया है ।

§ १६७. एवमेत्तिएण संबंधेण दंसणमोहउवसामणाए परूवणं कादूण संपहि एत्थेव कालसंबंधियाणं पदाणं अप्पाबहुअपरूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** एदिस्से परूवणाए णिट्ठिदाए इमो दंडओ पणुवीसपडिगो ।**

§ १६८. एदिस्से अणंतरपरूविदाए दंसणमोहोवसामगपरूवणाए समत्ताए संपहि एत्तो 'दंसण-चरित्तमोहे' त्ति पदपडिपूरणं बीजपदमवलंबिय इमो पणुवीसपडिओ अप्पाबहुअदंडओ कादव्वो होइ। एदेण विणा जहण्णुक्कस्सट्ठिदि-अणुभागखंडणुक्कीरणद्धादि-पदाणं पमाणविसयणिण्णयाणुप्पत्तीदो त्ति भणिदं होइ। एवमेदेण सुत्तेण कयावसरस्स पणुवीसपदियस्स अप्पाबहुअदंडयस्स जहाकममेसो णिद्देसो—

*** सव्वत्थोवा उवसामगस्स जं चरिमअणुभागखंडयं तस्स उक्कीरणद्धा।**

§ १६९. एत्थ उवसामगो त्ति वुत्ते दंसणमोहउवसामगो घेत्तव्वो। तस्स चरिमाणुभागखंडयमिदि वुत्ते मिच्छत्तस्स पढमट्ठिदीए समप्पंतीए तत्थतणचरिमंतोमुहुत्तकालभावियस्स अणुभागखंडयस्स गहणं कायव्वं। सेसकम्माणं पुण गुणसंकमकालचरिमावत्थाभाविणो अणुभागखंडयस्स गहणं कायव्वं, तदुक्कीरणद्धा अंतोमुहुत्तमेत्ती होदूण सव्वत्थोवा त्ति णिद्दिट्ठा।१।

*** अपुव्वकरणस्स पढमस्स अणुभागखंडयस्स उक्कीरणकालो विसेसाहिओ ।**

---

§ १६७. इसप्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा दर्शनमोहनीयकी उपशामनाका कथनकर अब यहींपर कालसम्बन्धी पदोंके अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** इस प्ररूपणाके समाप्त होनेपर यह पच्चीसपदिक दण्डक करने योग्य है ।**

§ १६८. अनन्तरपूर्व कही गई दर्शनमोहके उपशामककी इस प्ररूपणाके समाप्त होनेपर अब 'दंसण-चरित्तमोहे' इस पदकी पूर्तिस्वरूप बीजपदका अवलम्बन लेकर यह पच्चीसपदिक अल्पबहुत्वदंडक करने योग्य है, क्योंकि इसके बिना जघन्य और उत्कृष्ट स्थिति और अनुभागसम्बन्धी उत्कीरणकाल आदि पदोंके प्रमाणका निर्णय नहीं हो सकता यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसप्रकार इस सूत्रद्वारा अवसरप्राप्त पच्चीसपदिक अल्पबहुत्वदण्डकका क्रमसे यह निर्देश है—

*** उपशामकका जो अन्तिम अनुभागकाण्डक है उसका उत्कीरणकाल सबसे स्तोक है ।**

§ १६९. यहाँ सूत्रमें 'उपशामक' ऐसा कहनेपर दर्शनमोहके उपशामकको ग्रहण करना चाहिए। 'उसके अन्तिम अनुभागकाण्डक' ऐसा कहनेपर मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके समाप्त होते समय वहाँ अन्तिम अन्तर्मुहूर्तमें होनेवाले अनुभागकाण्डकका ग्रहण करना चाहिए। परन्तु शेष कर्मोंका गुणसंक्रम कालकी अन्तिम अवस्थामें होनेवाले अनुभागकाण्डकका ग्रहण करना चाहिए, उनका उत्कीरण काल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होकर सबसे स्तोक है ऐसा निर्देश किया है।१।

*** उससे अपूर्वकरणके प्रथम अनुभागकाण्डकका उत्कीरणकाल विशेष अधिक है।**

§ १७०. किं कारणं ? चरिमाणुभागकंडयुक्कीरणद्धादो विसेसाहियकमेण संखेज्जसहस्समेत्तीसु अणुभागखण्डयउक्कीरणद्धासु हेट्ठा ओदिण्णासु एदस्स समुप्पत्तीदो। एत्थ विसेसपमाणं हेट्ठिमरासिस्स संखेज्जदिभागमेत्तं होदूण संखेज्जावलियपमाणमिदि घेत्तव्वं। २।

*** चरिमट्ठिदिखंडयउक्कीरणकालो तम्हि चेव ट्ठिदिबंधकालो च दो वि तुल्ला संखेज्जगुणा।**

§ १७१. एवं भणिदे मिच्छत्तस्स पढमट्ठिदीए समप्पमाणाए तक्कालियचरिमट्ठिदिखंडयउक्कीरणकालो तत्थतणचरिमट्ठिदिबंधकालो च गहेयव्वो। सेसकम्माणं पुण गुणसंकमकालचरिमट्ठिदिबंध-ट्ठिदिखंडयकालाणं गहणं कायव्वं। एदे च दो वि सरिसपरिमाणा होदूण पुव्विल्लादो अपुव्वकरणपढमसमयविसयाणुभागकंडयुक्कीरणद्धादो संखेज्जगुणा त्ति णिद्दिट्ठा। किं कारणं ? एक्कम्मि ट्ठिदिखंडयकालब्भंतरे संखेज्जसहस्समेत्ताणि अणुभागखंडयाणि होंति त्ति परमगुरूवएसादो। ३-४।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** अंतरकरणद्धा तम्हि चेव ट्ठिदिबंधगद्धा च दो वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ।**

§ १७२. किं कारणं ? पुव्विल्लदोकालेहिंतो हेट्ठा अंतोमुहुत्तकालमोसरियूण दोण्हमेदासिमद्धाणं पवुत्तिदंसणादो। ५-६।

---

§ १७०. क्योंकि अन्तिम अनुभागकाण्डकके उत्कीरणकालसे विशेष अधिकके क्रमसे संख्यात हजार अनुभागकाण्डकसम्बन्धी उत्कीरणकालोंके नीचे उतरने पर इसकी उत्पत्ति होती है। यहाँपर विशेषका प्रमाण अधस्तन राशिका संख्यातवाँ भागमात्र होकर संख्यात आवलिप्रमाण है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। २।

*** उससे अन्तिम स्थितिकाण्डकका उत्कीरणकाल और वहींपर स्थितिबन्धकाल ये दोनों ही परस्पर तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं।**

§ १७१. ऐसा कहनेपर मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके समाप्त होते समय उस कालमें होनेवाले अन्तिम स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालको और वहाँके अन्तिम स्थितिबन्धकालको ग्रहण करना चाहिए। तथा शेष कर्मोंके गुणसंक्रमकालके अन्तिम स्थितिबन्धकालको और स्थितिकाण्डककालको ग्रहण करना चाहिए। ये दोनों सदृश परिमाणवाले होकर पूर्वोक्त अपूर्वकरणके प्रथम समयसम्बन्धी अनुभागकाण्डकके उत्कीरणाकालसे संख्यातगुणे हैं ऐसा यहाँ निर्देश किया है, क्योंकि एक स्थितिकाण्डकके कालके भीतर संख्यात हजार अनुभाग काण्डक होते हैं ऐसा परम गुरुका उपदेश है। ३-४।

*** उन दोनोंसे अन्तरकरणका काल और वहीं पर स्थितिबन्धकाल ये दोनों ही परस्पर तुल्य होकर विशेष अधिक हैं।**

§ १७२. क्योंकि पूर्वोक्त दो कालोंसे नीचे अन्तर्मुहूर्त काल पीछे जाकर इन दोनों कालोंकी प्रवृत्ति देखी जाती है। ५-६।

*** अपुव्वकरणे ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धा ट्ठिदिबंधगद्धा च दो वि तुल्लाओ विसेसाहियाओ ।**

§ १७३. किं कारणं ? पुव्विल्लदोकालेहिंतो तत्तो हेट्ठा अंतोमुहुत्तमोसरिय अपुव्वकरणपढमट्ठिदिखंडयविसए एदासिं पव्वुत्तिदंसणादो । ८ ।

*** उवसामगो जाव गुणसंकमेण सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि पूरेदि सो कालो संखेज्जगुणो ।**

§ १७४. किं कारणं ? तक्कालब्भंतरे संखेज्जाणं ट्ठिदिखण्डयाणं ट्ठिदिबंधाणं च संभवादो ।

*** पढमसमयउवसामगस्स गुणसेढिसीसयं संखेज्जगुणं ।**

§ १७५. एत्थ पढमसमयउवसामगो त्ति भणिदे भाविनि भूतवदुपचारं कृत्वा पढमसमयउवसामगभाविस्स पढमसमयअंतरकारयस्स गहणं कायव्वं । तस्स गुणसेढिसीसगमिदि वुत्ते अंतरचरिमफालीए पदमाणियाए गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो संखेज्जदिभागं खंडेयूण जं फालीए सह णिल्लेविज्जमाणं गुणसेढिसीसयं तस्स गहणं कायव्वं। तं पुण पुव्विल्लादो गुणसंकमकालादो संखेज्जगुणं, गुणसेढिसीसयस्स संखेज्जदिभागे चेव गुणसंकमकालस्स पज्जवसाणदंसणादो । अथवा पढमसमयउवसामगस्स गुणसेढि-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** उनसे अपूर्वकरणमें स्थितिकाण्डकका उत्कीरणकाल और स्थितिबन्धकाल ये दोनों ही परस्पर तुल्य होकर विशेष अधिक हैं ।**

§ १७३. क्योंकि पूर्वोक्त दो कालोंसे उनसे नीचे अन्तर्मुहूर्त काल पीछे जाकर अपूर्वकरणके प्रथम स्थितिकाण्डकके समय इनकी प्रवृत्ति देखी जाती है । ७८ ।

*** उन दोनोंसे उपशामक जीव जब तक गुणसंक्रमके द्वारा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व प्रकृतियोंको पूरता है वह काल संख्यातगुणा है ।**

§ १७४. क्योंकि उस कालके भीतर संख्यात स्थितिकाण्डक और स्थितिबन्ध सम्भव हैं । ९ ।

*** उससे प्रथम समयवर्ती उपशामकका गुणश्रेणिशीर्ष संख्यातगुणा है ।**

§ १७५. यहाँ पर 'प्रथम समयवर्ती उपशामक' ऐसा कहने पर भावोंमें भूतके समान उपचार करके प्रथम समयवर्ती उपशामक होनेवालेका अर्थात् प्रथम समयवर्ती अन्तर करनेवालेका ग्रहण करना चाहिए । उसका गुणश्रेणिशीर्ष ऐसा कहनेपर अन्तरसम्बन्धी अन्तिम फालिका पतन होते समय गुणश्रेणिनिक्षेपके अग्रभागसे संख्यातवें भागका खण्डन कर जो फालिके साथ निर्जीर्ण होनेवाला गुणश्रेणिशीर्ष है उसका ग्रहण करना चाहिए । वह पूर्वके गुणसंक्रमसम्बन्धी कालसे संख्यातगुणा है, क्योंकि गुणश्रेणिशीर्षके संख्यातवें भागमें ही गुणसंक्रमकालका अन्त देखा जाता है । अथवा सूत्रोंमें प्रथम समयवर्ती उपशामकसम्बन्धी मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष ऐसा विशेषण लगा कर नहीं कहा, किन्तु सामान्यरूपसे कहा है,

सीसयं मिच्छत्तस्से त्ति विसेसियूण सुत्ते ण परूविदं, किंतु सामण्णेणोवइट्ठं, तेण सेसकम्माणं पढमसमयउवसामगस्स गुणसेढिसीसयं गहेयव्वं, तेसिमंतरकरणाभावेण पढमसमयउवसामगम्मि तस्संभवे विरोहाणुवलंभादो । १० ।

*** पढमट्ठिदी संखेज्जगुणा ।**

§ १७६. किं कारणं ? पढमट्ठिदीए संखेज्जदिभागमेत्तस्सेव गुणसेढिसीसयस्स अंतरद्धमागाइदत्तादो । ११ ।

*** उवसामगद्धा विसेसाहिया ।**

§ १७७. केत्तियमेत्तो विसेसो ? समयूणदोआवलियमेत्तो । किं कारण ? चरिम-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

इसलिये प्रथम समयवर्ती उपशामकके जो शेष कर्म हैं उनका गुणश्रेणिशीर्ष लेना चाहिए, क्योंकि उन कर्मोंका अन्तरकरण न होनेसे प्रथम समयवर्ती उपशामकके उसके सम्भव होनेमें विरोध नहीं पाया जाता । १० ।

विशेषार्थ—यहाँ चूर्णिसूत्रमें 'पढमसमयउवसामगस्स गुणसेढिसीसयं' ऐसा कहा है। इसलिये प्रश्न होता है कि यहाँ पर किस गुणश्रेणिशीर्षका ग्रहण किया है ? क्या मिथ्यात्वकर्मके गुणश्रेणिशीर्षका या शेष कर्मोंके गुणश्रेणिशीर्षका ? यदि मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष लिया जाता है तो जिस समय यह जीव उपशमसम्यग्दृष्टि होता है उसके प्रथम समयमें तो मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष बनता नहीं, क्योंकि उसका पतन अन्तरकरणके समय अन्तर सम्बन्धी अन्तिम फलिके पतनके साथ हो जाता है । इसलिये मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष यदि लेना ही है तो भावीमें भूतका उपचार करके जो प्रथम समय अन्तर करनेवाला है उसे यहाँ प्रथम समयवर्ती उपशामकरूपसे ग्रहण करना चाहिए । ऐसे जीवके मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष पाया जाता है और वह उपशमसम्यग्दृष्टिके गुणसंक्रमकालसे संख्यातगुणा है । किन्तु यहाँ सूत्रमें मिथ्यात्वका गुणश्रेणिशीर्ष ऐसा नहीं कहा है । ऐसी अवस्थामें जो प्रथम समयवर्ती उपशामक है उसके शेष कर्मोंका गुणश्रेणिशीर्ष लिया जा सकता है । इसप्रकार सूत्रोक्त पदोंके ये दोनों अर्थ करनेमें संगति बैठ जाती है, क्योंकि अन्तरकरणके प्रथम समयमें मिथ्यात्वके गुणश्रेणिशीर्षका जो प्रमाण है वही प्रमाण प्रथम समयवर्ती उपशामकके शेष कर्मोंके गुणश्रेणिशीर्षका है, क्योंकि यहाँ गलितावशेष गुणश्रेणि होती है, इसलिये उक्त दोनों स्थलोंमें दोनों गुणश्रेणिशीर्षोंके समान होनेमें कोई बाधा नहीं आती ।

*** उससे प्रथम स्थिति संख्यातगुणी है ।**

§ १७६. क्योंकि प्रथम स्थितिके संख्यातवें भागप्रमाण ही गुणश्रेणिशीर्षको अन्तरके लिये ग्रहण किया गया है । ११ ।

*** उससे उपशामकका काल विशेष अधिक है ।**

§ १७७. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक समय कम दो आवलिकाल विशेषका प्रमाण है ।

शंका—इसका क्या कारण है ?

समयमिच्छाइट्ठिणा बद्धमिच्छत्तणवकबंधस्स एगसमयमेत्तपढमट्ठिदीए चेव गलदि। पुणो इमं पढमट्ठिदिचरिमसमयं मोत्तूण उवसमसम्माइट्ठिकालब्भंतरे समयूणदोआवलियमेत्तद्धाणमुवरिगंतूण तस्स उवसामणा समप्पइ, तेण कारणेण पढमट्ठिदीए उवरिमाओ समयूणदोआवलियाओ पवेसियुण विसेसाहिया जादा। १२। संपहि एदस्सेव विसेसाहियपमाणस्स णिण्णयकरणट्ठमुत्तरो सुत्तावयवो--

* वे आवलियाओ समयूणाओ।

§ १७८. गयत्थमेदं सुत्तं।

* अणियट्टिअद्धा संखेज्जगुणा।

§ १७९. किं कारणं? अणियट्टिअद्धाए संखेज्जदिभागे चेव पढमट्ठिदीए सरूवोवलद्धीदो। १३।

* अपुव्वकरणद्धा संखेज्जगुणा।

§ १८०. सवद्धमणियट्टिकरणद्धादो अपुव्वकरणद्धाए तहाभावेणावट्ठाणदंसणादो। १४।

समाधान—क्योंकि अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके द्वारा बाँधे गये मिथ्यात्वसम्बन्धी नवकबन्धका एक समय प्रथम स्थितिमें ही गल जाता है। पुनः इस प्रथम स्थितिसम्बन्धी अन्तिम समयको छोड़कर उपशमसम्यग्दृष्टिके कालके भीतर एक समय कम दो आवलिप्रमाण काल ऊपर जाकर उसकी उपशामना समाप्त होती है, इसलिए प्रथम स्थितिमें एक समय कम दो आवलिका प्रवेश कराकर वह विशेष अधिक हो जाता है। १२।

अब इसी विशेष-अधिक प्रमाणका निर्णय करनेके लिये आगेका सूत्रवचन है—

*** वह विशेष एक समय कम दो आवलिप्रमाण है।**

§ १७८. यह सूत्र गतार्थ है।

*** उससे अनिवृत्तिकरणका काल संख्यातगुणा है।**

§ १७९. क्योंकि अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यातवें भागमें ही प्रथम स्थितिके स्वरूपकी उपलब्धि होती है। १३।

विशेषार्थ—अनिवृत्तिकरणमें अन्तरकरणके प्रथम समयसे लेकर अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समय तकका जितना काल है वही मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिका काल है जो कि अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। यही कारण है कि यहाँ टीकामें यह निर्देश किया है कि अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यातवें भागमें ही प्रथम स्थितिकी उपलब्धि होती है।

*** उससे अपूर्वकरणका काल संख्यातगुणा है।**

§ १८०. क्योंकि सर्वदा अनिवृत्तिकरणके कालसे अपूर्वकरणके कालका उसी प्रकारसे अवस्थान देखा जाता है। १४।

*** गुणसेढिणिक्खेवो विसेसाहिओ ।**

§ १८१. अपुव्वकरणपढमसमये आढत्तो जो गुणसेढिणिक्खेवो सो अपुव्वकरणद्धादो विसेसाहिओ त्ति भणिदं होइ । केत्तियमेत्तो विसेसो ? विसेसाहियमेत्तो । १५ ।

*** उवसंतद्धा संखेज्जगुणा ।**

§ १८२. जम्मि काले मिच्छत्तमुवसंतभावेणच्छदि सो उवसमसम्मत्तकालो उवसंतद्धा त्ति भण्णदे । एसा गुणसेढिणिक्खेवादो संखेज्जगुणा । कुदो एदं णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो । १६ ।

*** अंतरं संखेज्जगुणं ।**

§ १८३. अंतरदीहत्तमुवसमसम्मत्तद्धादो संखेज्जगुणमिदि भणिदं होदि । किं कारणं ? अंतरस्स संखेज्जदिभागे चेव उवसमसम्मत्तद्धं गालिय तदो तिण्हं कम्माण-

---

*** उससे गुणश्रेणिका निक्षेप विशेष अधिक है ।**

§ १८१. क्योंकि अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो गुणश्रेणिनिक्षेप उपलब्ध होता है वह अपूर्वकरणके कालसे विशेष अधिक है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अनिवृत्तिकरणके कालको विशेष अधिक करनेपर जो लब्ध आवे तत्प्रमाण है । १५ ।

विशेषार्थ—प्रारम्भमें गुणश्रेणिनिक्षेपका काल अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे कुछ अधिक बतला आये हैं । इसीलिये यहाँपर विशेषको उक्तप्रमाण बतलाया है ।

*** उससे उपशान्ताद्धा संख्यातगुणा है ।**

§ १८२. जिस कालमें मिथ्यात्व उपशांतरूपसे रहता है वह उपशमसम्यक्त्वका काल उपशान्ताद्धा कहलाता है । यह गुणश्रेणिनिक्षेपसे संख्यातगुणा है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है । १६ ।

*** उससे अन्तर संख्यातगुणा है ।**

§ १८३. क्योंकि अन्तरका आयाम उपशमसम्यक्त्वके कालसे संख्यातगुणा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—इसका क्या कारण है ?

समाधान—क्योंकि अन्तरके संख्यातवें भागमें ही उपशमसम्यक्त्वके कालको गलाकर

मण्णदरमोकड्डियूण वेदेमाणो अंतरं विणासेदि त्ति परमगुरूवएसादो । १७ ।

*** जहण्णिया आबाहा संखेज्जगुणा ।**

§ १८४. एसा जहण्णिया आबाहा कत्थ महेयव्वा ? मिच्छत्तस्स ताव चरिमसमयमिच्छादिट्ठिणा णवकबंधविसए गहेयव्वा । तत्तो अण्णत्थ मिच्छत्तस्स सव्वजहण्णाबाहाणुवलंभादो । सेसकम्माणं पुण गुणसंकमचरिमसमयणवकबंधजहण्णाबाहा घेत्तव्वा । उवरि किण्ण घेप्पदे ? ण, गुणसंकमकालं वोलिय विज्झादे पदिदस्स मंदविसोहीए ट्ठिदिबंधो वड्ढइ त्ति तव्विसयाबाहाए सव्वजहण्णत्ताणुववत्तीदो । एसा च अंतरायामादो संखेज्जगुणा । कुदो एवं णव्वदे ? एदम्हादो चेव परमागमवक्कादो । १८ ।

प्रकाशक- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उससे आगे तीनों कर्मोंमेंसे किसी एकका अपकर्षणकर उसका वेदन करता हुआ अन्तरको समाप्त करता है ऐसा परम गुरुका उपदेश है । १७ ।

विशेषार्थ—अन्तरकरणके समय प्रथम स्थिति और उपरितन स्थितिके मध्यकी जितनी स्थितिको उक्त दोनों स्थितियोंमें निक्षेपकर अन्तर करता है उस अन्तरके कालमें यह जीव उपशम सम्यक्त्वको प्राप्तकर अन्तरके संख्यातवें भागप्रमाण कालतक ही यह जीव उपशमसम्यग्दृष्टि रहता है, इसलिये उपशान्ताद्धासे अन्तरके कालको संख्यातगुणा कहा है ऐसा परम्परासे गुरुका उपदेश चला आ रहा है ।

*** उससे जघन्य आबाधा संख्यातगुणी है ।**

§ १८४. **शंका**—यह जघन्य आबाधा कहाँकी लेनी चाहिए ?

समाधान—अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके जो नवकबन्ध होता है उसकी लेनी चाहिए, क्योंकि उस स्थलके सिवाय अन्यत्र मिथ्यात्वकी जघन्य आबाधा नहीं उपलब्ध होती। परन्तु शेष कर्मोंका गुणसंक्रमके अन्तिम समयमें जो नवक बन्ध होता है उसकी जघन्य आबाधा लेनी चाहिए ।

शंका—इससे और आगेके कालकी क्यों नहीं ली जाती ?

समाधान—नहीं, क्योंकि गुणसंक्रमके कालको उल्लंघनकर विध्यात संक्रमको प्राप्त हुए जीवके मन्द विशुद्धिवश स्थितिबन्ध वृद्धिगत होता है, इसलिये वहाँकी आबाधा सबसे जघन्य नहीं हो सकती । और यह अन्तरायामसे संख्यातगुणी है ।

शंका—ऐसा किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी परमागमके वाक्यसे जाना जाता है । १८ ।

विशेषार्थ—यहाँपर अन्तरायामसे जिस जघन्य आबाधाको संख्यातगुणा बतलाया गया है वह यदि मिथ्यात्वकर्मके बन्धकी ली जाती है तो प्रकृतमें अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वकर्मका जो सबसे जघन्य बन्ध होता है उसकी लेनी चाहिए, क्योंकि प्रकृतमें मिथ्यात्वकर्मका इससे जघन्य बन्ध अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयको छोड़ अन्यत्र तीनों

*** उक्कस्सिया आबाहा संखेज्जगुणा ।**

§ १८५. किं कारणं ? अपुव्वकरणपढमसमयट्ठिदिबंधविसए सव्वकम्माणमुक्कस्साबाहाए विवक्खियत्तादो । पुव्विल्लविसयजहण्णट्ठिदिबंधादो एत्थतणट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो, तेण तदाबाहा वि तत्तो संखेज्जगुणा त्ति वुत्तं होइ । १९ ।

*** जहण्णयं ट्ठिदिखंडयमसंखेज्जगुणं ।**

§ १८६. मिच्छत्तस्स ताव पढमट्ठिदीए थोवावसेसे आढत्तस्स चरिमट्ठिदिखंडयस्स गहणं कायव्वं । सेसकम्माणं च गुणसंकमकालस्स थोवावसेसे आढत्तस्स चरिमट्ठिदिखंडयस्य जहण्णभावेण संगहो कायव्वो । एदं च पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागपमाणत्तणेण[1] पुव्विल्लादो असंखेज्जगुणमिदि घेत्तव्वं । २० ।

करणोंमें कहीं भी नहीं पाया जाता । और यदि प्रकृतमें इसका ग्रहण किया जाता है तो अन्य कर्मोंके अन्य बन्धकी जघन्य आबाधा लेनी है तो वह इस जीवके गुणसंक्रमके अन्तिम समयमें इन कर्मोंका जो अपने पूर्व कालकी अपेक्षा जघन्य विवक्षित बन्ध होता है उसकी लेनी चाहिए, क्योंकि इससे कम प्रमाणवाला बन्ध अन्यत्र सम्भव नहीं है । यद्यपि गुणसंक्रमके समाप्त होनेके बाद भी यह जीव प्रथमोपशम सम्यग्दृष्टि बना रहता है, किन्तु इसके मन्दविशुद्धिके कारण स्थितिबन्ध अधिक होने लगता है, इसलिये प्रकृतमें गुणसंक्रमके अन्तिम समयमें होनेवाले जघन्य स्थितिबन्धकी जघन्य आबाधा ही लेनी चाहिए। अतः उक्त दोनों स्थलोंकी जघन्य आबाधा अन्तरके कालसे संख्यातगुणी होती है यही आशय प्रकृतमें लेना चाहिए ।

*** उससे उत्कृष्ट आबाधा संख्यातगुणी है ।**

§ १८५. क्योंकि सब कर्मोंकी अपूर्वकरणके प्रथम समयमें होनेवाली स्थितिबन्धविषयक उत्कृष्ट आबाधा यहाँ विवक्षित है, क्योंकि पूर्वमें कहे गये जघन्य स्थितिबन्धसे इस स्थलका स्थितिबन्ध संख्यातगुणा होता है, इसलिये उसकी आबाधा भी पूर्वमें कही गई जघन्य आबाधासे संख्यातगुणी होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । १९ ।

विशेषार्थ—स्थितिकाण्डकघात आदि कार्यविशेष अपूर्वकरणके प्रथम समयसे ही प्रारम्भ होते हैं । तदनुसार अपूर्वकरणके प्रथम समयमें होनेवाला स्थितिबन्ध ही यहाँपर लिया गया है । वह आगे होनेवाले सब कर्मोंके स्थितिबन्धोंकी अपेक्षा सबसे अधिक होता है, इसलिये उसकी आबाधा भी आगे होनेवाले स्थितिबन्धोंकी आबाधाओंकी अपेक्षा सबसे अधिक होगी यह स्पष्ट ही है । वही यहाँ उत्कृष्ट आबाधारूपसे विवक्षित है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** उससे जघन्य स्थितिकाण्डक असंख्यातगुणा है ।**

§ १८६. मिथ्यात्वके तो प्रथम स्थितिके स्तोक शेष रहनेपर प्राप्त हुए अन्तिम स्थितिकाण्डकका ग्रहण करना चाहिए और शेष कर्मोंके गुणसंक्रमकालके स्तोक शेष रहनेपर प्राप्त हुए अन्तिम स्थितिकाण्डकका जघन्यरूपसे संग्रह करना चाहिए । और यह पल्योपमके संख्यातवें

---

१. आदर्शप्रतौ पलिदोवमासंखज्जदिभागपमाणत्तणेण इति पाठः ।

*** उक्कस्सयं ट्ठिदिखंडयं संखेज्जगुणं ।**

§ १८७. किं कारणं ? सागरोवमपुधत्तपमाणत्तादो । २१ ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ।**

§ १८८. किं कारणं ? मिच्छत्तस्स चरिमसमयमिच्छाइट्ठिजहण्णट्ठिदिबंधस्स अंतोकोडाकोडिपमाणस्स सेसकम्माणं पि गुणसंकमचरिमसमयजहण्णट्ठिदिबंधस्स गहणादो । २२ ।

*** उक्कस्सगो ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो ।**

§ १८९. किं कारणं ? सव्वकम्माणं पि अपुव्वकरणपढमसमयट्ठिदिबंधस्स पुव्विल्लजहण्णट्ठिदिबंधादो संखेज्जगुणत्तसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो । २३ ।

भागप्रमाण होनेसे पूर्वमें कही गई उत्कृष्ट आबाधासे असंख्यातगुणा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । २० ।

विशेषार्थ—पूर्वमें जो उत्कृष्ट आबाधा बतला आये हैं वह संख्यात काल प्रमाण होती है और जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण होता है, इसलिये ही प्रकृतमें उत्कृष्ट आबाधासे जघन्य स्थितिकाण्डकको असंख्यातगुणा बतलाया है ।

*** उससे उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा है ।**

§ १८७. क्योंकि यह सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण है । २१ ।

विशेषार्थ—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें किन्हीं जीवोंके सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण स्थितिकाण्डक होता है यह पहले ही बतला आये हैं । उसीको यहाँ ग्रहण किया है । यह पूर्वके पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थितिकाण्डकसे संख्यातगुणा होता है यह स्पष्ट ही है ।

*** उससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ।**

§ १८८ क्योंकि अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्वका जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण और शेष कर्मोंका भी गुणसंक्रमके अन्तिम समयका जघन्य स्थितिबन्ध लिया है । २२ ।

विशेषार्थ—पूर्वमें उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण बतला आये हैं और यहाँ जघन्य स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण बतलाया है, इसलिए यह उससे संख्यातगुणा ही होगा यह स्पष्ट है ।

*** उससे उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है ।**

§ १८९. क्योंकि सभी कर्मोंका अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो स्थितिबन्ध होता है वह पूर्वमें कहे गये जघन्य स्थितिबन्धसे संख्यातगुणा होता है इसकी सिद्धि निर्बाध पाई जाती है । २३ ।

विशेषार्थ—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें सब कर्मोंका जो स्थितिबन्ध होता है वहाँसे

*** जहण्णयं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

§ १९०. किं कारणं ? मिच्छत्तस्स मिच्छाइट्ठिचरिमसमयजहण्णट्ठिदिसंतकम्मस्स सेसकम्माणं पि गुणसंकमकालचरिमसमयजहण्णट्ठिदिसंतकम्मस्स बंधादो संखेज्जगुणत्ते विरोहाणुवलंभादो । २४ ।

लेकर संख्यात हजारों स्थितिबन्धभेदोंका अपसरण होकर अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वका और गुणसंक्रमके अन्तिम समयमें शेष छह कर्मोंका प्राप्त होनेवाला स्थितिबन्ध संख्यातगुणा हीन हो जाता है। यही कारण है कि यहाँपर उक्त दोनों स्थलोंपर होनेवाले मिथ्यात्व और शेष छह कर्मोंके जघन्य स्थितिबन्धसे अपूर्वकरणके प्रथम समयमें होनेवाला उक्त सब कर्मोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध संख्यातगुणा बतलाया है।

*** उससे जघन्य स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ १९०. क्योंकि मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वका जो जघन्य स्थितिसत्कर्म होता है और शेष कर्मोंका भी गुणसंक्रमकालके अन्तिम समयमें जो जघन्य स्थितिसत्कर्म होता है उनके वहाँके बन्धकी अपेक्षा संख्यातगुणे होनेमें कोई विरोध नहीं पाया जाता । २४।

विशेषार्थ—यद्यपि सर्वार्थसिद्धि आदि ग्रन्थोंमें प्रथमोपशम सम्यक्त्वके योग्य कौन जीव होता है इस प्रसंगसे किसी शिष्यने यह प्रश्न किया है कि अनादि मिथ्यादृष्टि भव्य जीवके कर्मोंके उदयसे प्राप्त कलुषताके रहते हुए दर्शनमोहनीयका और चार अनन्तानुबन्धीका उपशम कैसे होता है ? इसी प्रश्नका उत्तर देते हुए आचार्यदेवने बतलाया है कि काललब्धि आदिके कारण उनका उपशम होता है। वहाँ प्रथम काललब्धिका निरूपण करते हुए बतलाया है कि कर्मयुक्त भव्य आत्मा अर्धपुद्गलपरिवर्तन नामवाले कालके अवशिष्ट रहनेपर प्रथम सम्यक्त्वके योग्य होता है, इससे अधिक कालके शेष रहनेपर नहीं। इससे संसारमें रहनेका अधिकसे अधिक कितना काल शेष रहनेपर भव्य जीव प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके लिये पात्र होता है इसका नियम किया गया है। यह एक काललब्धि है। दूसरी कर्मस्थितिक काललब्धि है। न तो ज्ञानावरणादि कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिके रहते हुए प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेकी पात्रता होती है और न ही जघन्य स्थितिके रहते हुए प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेकी पात्रता होती है। किन्तु जिसके परिणामोंकी विशुद्धिवश उस समय बन्धको प्राप्त होनेवाले कर्मोंका स्थितिबन्ध अन्तःकोड़ा-कोड़ी सागरोपम हो रहा हो और जिसने सत्तामें स्थित कर्मोंकी स्थिति उससे संख्यात हजार सागरोपमोंसे न्यून अन्तःकोड़ाकोड़ी सागरोपम स्थापित कर ली हो वह जीव प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है। इस प्रकार यद्यपि यहाँपर बन्धस्थितिकी अपेक्षा सत्कर्मोंकी स्थिति न्यून बतलाई गई है, परन्तु यह काललब्धि उस जीवकी अपेक्षा बतलाई गई है जो क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंसे सम्पन्न होकर प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके सन्मुख होता है। किन्तु यहाँ पर जो उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे जघन्य स्थिति सत्कर्म संख्यातगुणा बतलाया जा रहा है वह मिथ्यात्वकर्मकी अपेक्षा अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयको लक्ष्यमें लेकर तथा ज्ञानावरणादि छह कर्मोंकी अपेक्षा गुणसंक्रमके अन्तिम समयको लक्ष्यमें लेकर बतलाया जा रहा है, इसलिये सर्वार्थसिद्धि आदिके उक्त कथनसे इस कथनमें कोई बाधा नहीं आती। शेष कथन सुगम है।

*** उक्कस्सयं ट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

§ १९१. सव्वकम्माणं पि अपुव्वकरणपढमसमयविसयस्स उक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मस्सेहावलंबियत्तादो । २५ ।

*** एवं पणुवीसदिपडिगो दंडगो समत्तो ।**

§ १९२. एवं पणुवीसदिपडिगमप्पाबहुअदंडयं समाणिय एत्तो अदीदासेसपबंधेण विहासिदत्थाणं गाहासुत्ताणं सरूवणिद्देसं कुणमाणो विहासासुत्तयारो इदमाह—

*** एत्तो सुत्तफासो कायव्वो भवदि ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १९३. पुव्वं परिभासिदत्थाणं गाहसुत्ताणमेण्हि समुक्कित्तणा जहाकमं कायव्वा त्ति भणिदं होइ ।

(४२) दंसणमोहस्सुवसामगो दु चदुसु वि गदीसु बोद्धव्वो ।
पंचिंदिओ य सण्णी णियमा[1] सो होइ पज्जत्तो ॥ ९५ ॥

*** उससे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ १९१. क्योंकि सभी कर्मोंके अपूर्वकरणके प्रथम समयसे सम्बन्ध रखनेवाले उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मका प्रकृतमें अवलम्बन लिया गया है । २५ ।

विशेषार्थ—अधःप्रवृत्तकरणमें स्थितिकाण्डकघात नहीं होता । परन्तु संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण अवश्य होते हैं । इसलिए अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें होनेवाले स्थितिबन्धसे उसके अन्तिम समयमें संख्यातगुणा हीन स्थितिबन्ध होने लगता है । इसलिये अपूर्वकरणके प्रथम समयमें वहाँ प्राप्त स्थितिबन्धसे स्थितिसत्कर्मका संख्यातगुणा होना न्याय प्राप्त है । ऐसी अवस्थामें यह उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म अपने जघन्यसे संख्यातगुणा होता है ऐसा भी निर्णय करना उचित ही है ।

*** इसप्रकार पचीस पदवाला दण्डक समाप्त हुआ ।**

§ १९२. इसप्रकार पच्चीस पदवाले अल्पबहुत्वदण्डकको समाप्तकर आगे अतीत समस्त प्रबन्धके द्वारा जिनके अर्थका विशेष व्याख्यान किया गया है ऐसे गाथासूत्रोंका स्वरूपनिर्देश करते हुए विभाषासूत्रकार इस सूत्रको कहते हैं—

*** अब आगे गाथासूत्रोंकी समुत्कीर्तना करने योग्य है ।**

§ १९३. जिनके अर्थका पहले स्पष्टीकरण कर आये हैं उन गाथासूत्रोंकी क्रमसे इस समय समुत्कीर्तना करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** दर्शनमोहनीयकर्मका उपशम करनेवाला जीव चारों ही गतियोंमें जानना चाहिए । वह नियमसे पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी और पर्याप्तक होता है ॥ ९५ ॥**

---

१. ता० प्रतौ 'पंचिंदिय सण्णी [पुण] णियमा' इति पाठः ।

§ १९२. एसा पढमगाहा दंसणमोहोवसामणपट्ठवणाए को सामिओ होइ किमविसेसेण चदुसु वि गदीसु वट्टमाणो, आहो अत्थि को विसेसो त्ति पुच्छाए णिण्णयविहाणट्ठमवइण्णा। एदिस्से किंचि अवयवत्थपरामसं कस्सामो। तं जहा—दंसणमोहस्स उवसामगो अविसेसेण चदुसु वि गदीसु होदि त्ति बोद्धव्वो। एवं चदुगदिविसयत्तसामण्णेणावहारिदस्स पाओग्गलद्धिमेत्तेण विसेसपदुप्पाइणफलो गाहापच्छद्धणिद्देसो। तं कथं ? 'पंचिंदियसण्णी' इच्चादि। एत्थ पंचिंदियणिद्देसेण तिरिक्खगदीए एइंदिय-वियलिंदियाणं पडिसेहो कओ दट्ठव्वो। तत्थ वि सण्णिपंचिंदिओ चेव सम्मत्तुप्पत्तीए पाओग्गो होदि, णासण्णिपंचिंदिओ त्ति जाणावणट्ठं सण्णिविसेसणं कदं। एवं चदुगदिविसयत्तेण सण्णिपंचिंदियविसयत्तेण अवहारिदस्सेदस्स पज्जत्तावत्थाए चेव सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गभावो, णापज्जत्तावत्थाए त्ति जाणावणट्ठं 'णियमा सो होइ पज्जत्तो' त्ति णिद्दिट्ठं। लद्धिअपज्जत्त-णिव्वत्तिअपज्जत्तए मोत्तूण णियमा णिव्वत्तिपज्जत्तो चेव सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गो होदि त्ति एसो एदस्स भावत्थो।

---

§ १९२. यह प्रथम गाथा दर्शनमोहनीयकर्मकी उपशामना प्रस्थापनाका कौन जीव स्वामी है, क्या अविशेषरूपसे चारों ही गतियोंमें विद्यमान जीव स्वामी है या कोई विशेषता है ऐसी पृच्छा होनेपर निर्णयका विधान करनेके लिये आई है। अब इसके पदोंके अर्थका कुछ परामर्श करेंगे। यथा—दर्शनमोहनीयकर्मका उपशम करनेवाला जीव सामान्यरूपसे चारों ही गतियोंमें होता है ऐसा जानना चाहिए। इस प्रकार चारों गतियाँ दर्शनमोहनीय कर्मकी उपशमनाका विषय हैं इस बातका सामान्य रूपसे निश्चय होने पर प्रायोग्य लब्धिद्वारा विशेषका कथन करनेके लिये गाथाके उत्तरार्धका निर्देश है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—'पंचिंदियसण्णी' इत्यादि।

इस पदमें 'पञ्चेन्द्रिय' पदके निर्देश द्वारा तिर्यञ्चगतिसम्बन्धी एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रियोंका प्रतिषेध किया हुआ जानना चाहिए। उसमें भी संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव ही प्रथम सम्यक्त्वके योग्य होता है, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव नहीं इस बातका ज्ञान करानेके लिये उसका 'संज्ञी' विशेषण दिया है। इस प्रकार चारों गतियाँ इसका विषय है और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव इसका विषय हैं इस रूपसे निश्चय किये गये इसके पर्याप्त अवस्थामें ही सम्यक्त्वकी उत्पत्तिकी योग्यता होती है, अपर्याप्त अवस्थामें नहीं इस बातका ज्ञान कराने के लिये 'णियमा सो होइ पज्जत्तो' इस वचनका निर्देश किया है। लब्ध्यपर्याप्त और निर्वृत्त्य-पर्याप्त अवस्थाको छोड़कर नियमसे निर्वृत्ति पर्याप्त जीव ही प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके योग्य होता है यह इसका भावार्थ है।

विशेषार्थ—यहाँ पर प्रथम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके लिये कौन जीव योग्य होता है इसका निर्देश किया गया है। जो जीव प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके सन्मुख होता है वह चारों गतियोंका होकर भी संज्ञी, पञ्चेन्द्रिय, पर्याप्त होना चाहिए। इसका यह तात्पर्य है कि यदि यह नारकी या देवगतिका जीव है तो उसके संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होनेपर भी निर्वृत्त्यपर्याप्त

(४३) सव्वणिरय-भवणेसु दीव-समुद्दे गह-जोदिसि-विमाणे।
अभिजोग्गमणभिजोग्गे[1] उवसामो होइ बोद्धव्वो ॥९६॥

§ १९३. एसा विदियसुत्तगाहा पुव्वसुत्तुद्दिट्ठत्थविसेसपरूवणाए पडिबद्धा। तं जहा—णिरयगदीए ताव सव्वासु णिरयपुढवीसु सव्वेसु णिरइंदएसु सव्वसेढीबद्ध-पइण्णएसु च वट्टमाणा णेरइया जहावुत्तसामग्गीए परिणदा वेयणाभिभवादीहिं कारणेहिं सम्मत्तमुप्पाएंति त्ति जाणावणट्ठं सव्वणिरयग्गहणं। तहा सव्वभवणेसु त्ति वुत्ते जत्तिया

नहीं होना चाहिए। किन्तु छहों पर्याप्तियोंकी पूर्णता होनेपर अन्तर्मुहूर्तके बाद ही वह प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है। यदि मनुष्यगतिका जीव है तो उसके भी संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होनेपर भी वह लब्ध्यपर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्त नहीं होना चाहिए। वह पर्याप्त ही होना चाहिए। उसमें भी यदि कर्मभूमिज मनुष्य है तो पर्याप्त होनेके प्रथम समयसे लेकर आठ वर्षका होना चाहिए और यदि भोगभूमिज है तो उनचास दिनका होना चाहिए। ऐसा होनेपर ही वह प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है। यदि तिर्यञ्चगतिका जीव है तो वह एकेन्द्रिय, विकलत्रय और असंज्ञी न होकर संज्ञी पञ्चेन्द्रिय ही होना चाहिए। उसमें भी ऐसा जीव यदि लब्ध्यपर्याप्त और निर्वृत्यपर्याप्त है तो वह प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य नहीं होता। वह छहों पर्याप्तियोंसे पर्याप्त होना चाहिए। उसमें तिर्यञ्च दो प्रकारके होते हैं—भोगभूमिज और कर्मभूमिज। कर्मभूमिज भी दो प्रकारके होते हैं—गर्भज और सम्मूर्च्छन। सो इनमेंसे गर्भज ही प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर सकते हैं सम्मूर्च्छन नहीं। उसमें भी निर्वृत्यपर्याप्तक अवस्थामें तो भोगभूमिज और कर्मभूमिज सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होते हैं। विशेष आगमसे जान लेना चाहिए। यहाँ पर प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य जो अन्य विशेषताएँ बतलाई हैं, जैसे संसारमें रहनेका इस जीवका अधिकसे अधिक अर्धपुद्गल-परिवर्तन नामवाला काल शेष रहे तब अनादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है। यदि सादि मिथ्यादृष्टि जीव है तो वेदक कालके समाप्त होनेपर ही वह प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है। तथा वह क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंसे सम्पन्न होना चाहिए इत्यादि सर्व साधारण विशेषताओंके साथ ही चारों गतियोंका संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव ही प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होता है यह उक्त गाथासूत्रका तात्पर्य है।

सब नरकोंमें रहनेवाले नारकियोंमें सब भवनोंमें रहनेवाले भवनवासी देवोंमें, सब द्वीपों और समुद्रोंमें विद्यमान संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त तिर्यञ्चोंमें, ढाई द्वीप-समुद्रोंमें रहनेवाले पर्याप्त मनुष्योंमें, सब व्यन्तरावासोंमें रहनेवाले व्यन्तर देवोंमें, सब ज्योतिष्क देवोंमें, विमानोंमें रहनेवाले नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें तथा अभियोग्य और अनभियोग्य देवोंमें दर्शनमोहनीयका उपशम होता है ऐसा जानना चाहिए।

§ १९३. यह दूसरी सूत्रगाथा पूर्व गाथा सूत्रमें कहे गये अर्थविशेषके कथनमें प्रतिबद्ध है। यथा—नरकगतिके सब नरक पृथिवी सम्बन्धी सब इन्द्रकबिलोंमें, सब श्रेणिबद्ध और प्रकीर्णक बिलोंमें विद्यमान नारकी जीव यथोक्त सामग्रीसे परिणत होकर वेदना अभिभव आदि कारणोंसे प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिये, गाथासूत्रमें 'सव्वणिरय' पदका ग्रहण किया है तथा 'सव्वभवणेसु' ऐसा कहनेपर

१. ता०प्रतौ -मणभिजोग्गो इति पाठः।

दसविहाणं भवणवासियाणमावासा तेसु सव्वेसु चेव समुप्पण्णा जीवा जिणबिंब-देविद्धि-दंसणादीहि कारणेहिं सम्मत्तमुप्पाएंति, ण तत्थ विसेसणियमो अत्थि त्ति भणिदं होइ। तहा दीव-समुद्दे त्ति वुत्ते सव्वेसु दीवसमुद्देसु वट्टमाणा जे सण्णिपंचिंदियतिरिक्खपज्जत्ता जे च अड्ढाइज्जेसु दीव-समुद्देसु मणुसा संखेज्जवस्साउआ गब्भोवक्कंतिया असंखेज्जवस्साउआ च ते सव्वे वि जाइंभरण-धम्मसवणादियच्चएहिं अप्पप्पणो विसए सव्वत्थ सम्मत्तमुप्पाएंति। ण तत्थ देसविसेसणियमो अत्थि त्ति घेत्तव्वं। तसजीवविरहिएसु असंखेज्जेसु समुद्देसु कथं ? ण, तत्थ वि पुव्ववेरियदेवपओगेण णीदाणं तिरिक्खाणं सम्मत्तुप्पत्तीए पयट्टंताणमुवलंभादो। गहसद्दो जेण वंतरदेवाण वाचओ तेणासंखेज्जेसु दीव-समुद्देसु[1] जे वेंतरावासा तेसु सव्वेसु वट्टमाणा वाणवेंतरा जिणमहिमादंसणादीहिं कारणेहिं सम्मत्तमुप्पाएंति, ण तत्थ विसेसणियमो अत्थि त्ति गहेयव्वं। तहा 'जोदिसिय' त्ति जोदिसियदेवाणं चंदाइच्च-गह-णक्खत्त-तारामेयभिण्णाणं गहणं कायव्वं। तेसु वि जिणबिंबिद्धिदंसणादीहिं कारणेहिं सम्मत्तुप्पत्ती सव्वत्थ ण विरुद्धा त्ति घेत्तव्वं। 'विमाणे' त्ति वुत्ते विमाणवासियदेवाणं गहणं कायव्वं। तेसु वि सोहम्मादि जाव उवरिमगेवज्जा त्ति सव्वत्थ वट्टमाणा सगजाइपडिबद्धसम्मत्तुप्पत्तिकारणेहि परिणदा

दस प्रकारके भवनवासियोंके जितने आवास हैं उन सबमें ही उत्पन्न हुए जीव जिनबिम्ब-दर्शन और देवर्द्धिदर्शन आदि कारणोंसे सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं, वहाँ विशेष नियम नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। तथा 'दीव-समुद्दे' ऐसा कहने पर सब द्वीप-समुद्रोंमें वर्तमान जो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त हैं और ढाई द्वीप-समुद्रोंमें जो संख्यात वर्षकी आयुवाले गर्भज और असंख्यात वर्षकी आयुवाले मनुष्य हैं वे सभी जातिस्मरण और धर्मश्रवण आदि निमित्तोंसे अपने-अपने लिये सर्वत्र सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं। वहाँ देशविशेषका नियम नहीं है ऐसा यहाँपर ग्रहण करना चाहिए।

शंका—त्रस जीवोंसे रहित असंख्यात समुद्रोंमें तिर्यञ्चोंका प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करना कैसे बन सकता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ पर भी पूर्वके वैरी देवोंके प्रयोगसे ले जाये गये तिर्यञ्च सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें प्रवृत्त हुए पाये जाते हैं।

'गह' शब्द यतः व्यन्तर देवोंका वाचक है अतः असंख्यात द्वीप-समुद्रोंमें जो व्यन्तरावास हैं। उन सबमें वर्तमान वानव्यन्तर देव जिनमहिमादर्शन आदि कारणोंसे सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं वहाँ विशेष नियम नहीं है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। तथा 'जोदिसिय' इससे चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और ताराओंके भेदसे अनेक प्रकारके ज्योतिषी देवोंको ग्रहण करना चाहिए। उनमें भी जिनबिम्बदर्शन और देवर्द्धिदर्शन आदि कारणोंसे सम्यक्त्वकी उत्पत्ति सर्वत्र विरुद्ध नहीं है ऐसा ग्रहण करना चाहिए। 'विमाणे' ऐसा कहनेपर विमानवासी देवोंका ग्रहण करना चाहिए। उनमें भी सौधर्म कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तक सर्वत्र विद्यमान और अपनी-अपनी जातिसे सम्बन्ध रखनेवाले सम्यक्त्वोत्पत्तिके कारणोंसे

१. ता०प्रतौ दीव इति पाठो नास्ति।

सम्मत्तं उप्पाएंति त्ति घेत्तव्वं । तत्तो उवरिमअणुदिसाणुत्तरविमाणवासियदेवेसु सम्मत्तुप्पत्ती किण्ण होदि त्ति चे ? ण, तत्थ सम्माइट्ठीणं चेव उप्पादणियमदंसणादो । एत्थेवावंतरविसेसपदुप्पायणट्ठमाह—'अभिजोग्गमणभिजोग्गे' इदि । अभियुज्यंत इत्यभियोग्याः, वाहनादौ कुत्सिते कर्मणि नियुज्यमाणा वाहनदेवा इत्यर्थः । तेभ्योऽन्ये किल्विषिकादयोऽनुत्तमदेवाः, उत्तमाश्च पारिषदादयोऽनभियोग्याः । तेसु सव्वेसु यथोक्तहेतुसन्निधाने सम्यक्त्वोत्पत्तिरविरुद्धेति यावत् । 'उवसामो होइ बोद्धव्वो' एवं भणिदे एदेसु सव्वेसु दंसणमोहस्स उवसामगो होइ त्ति णायव्वो, विरोहाभावादो त्ति भणिदं होइ ।

परिणत हुए देव सम्यक्त्वको उत्पन्न करते हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए ।

शंका—उनसे उपरिम अनुदिश और अनुत्तर विमानवासी देवोंमें सम्यक्त्वकी उत्पत्ति क्यों नहीं होती ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनमें सम्यग्दृष्टि जीवोंके ही उत्पन्न होनेका नियम देखा जाता है ।

अब यहीं पर अवान्तर भेदोंका कथन करनेके लिये कहते हैं—'अभिजोग्गमणभिजोग्गे'—'अभियुज्यन्ते इत्यभियोग्याः' इस व्युत्पत्तिके अनुसार जो वाहनदेव वाहन आदि कुत्सित कर्ममें नियोजित हैं वे अभियोग्य देव हैं यह इस पदका अर्थ है । उनसे अन्य किल्विषिक आदि अनुत्तम देव और पारिषद आदि उत्तम देव अनभियोग्य देव हैं । उन सबमें यथोक्त हेतुओंका सन्निधान होने पर सम्यक्त्वकी उत्पत्ति अविरुद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । 'उवसामो होइ बोद्धव्वो' ऐसा कहने पर इन सबमें दर्शनमोहका उपशामक होता है ऐसा जानना चाहिए, क्योंकि इसमें कोई विरोध नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—पूर्व गाथासूत्रमें सामान्यसे इतना ही कहा गया था कि चारों गतियोंके संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव दर्शनमोहके उपशामक होते हैं । इस गाथासूत्रमें उन जीवोंका नाम निर्देश पूर्वक स्पष्ट रूपसे खुलासा किया गया है । किसी भी गतिका संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त कोई भी जीव क्यों न हो यदि वह प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके उस उस गतिसे सम्बन्ध रखनेवाले अपने-अपने कारणोंसे सम्पन्न है तो वह दर्शनमोहका उपशामक होता है यह इस गाथासूत्रके कथनका सार है । यहाँ टीकामें सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधनोंसे कतिपय कारणोंका संकेत किया गया है, अतएव यहाँ उन सब साधनोंका खुलासा किया जाता है । प्रारम्भके तीन नरकोंमें जातिस्मरण, धर्मश्रवण और वेदनाभिभव ये तीन प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधन हैं । यद्यपि नारकियोंके विभंगज्ञान होनेसे उन सबको यथासम्भव पूर्वभवोंका स्मरण होता है । किन्तु यहाँ पर पूर्वभवोंका स्मरणमात्र प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका साधन नहीं है । किन्तु पूर्व भवमें धार्मिक बुद्धिसे जो अनुष्ठान किये थे वे विफल क्यों हुए इसे जानकर जो आत्म-निरीक्षण कर जीवादि नौ पदार्थोंके मननपूर्वक अपने उपयोगको आत्मामें युक्त करते हैं उनके जातिस्मरण सम्यक्त्वकी उत्पत्तिमें बाह्य साधन है । धर्मश्रवण पूर्वभवके स्नेही सम्यग्दृष्टि देवोंके निमित्तसे होता है, क्योंकि वहाँ ऋषियोंका जाना सम्भव नहीं है । यहाँ पर वेदनाभिभवको प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका तीसरा बाह्य साधन कहा है । सो उससे ऐसा समझना चाहिए कि वेदनासामान्य प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

बाह्य साधन नहीं है। किन्तु जिनका ऐसा उपयोग होता है कि यह वेदना इस मिथ्यात्व तथा असंयमके सेवनसे उत्पन्न हुई है उनके वह वेदना सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका साधन होता है। अन्तके चार नरकोंमें मात्र जाति-स्मरण और वेदनाभिभव ये दो ही प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधन हैं। यहाँ सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका बाह्य साधन धर्मश्रवण सम्भव नहीं, क्योंकि इन नरकोंमें एक तो देवोंका गमनागमन नहीं होता। दूसरे वहाँके नारकियोंमें भवके सम्बन्धवश या पूर्वके वैरवश परस्परमें अनुग्राह्य-अनुग्राहक भाव नहीं पाया जाता। अतः वहाँ उक्त दो ही प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके निमित्त हैं।[1]

तिर्यञ्चोंमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधन तीन हैं—जातिस्मरण, धर्म-श्रवण और जिनबिम्बदर्शन। ये ही तीन मनुष्योंमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बाह्य साधन हैं। किन्हीं मनुष्योंको जिन महिमा देखकर प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति होती है। पर इसे अलगसे चौथा साधन माननेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसका जिनबिम्बदर्शनमें अन्तर्भाव हो जाता है। कदाचित् किन्हीं मनुष्योंको लब्धिसम्पन्न ऋषियोंके देखनेसे भी प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति होती है। पर इसे भी अलगसे साधन माननेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसका भी जिन बिम्बदर्शनमें अन्तर्भाव हो जाता है। सम्मेदाचल, गिरनार, चम्पापुर और पावापुर आदिका दर्शन भी जिनबिम्बदर्शनमें ही गर्भित है, क्योंकि वहाँ भी जिनबिम्बदर्शन तथा मुक्तिगमनसम्बन्धी कथाका सुनना या कहना आदिके बिना प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति नहीं होती।

देवोंमें भी भवनवासी, वानव्यन्तर, ज्योतिषी और बारहवें कल्पतकके कल्पवासी देवोंमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके चार मुख्य साधन हैं—जातिस्मरण, धर्मश्रवण, जिनमहिमा दर्शन और देवर्धिदर्शन। जिनमहिमादर्शन जिनबिम्बदर्शनके बिना बन नहीं सकता, इस-लिए जिनमहिमादर्शनमें ही वह गर्भित है। यद्यपि जिनमहिमादर्शनमें स्वर्गावतरण और जन्माभिषेक आदि गर्भित हैं, पर इनमें जिनबिम्बदर्शन नहीं होता, इसलिए यह कहा जा सकता है कि जिनमहिमादर्शनके साथ जिनबिम्बदर्शनका अविनाभाव नहीं है सो ऐसा कहना भी युक्त नहीं है, क्योंकि वहाँ भी ये आगामी कालमें साक्षात् जिन होनेवाले हैं ऐसा बुद्धिमें स्वीकार करके ही उक्त कल्याणक किये जाते हैं, अतः इन कल्याणकोंमें भी जिनबिम्ब-दर्शन बन जाता है। अथवा ऐसे कल्याणकोंको निमित्तकर जो प्रथम सम्यक्त्व उत्पन्न होता है उसे जिनगुणश्रवणनिमित्तक समझना चाहिए। देवर्धिदर्शन जातिस्मरणसे भिन्न साधन है, क्योंकि अपनी-अपनी अणिमादि ऋद्धियोंको देखकर ऐसा विचार होना कि ये ऋद्धियाँ जिनदेवद्वारा उपदिष्ट धार्मिक अनुष्ठानके फलस्वरूप उत्पन्न हुई हैं, जातिस्मरणस्वरूप होनेसे इसको निमित्तकर उत्पन्न हुआ प्रथम सम्यक्त्व जातिस्मरणनिमित्तक है और ऊपरके देवोंकी महा ऋद्धियोंको देखकर जो ऐसा विचार करता है कि इन देवोंके ये ऋद्धियां सम्यग्दर्शनसे युक्त संयमधारणके फलस्वरूप उत्पन्न हुई हैं और मैं सम्यग्दर्शनसे रहित द्रव्यसंयम पालकर वाहन आदि नीच देवोंमें उत्पन्न हुआ हूँ उस जीवके ऊपरके देवोंकी ऋद्धिको देखकर उत्पन्न हुए प्रतिबोधसे जो प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति होती है वह देवर्धिदर्शननिमित्तक प्रथम सम्यक्त्व है। इसप्रकार जातिस्मरण और देवर्धिदर्शन इन दोनोंमें अन्तर है। दूसरे जातिस्मरण देवोंमें उत्पन्न होनेके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर ही होता है और देवर्धि-दर्शन कालान्तरमें होता है, इसलिये भी इन दोनोंमें अन्तर है। आनत कल्पसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें देवर्धिदर्शनको छोड़कर प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके पूर्वोक्त तीन साधन हैं। एक तो इन देवोंमें ऊपरके महर्धिक देवोंका आगमन नहीं होता। दूसरे वहींके देवोंकी

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(४४) उवसामगो च सव्वो णिव्वाघादो तहा णिरासाणो।
उवसंते भजियव्वो णीरासाणो य खीणम्मि ॥९७॥

§ १९४. एसा तदियगाहा दंसणमोहोवसामगस्स तीहिं करणेहिं वावदावत्थाए णिव्वाघादत्तं णिरासाणभावं च पदुप्पाएदि। तं जहा—सव्वो चेव उवसामगो णिव्वाघादो होइ, दंसणमोहोवसामणं पारभिय उवसामेमाणस्स जइ वि चउव्विहोवसग्गवग्गो जुगवमुवट्ठाइंतो वि णिच्छएण दंसणमोहोवसामणमेत्तो पडिबंधेण विणा समाणेदि त्ति वुत्तं होइ। एदेण दंसणमोहोवसामगस्स तदवत्थाए मरणाभावो वि

महर्धिको बार-बार देखनेसे उन्हें आश्चर्य नहीं होता तथा तीसरे वहां शुक्ललेश्या होनेसे उनके संक्लेशरूप परिणाम नहीं होते, इसलिये वहाँ देवर्धिदर्शन प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति का साधन नहीं स्वीकार किया गया है। नौ ग्रेवेयकवासी देवोंमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति-के दो साधन हैं—जातिस्मरण और धर्मश्रवण। यहाँ ऊपरके देवोंका आगमन नहीं होता, इसलिए देवर्धिदर्शन साधन नहीं है। नन्दीश्वर द्वीप आदिमें इनका गमन नहीं होता, इसलिए वहाँ जिनबिम्बदर्शन साधन भी नहीं है।/वहाँ रहते हुए वे अवधिज्ञानके द्वारा जिन महिमाको जानते हैं, इसलिए भी उनके जिन महिमादर्शन प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका बाह्य साधन नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वे विस्मयको उत्पन्न करनेवाले रागसे मुक्त होते हैं, इसलिये उन्हें जिन महिमा देखकर विस्मय नहीं होता / उनके अहमिन्द्र होते हुए भी उनमें परस्पर अनुग्राह्य-अनुग्राहक भाव होनेसे उनमें धर्मश्रवण प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका बाह्य साधन स्वीकार किया गया है। इससे आगे अनुदिश और अनुत्तर विमानवासी देव नियमसे सम्यग्दृष्टि होते हैं, इसलिये वहाँ प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्ति कैसे होती है यह प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता। यहाँ प्रत्येक गतिमें प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके जो साधन बतलाये हैं उनमेंसे किसीके कोई एक प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका साधन है और किसीके कोई दूसरा प्रथम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका साधन है ऐसा यहाँ समझना चाहिए। प्रत्येक गतिमें प्रथम सम्यक्त्व की उत्पत्तिके जितने साधन बतलाये हैं वे सब उस-उस गतिमें प्रत्येकके होने चाहिए ऐसा नहीं है। शेष कथन सुगम है।

दर्शनमोहका उपशम करनेवाले सब जीव व्याघातसे रहित होते हैं और उस कालके भीतर सासादन गुणस्थानको नहीं प्राप्त होते। दर्शनमोहके उपशान्त होने पर सासादनगुणस्थानकी प्राप्ति भजितव्य है। किन्तु क्षीण होने पर सासादनगुण-स्थानकी प्राप्ति नहीं होती ॥ ३-९७ ॥

§ १९४. यह तीसरी गाथा दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके तीन करणोंके द्वारा व्यापृत अवस्थारूप होनेपर निर्व्याघातपने और निरासानपनेका कथन करती है। यथा—सभी उपशामक जीव व्याघातसे रहित होते हैं, क्योंकि दर्शनमोहके उपशमको प्रारम्भ करके उसका उपशम करनेवाले जीवके ऊपर यद्यपि चारों प्रकारके उपसर्ग एक साथ उपस्थित होवें तो भी वह निश्चयसे प्रारम्भसे लेकर दर्शनमोहकी उपशमनविधिको प्रतिबन्धके बिना समाप्त करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस कथन द्वारा दर्शनमोहके उपशामकका उस अवस्थामें मरण भी नहीं होता यह कहा हुआ जानना चाहिए, क्योंकि मरण भी

पदुप्पाइदो दट्ठव्वो, तस्स वि वाघादभेदत्तादो। 'तहा णिरासाणो' त्ति भणिदे दंसणमोहणीयमुवसामेंतो तदवत्थाए सासणगुणं पि ण एसो पडिवज्जदि त्ति भणिदं होइ। 'उवसंते भजियव्वो' उपशान्ते दर्शनमोहनीये भाज्यो विकल्प्यः, सासादनपरिणामं कदाचिद् गच्छेन्न वेति। किं कारणं ? उवसमसम्मत्तद्धाए छावलियावसेसाए तदो-प्पहुडि सासणगुणपडिवत्तीए कस्सु वि जीवेसु संभवदंसणादो। 'णीरासाणो य खीणम्मि' उवसमसम्मत्तद्धाए खीणाए सासादनगुणं णियमा ण पडिवज्जदि त्ति भणिदं होइ। कुदो एवं चे ? उवसमसम्मत्तद्धाए जहण्णेणेयसमयमेत्तसेसाए उक्कस्सेण छावलियमेत्तावसेसाए सासणगुणपरिणामो होइ, ण परदो त्ति णियमदंसणादो। अथवा 'णीरासाणो य खीणम्मि' एवं भणिदे दंसणमोहणीयम्मि खीणम्मि णिरासाणो चेव, ण तत्थ सासणगुणपरिणामो संभवइ त्ति घेत्तव्वं, खइयस्स सम्मत्तस्सापडिवादिसरूवत्तादो, सासणपरिणामस्स उवसमसम्मत्तपुरंगमत्तणियमदंसणादो च।

व्याघातका एक भेद है। 'तहा णिरासाणो' ऐसा कहने पर दर्शनमोहका उपशम करनेवाला जीव उस अवस्थामें सासादन गुणस्थानको भी नहीं प्राप्त होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'उवसंते भजियव्वो' अर्थात् दर्शनमोहके उपशान्त होने पर भाज्य है—विकल्प्य है अर्थात् वह जीव कदाचित् सासादन गुणस्थानको प्राप्त होता है और कदाचित् प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वके कालमें छह आवलि शेष रहने पर वहाँसे लेकर सासादन गुणस्थानकी प्राप्ति किन्हीं भी जीवोंमें सम्भव देखी जाती है। 'णीरासाणो य खीणम्मि' अर्थात् उपशम सम्यक्त्वका काल क्षीण होने पर यह जीव सासादन गुणस्थानको नियमसे नहीं प्राप्त होता यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—ऐसा किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि उपशम सम्यक्त्वके कालमें जघन्यरूपसे एक समय शेष रहने पर और उत्कृष्टरूपसे छह आवलि काल शेष रहने पर सासादनगुणस्थान परिणाम होता है, इसके बाद नहीं ऐसा नियम देखा जाता है। अथवा 'णीरासाणो य खीणम्मि' ऐसा कहनेपर दर्शनमोहनीयका क्षय होनेपर यह जीव निरासान ही है, क्योंकि उसके सासादन गुणस्थानरूप परिणाम सम्भव नहीं है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। कारण कि क्षायिक सम्यक्त्व अप्रतिपातस्वरूप होता है और सासादन परिणामके उपशम सम्यक्त्वपूर्वक होनेका नियम देखा जाता है।

विशेषार्थ—यहाँ दर्शनमोहके उपशामन विधिके प्रारम्भ होनेके समयसे लेकर उपशम सम्यक्त्वके कालके भीतर तथा उसके बाद किन कार्य विशेषोंका होना सम्भव है और कौन कार्यविशेष होते ही नहीं इन सब बातोंका इस गाथामें निर्देश किया गया है। यह जीव दर्शनमोहकी उपशामन विधिका प्रारम्भ अधःकरणके प्रथम समयसे करके अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें उसको पूर्ण करता है। इस कालके भीतर एक तो यह जीव देव, मनुष्य, तिर्यञ्चोंद्वारा और अन्य कारणोंसे उपस्थित हुए उपसर्गोंके युगपत् या किसी एकके उपस्थित होनेपर उस (उपशामन विधि) से च्युत नहीं होता। यहाँ तक कि ऐसे जीवका

(४५) सागारे पट्ठवगो णिट्ठवगो मज्झिमो य भजियव्वो।
जोगे अण्णदरम्हि य जहण्णगो तेउलेस्साए ॥९८॥

§ १९५. एदेण चउत्थगाहासुत्तेण दंसणमोहोवसामगस्स उवजोग-जोग-लेस्सापरिणामगओ विसेसो पदुप्पाइदो दट्ठव्वो। तं जहा—'सागारे पट्ठवगो' एवं भणिदे दंसणमोहोवसामणमाढवेंतो अधापवत्तकरणपढमसमयप्पहुडि अंतोमुहुत्तमेत्त-कालं पट्ठवगो णाम भवदि। सो पुण तदवत्थाए णाणोवजोगे चेव उवजुत्तो होइ, तत्थ दंसणोवजोगस्साचीचारप्पयस्स पवुत्तिविरोहादो। तदो मदि-सुद-विभंगणाणाण-

---

मरण भी नहीं होता। विना व्याघातके यह जीव उसे सम्पन्न करता है। इस काल में ऐसा जीव सासादन गुणस्थानको प्राप्त हो जाय यह भी सम्भव नहीं है, क्योंकि इस जीवके इस कालके भीतर अनन्तानुबन्धीचतुष्कमेंसे किसी एकके उदयके साथ सदा काल मिथ्यात्वका उदय बना रहता है ऐसा नियम है। जब कि सासादन गुणस्थानकी प्राप्ति उपशम सम्यक्त्वके कालमें कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक छह आवलि कालके शेष रहनेपर मात्र अनन्तानुबन्धीचतुष्कमेंसे किसी एक प्रकृतिके उदय-उदीरणा होनेपर होती है। वहाँ दर्शनमोहनीयकी किसी भी प्रकृतिका उदय न होनेसे दर्शनमोहनीयकी अपेक्षा पारिणामिक भाव होता है। इसी प्रकार प्रथमोपशम सम्यक्त्वके कालके भीतर भी ये सब विशेषताएँ जाननी चाहिए। मात्र ऐसा जीव अपने कालमें कमसे कम एक समय और अधिकसे अधिक छह आवलि काल शेष रहनेपर अनन्तानुबन्धीचतुष्कमेंसे किसी एक प्रकृतिका उदय होनेपर सासादन गुण-स्थानको प्राप्त हो सकता है। किन्तु उपशम सम्यक्त्वका उक्त काल निकल जानेपर वह सासादन गुणस्थानको भी प्राप्त नहीं होता, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वका काल समाप्त होनेपर वह या तो मिथ्यात्वके उदय-उदीरणाके होनेसे मिथ्यादृष्टि हो जाता है या सम्यग्मिथ्यात्वका उदय-उदीरणा होनेसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि हो जाता है या सम्यक्त्व प्रकृतिका उदय-उदीरणा होनेसे वेदकसम्यग्दृष्टि हो जाता है। यहाँ गाथामें 'खीणम्मि' पद आया है। उससे यह अभिप्राय भी फलित होता है कि दर्शनमोहनीयका क्षय होनेपर भी यह जीव सासादन गुणस्थानको नहीं प्राप्त होता, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी क्षपणा होनेके पूर्व ही यह जीव अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना कर लेता है, और ऐसे जीवके पुनः अनन्तानुबन्धीकी सत्ताका प्राप्त होना सम्भव नहीं है।

दर्शनमोहके उपशमनका प्रस्थापक जीव साकार उपयोगमें विद्यमान होता है। किन्तु उसका निष्ठापक और मध्य अवस्थावर्ती जीव भजितव्य है। तीनों योगों मेंसे किसी एक योगमें विद्यमान तथा तेजोलेश्याके जघन्य अंशको प्राप्त वह जीव दर्शनमोहका उपशामक होता है ॥ ४-९८ ॥

§ १९५. इस चौथे गाथा सूत्र द्वारा दर्शनमोहके उपशामकके उपयोग, योग और लेश्या परिणामगत विशेषका कथन जानना चाहिए। यथा—'सागारे पट्ठवगो' ऐसा कहने पर दर्शन-मोहकी उपशमविधिका आरम्भ करनेवाला जीव अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक प्रस्थापक कहलाता है। परन्तु वह जीव उस अवस्थामें ज्ञानोपयोगमें ही उपयुक्त होता है, क्योंकि उस अवस्थामें अवीचारस्वरूप दर्शनोपयोगकी प्रवृत्तिका विरोध

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मण्णदरो सागारोवजोगो चेव एदस्स होइ, णागारोवजोगो त्ति घेत्तव्वं। एदेण जागरावत्थापरिणदो चेव सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गो होदि, णाण्णो त्ति एदं पि जाणाविदं, णिद्दापरिणामस्स सम्मत्तुप्पत्तिपाओग्गविसोहिपरिणामेहिं विरुद्धसहावत्तादो। एवं पट्ठवगस्स सागारोवजोगत्तं णियामिय संपहि णिट्ठवग-मज्झिमावत्थासु सागरणागाराणमण्णदरोवजोगेण भयणिज्जत्तपदुप्पायणट्ठमिदमाह—'णिट्ठवगो मज्झिमो य भजिदव्वो।' एत्थ णिट्ठवगो त्ति भणिदे दंसणमोहोवसामणायरणस्स समाणगो घेत्तव्वो। सो पुण कम्हि उद्देसे होदि त्ति पुच्छिदे पढमट्ठिदिं सव्वं कमेण गालिय अंतरपवेसाहिमुहावत्थाए होइ। सो च सागारोवजुत्तो वा अणागारोवजुत्तो वा होदि त्ति भजियव्वो, दोण्हमण्णदरोवजोगपरिणामेण णिट्ठवगत्ते विरोहाभावादो। एवं मज्झिमस्स वि वत्तव्वं। को मज्झिमो णाम? पट्ठवग-णिट्ठवगपज्जायाणमंतरालकाले पयट्टमाणो मज्झिमो त्ति भण्णदे, तत्थ दोण्हं पि उवजोगाणं कमपरिणामस्स विरोहाभावादो भयणिज्जत्तमेदमवगंतव्वं।

§ १९६. संपहि एदस्स चेव जोगविसेसावहारणट्ठमिदमाह—'जोगे अण्णदरम्हि

है, इसलिए मति, श्रुत और विभंगज्ञानमेंसे कोई एक साकार उपयोग ही इसके होता है, अनाकार उपयोग नहीं होता ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस वचन द्वारा जागृत अवस्थासे परिणत जीव ही सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके योग्य होता है, अन्य नहीं इस बातका भी ज्ञान करा दिया है, क्योंकि निद्यारूप परिणाम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके योग्य विशुद्धिरूप परिणामोंसे विरुद्ध स्वभाववाला है। इस प्रकार प्रस्थापकके साकारोपयोगपनेका नियम करके अब निष्ठापकरूप और मध्यम (बीचकी) अवस्थामें साकार उपयोग और अनाकार उपयोग मेंसे अन्यतर उपयोगके साथ भजनीयपनेका कथन करनेके लिये यह वचन कहा है—'णिट्ठवगो मज्झिमो य भजिदव्वो'। इस वचनमें निष्ठापक ऐसा कहने पर दर्शनमोहके उपशामनाकरणको समाप्त करनेवाला जीव लेना चाहिए। परन्तु वह किस अवस्थामें होता है ऐसा पूछने पर समस्त प्रथम स्थितिको क्रमसे गलाकर अन्तर प्रवेशकी अभिमुख अवस्थाके होनेपर होता है। और वह साकार उपयोगमें उपयुक्त होता है या अनाकार उपयोगमें उपयुक्त होता है, इसलिए भजनीय है, क्योंकि इन दोनोंमेंसे किसी एक परिणामके साथ निष्ठापकपनेके होनेमें विरोधका अभाव है। इसी प्रकार मध्यम अवस्थावालेके भी कहना चाहिए।

शंका—मध्यम कौन है?

समाधान—प्रस्थापक और निष्ठापकरूप पर्यायोंके अन्तराल कालमें प्रवर्तमान जीव मध्यम कहलाता है।

वहाँ पर दोनों ही उपयोगोंका क्रमसे परिणाम होनेमें विरोधका अभाव होनेसे यह भजनीयपना जानना चाहिए।

§ १९६. अब इसीके योग विशेषका निश्चय करनेके लिये यह कहते हैं—'जोगे

य मणजोग-वचिजोग-कायजोगाणमण्णदरे जोगे वट्टमाणो दंसणमोहोवसामणाए पट्ठवगो होइ। एवं णिट्ठवगो मज्झिमो य वत्तव्वो, तत्थ तदण्णदरणियमाणुवलद्धीदो। चदुण्हमण्णदरमणजोगेण वा, चदुण्हमण्णदरवचिजोगेण वा, ओरालिय-वेउव्वियाण-
मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
मण्णदरकायजोगेण वा, परिणदो संतो दंसणमोहोवसामणमाढवेदि त्ति एसो एदस्स तावत्थो।

§ १९७. संपहि तस्सेव लेस्सामेदुप्पायणट्ठमुत्तरो सुत्तावयवो—'जहण्णगो तेउलेस्साए'। जइ वि सुट्ठु मंदविसोहीए परिणमिय दंसणमोहणीयमुवसामेदुमाढवेइ तो वि तस्स तेउलेस्साए परिणामो चेव तप्पाओग्गो होइ णो हेट्ठिमलेस्सापरिणामो तस्स सम्मत्तुप्पत्तिकारणकरणपरिणामेहिं विरुद्धसरूवत्तादो त्ति भणिदं होइ। एदेण तिरिक्ख-मणुस्सेसु किण्ह-णील-काउलेस्साणं सम्मत्तुप्पत्तिकाले पडिसेहो कदो, विसोहि-काले असुह-तिलेस्सापरिणामस्स संभवाणुववत्तीदो। देवेसु पुण जहारिहं सुहतिल्लेस्सा-परिणामो चेव,[ण] तेण तत्थ वियहिचारो। णेरइएसु वि अवट्ठिदकिण्ह-णील-काउलेस्सा-परिणामेसु सुहतिलेस्साणमसंभवो चेवे त्ति ण तत्थेदं सुत्तं पयट्टदे। तदो तिरिक्ख-मणुस-विसयमेवेदं सुत्तमिदि गहेयव्वं।

अण्णदरम्मि य।' मनोयोग, वचनयोग और काययोग इनमेंसे किसी एक योगमें वर्तमान जीव दर्शनमोहकी उपशमविधिका प्रस्थापक होता है। इसी प्रकार निष्ठापक और मध्यम अवस्थावाले जीवके भी कहना चाहिए, क्योंकि इन दोनों अवस्थाओंमें प्रस्थापकसे भिन्न नियमकी उपलब्धि नहीं होती। चार प्रकारके मनोयोगोंमेंसे अन्यतर मनोयोगसे, चार प्रकारके वचनयोगोंमेंसे अन्यतर वचनयोगसे तथा औदारिक काययोग और वैक्रियिक काययोग इनमेंसे अन्यतर काययोगसे परिणत हुआ जीव दर्शनमोहकी उपशमविधिका आरम्भ करता है यह इसका भावार्थ है।

§ १९७. अब उसीके लेश्याभेदका कथन करनेके लिये आगेका सूत्रवचन आया है—'जहण्णगो तेउलेस्साए' यद्यपि अत्यन्त मन्द विशुद्धिसे परिणमकर दर्शनमोहकी उपशमन-विधिका प्रारम्भ करता है तो भी उसके तेजोलेश्याका परिणाम ही उसके योग्य होता है, उससे नीचेका लेश्यापरिणाम नहीं, क्योंकि वह सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके कारणरूप करणपरि-णामोंसे विरुद्ध स्वरूप है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इससे तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें कृष्ण, नील और कापोत लेश्याओंका सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके समय प्रतिषेध कर दिया है, क्योंकि विशुद्धिके समय अशुभ तीन लेश्यारूप परिणाम सम्भव नहीं है। देवोंमें तो यथायोग्य शुभ तीन लेश्यारूप परिणाम ही होता है, इसलिए उक्त कथनका वहाँ पर कोई व्यभिचार नहीं आता। नारकियोंमें भी अवस्थितस्वरूप कृष्ण, नील और कापोतलेश्यापरिणाम होते हैं, वहाँ शुभ तीन लेश्यारूप परिणाम असम्भव ही हैं, इसलिए उनमें यह सूत्र प्रवृत्त नहीं होता। अतः तिर्यञ्चों और मनुष्योंको विषय करनेवाला ही यह सूत्र है ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

विशेषार्थ—दर्शनमोहका उपशम करते समय इस जीवके प्रथम समयसे लेकर

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

(४७) मिच्छत्तवेदणीयं कम्मं उवसामगस्स बोद्धव्वं। उवसंते आसाणे तेण परं होइ भजियव्वो ॥९९॥

§ १९८. एदेण गाहासुत्तेण दंसणमोहोवसामगस्स जाव अंतरपवेसो ण होइ ताव णियमा मिच्छत्तकम्मोदओ होइ। तत्तो परमुवसमसम्मत्तकालब्भंतरे तदुदओ णत्थि चेव। उवसमसम्मत्तकाले णिट्ठिदे पुण मिच्छत्तोदयस्स भयणिज्जत्तमिदि। एदेण तिण्णि अत्थविसेसा परूविदा। तं जहा—'मिच्छत्तवेदणीयं कम्मं' एवं भणिदे मिच्छत्तं वेदिज्जदि जेण कम्मेण तं मिच्छत्तवेदणीयं कम्ममुदयावत्थाविसेसिदमुवसामगस्स णियमा होदि त्ति णायव्वमिदि गाहापुव्वद्धे पदसंबंधो, तेण मिच्छत्तकम्मोदयो दंसण-

---

अन्तिम समय तक इस कालमें कौन उपयोग होता है, योग कौन होता है और लेश्या कौन होती है इन तथ्योंका इस गाथामें विचार करते हुए बतलाया है कि दर्शनमोहके उपशमन-विधिके प्रस्थापकका प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्तकाल तक साकार उपयोग होता है, क्योंकि दर्शनोपयोग अविचारस्वरूप होनेसे उसके प्रारम्भमें इसकी प्रवृत्ति नहीं बन सकती। उसके बाद मध्यकी और अन्तकी अवस्थामें यह यथासम्भव दर्शनोपयोगी भी हो जाता है। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि दर्शनमोहके उपशमनाके कालसे मति-श्रुतज्ञानका काल अल्प है, अतएव बीचमें अनाकार उपयोग हो जाता है। परन्तु ऐसा होनेपर भी उपयोगका आलम्बन जीव पदार्थ ही रहता है, क्योंकि इसकी सन्मुखतामें ही दर्शनमोहका उपशम होकर प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी प्राप्ति होती है। इससे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि दर्शनमोहका उपशामक जीव नियमसे जागृत होता है, क्योंकि सुप्त अवस्थामें इसकी प्राप्ति सम्भव नहीं है। योगकी अपेक्षा विचार करने पर इसके दस पर्याप्त योगोंमेंसे यथासम्भव कोई भी योग होता है। लेश्या कम से कम मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके पीत लेश्याका जघन्य अंश होता है। इससे नीचे की अन्य अशुभ लेश्याएँ नहीं होतीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। देवों और नारकियोंमें अवस्थित लेश्याके रहते हुए भी दर्शनमोहका उपशम होकर सम्यक्त्वकी प्राप्ति सम्भव है, इसलिए पूर्वोक्त लेश्याका नियम तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी अपेक्षा यहाँ किया गया है ऐसा यहाँ जानना चाहिए।

दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाले जीवके मिथ्यात्वकर्मका उदय जानना चाहिए। किन्तु दर्शनमोहकी उपशान्त अवस्थामें मिथ्यात्व कर्मका उदय नहीं होता, तदन्तर उसका उदय भजनीय है ॥ ५-९९ ॥

§ १९८. इस गाथासूत्रद्वारा यह बतलाया गया है कि दर्शनमोहके उपशामक जीवका जबतक अन्तर प्रवेश नहीं होता है तबतक उसके मिथ्यात्वका उदय नियमसे होता है। उसके बाद उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर मिथ्यात्वका उदय नहीं ही होता। परन्तु उपशमसम्यक्त्वके कालके समाप्त होनेपर मिथ्यात्वका उदय भजनीय है। इसप्रकार इस गाथासूत्र द्वारा तीन अर्थविशेष कहे गये हैं। यथा—'मिच्छत्तवेदणीयं कम्मं' ऐसा कहने पर जिस कर्मके द्वारा मिथ्यात्व वेदा जाता है वह मिथ्यात्व वेदनीय कर्म उदय अवस्थासे युक्त उपशामकके नियमसे होता है ऐसा जानना चाहिए, इसप्रकार गाथाके पूर्वार्धका पदसम्बन्ध है,

मोहोवसामगस्स णियमा होइ त्ति सुत्तत्थो गहेयव्वो। उदयविसेसणं सुत्तेणाणुवइट्ठं कथमुवलब्भदि त्ति णासंकणिज्जं, अत्थवसेणेव तहाविहविसेसणस्सत्थसमुवलद्धीदो। अथवा[1] वेद्यत इति वेदनीयं मिथ्यात्वमेव वेदनीयं मिथ्यात्ववेदनीयं उदयावस्थापरिणतं मिथ्यात्वकर्मेति यावत्। तदुपशमकस्य भवतीति सूत्रोपात्तमेव तद्विशेषणमवगंतव्यम्। 'उवसंते आसाणे' एवं भणिदे दंसणमोहणीये उवसंते उवसमसम्मादिट्ठित्तमुवगयस्स मिच्छत्तवेदणीयकम्मोदयस्स आसाणमेव विणासो चेव। किं कारणं? अंतरपवेसावत्थाए तदुदयस्स अच्चंताभावेण णिसिद्धत्तादो तदणुदयस्सेव उवसंतभावेणेत्थ विवक्खियत्तादो च। अथवा उवसंते उवसमसम्मत्तकालब्भंतरे आसाणे सासणकालब्भंतरे च मिच्छत्तकम्मोदयो णत्थि चेवे त्ति वक्कसेसवसेण सुत्तत्थसंबंधो कायव्वो। 'तेण परं होइ भजियव्वो' एवं भणिदे उवसमसम्मत्तद्धाए समत्ताए तत्तो परं मिच्छत्तकम्मोदएण एसो भजियव्वो, मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमण्णदरोदयस्स तत्थाविरोहादो।

इसलिये मिथ्यात्व कर्मका उदय दर्शनमोहके उपशामकके नियमसे होता है, इसप्रकार सूत्रका अर्थ ग्रहण करना चाहिए।

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री सुविधिसागरजी महाराज

शंका—ऐसा सूत्रमें नहीं कहा है, फिर यह विशेषण कैसे उपलब्ध होता है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अर्थके सम्बन्धसे ही उस प्रकारके विशेषणकी यहाँ पर उपलब्धि होती है। अथवा[1] जो वेदा जाय वह वेदनीय है। मिथ्यात्व ही वेदनीय मिथ्यात्व वेदनीय है। उदय अवस्थासे परिणत मिथ्यात्व कर्म यह इसका तात्पर्य है। यह उपशम करनेवाले जीवके होता है इसप्रकार उक्त विशेषण सूत्रोक्त ही जानना चाहिए। 'उवसंते आसाणे' ऐसा कहनेपर दर्शनमोहनीयके उपशान्त अवस्थामें उपशमसम्यग्दृष्टिपनेको प्राप्त हुए जीवके मिथ्यात्व वेदनीयकर्मके उदयका आसान ही अर्थात् विनाश ही रहता है, क्योंकि अन्तर प्रवेशरूप अवस्थामें उसके उदयका अत्यन्ताभाव होनेसे उसका उदय निषिद्ध ही है तथा उसका अनुदय ही उपशान्तरूपसे यहाँ पर विवक्षित है। अथवा 'उवसंते' अर्थात् उपशमसम्यक्त्वके कालके भीतर तथा 'आसाणे' अर्थात् सासादन कालके भीतर मिथ्यात्वकर्मका उदय नहीं ही है इसप्रकार वाक्य शेषके वशसे सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिए। 'तेण परं होइ भजियव्वो' ऐसा कहनेपर उपशम सम्यक्त्वके कालके समाप्त होनेपर तदनन्तर मिथ्यात्व कर्मके उदयसे यह भजनीय है, क्योंकि मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें से अन्यतरके उदयका वहाँ विरोध नहीं पाया जाता।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रद्वारा तीन अर्थ स्पष्ट किये गये हैं। प्रथम अर्थको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि जो मिथ्यादृष्टि जीव दर्शन मोहका उपशम करता है उसके मिथ्यात्वका उदय नियमसे होता है। दूसरे अर्थको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि उपशम-सम्यग्दृष्टिके मिथ्यात्वकर्मका उदय नहीं होता। यहाँ गाथामें 'उवसंते आसाणे' पाठ है। तदनुसार 'आसाण' अवसान पाठका पर्यायरूप होनेसे विनाश अर्थ करके उक्त अर्थ फलित किया गया है। अथवा 'उवसंते आसाणे' इसका अर्थ उपशमसम्यग्दृष्टि और सासादन करने पर

---

१. ता०प्रतौ अथवा इति पाठो नास्ति।

(४८) सव्वेहिं ट्ठिदिविसेसेहिं उवसंता होंति तिण्णि कम्मंसा। एक्कम्हि य अणुभागे णियमा सव्वे ट्ठिदिविसेसा ॥१००॥

§ १९९. एत्थ 'तिण्णि कम्मंसा' त्ति भणिदे मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं गहणं कायव्वं, दंसणमोहोवसामणाए पयट्टत्तादो। एदे तिण्णि कम्मंसा सव्वेहि चेव ट्ठिदिविसेसेहि उवसंता बोद्धव्वा। ण तेसिमेका वि ट्ठिदी अणुवसंता अत्थि त्ति भावत्थो। तदो मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णट्ठिदिप्पहुडि जावुक्कस्सट्ठिदि त्ति एदेसु सव्वेसु ट्ठिदिविसेसेसु ट्ठिदसव्वपरमाणू उवसंता त्ति सिद्धं। एवमुवसंताणं तेसिं ट्ठिदिविसेसाणं सव्वेसिमणुभागो किमेयवियप्पो चेव आहो णाणावियप्पो त्ति भणिदे एयवियप्पो चेवे त्ति जाणावणट्ठमुवरिमो गाहासुत्तावयवो—'एक्कम्हि य अणुभागे' एक्कम्हि चेवाणुभागविसेसे[1] तिण्हमेदेसिं कम्मंसाणं सव्वे ट्ठिदिविसेसा दट्ठव्वा। अंतर-बाहिरा-णंतरजहण्णट्ठिदिविसेसे जो अणुभागो सो चेव तत्तो उवरिमासेसट्ठिदिविसेसेसु उक्कस्स-

---

'नहीं' इतने वाक्यशेषके योगसे यह अर्थ फलित किया है कि उपशमसम्यग्दृष्टि और सासादन गुणस्थानवालेके मिथ्यात्वका उदय नहीं होता। यहाँ 'नहीं' इस वाक्य शेषकी योजना 'तेण परं होइ भजियव्वो' पदको ध्यानमें रखकर की गई है। तीसरे अर्थको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि उपशमसम्यक्त्वका काल पूरा होने पर मिथ्यात्वका उदय भजनीय है। अर्थात् यदि ऐसा जीव मिथ्यात्वको प्राप्त होता है तो उसके मिथ्यात्व कर्मका उदय रहता है। यदि सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होता है तो सम्यग्मिथ्यात्व कर्मका उदय रहता है और यदि वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होता है तो सम्यक्त्व प्रकृतिका उदय रहता है। इस प्रकार इस गाथासूत्र द्वारा तीन अर्थोंको स्पष्ट किया गया है।

दर्शनमोहनीयकी तीनों कर्म प्रकृतियाँ सभी स्थिति विशेषोंके साथ उपशान्त (उदयके अयोग्य) रहती हैं तथा सभी स्थितिविशेष नियमसे एक अनुभागमें अवस्थित रहते हैं ॥ ६-१०० ॥

§ १९९. इस गाथासूत्रमें 'तिण्णि कम्मंसा' ऐसा कहनेपर मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि दर्शनमोहकी उपशामनाका प्रकरण है। ये तीनों ही कर्म प्रकृतियाँ सभी स्थिति विशेषोंके साथ उपशान्त जाननी चाहिए। उनकी एक भी स्थिति अनुपशान्त नहीं होती यह उक्त कथनका भावार्थ है। अतः मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति तक इन सब स्थिति विशेषोंमें स्थित सब परमाणु उपशान्त होते हैं यह सिद्ध हुआ। इसप्रकार उपशान्त हुए इन सब स्थितिविशेषोंका अनुभाग क्या एक प्रकारका ही है या नाना भेदोंको लिये हुए है ऐसा कहनेपर एक प्रकारका ही है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका गाथासूत्रका अवयव आया है—'एक्कम्हि य अणुभागे' एक ही अनुभागविशेषमें इन तीनों कर्मप्रकृतियोंके सब स्थितिविशेष जानने चाहिए। अन्तरायामके बाहर अनन्तरवर्ती जघन्य स्थितिविशेषमें जो अनुभाग है

---

१. ता०प्रतौ चेवाणुभागविसये इति पाठः।

ट्ठिदिपज्जंतेसु होइ, णाण्णस्सो[1] त्ति भणिदं होदि। मिच्छत्तस्स ताव सव्वघादिविट्ठाणिओ घादिदसेसो अणुभागो सव्वेसु ट्ठिदिविसेसेसु अविसिट्ठसरूवेणावट्ठिदो दट्ठव्वो। एवं सम्मामिच्छत्तस्स वि णवरि मिच्छत्ताणुभागादो अणंतगुणहीणो। सम्मत्तस्स पुण तत्तो वि अणंतगुणहीणो देसघादिविट्ठाणसरूवो दारुअसमाणाणंतभागावट्ठाणो उक्कस्साणुभागो एयवियप्पो सव्वत्थ होदि त्ति घेत्तव्वं।

§ २००. संपहि दंसणमोहणीयमुवसामेमाणस्स तदवत्थाए किंपच्चएण णाणावरणादिकम्मबंधो होदि त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स णिद्धारणट्ठमुवरिमगाहासुत्तमोइण्णं—

वही उससे उपरिम उत्कृष्ट स्थिति पर्यन्त समस्त स्थितिविशेषोंमें होता है वह अन्य नहीं होता यह उक्त कथनका तात्पर्य है। मिथ्यात्वका तो घात करनेसे शेष रहा सर्वघाति द्विस्थानीय अनुभाग सब स्थिति विशेषोंमें अवस्थितरूपसे अवस्थित जानना चाहिए। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वका भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अनुभागसे यह अनन्तगुणा हीन होता है। सम्यक्त्वका अनुभाग तो उससे भी अनन्तगुणा हीन होता है, जो देशघाति द्विस्थानीय स्वरूप होकर दारुसमान अनुभागके अनन्तवें भागरूपसे अवस्थित उत्कृष्ट स्वरूप एक प्रकारका सर्वत्र होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें दर्शनमोहनीयकी तीनों कर्म प्रकृतियोंकी उपशान्त अवस्थामें क्या व्यवस्था रहती है यह स्पष्ट किया गया है। अकेले मिथ्यात्व, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व या तीनों कर्म प्रकृतियोंकी प्रथम स्थितिके गल जानेके अनन्तर समयमें जीवके अन्तरायाममें प्रवेश करनेपर उक्त तीनों प्रकृतियोंकी अन्तरायामके ऊपर द्वितीय स्थितिमें अपने-अपने स्थितिविशेषोंके साथ जितनी स्थिति प्राप्त होती है वह सब उपशान्त रहती है अर्थात् प्रथमोपशमके कालके अन्तिम समय तक उदयके अयोग्य रहती है। यहाँ मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रमण तो होता है पर उन स्थितिविशेषोंकी अपकर्षणपूर्वक उदीरणा नहीं होती यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अनुभाग उन तीनों प्रकृतियोंके अपने-अपने स्थितिविशेषोंमें अपने-अपने योग्य द्विस्थानीय एक प्रकारका होता है। अर्थात् मिथ्यात्वका घात करनेसे शेष बचा सर्वघाति द्विस्थानीय अनुभाग सब स्थितिविशेषोंमें समान होता है। अन्तरायामके ऊपर प्रथम जघन्य स्थितिमें जो सर्वघाति द्विस्थानीय अनुभाग होता है वही उससे ऊपरकी मिथ्यात्वसम्बन्धी अन्य सब स्थितियोंमें होता है। सम्यग्मिथ्यात्वके सब स्थितिविशेषोंमें भी इसीप्रकार एक प्रकारका द्विस्थानीय सर्वघाति अनुभाग होता है। किन्तु वह मिथ्यात्वके अनुभागसे अनन्तगुणा हीन होता है। सम्यक्त्व प्रकृति देशघाति है, इसलिये उसके सब स्थितिविशेषोंमें देशघाति द्विस्थानीय एक प्रकारका अनुभाग होकर भी वह सम्यग्मिथ्यात्वके अनुभागसे अनन्तगुणा हीन होता है। साथ ही यह उत्कृष्ट होता है। यह सब उक्त गाथाका तात्पर्य है।

§ २००. अब दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाले जीवके उस अवस्थामें ज्ञानावरणादि कर्मोंका बन्ध किंनिमित्तक होता है इसप्रकार इस अर्थविशेषका निर्धारण करनेके लिये आगेका गाथासूत्र आया है—

---

१. ता०प्रतौ णाणारिसो इति पाठः।

पूज्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज

(४८) मिच्छत्तपच्चयो खलु बंधो उवसामगस्स बोद्धव्वो।
उवसंते आसाणे तेण परं होइ भजियव्वो ॥१०१॥

§ २०१. मिच्छत्तं पच्चओ कारणं जस्स सो मिच्छत्तपच्चओ खलु परिप्फुडं बंधो दंसणमोहोवसामगस्स जाव पढमट्ठिदिचरिमसमयो त्ति ताव बोद्धव्वो। केसिं कम्माणं बंधो? मिच्छत्तस्स णाणावरणादिसेसकम्माणं च। जइ वि एत्थ सेसाणं असंजम-कसाय-जोगाणं पच्चयत्तमत्थि तो वि मिच्छत्तस्सेव पहाणभावविवक्खाए एवं परूविदमिदि घेत्तव्वं, उवरि मिच्छत्तपच्चयस्साभावपदुप्पायणपरत्तादो। 'उवसंते आसाणे' दंसणमोहणीए उवसंते अंतरं पविट्ठपढमसमयप्पहुडि मिच्छत्तपच्चयस्स आसाणमेव विणासो चेव, ण तत्थ मिच्छत्तपच्चओ अत्थि त्ति वुत्तं होइ। अथवा 'उवसंते' उवसंतदंसणमोहणीये सम्माइट्ठिम्मि आसाणे[1] सासणसम्माइट्ठिम्मि य मिच्छत्तपच्चओ णत्थि त्ति वक्कसेसं कादूण सुत्तत्थो समत्थेयव्वो। 'तेण परं होइ भजियव्वो' तत्तो परमुवसंतद्धाए णिट्ठिदाए मिच्छत्तपच्चओ भजियव्वो। किं कारणं? उवसमसम्मत्तद्धाए खीणाए तिण्ह-

---

दर्शनमोहनीयका उपशम करनेवाले जीवके नियमसे मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध जानना चाहिए। किन्तु उसके उपशान्त रहते हुए मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध नहीं होता तथा उपशान्त अवस्थाके समाप्त होनेके बाद मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध भजनीय है ॥ ७–१०१ ॥

§ २०१ मिथ्यात्व है प्रत्यय अर्थात् कारण जिसका वह मिथ्यात्वप्रत्यय बन्ध 'खलु' अर्थात् स्पष्टरूपसे दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके प्रथम स्थितिके अन्तिम समय तक जानना चाहिए।

शंका—किन कर्मोंका बन्ध?

समाधान—मिथ्यात्व और ज्ञानावरणादि शेष कर्मोंका।

यद्यपि यहाँपर (मिथ्यात्व गुणस्थानमें) शेष असंयम, कषाय और योगका प्रत्ययपना है तो भी मिथ्यात्वकी ही प्रधानताकी विवक्षामें इस प्रकार कहा है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि ऊपरके गुणस्थानोंमें मिथ्यात्वनिमित्तक बन्धके अभावका कथन परक यह वचन है। 'उवसंते आसाणे' दर्शनमोहनीयके उपशान्त होने पर अन्तरायाममें प्रवेश करनेके प्रथम समयसे लेकर मिथ्यात्वनिमित्तक बन्धका आसान अर्थात् विनाश हो है। वहाँ मिथ्यात्व निमित्तक बन्ध नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा 'उवसंते' दर्शनमोहनीयके उपशान्त होनेपर सम्यग्दृष्टि जीवके और 'आसाणे' अर्थात् सासादन सम्यग्दृष्टि जीवके 'मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध नहीं होता' इतना वाक्यशेषका योग करके सूत्रार्थका समर्थन करना चाहिए। 'तेण परं होइ भजियव्वो' अर्थात् उसके बाद उपशम सम्यक्त्वके कालके समाप्त होनेपर मिथ्यात्वनिमित्तिक बन्ध भजनीय है, क्योंकि उपशम सम्यक्त्वके

---

१. ता०प्रतौ सम्माइट्ठिम्मि य मिच्छत्ते आसाणे इति पाठः।

मण्णदरस्स कम्मस्स उदयसंभवे सिया मिच्छत्तपच्चओ, सिया अण्णपच्चओ त्ति तत्थ भयणिज्जत्ते विरोहाणुवलंभादो ।

§ २०२. एवमुवसामगस्स पच्चयपरूवणं कादूण संपहि मिच्छत्तपच्चएणेव

कालके क्षीण होनेपर दर्शनमोहकी तीनों प्रकृतियोंमेंसे किसी एक कर्मका उदय सम्भव होनेपर कदाचित् मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध होता है, कदाचित् अन्यनिमित्तक बन्ध होता है, इसलिये उस अवस्थामें भजनीय होनेमें विरोध नहीं उपलब्ध होता ।

विशेषार्थ—कर्मबन्धके कारण चार हैं—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग। तत्त्वार्थसूत्र आदिमें बन्धके प्रमादसहित पाँच कारण बतलाये हैं। किन्तु यहाँ पर टीकामें प्रमादका कषायमें अन्तर्भाव करके चार कारण परिगणित किये गये हैं। इनमेंसे पूर्व-पूर्वके कारणके रहनेपर आगे-आगेके कारण होते ही हैं। जैसे मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्व निमित्तक बन्ध होनेपर वह अविरति, कषाय और योगनिमित्तक भी होता है ऐसा यहाँ जानना चाहिए। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही मिथ्यात्वनिमित्तक बन्ध होता है, आगेके गुणस्थानोंमें नहीं। इसी प्रकार पाँचवें गुणस्थान तक अविरति निमित्तक बन्ध होनेपर वहाँ कषाय और योगका निमित्तपना है ही ऐसा समझना चाहिए। आगेके गुणस्थानोंमें अविरतिनिमित्तक बन्धका अभाव है। तथा दसवें गुणस्थान तक कषाय-निमित्तक बन्ध होनेपर वहाँपर योगकी निमित्तता है ही, क्योंकि इससे आगेके गुणस्थानोंमें कषायनिमित्तक बन्धका अभाव है। आगे तेरहवें गुणस्थान तक एक मात्र योगनिमित्तक बन्ध होता है। वहाँ बन्धके अन्य कारणोंका अभाव है। इसप्रकार कर्मबन्धके कहाँ कितने कारण हैं इसे समझ कर मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही मिथ्यात्वनिमित्तक बन्धकी मुख्यता है यह बतलानेके लिये उक्त गाथासूत्रकी रचना हुई है। वहाँ मिथ्यात्व और ज्ञानावरणादि जितने कर्मोंका बन्ध होता है वह गाथासूत्रमें मिथ्यात्वनिमित्तक इसी अभिप्रायसे कहा है। इससे आगेके गुणस्थानोंमें मिथ्यात्व निमित्तक बन्ध नहीं होता यह बतलानेके लिये गाथासूत्रमें 'उवसंते आसाणे' इस तृतीय चरणकी रचना हुई है। इसके दो अर्थ हैं, जिनका स्पष्टीकरण टीकामें किया ही है। तथा उपशान्त अवस्थाके समाप्त होनेके बाद इस जीवके दर्शनमोह-नीयकी तीन प्रकृतियोंमेंसे जिस प्रकृतिका उदय होता है उसके अनुसार वहाँ यथासम्भव बन्धकारणकी मुख्यता होती है। यदि वह जीव मिथ्यात्वके उदयके साथ मिथ्यादृष्टि हो जाता है तो मिथ्यात्व निमित्तक बन्धकी मुख्यता रहती है और यदि सम्यग्मिथ्यात्वके उदयके साथ सम्यग्मिथ्यादृष्टि या सम्यक्त्वप्रकृतिके उदयके साथ वेदक सम्यग्दृष्टि हो जाता है तो अविरतिनिमित्तक बन्धकी मुख्यता रहती है। यही कारण है कि उक्त गाथासूत्रके चौथे चरणमें उपशान्त अवस्थाके समाप्त होनेके बाद मिथ्यात्वनिमित्तक बन्धको भजनीय कहा है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि वेदक सम्यक्त्व सातवें गुणस्थान तक होता है, अतः जहाँ जिस कारणकी मुख्यता बने उसके अनुसार वहाँ उसकी मुख्यतासे बन्ध समझना चाहिए। यथा—चौथे-पाँचवें गुण-स्थानमें अविरतिकी मुख्यतासे बन्ध होता है तथा छठे-सातवें गुण-स्थानमें अविरतिका अभाव होकर कषायकी मुख्यतासे बन्ध होता है।

§ २०२. इस प्रकार उपशामकके बन्धके कारणका कथन करके अब दर्शनमोहनीयका

दंसणमोहणीयस्स बंधो होइ, तेण विणा सेसपच्चएहिं तब्बंधो णत्थि त्ति जाणावणट्ठ-मुत्तरगाहासुत्तावयारो[2]—

(४९) सम्मामिच्छाइट्ठी दंसणमोहस्सऽबंधगो होइ।
वेदयसम्माइट्ठी खीणो वि अबंधगो होइ ॥१०२॥

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०३. मिच्छाइट्ठी चेव[3] दंसणमोहणीयस्स मिच्छत्तपच्चएण बंधगो होइ, णाण्णो। तेण सम्मामिच्छाइट्ठी वा वेदयसम्माइट्ठी वा खइयसम्माइट्ठी वा, अविसद्देण उवसमसम्माइट्ठी वा सासणसम्माइट्ठी वा णियमा दंसणमोहस्स अबंधगो होदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसमुच्चयो घेत्तव्वो। अधवा जहा मिच्छाइट्ठी मिच्छत्तोदएण मिच्छत्तस्सेव बंधगो होदि त्ति भणिदो, किमेवं सम्मामिच्छाइट्ठी वेदगसम्माइट्ठी च सम्मामिच्छत्त-वेदग-सम्मत्ताणमुदएण ताणि चेव सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि जहारिहं बंधइ आहो ण बंधदि त्ति भणिदे ताणि ण बंधदि त्ति जाणावणट्ठमेदं गाहासुत्तमवइण्णमिदि वक्खाणेयव्वं, सम्मामिच्छाइट्ठि-वेदगसम्माइट्ठीसु दंसणमोहणीयबंधाभावस्स मुत्तकंठमिहोवइट्ठत्तादो। णवरि 'खीणो वि अबंधगो होदि' त्ति एदं पदं खइयसम्माइट्ठिम्मि दंसणमोहणीयबंधा-

---

बन्ध मिथ्यात्वके निमित्तसे ही होता है, उसके बिना शेष कारणोंसे दर्शनमोहनीयका बन्ध नहीं होता इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके गाथासूत्रका अवतार हुआ है—

सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहनीयका अबन्धक होता है। तथा वेदकसम्य-ग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि तथा 'अपि शब्द द्वारा परिगृहीत उपशमसम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीव भी दर्शनमोहनीयका अबन्धक होता है। ८-१०२।

§ २०३. मिथ्यादृष्टि जीव ही दर्शनमोहनीयका मिथ्यात्वके निमित्तसे बन्धक होता है, अन्य नहीं। इससे सम्यग्मिथ्यादृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि तथा 'अपि' शब्दसे उपशमसम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि दर्शनमोहका नियमसे अबन्धक होता है इस प्रकार यह सूत्रार्थका समुच्चय ग्रहण करना चाहिए। अथवा जिस प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्वके उदयसे मिथ्यात्वका ही बन्धक होता है ऐसा कहा है उसी प्रकार क्या सम्यग्मिथ्यादृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्व और वेदकसम्यक्त्वके उदयसे उन्हीं सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको यथायोग्य बाँधता है या नहीं बाँधता ऐसा प्रश्न करने पर नहीं बांधता इस बातका ज्ञान करानेके लिये यह गाथासूत्र अवतीर्ण हुआ है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि सम्यग्मिथ्यादृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दर्शनमोहनीय-के बन्धके अभावका मुक्तकण्ठ होकर इस गाथासूत्रमें उपदेश दिया गया है। इतनी विशेषता है कि 'खीणो वि अबंधगो होदि' इस प्रकार इस पदका प्रयोजन क्षायिकसम्यग्दृष्टिके दर्शनमोहनीय-

---

१. ता०प्रतौ बंधो होइ इतोऽग्रे 'मिच्छाइट्ठी चेव दंसणमोहणीयस्स मिच्छत्तपच्चयेण बंधगो होइ' अयं पाठः समुपलभ्यते। २. ता०प्रतौ—णट्ठगाहासुत्तावयारो इति पाठः।

२. ता०प्रतौ 'चेव' इति पाठो नास्ति।

भावपदुप्पायणफलमणुत्तसिद्धं पि मंदबुद्धिसिस्सजणाणुग्गहणट्ठमुवइट्ठमिदि गहेयव्वं ।

(५०) अंतोमुहुत्तमद्धं सव्वोवसमेण होइ उवसंतो ।
तत्तो परमुदयो खलु तिण्णेक्कदरस्स कम्मस्स ॥१०३॥

§ २०४. एसा गाहा दंसणमोहणीयस्स सव्वोवसमेणावट्ठाणकालपमाणावहारणट्ठमागया । तं जहा—एत्थंतोमुहुत्तमद्धमिदि वुत्ते अंतरदीहत्तस्स संखेज्जदिभागमेत्तो कालो गहेयव्वो । कुदो एदमवगम्मदे ? पुव्वपरूविदप्पाबहुआदो । सव्वोवसमेणे त्ति

के बन्धके अभावका कथन करना है जो अनुक्तसिद्ध है, फिर भी मन्दबुद्धि शिष्यजनोंका अनुग्रह करनेके लिये इसका उपदेश दिया है ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

विशेषार्थ—उक्त गाथासूत्रमें किन जीवोंके दर्शनमोहनीयका बन्ध नहीं होता इसका निर्देश करते हुए बतलाया है कि सम्यग्मिथ्यादृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव दर्शनमोहनीयका बन्ध नहीं करता। तथा गाथासूत्रमें आये हुए 'अपि' शब्द द्वारा यह भी सूचित किया है कि उपशमसम्यग्दृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि भी दर्शनमोहनीयका बन्ध नहीं करता। टीकामें इस सूत्रकी रचनाका एक प्रयोजन यह भी बतलाया है कि जिस प्रकार मिथ्यात्वके उदयसे मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्वका बन्धक होता है उसीप्रकार क्या सम्यग्मिथ्यात्वके उदयसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्वका और वेदकसम्यक्त्वके उदयसे वेदकसम्यग्दृष्टि जीव सम्यक्त्वका बन्धक होता है या नहीं होता ऐसा प्रश्न होने पर उक्त गाथासूत्र इसका निषेध करनेके लिये आया है। तात्पर्य यह है उपशमसम्यक्त्वके काल-में ही सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वकी संक्रमद्वारा सत्ता प्राप्त होती है, अन्य भावके कालमें नहीं। अब यदि कोई यह प्रश्न करे कि जिस प्रकार मिथ्यात्वके उदयसे मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्वका बन्धक होता है उस प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व के उदयसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव सम्यग्मिथ्यात्वका या सम्यक्त्वके उदयसे वेदकसम्यग्दृष्टि जीव सम्यक्त्वका संक्रामक (कर्म-बन्धक) होता है क्या ? तो इस प्रश्नका समाधान करनेके लिये उक्त गाथासूत्रमें यह कहा गया है कि सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहरूप सम्यग्मिथ्यात्वका अबन्धक है। उसी प्रकार वेदकसम्यग्दृष्टि जीव दर्शनमोहरूप सम्यक्त्वका अबन्धक है। क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीव उक्त तीनों प्रकृतियोंका क्षय कर चुका है, इसलिए वह इनका अबन्धक होता ही है। फिर भी मन्दबुद्धि शिष्योंको ज्ञान करानेके लिये गाथासूत्रमें इस विषयका अलगसे विधान किया है।

सभी दर्शनमोहनीय कर्मोंका उदयाभावरूप उपशम होनेसे वे अन्तर्मुहूर्त काल तक उपशान्त रहते हैं। उसके बाद तीनोंमेंसे किसी एक कर्मका नियमसे उदय होता है ॥ ९–१०३ ॥

§ २०४. यह गाथा दर्शनमोहनीय कर्मके सर्वोपशमसे अवस्थान कालके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये आई है। यथा—यहाँ गाथासूत्रमें 'अंतोमुहुत्तमद्धं' ऐसा कहने पर अन्तरायामका संख्यातवाँ भागप्रमाण काल लेना चाहिए।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

वुत्ते सव्वेसिं दंसणमोहणीयकम्माणमुवसमेणे त्ति घेत्तव्वं, मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं तिण्णं पि कम्माणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविहत्ताणमेत्थुवसंतभावेणावट्ठाणदंसणादो। 'तत्तो परमुदयो खलु' ततः परं दर्शनमोहभेदानां त्रयाणां कर्मणामन्यतमस्य नियमेनोदयपरिप्राप्तिरित्युक्तं भवति। तदो उवसंतद्धाए खीणाए तिण्हं कम्माणमण्णदरं जं वेदेदि तमोकड्डियूणुदयावलियं पवेसेदि, असंखेज्जलोगपडिभागेण उदयावलियबाहिरे च एगगोवुच्छसेढीए णिक्खेवं करेइ। सेसाणं च दोण्हं कम्माणमुदयावलियबाहिरे एगगोवुच्छायारेण णिक्खेवं करेइ। एवं तिण्हमण्णदरस्स कम्मस्स उदयपरिणामेण मिच्छाइट्ठी सम्मामिच्छाइट्ठी वेदयसम्माइट्ठी वा होदि त्ति एसो गाहापच्छद्धे सुत्तत्थसमुच्चओ।

§ २०५. संपहि अणादियमिच्छाइट्ठी सम्मत्तमुप्पाएमाणो णियमा तिण्णि वि करणाणि कादूण सव्वोवसमेणेव परिणदो सम्मत्तमुप्पाएदि। सादियमिच्छाइट्ठी वि जो

समाधान—पूर्वमें कहे गये अल्पबहुत्वसे जाना जाता है।

गाथासूत्रमें 'सव्वोवसमेण' ऐसा कहने पर सभी दर्शनमोहनीय कर्मोंके उपशमसे ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशरूपसे विभक्त मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन तीनों ही कर्मोंका यहाँ पर उपशान्तरूपसे अवस्थान देखा जाता है। 'तत्तो परमुदयो खलु' अर्थात् उसके बाद दर्शनमोहके भेदरूप तीनों कर्मोंमेंसे किसी एकके नियमसे उदयकी प्राप्ति होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसके बाद उपशान्त कालके क्षीण होने पर तीनों कर्मोंमेंसे अन्यतर जिस कर्मका वेदन करता है उसको अपकर्षण कर उदयावलिमें प्रविष्ट करता है तथा असंख्यात लोकके प्रतिभागरूपसे उदयावलिके बाहर एक गोपुच्छाकार पंक्तिरूपसे निक्षेप करता है। तथा शेष दोनों कर्मोंका उदयावलिके बाहर एक गोपुच्छाकाररूपसे निक्षेप करता है। इस प्रकार तीनोंमेंसे किसी एक कर्मका उदयपरिणाम होनेसे मिथ्यादृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि या वेदकसम्यग्दृष्टि होता है इस प्रकार यह गाथाका उत्तरार्धसम्बन्धी सूत्रके अर्थका समुच्चय है।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें दर्शनमोहनीयकी तीनों प्रकृतियाँ कितने काल तक उपशान्त रहती हैं और उसके बाद इन तीनों प्रकृतियोंका क्या होता है इस बातका विचार करते हुए बतलाया गया है कि ये तीनों प्रकृतियाँ अन्तरायामके संख्यातवें भागप्रमाण अन्तर्मुहूर्त काल तक उपशम होनेसे उपशान्त रहती हैं। गाथामें सर्वोपशम पाठ आया है। उसका इतना ही तात्पर्य है कि उपशम सम्यग्दृष्टिके दर्शनमोहनीयकी सब प्रकृतियोंका उदयाभावरूप उपशम होता है। दर्शनमोहनीयकी सब प्रकृतियोंसम्बन्धी प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश चारों ही अन्तर्मुहूर्त काल तक उदयके अयोग्य हो जाते हैं यही यहाँ सर्वोपशम है। उसके बाद तीनोंमेंसे किसी एक प्रकृतिका नियमसे उदय होता है। जिसका उदय होता है उसका उदय समयसे अपकर्षण होकर निक्षेप होता है और जिन दो प्रकृतियोंका उदय नहीं होता उनका उदयावलिके बाहर अपकर्षण होकर निक्षेप होता है।

§ २०५. अब अनादि मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको उत्पन्न करता हुआ नियमसे तीनों ही करणोंको करके सर्वोपशमरूपसे ही परिणत होकर सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है तथा सादि

विप्पकिट्ठंतरेण सम्मत्तमुप्पाएइ सो वि सव्वोवसमेणेव सम्मत्तं समुप्पाएदि। तदण्णो पुण देस-सव्वोवसमेहिं भजियव्वो त्ति एवंविहस्स अत्थविसेसस्स णिण्णयविहाणट्ठमुत्तरं गाहासुत्तमुवइट्ठं—

(५१) सम्मत्तपढमलंभो सव्वोवसमेण तह वियट्टेण।
भजियव्वो य अभिक्खं सव्वोवसमेण देसेण ॥१०४॥

§ २०५. जो अणादिमिच्छाइट्ठिसम्मत्तपढमलंभो सो सव्वोवसमेणेव होइ, तत्थ पयारंतरासंभवादो। 'तह वियट्टेण' मिच्छत्तं गंतूण जो बहुअं कालमंतरिदूण सम्मत्तं पडिवज्जइ सो वि सव्वोवसमेणेव पडिवज्जइ। एदस्स भावत्थो—सम्मत्तं घेत्तूण पुणो मिच्छत्तं पडिवज्जिय सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि उव्वेल्लिदूण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तकालेण वा अद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालेण वा जो सम्मत्तं पडिवज्जइ, सो वि सव्वोवसमेणेव पडिवज्जइ त्ति भणिदं होइ। 'भजियव्वो य अभिक्खं' जो पुण सम्मत्तादो परिवडिदो संतो लहुमेव पुणो पुणो सम्मत्तग्गहणाभिमुहो होइ सो सव्वोवसमेण वा देसोवसमेण वा सम्मत्तं पडिवज्जइ। किं कारणं? जइ वेदगपाओग्गकालब्भंतरे चेव सम्मत्तं पडिवज्जइ तो देसोवसमेण अण्णहा पुण सव्वोवसमेण पडिवज्जइ

मिथ्यादृष्टि जीव भी विप्रकृष्ट अन्तरसे सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है वह भी सर्वोपशमद्वारा ही सम्यक्त्वको उत्पन्न करता है। उससे अन्य जीव तो देशोपशम और सर्वोपशमरूपसे भजनीय है इस तरह इस प्रकारके अर्थविशेषका निर्णय करनेके लिए आगेके गाथासूत्रका उपदेश दिया है—

सम्यक्त्वका प्रथम लाभ सर्वोपशमसे ही होता है तथा विप्रकृष्ट जीवके द्वारा भी सम्यक्त्वका लाभ सर्वोपशमसे ही होता है। किन्तु शीघ्र ही पुनः पुनः सम्यक्त्वको प्राप्त करनेवाला जीव सर्वोपशम और देशोपशमसे भजनीय है ॥ १०—१०४ ॥

§ २०५. जो अनादि मिथ्यादृष्टिके सम्यक्त्वका प्रथम लाभ होता है वह सर्वोपशमसे ही होता है, क्योंकि उसके अन्य प्रकारसे सम्यक्त्वकी प्राप्ति सम्भव नहीं है। 'तह वियट्टेण' अर्थात् मिथ्यात्वको प्राप्त कर जो बहुत कालका अन्तर देकर सम्यक्त्वको प्राप्त करता है वह भी सर्वोपशमसे ही प्राप्त करता है। इसका भावार्थ—सम्यक्त्वको ग्रहण कर पुनः मिथ्यात्वको प्राप्त होकर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उद्वेलना कर पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कालद्वारा या अर्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कालद्वारा जो सम्यक्त्वको प्राप्त करता है वह भी सर्वोपशमसे ही प्राप्त करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'भजियव्वो य अभिक्खं' अर्थात् जो सम्यक्त्वसे पतित होता हुआ शीघ्र ही पुनः पुनः सम्यक्त्वके ग्रहणके अभिमुख होता है वह सर्वोपशमसे अथवा देशोपशमसे सम्यक्त्वको प्राप्त करता है, क्योंकि यदि वह वेदक प्रायोग्य कालके भीतर ही सम्यक्त्वको प्राप्त करता है तो देशोपशमसे अन्यथा सर्वोपशमसे

त्ति तत्थ भयणिज्जत्तदंसणादो। तत्थ सव्वोवसमो णाम तिण्हं कम्माणमुदयाभावो सम्मत्तदेसघादिफद्दयाणमुदओ देसोवसमो त्ति भण्णदे।

(५२) सम्मत्तपढमलंभस्साणंतरं पच्छदो य मिच्छत्तं।
लंभस्स अपढमस्स दु भजियव्वो पच्छदो होदि ॥१०५॥

§ २०६. एसा गाहा सम्मत्तं गेण्हमाणस्साणंतरं पच्छदो मिच्छत्तोदयणियमो किमत्थि आहो णत्थि त्ति पुच्छाए णिण्णयकरणट्ठमागया। एदिस्से अत्थो उच्चदे। तं जहा—सम्मत्तस्स जो पढमलंभो अणादियमिच्छाइट्ठिविसओ तस्साणंतरं पच्छदो अणंतरपच्छिमावत्थाए मिच्छत्तमेव होइ, तत्थ जाव पढमट्ठिदिचरिमसमओ त्ति ताव मिच्छत्तोदयं मोत्तूण पयारंतरासंभवादो। 'लंभस्स अपढमस्स दु' जो खलु अपढमो सम्मत्तपडिलंभो तस्स पच्छदो मिच्छत्तोदयो भजियव्वो होइ। सिया मिच्छाइट्ठी होदूण वेदयसम्मत्तमुवसमसम्मत्तं वा पडिवज्जइ, सिया सम्मामिच्छाइट्ठी होदूण वेदयसम्मत्तं पडिवज्जइ त्ति भावत्थो।

प्राप्त करता है इस प्रकार वहाँ भजनीयपना देखा जाता है। उनमेंसे तीनों कर्मोंके उदयाभावका नाम सर्वोपशम है और सम्यक्त्व देशघाति प्रकृतिके स्पर्धकोंका उदय देशोपशम कहलाता है।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें किसीके कौन सम्यक्त्व होता है इसका विधान किया गया है। अनादि मिथ्यादृष्टिके और जिसका वेदककाल व्यतीत हो गया है ऐसे किसी भी सादि मिथ्यादृष्टिके सर्वोपशमसे प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी ही प्राप्ति होती है। किन्तु जो सादि मिथ्यादृष्टि जीव वेदक कालके भीतर अवस्थित है ऐसा सादि मिथ्यादृष्टि जीव देशोपशमसे वेदकसम्यक्त्वको ही प्राप्त करता है। शेष कथन सुगम है।

सम्यक्त्वके प्रथम लाभके अनन्तर पूर्व पिछले समयमें मिथ्यात्व ही होता है। अप्रथम लाभके अनन्तर पूर्व पिछले समयमें मिथ्यात्व भजनीय है ॥ ११-१०५ ॥

§ २०६. यह गाथा सम्यक्त्वको ग्रहण करनेवाले जीवके अनन्तर पूर्व पिछले समयमें क्या मिथ्यात्वका उदय है अथवा नहीं है ऐसी पृच्छा होने पर उसका निर्णय करनेके लिए आई है। अब इसका अर्थ कहते हैं। यथा—अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके सम्यक्त्वका जो प्रथम लाभ होता है उसके 'अणंतरं पच्छदो' अर्थात् अनन्तरपूर्व पिछली अवस्थामें मिथ्यात्व ही होता है, क्योंकि उसके प्रथम स्थितिका अन्तिम समय प्राप्त होने तक मिथ्यात्वके उदयको छोड़ कर प्रकारान्तर सम्भव नहीं है। 'लंभस्स अपढमस्स दु' अर्थात् जो नियमसे अप्रथम अर्थात् द्वितीयादि बार सम्यक्त्वका लाभ है उसके अनन्तरपूर्व पिछली अवस्थामें मिथ्यात्वका उदय भजनीय है। कदाचित् मिथ्यादृष्टि होकर वेदकसम्यक्त्व या उपशमसम्यक्त्वको प्राप्त करता है और कदाचित् सम्यग्मिथ्यादृष्टि होकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त करता है यह उक्त गाथासूत्रका भावार्थ है।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें जो अनादि मिथ्यादृष्टि जीव पहली बार सम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसके सम्यक्त्वको प्राप्त करनेके अनन्तरपूर्व पिछली अवस्थामें कौनसा भाव होता

§ २०७. संपहि दंसणमोहोवसामणासंबंधेण दंसणमोहणीयस्स कम्मस्स कदम्मि अवत्थाविसेसे कधं संकमो होइ अकदम्मि होइ त्ति अवत्थविसेसपरूवणाफुडीकरणट्ठ-मुवरिमगाहासुत्तमुवइण्णं—

(५३) कम्माणि जस्स तिण्णि दु णियमा सो संकमेण भजियव्वो।
एयं जस्स दु कम्मं संकमणे सो ण भजियव्वो ॥१०६॥

हैं तथा जो सादि मिथ्यादृष्टि द्वितीयादि बार सम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसके सम्यक्त्वको प्राप्त करनेके अनन्तर पूर्व पिछली अवस्थामें कौनसा भाव होता है इसका विधान किया गया है। गाथाके पूर्वार्धमें 'अणंतरं पच्छदो' पाठ आया है तथा उत्तरार्धमें मात्र 'पच्छदो' शब्द आया है। इनमेंसे 'अणंतरं' पाठ तो ऐसा है जिसे अन्य पदके साथ विवक्षित भावसे आगेके भाव-को सूचित करनेके लिये भी लागू किया जा सकता है और अन्य पदके साथ विवक्षित भावसे पिछले भावको सूचित करनेके लिये भी लागू किया जा सकता है। जैसे 'अनन्तर पिछला' कहनेसे अव्यवहित पूर्व पिछले भावका ग्रहण होता है और 'अनन्तर उत्तर' कहनेसे अव्यवहित उत्तर भावका ग्रहण होता है। 'अनन्तर' पद स्वयं न तो पिछले भावको सूचित करता है और न ही उत्तर भावको। अतः प्रकृतमें 'पच्छदो' पाठका क्या अर्थ है इसका आगममें प्रयुक्त हुए 'पच्छ' तथा 'पच्छिम' शब्दोंका वहाँ जो अर्थ लिया गया है उसे ध्यानमें रख कर विचार होना चाहिए। इसके लिये सर्व प्रथम हम तीन आनुपूर्वियोंको लेते हैं। इनमें एक 'पच्छाणुपुव्वी' भी है। इस द्वारा गणना करनेपर अन्तिम भावसे गणनाक्रमसे पिछले भाव लिये जाते हैं। यहाँ 'पच्छ' शब्द गणनाक्रमसे आगेके भावोंकी अपेक्षा पिछले भावोंको सूचित करता है। उसी प्रकार प्रकृतमें भी 'अणंतरं पच्छदो' का अर्थ करने पर प्रथमोपशम सम्यक्त्वसे अव्य-वहितपूर्व पिछले भावका ही ग्रहण होगा। इससे यह अर्थ सुतरां फलित हो जाता है कि प्रथमो-पशम सम्यक्त्वसे अव्यवहित पूर्व पिछले समयमें एकमात्र मिथ्यात्व भाव ही होता है। प्रथमो-पशमके बाद कौन भाव होता है इसका सूचन करना इस गाथाका तात्पर्य नहीं है। इसका सूचन गाथा क्रमांक १०३ में पहले ही सूत्रकार कर आये हैं। तथा 'पच्छिम' शब्दको ध्यानमें रख कर विचार करने पर भी यही अर्थ फलित होता है। उदाहरणार्थ जयधवला पु० ६ पृ० १६७ और २८३ के चूर्णिसूत्रों पर दृष्टिपात करनेसे विदित होता है कि उन सूत्रोंमें 'अन्तिम' अर्थको सूचित करनेके लिये 'अपच्छिम' शब्दका प्रयोग हुआ है, 'पच्छिम' शब्दका नहीं। स्पष्ट है कि 'पच्छिम' शब्द विवक्षित भावसे पिछले भावको ही सूचित करता है। उक्त गाथामें आये हुए 'पच्छदो' शब्दका भी यही आशय लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ २०७. अब दर्शनमोहकी उपशामनाके सम्बन्धसे दर्शनमोहनीय कर्मका किस अवस्था-विशेषमें किस प्रकार संक्रम होता है अथवा नहीं होता है इसप्रकार इस अर्थविशेषका स्पष्टीकरण करनेके लिए आगेका गाथासूत्र आया है—

जिस जीवके दर्शनमोहके तीन या दो कर्म सत्तामें होते हैं वह नियमसे संक्रम-की अपेक्षा भजनीय है। किन्तु जिस जीवके एक ही कर्म सत्तामें होता है वह संक्रम-की अपेक्षा भजनीय नहीं है ॥ १२-१०६ ॥

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागरजी महाराज

§ २०८. अस्य गाथासूत्रस्यार्थ उच्यते—जस्स जीवस्स तिण्णि कम्माणि मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तसण्णिदाणि, 'दु' सद्देण दोण्णि वा मिच्छत्त-सम्मत्ताणमेण्णदरेण विणा जस्सत्थि सो णियमा णिच्छएण संकमेण भजियव्वो, सिया दंसणमोहस्स संकामओ होइ, सिया च ण होइ त्ति तत्थ भयणाए फुडमुवलंभादो। तं जहा—मिच्छाइट्ठि-सम्माइट्ठीसु तिण्णि संतकम्माणि होदूण दोण्हं संकमो भवदि, सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं च जहाकमं तत्थ संकंतिदंसणादो। पुणो सासणसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीसु तिण्णि संतकम्माणि होदूण तत्थेगस्स वि दंसणमोहकम्मस्स संकमो णत्थि, तत्थ तस्संकमणसत्तीए अच्चंताभावेण पडिसिद्धत्तादो। तहा सम्मत्तमुव्वेल्लेमाणस्स जाधे आवलियपविट्ठं ताधे मिच्छाइट्ठिस्स तिण्णि संतकम्माणि होदूणेगस्सेव संकमो होइ। मिच्छत्तं वा खविज्जमाणं जाधे उदयावलियबाहिरं सव्वं खविदं ताधे सम्मादिट्ठिम्मि तिण्हं संतकम्मं होदूणेक्कस्सेव संकमो होइ। एदेण कारणेण दंसणमोहणीयस्स तिविहसंतकम्मिओ सिया दोण्हं एक्किस्से वा संकामओ होइ, सिया ण कस्स वि संकामओ त्ति भयणीयत्तं सिद्धं।

§ २०९. संपहि दुविहसंतकम्मियस्स संकमावेक्खाए भयणिज्जत्तं वुच्चदे, खविद-मिच्छत्त-वेदगसम्माइट्ठिम्मि सम्मत्तं वा उव्वेल्लेयूण ट्ठिदमिच्छाइट्ठिम्मि दोण्णि संतकम्माणि होदूणेक्कस्स संकमो भवदि जाव सम्मामिच्छत्तं खविज्जमाणमुव्वेल्लिज्जमाणं

§ २०८. अब इस गाथासूत्रका अर्थ कहते हैं—जिस जीवके मिथ्यात्व, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व संज्ञावाले तीन कर्म तथा गाथामें पठित 'तु' शब्द द्वारा सूचित जिस जीवके मिथ्यात्व और सम्यक्त्व इनमेंसे किसी एकके विना दो कर्म हैं वह 'णियमा' अर्थात् निश्चयसे संक्रमकी अपेक्षा भजितव्य है, कदाचित् दर्शनमोहका संक्रामक होता है और कदाचित् नहीं होता है इसप्रकार वहाँ भजितव्यपनेकी स्पष्टरूपसे उपलब्धि होती है। यथा—मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि जीवोंमें तीन सत्कर्म होकर दोका संक्रम होता है, क्योंकि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका तथा मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका वहाँ क्रमसे संक्रम देखा जाता है। किन्तु सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें तीनों कर्मोंकी सत्ता होकर वहाँ एक भी दर्शनमोहनीय कर्मका संक्रम नहीं होता, क्योंकि इन दोनों गुणस्थानोंमें संक्रमण शक्तिका अत्यन्त अभाव होनेसे वहाँ उनका संक्रमण प्रतिषिद्ध है। तथा उद्वेलना करनेवाले जीवके जब सम्यक्त्व उदयावलिमें प्रविष्ट होता है तब मिथ्यादृष्टि जीवके तीन सत्कर्म होते हुए भी एकका ही संक्रम होता है। अथवा क्षयको प्राप्त होता हुआ उदयावलिके बाहर का सब मिथ्यात्व कर्म जब क्षयको प्राप्त हो जाता है तब सम्यग्दृष्टि जीवके तीन कर्मोंकी सत्ता होते हुए एकका ही संक्रम होता है। इस कारणसे दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंकी सत्तावाला जीव कदाचित् दोका और कदाचित् एकका संक्रामक होता है तथा कदाचित् एकका भी संक्रामक नहीं होता, इसलिये भजनीयपना सिद्ध होता है।

§ २०९. अब दोकी सत्तावालेके संक्रमकी अपेक्षा भजनीयपनेका कथन करते हैं—जिसने मिथ्यात्वका क्षय किया है ऐसे वेदक सम्यग्दृष्टि जीवके अथवा सम्यक्त्वकी उद्वेलना करके स्थित हुए मिथ्यादृष्टि जीवके दो कर्मोंकी सत्ता होकर एकका संक्रम तबतक होता है

वा अणावलियपविट्ठं[1] ति आवलियपविट्ठसम्मामिच्छत्तस्स वुण सम्माइट्ठिस्स मिच्छाइट्ठिस्स वा दुविहसंतकम्मियस्स एक्कस्स वि संकमो णत्थि । तदो एत्थ वि संकमेण भयणिज्जत्तं सिद्धं । 'एयं जस्स दु कम्मं' एवं भणिदे जस्स सम्माइट्ठिस्स मिच्छाइट्ठिस्स वा खवणुव्वेल्लणावसेण सम्मत्तं वा मिच्छत्तं वा एक्कमेव संतकम्मवसिट्ठं ण सो संकमेण भयणिज्जो, संकमभंगस्स तत्थ अच्चंताभावेण असंकामगो चेव सो होइ त्ति भणिदं होइ ।

जबतक क्षयको प्राप्त होता हुआ या उद्वेलनाको प्राप्त होता हुआ सम्यग्मिथ्यात्व कर्म उदयावलिमें प्रविष्ट नहीं हुआ है । किन्तु जिसके सम्यग्मिथ्यात्व कर्म उदयावलिमें प्रविष्ट हो जाता है ऐसे दो प्रकारके कर्मोंकी सत्तावाले सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि जीवके एकका भी संक्रम नहीं होता, इसलिये यहाँ पर भी संक्रमकी अपेक्षा भजनीयपना सिद्ध हुआ । 'एयं जस्स दु कम्मं' ऐसा कहने पर जिस सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि जीवके क्षपणावश और उद्वेलनावश क्रमसे सम्यक्त्व और मिथ्यात्व एक ही सत्कर्म शेष रहता है वह संक्रमकी अपेक्षा भजनीय नहीं है, क्योंकि उसके संक्रमरूप विकल्पका अत्यन्त अभाव होने से वह असंक्रामक ही होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें दर्शनमोहनीयकी तीन, दो या एक कर्मकी सत्तावाले जीवके कहाँ कितनेका संक्रम होता है या नहीं होता है इसका विचार किया गया है । यहाँ टीका में यह सब विस्तारसे स्पष्ट किया ही है, इसलिये यहाँ मात्र कोष्टक दे देना चाहते हैं । यथा—

स्वामी	सत्ता	संक्रम या असंक्रम
१ मिथ्यादृष्टि	३ की सत्ता	२ का—सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम
२ ,,	,, (सम्यक्त्व उदयावलिप्रविष्ट	१ का—सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम
३ ,,	सम्यक्त्व विना २ की सत्ता	,,
४ ,,	,, (सम्यग्मिथ्यात्व उ. आ. प्र.)	संक्रम नहीं
५ ,,	१ मिथ्यात्वकी सत्ता	,,
६ सासादन	३ की सत्ता	,,
७ सम्यग्मिथ्यादृ०	,,	,,
८ सम्यग्दृष्टि	,,	२ का—मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका सं०
९ ,,	,, (मिथ्यात्व आवलि प्र०)	१ का—सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रम
१० ,,	मिथ्यात्व विना दो की सत्ता	,,
११ ,,	२ की सत्ता (सम्यग्मिथ्यात्व आ.प्र.)	संक्रम नहीं
१२ ,,	१ सम्यक्त्वकी सत्ता	,,

१. ता०प्रतौ आवलियपविट्ठं इति पाठः ।

(५४) सम्माइट्ठी सद्दहदि पवयणं णियमसा दु उवइट्ठं ।
सद्दहदि असब्भावं अजाणमाणो गुरुणिओगा ॥१०७॥

§ २१०. एदस्स सम्माइट्ठिलक्खणविहाणट्ठमवइण्णस्स गाहासुत्तस्स अत्थविवरणं
मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
कस्सामो । तं जहा—सम्माइट्ठी जो जीवो सो णियमसा दु णिच्छएणेव पवयणमुवइट्ठं सद्दहदि त्ति गाहापुव्वद्धे पदाहिसंबंधो । तत्थ पवयणमिदि वुत्ते पयरिसजुत्तं[1] वयणं पवयणं सव्वण्होवएसो परमागमो त्ति सिद्धंतो त्ति एयट्ठो, तत्तो अण्णदरस्स पयरिसजुत्तस्स वयणस्साणुवलंभादो । तदो एवंविहं पवयणमुवइट्ठं सम्माइट्ठी जीवो णिच्छएण सद्दहइ त्ति सुत्तत्थसमुच्चओ । 'सद्दहइ असब्भावं' एवं भणिदे असब्भूदं पि अत्थं सम्माइट्ठी जीवो गुरुवयणमेव पमाणं कादूण सयमजाणमाणो संतो सद्दहदि त्ति भणिदं होदि । एदेण आणासम्मत्तस्स लक्खणं परूविदमिदि घेत्तव्वं । कथं पुनरसद्भूतमर्थमज्ञानात् प्रतिपद्यमानः सम्यग्दृष्टिरिति चेत् ? न, परमागमोपदेश एवायमित्यध्यवसायेन तथा प्रतिपद्यमानस्यानवबुद्धपरमार्थस्यापि तस्य सम्यग्दृष्टित्वाप्रच्युतेः । यदि पुनः सूत्रान्तरेणाविसंवादिना समयविद्धिर्याथात्म्येन प्रज्ञाप्यमानमपि तमर्थमसद्ग्रहाच्च

सम्यग्दृष्टि जीव उपदिष्ट प्रवचनका नियमसे श्रद्धान करता है । तथा स्वयं न जानता हुआ गुरुके नियोगसे असद्भूत अर्थका भी श्रद्धान करता है ॥ १०७ ॥

§ २१०. सम्यग्दृष्टिके लक्षणका कथन करनेके लिये आये हुए इस गाथासूत्रके अर्थका कथन करेंगे । यथा—जो सम्यग्दृष्टि जीव है वह 'णियमसा' निश्चयसे ही उपदिष्ट प्रवचनका श्रद्धान करता है इसप्रकार गाथाके पूर्वार्धमें पदोंका सम्बन्ध है । उनमेंसे 'पवयणं' ऐसा कहने पर उसका अर्थ है—प्रकर्ष युक्त वचन । प्रवचन अर्थात् सर्वज्ञका उपदेश, परमागम और सिद्धान्त यह एकार्थवाची शब्द हैं, क्योंकि उससे अन्यतर प्रकर्षयुक्त वचन उपलब्ध नहीं होता । अतः इस प्रकारके उपदिष्ट प्रवचनका सम्यग्दृष्टि जीव निश्चयसे श्रद्धान करता है इस प्रकार सूत्रार्थका समुच्चय है । 'सद्दहइ असब्भावं' ऐसा कहने पर असद्भूत अर्थका भी सम्यग्दृष्टि जीव गुरुवचनको ही प्रमाण करके स्वयं नहीं जानता हुआ श्रद्धान करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस गाथासूत्र वचन द्वारा आज्ञा सम्यक्त्वका लक्षण कहा गया है ऐसा ग्रहण करना चाहिए ।

शंका—अज्ञानवश असद्भूत अर्थको स्वीकार करनेवाला जीव सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकता है ?

समाधान—यह परमागमका ही उपदेश है ऐसा निश्चय होनेसे उस प्रकार स्वीकार करनेवाले उस जीवको परमार्थका ज्ञान नहीं होने पर भी सम्यग्दृष्टिपनेसे च्युति नहीं होती ।

यदि पुनः कोई परमागमके ज्ञाता विसंवाद रहित दूसरे सूत्र द्वारा उस अर्थको यथार्थ-

---

१ ता०प्रतौ पयरिसं जुत्तं इति पाः ।

प्रतिपद्यते तदा प्रभृति स एव जीवो मिथ्यादृष्टिपदवीमवगाहते, प्रवचनविरुद्धबुद्धित्वादित्येष समयनिश्चयः। तथा चोक्तं—

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सुत्तादो तं सम्मं दरिसिज्जंतं जदा ण सद्दहदि।
सो चेव हवइ मिच्छाइट्ठि त्ति तदो पहुडि जीवो ॥ १ ॥ इति।

ततः सूक्तमाज्ञाधिगमाभ्यां प्रवचनोपदिष्टार्थाऽविपरीत्यश्रद्धानं सम्यग्दृष्टिलक्षणमिति।

(५५) मिच्छाइट्ठी णियमा उवइट्ठं पवयणं ण सद्दहदि।
सद्दहदि असब्भावं उवइट्ठं वा अणुवइट्ठं ॥१०८॥

§ २११. एदस्स मिच्छाइट्ठिलक्खणपरूवणट्ठमागयस्स गाहासुत्तस्स अत्थो वुच्चदे। तं जहा—जो खलु मिच्छाइट्ठी जीवो सो णियमा णिच्छएण पवयणमुवइट्ठं ण सद्दहदि।

रूपसे बतलावें फिर भी वह जीव असत् आग्रहवश उसे स्वीकार करता है तो उस समयसे लेकर वह जीव मिथ्यादृष्टि पदका भागी हो जाता है, क्योंकि वह प्रवचन विरुद्ध बुद्धिवाला है यह परमागमका निश्चय है। कहा भी है—

सूत्रसे समीचीनरूपसे दिखलाये गये उस अर्थका जब यह जीव श्रद्धान नहीं करता है उस समयसे लेकर वही जीव मिथ्यादृष्टि हो जाता है ॥ १ ॥

इसलिये यह ठीक कहा है कि प्रवचनमें उपदिष्ट हुए अर्थका आज्ञा और अधिगमसे विपरीतताके विना श्रद्धान करना सम्यग्दृष्टिका लक्षण है।

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें जो यह बतलाया है कि सम्यग्दृष्टि जीव सर्वज्ञ वीतराग देव द्वारा उपदिष्ट प्रवचनका तो नियमसे श्रद्धान करता है। किन्तु कदाचित् स्वयं न जानता हुआ गुरुके निमित्तसे असद्भूत अर्थका भी श्रद्धान करता है। सो उसका यह अर्थ नहीं है कि सम्यग्दृष्टि जीवको जीवादि नौ पदार्थोंके यथार्थ स्वरूपको छोड़कर गुरुके निमित्तसे विपरीतरूपसे भी उनकी श्रद्धा हो जाती है। किन्तु उक्त कथनका इतना ही तात्पर्य है कि जिनागममें जिन सूक्ष्म अर्थोंका विवेचन हुआ है, कदाचित् गुरुके निमित्तसे उनमेंसे किसी एकका विपरीत ज्ञान हो जाय और अविसंवादी शास्त्रान्तरसे जब तक सम्यक् अर्थकी प्रतिपत्तिका योग न मिले तब तक वह वैसी श्रद्धा करता हुआ भी सम्यग्दृष्टि ही है। हाँ यदि समयज्ञ कोई विशेष ज्ञानी अविसंवादी दूसरे शास्त्रसे उसे उक्त विषयका सम्यक् परिज्ञान करा दे, फिर भी वह असत् आग्रह वश अपनी हट न छोड़े तो उस समयसे लेकर वह नियमसे मिथ्यादृष्टि हो जाता है ऐसा यहाँ स्पष्टरूपसे समझना चाहिए।

मिथ्यादृष्टि जीव नियमसे उपदिष्ट प्रवचनका श्रद्धान नहीं करता है तथा उपदिष्ट या अनुपदिष्ट असद्भूत अर्थका श्रद्धान करता है ॥ १०८ ॥

§ २११. मिथ्यादृष्टिके लक्षणका कथन करनेके लिये आये हुए इस गाथासूत्रके अर्थका कथन करते हैं। यथा—जो नियमसे मिथ्यादृष्टि जीव है वह 'णियमा' निश्चयसे उपदिष्ट प्रवचनका श्रद्धान नहीं करता है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

किं कारणमिदि चे ? दंसणमोहणीयोदयजणिदविवरीयाहिणिवेसत्तादो। तदो चेव 'सद्दहइ असब्भावं', असद्भूतमेवार्थमपरमार्थरूपमयं श्रद्दधाति मिथ्यात्वोदयादित्यर्थः। 'उवइट्ठं वा अणुवइट्ठं' उपदिष्टमनुपदिष्टं वा दुर्मार्गमेष दर्शनमोहोदयाच्छ्रद्दधातीति यावत्। एतेन व्युद्ग्राहितेतरभेदेन मिथ्यादृशो द्वैविध्यं प्रतिपादितमिति द्रष्टव्यं। उक्तं च—

मिच्छत्तं वेदंतो जीवो विवरीयदंसणो होइ।
ण य धम्मं रोचेदि हु महुरं खु रसं जहा जरिदो ॥ २ ॥
तं मिच्छत्तं जमसद्दहणं तच्चाण होइ अत्थाणं।
संसइयमभिग्गहियं अणभिग्गहियं ति तं तिविहं ॥ ३ ॥ इति।

शंका—इसका क्या कारण है ?

समाधान—क्योंकि वह दर्शनमोहनीयके उदयसे विपरीत अभिनिवेशवाला होता है।

और इसीलिये 'सद्दहइ असब्भावं' अपरमार्थस्वरूप असद्भूत अर्थका ही मिथ्यात्वके उदयवश यह श्रद्धान करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। 'उवइट्ठं वा अणुवइट्ठं' अर्थात् उपदिष्ट या अनुपदिष्ट दुर्मार्गका ही दर्शनमोहके उदयसे यह श्रद्धान करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इस गाथासूत्र वचन द्वारा व्युद्ग्राहित और इतरके भेदसे मिथ्यादृष्टि के दो भेदोंका प्रतिपादन किया गया जानना चाहिए। कहा भी है—

मिथ्यात्वका अनुभव करनेवाला जीव विपरीत श्रद्धानवाला होता है। जैसे ज्वरसे पीड़ित मनुष्यको मधुर रस नहीं रुचता है वैसे ही उसे रत्नत्रय धर्म नहीं रुचता है ॥ २ ॥

जो जीवादि नौ तत्त्वार्थोंका अश्रद्धान है वह मिथ्यात्व है। संशयिक, अभिग्रहीत और अनभिग्रहीत इस प्रकार वह तीन प्रकारका है ॥ ३ ॥

विशेषार्थ—इस गाथासूत्रमें मिथ्यादृष्टि जीवके स्वरूपका निरूपण किया गया है। पहले 'प्रवचन शब्दके अर्थका स्पष्टीकरण कर आये हैं। जो सर्वज्ञदेवका उपदेश है वही प्रवचन कहलानेका अधिकारी है, अन्य नहीं। यतः मिथ्यादृष्टि जीव परमार्थके ज्ञानसे रहित होता है, अतः उसके प्रवचनका श्रद्धान किसी भी अवस्थामें नहीं बन सकता। वह कुमार्गियोंके द्वारा उपदिष्ट हो या अनुपदिष्ट हो, मिथ्या मार्गका अवश्य ही श्रद्धान करता रहता है, इसलिये उसे मिथ्या मार्ग ही रुचता है, सम्यग्मार्ग नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवके तीन भेद किये गये हैं—संशयिक मिथ्यादृष्टि, अभिग्रहीत मिथ्यादृष्टि और अनभिग्रहीत मिथ्यादृष्टि। जीवादि नौ पदार्थ हैं या नहीं हैं इत्यादि रूपसे जिसका श्रद्धान दोलायमान हो रहा है वह संशयिक मिथ्यादृष्टि जीव है। जो कुमार्गियोंके द्वारा उपदेशे गये पदार्थोंको यथार्थ मान कर उनकी उस रूपमें श्रद्धा करता है वह अभिग्रहीत मिथ्यादृष्टि जीव है और जो उपदेशके बिना ही विपरीत अर्थकी श्रद्धा करता आ रहा है वह अनभिग्रहीत मिथ्यादृष्टि जीव है।

(५६) सम्मामिच्छाइट्ठी सागारो वा तहा अणागारो।
अध वंजणोग्गहम्मि दु सागारो होइ बोद्धव्वो ॥१५–१०९॥

§ २१२. सम्यग्मिथ्यादृष्टेर्लक्षणविधानं सुबोधमिति न तस्येह प्ररूपणं क्रियते, किंतु तदुपयोगविशेषप्ररूपणार्थमेतत्सूत्रमारब्धं। तद्यथा—जो सम्मामिच्छाइट्ठी जीवो सागारोवजुत्तो वा होइ, अणागारोवजुत्तो वा, दोहिं मि[1] उवजोगेहिं तग्गुणपडिवत्तीए विरोहाभावादो। एदेण दंसणमोहोवसामणाए पयट्टमाणस्स पढमदाए जहा सागारोवजोगणियमो एवमेत्थ णत्थि त्ति णियमो, किंतु दोहिं मि उवजोगेहिं सम्मामिच्छत्तगुणं पडिवज्जइ त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। अधवा पडिवण्णसम्मामिच्छत्तगुणो सगकालब्भंतरे सागारोवजुत्तो अणागारोवजुत्तो वा त्ति सुत्तत्थो गहेयव्वो, णाण-दंसणोवजोगाणं दोण्हं पि तग्गुणकालब्भंतरे कमेण परावत्तणे विरोहाणुवलंभादो। एदेण णाण-दंसणोवजोगकालादो सम्मामिच्छाइट्ठिगुणकालस्स बहुत्तं सूचिदमिदि दट्ठव्वं। 'अध वंजणोग्गहम्हि दु' इच्चादि। अथेति पादपूरणार्थो निपातः वंजणोग्गहम्मि दु, विचारपूर्वकार्थग्रहणावस्थायामित्यर्थः। व्यंजनशब्दस्यार्थविचारवाचिनो

सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव साकारोपयोगवाला भी होता है तथा अनाकारोपयोगवाला भी होता है। किन्तु व्यञ्जनावग्रहमें अर्थात् विचारपूर्वक अर्थ ग्रहणकी अवस्थामें वह साकारोपयोगवाला ही होता है ऐसा यहाँ जानना चाहिए ॥ १०९–१५ ॥

§ २१२. सम्यग्मिथ्यादृष्टिके लक्षणका कथन सुबोध है, इसलिये उसका यहाँ पर कथन नहीं करते हैं, किन्तु उसके उपयोग विशेषोंका कथन करनेके लिये इस सूत्रका प्रारम्भ किया है। यथा—जो सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव है वह या तो साकार उपयोगवाला होता है या अनाकार उपयोगवाला होता है, क्योंकि दोनों ही उपयोगोंके साथ सम्यग्मिथ्यात्व गुणकी प्राप्ति होनेमें विरोधका अभाव है। इस वचन द्वारा दर्शनमोहकी उपशामनामें प्रवृत्त हुए जीवके प्रथम अवस्थामें जिस प्रकार साकारोपयोगका नियम है उस प्रकार यहाँ पर नियम नहीं है। किन्तु दोनों ही उपयोगोंके साथ सम्यग्मिथ्यात्वगुणको प्राप्त होता है इस प्रकार इस अर्थ विशेषका ज्ञान कराया गया है। अथवा जिसने सम्यग्मिथ्यात्व गुणको प्राप्त किया है वह अपने कालके भीतर साकार उपयोगसे उपयुक्त होता है या अनाकार उपयोगसे उपयुक्त होता है इस प्रकार सूत्रार्थको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग इन दोनोंके ही उस गुणके कालके भीतर क्रमसे परिवर्तन होनेमें कोई विरोध नहीं उपलब्ध होता। इससे ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोगके कालसे सम्यग्मिथ्यात्व गुणका काल बहुत सूचित किया गया है ऐसा जानना चाहिए। 'अध वंजणोग्गहम्हि दु'। यहाँ 'अथ' यह पादपूर्तिके लिये निपात है। 'वंजणोग्गहम्हि दु' अर्थात् विचारपूर्वक अर्थ ग्रहणकी अवस्थामें यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि प्रकृतमें व्यञ्जन शब्द अर्थविचारवाची ग्रहण किया

---

१. ता० प्रतौ दोहिम्हि (हिं पि) इति पाठः।

ग्रहणात्। 'सागारो होइ बोद्धव्वो' तदवस्थायां ज्ञानोपयोगपरिणत एव भवति न दर्शनोपयोगपरिणत इति यावत्। कुतोऽयं नियम इति चेत्? न, अनाकारोपयोगेन सामान्यमात्रावग्राहिणा पूर्वापरपरामर्शशून्येनार्थविचारानुपपत्तितस्तत्र तथाविधनियमोपपत्तेः। एत्थ सुत्तपरिसमत्तीए पण्णारसण्हमंकविण्णासो किमट्ठं कदो? दंसणमोहोवसामणाए पडिबद्धाओ एदाओ पण्णारस चेव गाहाओ, णादिरित्ताओ त्ति जाणावणट्ठं।

*** एसो सुत्तप्फासो विहासिदो।**

§ २१३. एवमेसो सुत्तप्फासो गाहासुत्ताणं[1] सरूवणिद्देसो विहासिदो परूविदो त्ति भणिदं होदि। संपहि एत्थुद्देसे पुव्वमविहासिदो अण्णो अत्थो दंसणमोहोवसामणासंबंधिओ एदेहिं चेव गाहासुत्तेहिं सूचिदो अत्थि त्ति तप्पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

गया है। इससे साकारोपयोगके कालमें जीव ज्ञानोपयोगसे परिणत ही होता है, दर्शनोपयोगसे परिणत नहीं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—यह नियम किस कारण है?

समाधान—नहीं, क्योंकि सामान्यमात्रग्राही अनाकारोपयोग पूर्वापरपरामर्शसे शून्य है, अतः उस द्वारा अर्थविचारकी उत्पत्ति न हो सकनेके कारण अर्थविचारके समय उस प्रकारका नियम बन जाता है।

शंका—यहाँ पर सूत्रकी परिसमाप्ति होने पर '१५' अंकका विन्यास किसलिये किया है?

समाधान—क्योंकि दर्शनमोहकी उपशमनामें प्रतिबद्ध ये पन्द्रह ही गाथाएँ हैं, अधिक नहीं इसे बातका ज्ञान करानेके लिये यहाँ सूत्रकी परिसमाप्ति होने पर '१५' अंकका विन्यास किया है।

विशेषार्थ—यह दर्शनमोहकी उपशामनासे सम्बन्ध रखनेवाली अन्तिम गाथा है। इस द्वारा तीन अर्थोंको स्पष्ट किया गया है। १—सम्यग्मिथ्यात्व गुणकी प्राप्ति साकारोपयोगके कालमें भी सम्भव है और अनाकारोपयोगके कालमें भी सम्भव है। २—सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानमें क्रमसे साकार और अनाकार दोनों उपयोगोंकी प्राप्ति सम्भव है। इससे प्रतीत होता है कि इन दोनों उपयोगोंके कालसे सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानका काल अधिक है। ३—यहाँ अर्थविचारके समय ज्ञानोपयोग ही होता है, दर्शनोपयोग नहीं। शेष कथन सुगम है।

*** इस प्रकार गाथासूत्रोंके स्वरूपका कथन किया।**

§ २१३ इस प्रकार यह सूत्रस्पर्श है अर्थात् गाथासूत्रोंका स्वरूपनिर्देश 'विहासिदो' अर्थात् कहा गया है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब प्रकृतमें जिसका पहले व्याख्यान नहीं किया तथा जिसका इन गाथासूत्रोंके द्वारा सूचन होता है ऐसा जो दर्शनमोहका उपशामना-सम्बन्धी अन्य अर्थ है उसका कथन करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

---

१. ता० प्रतौ सुत्तप्फासो विहासिदो गाहासुत्ताणं इति पाठः।

*** तदो उवसमसम्माइट्ठि-वेदयसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीहिं एयजीवेण सामित्तं कालो अंतरं णाणाजीवेहिं भंगविचओ कालो अंतरं अप्पाबहुअं चेदि ।**

§ २१४. तदो सुत्तफासादो अणंतरमिदाणिं एयजीवेण सामित्तादीणि अप्पाबहुअपज्जवसाणाणि अणियोगद्दाराणि जहागममेत्थ णेदव्वाणि त्ति सुत्तत्थसंबंधो । ताणि पुण अणियोगद्दाराणि किंविसयाणि त्ति भणिदे सम्मत्तमग्गणावयवभूदउवसमसम्माइट्ठिआदिविसयाणि त्ति जाणावणट्ठमुवसमसम्माइट्ठि-वेदगसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीहिं त्ति णिद्दिट्ठं । एदेसिं सम्माइट्ठिभेदेहिं विसेसियाणि एदाणि अणियोगद्दाराणि णेदव्वाणि त्ति भणिदं होदि । एत्थ खइयसम्माइट्ठीणं पि णिद्देसो किमट्ठं ण कीरदे ? ण, खइयसम्माइट्ठीणमट्ठहिं अणियोगद्दारेहिं पुरदो दंसणमोहक्खवणाए भणिस्समाणत्तादो । तम्हा उवसमसम्माइट्ठि-वेदयसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छादिट्ठीणमेदेहिं अणियोगद्दारेहिं देसामासयभावेण सूचिदभागाभाग-परिमाण-खेत्त-फोसणसहिदेहिं सवित्थरमेत्थ परूवणा कायव्वा, तप्परूवणाए विणा पयदत्थविसयणिण्णयाणुववत्तीदो । एदेसिं च परूवणा सुगमा त्ति ण एत्थ तप्पबंधो कीरदे ।

उसके बाद उपशमसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंका आलम्बन लेकर एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्व, काल, अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और अल्पबहुत्व जानने चाहिए ।

§ २१४. 'तथा' अर्थात् सूत्रस्पर्शके अनन्तर इस समय एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्वसे लेकर अल्पबहुत्व पर्यन्त अनुयोगद्वार आगमके अनुसार यहाँ कथन करने योग्य हैं यह सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है । उन अनुयोगद्वारोंका विषय क्या है ऐसा पूछने पर सम्यक्त्व मार्गणाके अवयवरूप उपशमसम्यग्दृष्टि आदि विषय हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए सूत्रमें 'उवसमसम्माइट्ठि-वेदगसम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीहिं' यह वचन कहा है । सम्यग्दृष्टिके इन भेदोंसे युक्त ये अनुयोगद्वार कहने चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—यहाँ पर क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंका भी निर्देश किसलिए नहीं करते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि आठ अनुयोगद्वारोंके आलम्बनसे क्षायिकसम्यग्दृष्टियोंका व्याख्यान आगे दर्शनमोहकी क्षपणा अनुयोगद्वारमें करेंगे ।

इसलिए उपशमसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंकी देशामर्षकरूपसे सूचित हुए भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र और स्पर्शन सहित इन अनुयोगद्वारोंके आलम्बनसे विस्तारके साथ यहाँ प्ररूपणा करनी चाहिए, क्योंकि यह प्ररूपणा किये बिना प्रकृत अर्थविषयक निर्णय नहीं बन सकता । इनकी प्ररूपणा सुगम है, इसलिये यहाँ पर उसका विस्तार नहीं करते हैं ।

§ २१५. संपहि पयदत्थोवसंहारकरणट्ठमुत्तरं सुत्तमाह—

